

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 17 फरवरी 2025 । वर्ष – 66 । अंक –302 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



जम्मू-कश्मीर में सामान्य नहीं है स्थिति : महबूबा पृष्ठ 2

■ कांग्रेस में फेरबदल: क्या पार्टी को नुकसान पहुंचाने वालों को हटाया जाएगा?
■ ट्रंप जो चाहते थे वह सब नरेंद्र मोदी से हासिल किया
पृष्ठ 6

■ 900 किलो वजनी अमेरिकी बमों की खेप पहुंची इजरायल
■ अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रियों की बैठक संपन्न
पृष्ठ 7

बुमराह के न होने के बावजूद बल्लेबाजी के मामले में भारत खिताब के लिए प्रबल दावेदार पृष्ठ 8

## भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुई

### मृतकों में पांच बच्चे और 11 महिलाएं शामिल, 12 लोग हैं घायल

**नई दिल्ली**, 16 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है, जबकि अन्य 12 लोग घायल हुए हैं। एक अस्पताल के अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी रविवार दी। एलएनजेपी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मृतकों में पांच बच्चे और 11 महिलाएं शामिल हैं।अधिकारी ने बताया, मृतकों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। इसमें पांच बच्चे और 11 महिलाएं शामिल हैं। अन्य 12 लोगों को चोटें आई हैं। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए और गंभीर रूप से घायल लोगों को 2.5-2.5 लाख रुपए तथा मामूली रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि शनिवार रात मची भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है। स्थिति अब सामान्य है। श्री उपाध्याय ने कहा, 'घटना के समय पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 14 पर खड़ी थी और ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



■ मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख की सहायता की घोषणा

■ भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच के आदेश, स्थिति अब सामान्य

### ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदलने से मची भगदड़ : प्रत्यक्षदर्शी

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों में ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदले जाने से मची भगदड़ में लोगों ने जान गंवाई। स्टेशन पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के समय ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर आनी थी। लेकिन, ट्रेन आने के कुछ समय पहले ही प्लेटफॉर्म बदल दिया गया, जिससे असमंजस की स्थिति पैदा हो गई और यात्री अपना प्लेटफॉर्म बदलने के लिए भागने लगे। ऐसे में पुल पर बैठे यात्री दब गए और उनकी मौत हो गई।

### भगदड़ के लिए अश्विनी वैष्णव जिम्मेदार, इस्तीफा दें : कांग्रेस

कांग्रेस ने रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को नरसंहार करार देते हुए कहा है कि बदइंतजामी के कारण यह घटना हुई है, जिसके लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इसके लिए जिम्मेदारी हैं और उन्हें तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की व्यवस्था नहीं की गई थी और इसके लिए श्री वैष्णव जिम्मेदार हैं। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए या उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, रेल मंत्री को इस हादसे की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से तत्काल इस्तीफा देना चाहिए या फिर सरकार को उन्हें बर्खास्त करना चाहिए। कल की बदइंतजामी और नरसंहार को देखते हुए रेल मंत्री को अपने पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। ऐसे रेल मंत्री के भरोसे आम भारतीय को नहीं छोड़ा जा सकता है, जो लोगों के मरने को 'छोटी घटना' बताए और पीड़ितों के प्रति संवेदना जताने की बजाए मौत के आंकड़े छिपाए।

**यह हादसा नहीं, नरसंहार है**

प्रवक्ता ने कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात जो हुआ, वो हादसा नहीं नरसंहार है। वहां का मंजर देखकर दिल दहल गया। हादसे के चश्मदीदों की बातें सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कुली भाइयों ने शवों को लाद- लादकर बाहर निकाला। वहां पुलिस प्रशासन और एंबुलेंस की व्यवस्था तक नहीं थी। अस्पताल में लाशों का अंबार लगा हुआ था। लोगों के चेहरे पर अपनों को खोने के दुख के साथ ही वो दहशत दिखी, जिसका सामना उन लोगों ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किया। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

## ग्राम सरकार चुनने पहले चरण का मतदान आज

**रायपुर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय के बाद अब ग्राम सरकार चुनने की तैयारी है। तीन चरणों में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में 17 फरवरी को प्रदेश के 33 जिलों के 53 ब्लॉक के ग्राम पंचायतों के लिए 57 लाख 99 हजार 660 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अगले ही दिन याने 18 फरवरी को परिणाम सामने आ जाएगा।



58 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 17 फरवरी को होने वाले पहले चरण के मतदान में प्रदेश के सबसे ज्यादा मतदाता बिलासपुर जिला के मस्तूरी ब्लॉक में 2 लाख 79 हजार 007 हैं। इसके बाद रायपुर के आरंग ब्लॉक की बारी है, जहां 2 लाख 23 हजार 644 मतदाता हैं। इसके बाद मुंगेली जिला के मुंगेली ब्लॉक के एक लाख 88 हजार 496 मतदाता और दुर्ग जिले के दुर्ग ब्लॉक में एक लाख 62 हजार 844 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस तरह से पहले चरण में कुल 57 लाख 99 हजार 660 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 28 लाख 70 हजार 859 पुरुष, 29 लाख 28 हजार 751 महिला और 50 तृतीय लिंग के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा। वहीं बस्तर संभाग में सुबह 6 l45 से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा।

**ये प्रत्याशी चुनावी मैदान में**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता पंच-सरपंच के अलावा जनपद और जिला पंचायत के लिए अपना जनप्रतिनिधि चुनेगी। तीन चरणों में होने वाले मतदान में जिला पंचायत के 433 पद, जनपद पंचायत के 2,973 पद और ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11,672 पद, पंच के 1,60,180 पद के लिए जनता अपना मत देगी।

**बैलेट पेपर पर होंगे मतदान**

नगरीय निकाय के विपरित ग्राम सरकार के लिए मत पत्रों के लिए चुनाव होगा। इन मतपत्रों को लेकर आज शाम तक पोलिंग पार्टी निर्धारित मतदान केंद्रों पर शाम तक पहुंच जाएगी। जहां कल सुबह से मतदान होगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं प्रदेश के नक्सल प्रभावित इलाकों में विशेष सुरक्षा के बीच मतदान कराया जाएगा। साथ ही पोलिंग पार्टियों को हेलीकॉप्टर से भेजा जाएगा।

### सार संक्षेप

**हितेश मेहता को 21 तक ईओडब्ल्यू की हिरासत में भेजा**

**मुंबई।** आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 122 करोड़ रुपए के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में मुख्य आरोपी जनरल मैनेजर हितेश मेहता और धर्मेश पौन को गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 21 फरवरी तक ईओडब्ल्यू की हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार, ईओडब्ल्यू ने रविवार को न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में डेवलपर धर्मेश पौन को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि धर्मेश ने इस मामले में गबन किए गए 122 करोड़ रुपए में से 70 करोड़ रुपए लिए थे।

**हिमालय की ऊंची चोटियों पर बारिश-बर्फबारी**

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम से लेकर पूर्वोत्तर के हिमालयी राज्यों की ऊंची चोटियों पर बारिश और बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है। जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के कई स्थानों पर पारा शून्य तक गिर गया है। लेकिन, उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में गर्मी लगातार बढ़ रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन- चार दिन के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि की संभावना जताई है।

**पेट में कोकीन की 84 गोलियों के साथ पकड़ी गई विदेशी महिला**

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने एक विदेशी महिला को गिरफ्तार किया है, जो पेट में कोकीन छिपाकर मुंबई लेकर आई थी। कस्टम्स अधिकारियों के अनुसार, महिला की जांच के दौरान उसके पेट में मादक पदार्थों की पुष्टि हुई है।

**नड्डा ने की महासचिवों के साथ राजधानी में बैठक**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने संगठनात्मक चुनावों और अन्य विषयों पर शनिवार शाम को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ एक बैठक की। बैठक में सर्वश्री डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, बंदी संजय कुमार, सुनील बंसल, विनोद तावडे, तरुण चुग, दुष्यंत कुमार गौतम, अरुण सिंह और राम माधव शामिल थे।

आईपीएल के 18वें सत्र का कार्यक्रम जारी

## कोलकाता व आरसीबी के बीच 22 मार्च को पहला मुकाबला

**मुंबई**, 16 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया। पहला मुकाबला गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डंस में खेला जाएगा।

इस टूर्नामेंट के 18वें सत्र का आगाज 22 मार्च से होगा। वहीं, फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा। 23 मार्च को आईपीएल का एल क्लासिको यानी मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा।





■ फाइनल मैच 25 मई को ईडन गार्डंस में ही खेला जाएगा

**65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाएंगे**

13 स्थानों पर 65 दिनों में कुल 74 मैच खेले जाएंगे। इनमें नॉकआउट राउंड भी शामिल है। इस दौरान 22 मार्च से 18 मई तक 70 लीग राउंड मैच खेले जाएंगे। वहीं, फाइनल समेत प्लेऑफ के सभी मुकाबले 20 से 25 मई तक खेले जाएंगे। 22 मार्च को बेंगलुरु और कोलकाता के बीच मुकाबले के बाद 23 मार्च यानी रविवार को डबर हेडर मुकाबला खेला जाएगा। रविवार को पहले डबल हेडर के पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के सामने राजस्थान रॉयल्स की चुनौती होगी, जबकि दूसरे मैच में मुंबई की टीम का सामना चेन्नई से होगा।

## मणिपुर के विधायकों को मिल रही धमकियां

**इंफाल**, 16 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर के कुछ विधायकों ने पुलिस से शिकायत की है कि उन्हें अज्ञात व्यक्तियों से फर्जी कॉल आ रही हैं और धमकियां मिल रही हैं।

एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि पुलिस को राज्य में चल रही राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाकर विधायकों को प्रभावित करने और गुमराह करने की कोशिश करने वाले अज्ञात व्यक्तियों के कॉल के बारे में शिकायतें मिली हैं। इंफाल पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई चल रही है। पुलिस ने चेतावनी दी कि ऐसी धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल लोगों को सख्त कानूनी कार्यवाई की जायेगी। एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के चार दिन बाद गुरुवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया। पूरे राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और पुलिस ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

पुलिस से की शिकायत, अज्ञात व्यक्तियों से कॉल आ रही

## एआई लीडर बनने के लिए तकनीकी व डाटा जरूरी : राहुल

**नई दिल्ली**, 16 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एआई को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर रविवार को हमला किया और कहा कि श्री मोदी के कहने भर से देश एआई लीडर नहीं बन जाता है। श्री गांधी ने आज यहां कहा कि एआई की तकनीकी और डाटा हमारे पास नहीं है। एआई लीडर बनने के लिए तकनीकी और डाटा बुनियादी जरूरत होती है और इसके बिना कोई भी लीडर नहीं बन सकता इसलिए यह समझने की बात है कि श्री मोदी के कहने भर से भारत एआई लीडर नहीं बन सकता है।



■ मोदी के कहने भर से देश नहीं बन सकता एआई लीडर

■ एआई की तकनीकी और डाटा हमारे पास नहीं है

श्री गांधी ने कहा, मोदी जी के बस कह देने भर से भारत एआई लीडर नहीं बन जाएगा। एआई को काम करने के लिए डेटा चाहिए, नई तकनीक का उत्पादन चाहिए और हमारे पास इनमें से कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा, विश्व तेज़ी से बदल रहा है-उद्योग बदल रहे हैं, युद्ध और हथियार बदल रहे हैं। एक नई औद्योगिक क्रांति हमारे दरवाजे पर खड़ी है और भारत इस मौके को हाथ से जाने नहीं दे सकता।

### भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास 25 से माउंट फूजी में

**नई दिल्ली**, 16 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन (संरक्षक)' का छठा संस्करण 25 फरवरी से 9 मार्च तक जापान के माउंट फूजी में आयोजित किया जाएगा। भारतीय सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

इस अभ्यास का मकसद संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देते हुए दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय (सेना) के आईएचक्यू के अतिरिक्त जनसंपर्क महानिदेशालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी।

## ट्रक-ट्रेलर की भिड़ंत, लगी आग

ट्रेलर चालक की जलकर मौत



**रायपुर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के आरंग क्षेत्र के पारागांव के पास नेशनल हाईवे 53 पर तड़के सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ट्रेलर और ट्रक की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई, जिसमें ट्रेलर चालक की जलकर मौत हो गई। हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ, जब पीछे से आ रहे ट्रेलर ने ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक में जिप्सम लोड था और उसका टायर फट जाने के कारण चालक और खलासी नीचे उतरे हुए थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर ने ट्रक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहनों में आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी विकराल हो गई कि ट्रेलर चालक बाहर नहीं निकल सका और उसकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही आरंग पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग की मदद से आग पर काबू पाया। हादसे के चलते नेशनल हाईवे 53 पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मृतक ट्रेलर चालक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

इस भीषण दुर्घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आग की लपटें और धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

अमेरिका ने फिर किया वही सलूक

## पैरों में जंजीरें, हाथों में थी हथकड़ियां

**अमृतसर**, 16 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका से निर्वासित 116 भारतीय प्रवासियों का दूसरा जत्था शनिवार रात अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। इनमें से अधिकतर पंजाब, हरियाणा और गुजरात के लोग थे। ये बेहतर भविष्य की तलाश में अवैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे थे लेकिन वापस लौटा दिए गए। होशियारपुर के दलजीत सिंह ने बताया कि निर्वासन के दौरान उन्हें हाथों में हथकड़ियां और पैरों में जंजीरें पहनाई गई थीं। सिंह ने पत्रकारों से कहा, 'हमारे पैरों में जंजीरें थीं और हाथों में हथकड़ी भी थी। उन्होंने बताया कि उन्हें 'डंकी' रूट के जरिए अमेरिका ले जाया गया था। 'डंकी' रूट एक अवैध और खतरनाक रास्ता है जिससे लोग अमेरिका में घुसने की कोशिश करते हैं। यह मार्ग दुबई, तुर्की, मेक्सिको और अन्य देशों से होकर गुजरता है। सिंह की पत्नी कमलप्रीत कौर ने आरोप लगाया कि उनके पति को 'ट्रैवल एजेंट' ने धोखा दिया।

कमलप्रीत ने बताया, 'एजेंट ने हमें भरोसा दिलाया कि वे दलजीत को सीधी फ्लाइट से अमेरिका ले जाएंगे, लेकिन बाद में पता चला कि उन्हें अवैध तरीके से ले जाया गया।'



अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों की फ्लाइट रात 11:35 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरी। यह उड़ान रात 10 बजे पहुंचने वाली थी, लेकिन इसमें देरी हुई. यह दूसरा जत्था था, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने डिपोर्ट किया। इससे पहले 5 फरवरी को 104 भारतीयों को अमेरिका से वापस भेजा गया था।

**जमीन, घर और गहने तक बेच दिए**-इन प्रवासियों के परिवारों ने अपनी जमीन, घर और गहने तक बेच दिए ताकि वे अमेरिका जा सकें। दलजीत सिंह के परिवार ने उनके सफर के लिए एक एकड़ जमीन बेचकर 50-55 लाख रुपए इकट्ठे किए। उनके रिश्तेदार ने कहा, 'एजेंट ने वादा किया था कि कानूनी तरीके से भेजेंगे, लेकिन बाद में अवैध रास्ते से ले गए.' गुरदासपुर के दो युवकों ने 40-40 लाख रुपए खर्च किए लेकिन उनका भी सपना चकनाचूर हो गया।

सख्ती फास्टैग का नया नियम आज से होगा लागू

## टोल पर गाड़ियों की लंबी लाइन से मिलेगी राहत

**नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसियां)। फास्टैग का नया नियम सोमवार से लागू हो जा रहा है। इसके तहत जिन भी यूजर्स के फास्टैग में लो बैलेंस, भुगतान में देरी या फिर फास्टैग ब्लैकलिस्ट होगा, उन पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा।**

*इस नियम को लागू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य फास्टैग में होने वाली परेशानी के कारण टोल पर लगने वाली गाड़ियों की लंबी कतारों को कम करना है और यात्रा को सुविधाजनक बनाना है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने फास्टैग इकोसिस्टम में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव जारी किए हैं, जिसका लक्ष्य टोल भुगतान को सुव्यवस्थित करना, विवादों को कम करना और धोखाधड़ी पर अंकुश लगाना है। नया फास्टैग का नियम 17 फरवरी से लागू होगा।*

*नए नियमों के तहत, अगर गाड़ी के टोल पार करने से पहले फास्टैग 60 मिनट से अधिक समय तक निष्क्रिय रहता है और टोल पार करने के 10 मिनट बाद तक निष्क्रिय रहता है, तो लेनदेन अस्वीकार कर दिया जाएगा। सिस्टम में इस तरह के पेमेंट को 'एरर कोड 176' लिखकर रिजेक्ट कर देगा। इसके अतिरिक्त, टोल भुगतान को सरल बनाने और विवादों को कम करने के लिए चार्जबैक प्रक्रिया और कूलिंग अवधि के साथ-साथ लेनदेन अस्वीकार नियमों में भी बदलाव किए गए हैं। नई गाइडलाइंस के मुताबिक, अगर वाहन के टोल रीडर से गुजरने के बाद टोल लेन-देन 15 मिनट से अधिक समय में किया जाता है, तो फास्टैग यूजर्स को अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है। अपडेटेड राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईटीसी) गाइडलाइंस के अनुसार, यदि किसी लेनदेन में देरी होती है और यूजर्स के फास्टैग खाते में लो बैलेंस है, तो टोल ऑपरेटर को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।*

फास्टैग इकोसिस्टम में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव जारी किए

***यूजर्स को फास्टैग को पहले रिचार्ज करना होगा***

*इससे पहले यूजर्स टोलबूथ पर ही फास्टैग रिचार्ज करके आगे जा सकते थे। नए नियम के बाद अब यूजर्स को फास्टैग को पहले रिचार्ज करना होगा। एनपीसीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में फास्टैग लेनदेन की संख्या 6 प्रतिशत बढ़कर 38.2 करोड़ हो गई है, जो कि नवंबर में 35.9 करोड़ थी। साथ ही फास्टैग लेनदेन की वैल्यू 9 प्रतिशत बढ़कर 6,642 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि नवंबर में 6,070 करोड़ रुपये थी।*



CMYK

# देश

**उवाच**

"नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की खबर परेशान करने वाली और दुखद है। हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।"

–देवेन्द्र फड़नवीस, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.0 | 13.0 |
| मुंबई | 29.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 21.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 24.0 |

# दिल्ली में भगदड़ को सरकार जिम्मेदार

■ विपक्ष ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना पर केंद्र सरकार को घेरा

**लखनऊ/इटावा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ को लेकर सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा भी मांगा। अजय राय रविवार को इटावा पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दिल्ली में आपने सबको बुला लिया, निमंत्रण भी सबको दे दिया। व्यवस्था कुछ भी नहीं है। निल बटे सन्नाटा। उसके बाद सबसे दुर्भाग्य की बात यह है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में पूरा प्लेटफॉर्म बदलने की जिम्मेदारी सरकार की है। रेल मंत्री को तत्काल इस्तीफा देकर घर जाना चाहिए। कुंभ में राहुल प्रियंका के जाने के सवाल पर अजय राय ने कहा कि 19 फरवरी को हम जा रहे हैं। 'हर हर महादेव' होगा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के लिए उन्होंने सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता नसीम खान ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद है, मैं इस पर अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है सरकार को इसकी नैतिक जिम्मेदारी उठानी चाहिए और रेल मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। जब सरकार को पहले से अंदाजा था कि इतने लोग वहां पहुंचेंगे, तो उन्हें इस कार्यक्रम के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए थीं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने आगे कहा कि सरकार तो बड़ी-बड़ी बातें कर रही थी, चाहे उत्तर



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को तत्काल इस्तीफा देकर घर जाना चाहिए : अजय राय

प्रदेश की सरकार हो या भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार हो। बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन प्रचार के सिवाय कुछ नहीं हुआ। प्रयागराज में रहने वाले लोगों को भी तकलीफ हुई। लोगों को पंद्रह-पंद्रह किलोमीटर पैदल चलना पड़ा, सीनियर सिटीजन चल नहीं पाए, कुंभ में उनसे मनमाने पैसे वसूले गए। बहुत सारी शिकायतें मिली हैं, बहुत सारे लोग इससे हताश, परेशान हुए हैं, चोट आई हैं और कुछ ने तो जान भी गंवाई है। यह सरकार की नाकामी का बड़ा उदाहरण है।

### अव्यवस्था और भगदड़ के कारण हुई मौतें

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि अव्यवस्था और भगदड़ के कारण कई लोगों की मृत्यु की खबर हृदयविदारक है। सोरेन ने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह खबर सुनकर मन अत्यंत आहत है। मरांगबुरू (ईश्वर) दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की इस विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। भगदड़ में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। इस घटना पर झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसे में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने इसे हृदयविदारक और दुखद घटना बताते हुए हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, भगवान सभी पुण्यात्माओं को शांति प्रदान करें। सभी परिजनों को धैर्य व संबल दें। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना है। आजसू (ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन) पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुखद हादसा है। उन्होंने कहा कि उन्हें अब तक जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार उनकी समझ है कि इस हादसे की वजह अफवाह है। महतो ने कहा कि आस्था की भावना इतनी बड़ी हो गई है कि 50 करोड़ से ज्यादा लोग महाकुंभ में पहुंचे हैं।

एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोग बगैर पूर्व सूचना के किसी स्थान के लिए मूव करेंगे तो कई बार स्थिति नियंत्रण के बाहर हो सकती है। ऐसी घटनाओं पर दुख तो है, जिस पर आप सवाल भी उठा सकते हैं। पर, आपको यह मानना होगा कि महाकुंभ को लेकर केंद्र और राज्य सरकार ने व्यापक स्तर पर व्यवस्था की है।

## गरीब मारे जा रहे हैं, व्यवस्था पूरी तरह फेल : तेजस्वी यादव



पटना। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत के बाद बिहार में बयानबाजियों का दौर जारी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सरकार पर जोरदार निशाना साधा है। उन्होंने व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि लापरवाही के कारण गरीब मारे जा रहे हैं। तेजस्वी यादव ने रविवार को मीडिया से बात की। उन्होंने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना पर कहा कि व्यवस्था पूरी तरह फेल है। स्टेशन से लेकर घाट तक मौतें हो रही हैं और सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में बिहार के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं और सरकार सिर्फ पीआर में व्यस्त है। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों को सजा देने की मांग की। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पूरा देश और बिहार जानना चाहता है कि इन मौतों का जिम्मेदार कौन है। कौन दोषी है। हजारों लोग मारे जा रहे हैं, सरकार को कोई चिंता नहीं है। किसी न किसी को घटना की जिम्मेदारी लेनी होगी। बिहार के लोग मरे हैं, लेकिन बिहार सरकार को कोई मतलब नहीं है।

# जम्मू-कश्मीर में सामान्य नहीं है स्थिति : महबूबा



■ अगर स्थिति ठीक होती, तो गृह मंत्री सुरक्षा समीक्षा बैठकें नहीं बुलाते

**श्रीनगर,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थित 'सामान्य' नहीं है। मुफ्ती ने श्रीनगर में मीडियाकर्मियों से कहा कि अपने मुंह मियां मिट्ठू होने का मतलब यह नहीं है कि कश्मीर में सब कुछ ठीक है। उन्होंने कहा कि कश्मीर के लोग सब कुछ चुपचाप देख रहे हैं और यह मत मानिए कि यह सामान्य स्थिति है। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि कश्मीर में कुछ भी सामान्य नहीं है। अगर स्थिति ठीक होती, तो गृह मंत्री सुरक्षा समीक्षा बैठकें नहीं बुलाते। उपराज्यपाल भी जम्मू में एक और कश्मीर में एक सुरक्षा समीक्षा बैठकें बुला रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को उम्मीद थी कि जब चुनी हुई सरकार बनेगी तो कर्मचारियों की बर्खास्तगी में कमी आएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जिन तीन अधिकारियों को बर्खास्त किया गया, उनमें से एक कांस्टेबल फिरदौस था, जो आतंकवादी हमले में घायल हो गया था और उसके शरीर पर 50 टांके लगे थे। वह 2022 से श्रीनगर के पुराने इलाके कमरवारी में रह रहा है और अपने पैतृक घर नहीं गया है। मुफ्ती ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अनुरोध करती हूं कि चूंकि उन्हें लोगों ने बड़ा जनादेश दिया है और बड़ी जिम्मेदारी उठानी है, संसद में 2019 में लिए गए नाजायज और असंवैधानिक फैसले पर क्या वह मुहर लगाने जा रहे हैं? अगर ऐसा होता है, तो अनुच्छेद 370 और 35ए का हमारा मामला कमजोर हो जाएगा। विधानसभा में बिजनेस रूल में पीडीपी, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद लोन और इंजीनियर राशिद की अवामी इत्तिहाद पार्टी को सदस्य नहीं चुना गया है, इसके बजाय भारतीय जनता पार्टी को चुना गया है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा सरकार से कहना चाहती हूं कि 2016 में जम्मू-कश्मीर के अलगाववादियों से बात करने के लिए प्रतिनिधिमंडल यहां भेजा गया था, लेकिन उन्होंने (अलगाववादियों ने) कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और उन्हें लगा कि पथराव या पुलिस थानों और अस्पतालों को जलाने से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा हल हो जाएगा..लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## सार संक्षेप

### गुलमर्ग का स्की रिसॉर्ट तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित

**श्रीनगर।** 'खेलो इंडिया' शीतकालीन खेलों के मद्देनजर उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट और तंगमर्ग के पर्यटन स्थल को तंबाकू मुक्त क्षेत्र और धुआं मुक्त पर्यटक क्षेत्र घोषित किया है। बारामूला के उपायुक्त ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में गुलमर्ग 2025 में खेलो इंडिया व आयोजन के दौरान पूरे गुलमर्ग व तंगमर्ग को साफ रखने की दृष्टि से पूरे गुलमर्ग और तंगमर्ग क्षेत्र को तंबाकू मुक्त क्षेत्र/धूम्रपान मुक्त पर्यटक क्षेत्र घोषित किया जाता है।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से दो मजदूरों की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र में नागपुर के काटोल तहसील के कोटवालबुडी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग लग गई। इस घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने विस्फोट में दो लोगों की मौत की पुष्टि की है। फैक्ट्री में विस्फोट की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

### तेलंगाना में नाइजीरियाई नागरिक निर्वासित

**हैदराबाद।** हैदराबाद नारकोटिक्स प्रवर्तन शाखा ने वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रहने और कथित रूप से ड्रग आपूर्तिकर्ताओं और तस्करों के साथ जुड़ने के लिए एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया और निर्वासित किया है। एच-न्यू ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर पांच फरवरी को इकेचुकु सिल्वेस्टर मबाह को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह हुमायूं नगर पुलिस स्टेशन की सीमा में संदिग्ध रूप से घूम रहा था। पूछताछ करने पर वह संतोषजनक जवाब देने या हैदराबाद में अपने कानूनी प्रवास की पुष्टि करने वाले वैध दस्तावेज पेश करने में विफल रहा।

### उप्र के बाराबंकी में सड़क हादसा, चार की मौत

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के लोनीकटरा क्षेत्र में रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़ी बस में श्रद्धालुओं से भरी टैम्पो ट्रेवलर के पीछे से टक्कर मारने से चार लोगों की मौके मृत्यु हो गई जबकि 15 से अधिक घायल हो गए। घायल सभी व्यक्ति महाराष्ट्र के बताए जाते हैं जिन्हें स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती किया गया। इनमें कुछ की हालत चिंताजनक होते हुए लखनऊ ट्रामा भेजा गया है। रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर यह हादसा उस समय हुआ जब छत्तीसगढ़ से अयोध्या जा रही एक बस किसी खराबी के कारण सड़क किनारे खड़ी थी, तभी प्रयागराज कुंभ से अयोध्या जा रही महाराष्ट्र की एक तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर से उसमें जा घुसी।

## बेलगावी में गोवा के पूर्व विधायक की मारपीट के बाद मौत

**बेलगावी,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेलगावी में गोवा के पूर्व विधायक और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी लवू ममलतदार (68) पर एक ऑटो चालक द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के कुछ ही मिनटों बाद उनकी मौत हो गई है। यह पूरा विवाद सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया, जो अब सामने आया है जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। ममलतदार पणजी से लगभग 120 किलो मीटर दूर बेलगावी में एक व्यावसायिक यात्रा पर गए थे और वहां उनका एक ऑटो चालक से एक दुर्घटना को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार विवाद इतना बढ़ गया कि ऑटो चालक ने ममलतदार पर कई बार शारीरिक हमला किया। ममलतदार कुछ ही देर बाद एक होटल की सीढ़ियों पर गिर गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें भर्ती करने से पहले मृत घोषित कर दिया गया। बेलगावी पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच कर रही है। गोवा और अन्य जगहों पर राजनीतिक हलकों में पूर्व विधायक की दुखद मौत पर प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है।



स्टालिन ने की त्रिभाषा फॉर्मूले पर धर्मेंद्र प्रधान की आलोचना

# हिंदी थोपने के अहंकार को बर्दाश्त नहीं करेंगे तमिल

**चेन्नई,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन ने रविवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी जब तक राज्य नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत तीन-भाषा फार्मूले को स्वीकार नहीं करता, तब तक उसे धन नहीं मिलेगा की कड़ी आलोचना की और इसे सरासर ब्लैकमेल बताया। पिछली शाम काशी तमिल संगमम 3-0 के उद्घाटन के बाद वाराणसी में प्रधान की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए, स्टालिन ने कहा कि हिंदी थोपने के अहंकार को तमिल कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्रधान ने कहा कि उन्हें भारतीय संविधान की शर्तों कानून के शासन पर आना होगा। उन्होंने प्रधान से यह भी जानना चाहा कि संविधान के किस प्रावधान में त्रिभाषा नीति को अनिवार्य किया गया है। स्टालिन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री कहते हैं कि उन्हें भारतीय संविधान के अनुरूप आना होगा और तीन-भाषा फॉर्मूले को 'कानून का शासन' कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि क्या वह बता सकते हैं कि संविधान के कौन से प्रावधान इसे अनिवार्य बनाते हैं। यह देखते हुए कि भारत राज्यों का संघ है, उन्होंने कहा कि शिक्षा समवर्ती सूची के अंतर्गत है, जिसके लिए केंद्र सरकार संपूर्ण स्वामित्व को अपनी जागीर के रूप में दावा नहीं कर सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, तमिलनाडु को इस तरह के अहंकार के साथ ब्लैकमेल करना कि राज्य को धन (एसएसए योजना के तहत शिक्षा के लिए) तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि वह तीन-भाषा फॉर्मूले को स्वीकार नहीं कर लेता, तमिलों द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम केवल अपना अधिकार मांग रहे हैं। अगर आप ऐसे अहंकार से बात करेंगे जैसे हम आपकी निजी संपत्ति मांग रहे हैं, तो दिल्ली का अहंकार तमिलों का असली चेहरा दिखा देगा। प्रधान ने कहा था कि एसएसए योजना के तहत धन जारी करने के लिए तमिलनाडु को देश के अन्य राज्यों की तरह त्रि-भाषा फॉर्मूला स्वीकार करना होगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि तमिलनाडु ने शुरू में एनईपी को स्वीकार कर लिया था, लेकिन बाद में राजनीतिक प्रेरणा के कारण पीछे हट गया।

प्रधान ने कहा कि केंद्र तमिलनाडु को तब तक धन जारी नहीं करेगा जब तक कि वह एनईपी को लागू नहीं करता जैसा कि अन्य राज्यों ने किया है जो तीन-भाषा फॉर्मूला कार्यान्वयन को अनिवार्य बनाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभाजनकारी रणनीति अपना रही है।



संविधान के किस प्रावधान में त्रिभाषा नीति को अनिवार्य किया गया है : एमके स्टालिन

### हमेशा दो भाषा नीति पर कायम रहेगी पार्टी

वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्य मंत्री डी जयकुमार ने कहा कि पार्टी हिंदी थोपने का कड़ा विरोध करेगी। जयकुमार ने कहा कि अन्नाद्रमुक महासचिव और विपक्ष के नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी ने स्पष्ट रूप से कहा था कि पार्टी हमेशा दो भाषा नीति पर कायम रहेगी और इसमें कोई समझौता नहीं होगा। विपक्षी अन्नाद्रमुक ने भी प्रधान की टिप्पणी पर आपत्ति जताई और कहा कि दो-भाषा फार्मूले पर उसके रुख में कोई कमी नहीं आई है। अन्नाद्रमुक दो-भाषा फार्मूले के अपने रुख पर कायम रहेगी और कभी भी तीन-भाषा फार्मूले की अनुमति नहीं देगी।

# त्रिपुरा में टीआईपीआरए मोथा ने दी सरकार गिराने की धमकी

**अगरतला,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा के राज्य में उग्रवाद को फिर से शुरू करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ 'उचित कार्रवाई' की चेतावनी देने के बाद राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन सहयोगियों के बीच अंदरूनी कलह बढ़ने के संकेत देते हुए सहयोगी पार्टी टीआईपीआरए मोथा ने सरकार गिराने की धमकी दी है। मोथा प्रमुख शाही वंशज प्रद्योत किशोर देववर्मन की इस चेतावनी के एक सप्ताह बाद कि अगर केंद्र पिछले साल के त्रिपक्षीय समझौते में किए गए वादों को पूरा नहीं करता है तो उनकी पार्टी राज्य सरकार से समर्थन वापस ले लेगी, वरिष्ठ मोथा नेता हंगसा कुमार त्रिपुरा ने शनिवार को अगले विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की धमकी दी। त्रिपुरा ने धलाई जिले के चौमानु में पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए चेतावनी दी कि टीआईपीआरए समुदाय (आदिवासी) समुदाय को एक बार फिर मूर्ख नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा अपना वादा पूरा नहीं करती है, तो अगले विधानसभा चुनाव में उसे सत्ता से बाहर कर दिया जाएगा। भाजपा के पूर्व नेता हैं एवं अब त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्तशासी जिला परिषद (टीटीएएडीसी) के निर्वाचित सदस्य त्रिपुरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे 'सबका साथ सबका विकास' को 'दिखावटी' बताते हुए कहा कि अगर एक समुदाय को उसके हक से वंचित रखा जाता है, तो समावेशी विकास संभव नहीं है।



■ भाजपा के गठबंधन सहयोगी के बीच अंदरूनी कलह के संकेत

### चुनाव जीतने के बाद भाजपा अलग भाषा बोल रही

वरिष्ठ मोथा नेता हंगसा कुमार त्रिपुरा ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद भाजपा अलग भाषा बोल रही है। ऐसा लगता है कि तिप्रासा समुदाय के लोगों को एक बार फिर धोखा दिया जा रहा है। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि हमारी पार्टी लोगों के अधिकारों के लिए आंदोलन का राजनीतिक मंच है। हमें एक बार धोखा दिया जा सकता है, लेकिन हर बार नहीं।

## उमंग सिंघार ने मांगा मोदी से मिलने का समय

**भोपाल,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके 23 और 24 फरवरी को भोपाल प्रवास के दौरान उनसे मिलने के लिए समय मांगा है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय को शनिवार को पत्र लिखा है। श्री सिंघार ने कहा कि प्रधानमंत्री 23 और 24 फरवरी को भोपाल प्रवास पर रहेंगे। कांग्रेस विधायक दल का प्रतिनिधि मंडल, ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट और राज्य की प्रमुख समस्याओं के संबंध में प्रधानमंत्री से भेंट करना चाहता है। इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री कार्यालय से तिथि और समय से अवगत कराने का निवेदन किया गया है। सिंघार ने मध्य प्रदेश से जुड़े परिवहन घोटाले का मामला उठाते हुए राज्य के एक मंत्री और उनके संरक्षक केंद्रीय मंत्री को निशाने पर लेते हुए अनेक आरोप लगाए। सिंघार ने पिछले कुछ दिनों से मीडिया की सुर्खियां बने परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के खिलाफ विभिन्न जांच एजेंसियों की कार्रवाई के परिप्रेक्ष्य में आरोप लगाया कि जांच एजेंसियां मामले को दबाने का प्रयास कर रही हैं।

# तेलंगाना में हो रही गुरुकुल संस्थानों की उपेक्षा : केटीआर

**हैदराबाद,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री के. टी रामाराव (केटीआर) ने कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की है और उस पर तेलंगाना के गुरुकुल संस्थानों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

रामाराव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के महज एक साल के भीतर यह संस्थान अव्यवस्था में आ गए हैं, जिससे हाशिये पर पड़े हजारों छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। केटीआर ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर जानबूझकर गुरुकुल प्रणाली को खत्म करने का आरोप लगाया, जो दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्थापित की गई थी। उन्होंने दावा किया कि इन संस्थानों को बनाए रखने में कांग्रेस सरकार की विफलता केसीआर (बीआरएस प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव) की विरासत को मिटाने के उसके प्रयास को दर्शाती है। आवेदनों में भारी गिरावट पर प्रकाश डालते हुए केटीआर ने बताया कि बीआरएस सरकार के दौरान, अनुसूचित जाती, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक गुरुकुलों में 41,000 सीटों के लिए 1.68 लाख छात्रों ने आवेदन किया था।



■ खतरे में पड़ा हाशिये पर पड़े हजारों छात्रों का भविष्य

**चिंता** *बदलते मौसम का शिकार हो रही कश्मीर घाटी*

# अनंतनाग के अच्छाबल में ऐतिहासिक मुगल उद्यान के झरने सूखे

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। कश्मीर बदलते मौसम का शिकार होना आरंभ हो गया है। हालत यह है कि यहां इस बार लेह को मिलाने वाला जोजिला दर्रा यातायात के लिए अभी तक खुला हुआ है वहीं अनंतनाग के अच्छाबल के एतिहासिक झरने सूखने लगे हैं।

यह पूरी तरह से सच है कि पहली बार, अच्छाबल में ऐतिहासिक मुगल उद्यान, जो कभी अपने झरनों और प्राकृतिक झरनों के लिए जाना जाता था, अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण इसके जल स्रोत सूख रहे हैं। महारानी नूरजहां द्वारा 17वीं शताब्दी में बनवाया गया यह प्रतिष्ठित उद्यान पानी की गंभीर कमी से जूझ रहा है, जिससे इसके फव्वारे और नदियां बंजर हो गई हैं। स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता शब्बीर अहमद के बकौल, हमने अच्छाबल में मुगल उद्यान के सूखने में ऐसा बदलाव कभी नहीं देखा। यह पहली बार है जब हम ऐसा निराशाजनक दृश्य देख रहे हैं। वे कहते थे कि झरना पूरी तरह से सूख गया है, जिससे पीने के पानी की कमी हो गई है। शब्बीर के बकौल, हमारे पाप-हम जल निकायों को कैसे प्रदूषित कर रहे हैं और जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश और बर्फबारी में कमी, इस बिगड़ती स्थिति के मुख्य कारण हैं। भविष्य की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर वे कहते थे कि जब पानी उपलब्ध नहीं है, तो हम अपनी जमीन की सिंचाई कैसे कर सकते हैं। बागवानी और कृषि दोनों ही पानी पर निर्भर हैं और इस स्थिति का गंभीर असर होगा। आस पास के इलाकों में पानी की कमी शुरू हो गई है और लोग परेशान हैं क्योंकि वे अब पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं। यह समय एकजुट होने और अपने जल निकायों को प्रदूषण से बचाने के लिए मिलकर काम करने का है। एक अन्य स्थानीय निवासी मुश्ताक अहमद का कहना था कि अच्छाबल गार्डन हमारी विरासत है, हमारी पहचान का हिस्सा है। इसे सूखते देखना दिल दहला देने वाला है। वे कहते थे कि अगर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो हमें डर है कि यह फिर कभी वैसा नहीं हो सकता। हालांकि विशेषज्ञ इस संकट के लिए बढ़ते तापमान, कम बारिश और घटते भूजल स्तर को जिम्मेदार मानते हैं। भूगोलवेत्ता डा मासून ए बेग ने बताया कि जलवायु परिवर्तन ने कश्मीर में वर्षा के पैटर्न को बदल दिया है, जिससे सदियों से अच्छाबल गार्डन को बनाए रखने वाले प्राकृतिक झरने प्रभावित हुए हैं। उनका कहना था कि बर्फबारी में कमी और लंबे समय तक सूखे ने स्थिति को और खराब कर दिया है। जल शक्ति अच्छाबल के एईई गौहर अहमद कहते थे कि अच्छाबल झरना एक दर्जन से ज्यादा गांवों को पानी की आपूर्ति करता था, जिसके स्त्रोत पर 15 से ज्यादा जलापूर्ति योजनाएं निर्भर थीं।




■ जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न हुई स्थिति




# महाकुंभ में हेलीकॉप्टर सेवा से यात्री खुश





**महाकुंभ नगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई गई हेलीकॉप्टर सेवा का मजा यात्री जमकर ले रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि इस यात्रा से न सिर्फ समय की बचत हो रही है, बल्कि वे यात्रा जाम और भीड़ से निजात पाकर कुछ ही समय में स्नान भी कर ले रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस हेलीकॉप्टर यात्रा से वे प्रयागराज शहर के ऊपर का नजारा और गंगा-यमुना के मिलन का विहंगम दृश्य ऊपर से देख रहे हैं।

मनीषा गोयल ने कहा कि मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लगा। तीनों नदियों का संगम, प्रयागराज का ऊपर से नजारा, हरियाली सबकुछ देखकर बहुत खुशी हुई। सरकार ने जो व्यवस्था की है, उससे मैं बहुत प्रभावित हुई हूं। मैं दिल से पीएम मोदी और सीएम योगी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने इतनी अच्छी व्यवस्था की है। यात्रियों को आने-जाने में या ट्रैफिक में कोई बड़ी परेशानी नहीं हुई। थोड़ी बहुत असुविधा तो होती ही है, लेकिन कुल मिलाकर व्यवस्था बहुत अच्छी है।

चित्रेश गोयल ने कहा कि पहली बार यहां आकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। ऊपर से देखने पर जो हरियाली, पानी और बोटिंग का नजारा है, वो बहुत सुंदर है। नदियों का संगम देखकर बहुत अच्छा लगा। प्रयागराज में जो व्यवस्था है, वो बहुत अच्छी है और किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। मैं सभी को धन्यवाद देना चाहूंगा पीएम मोदी को, सीएम योगी को और मेला प्रशासन के अधिकारियों को, जिन्होंने यहां बहुत अच्छी सुविधाएं शुरू की हैं। इससे जनता को ऊपर से प्रयागराज देखने और बोटिंग का मौका मिला है। पवन दुबे ने कहा कि यह हेलीकॉप्टर की सेवा बहुत अच्छी है। पायलट भी बहुत अच्छे हैं। ऊपर से हमें सब बताते हैं कि कहां क्या है। हमने हेलीकॉप्टर से वो स्थान भी देखा जहां गंगा-यमुना का होता है। हमें बहुत अच्छा लगा। मुंबई से आई एक अन्य महिला ने कहा कि यहां की व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। मेला भी बहुत अच्छा है। हमें बहुत अच्छा लगा। हेलीकॉप्टर की यह सेवा बहुत अच्छी है।

■ **कहा- सहूलियत के साथ, समय भी बच रहा**

**श्रद्धालुओं ने कहा कि योगी सरकार ने महाकुंभ में बहुत अच्छी व्यवस्था की**

भव्य महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यहां पर श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान कर त्रिवेणी संगम पर मां गंगा की आरती में शामिल हो रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार, अब तक महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। शनिवार को यहां पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। लेकिन, मेला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था से किसी भी श्रद्धालु को स्नान करने के दौरान दिक्कत नहीं हुई है। रविवार को भी यहां पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई गई है। चूंकि महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है और यहां आने वाले श्रद्धालु महाकुंभ को लेकर क्या सोचते हैं।

स्वाति राय ने कहा कि हम लोग बहुत दूर से आए हैं। हमने अधिकतर अपनी यात्रा पैदल चलकर पूरी की है। यहां आकर काफी अच्छा लगा है। स्नान करने के बाद मन काफी शांत हो गया है। थकावट दूर हो गई है। मैं इस आयोजन के लिए सीएम योगी का धन्यवाद करना चाहती हूं।

साक्षी राय ने कहा कि कोई दिक्कत नहीं हुई। बस पांच किलोमीटर पैदल चलकर संगम तट पर आना पड़ा है। यहां गंगा नदी में स्नान कर सारी थकावट दूर हो गई है। राज्य सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है। यहां पर महिलाओं की सुरक्षा का ध्यान दिया गया है।

ज्योति राय ने कहा कि यहां आकर काफी अच्छा लगा है। योगी जी ने अच्छी व्यवस्था की है। गंगा नदी में स्नान कर काफी अच्छा लगा है। यहां से जाने का मन नहीं करता है। कल्पना राय ने कहा कि मेला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को गाइड किया जा रहा है। जो श्रद्धालु रेलवे स्टेशन से स्नान करने के लिए यहां आना चाहते हैं, उन्हें पूरी जानकारी मिल रही है।

# जीव-जंतुओं का अस्तित्व रहेगा तभी मनुष्य का अस्तित्व रहेगा : योगी

■ **मुख्यमंत्री योगी ने कुंभ की आस्था और जलवायु परिवर्तन से संबंधित जलवायु सम्मेलन का किया शुभारंभ**

■ **दिल्ली हादसे पर सीएम योगी ने जताया अफसोस, सभी पुण्य आत्माओं को अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि**




**महाकुंभ नगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में कुंभ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा। उन्होंने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा न करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुंभ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। इस दौरान सीएम योगी ने दिल्ली में हुई घटना पर अफसोस जताते हुए सभी पुण्य आत्माओं के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में जब जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं तो एक-दूसरे पर दोषारोपण होने लगता है। यही स्थिति महाकुंभ में भी देखने को मिल रही है। एरियल सर्वे में देख रहा था कि पार्किंग की जगह खाली है, लेकिन हर व्यक्ति सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी करके संगम स्नान को जा रहा है। अगर वही व्यक्ति पार्किंग के स्थान पर अपना वाहन पार्क करे तो हो सकता है कि उसे 100 मीटर ज्यादा पैदल चलना पड़े, लेकिन सड़क पर कहीं जाम नहीं होगा और आसानी से वह संगम में स्नान कर सकेगा। उन्होंने कहा कि इस जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हम सब कहां भागीदार हैं, इसके बारे में चिंतन करना और उसे अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना, यह सचमुच महाकुंभ का हिस्सा बनना चाहिए। इसे हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

योगी ने कहा कि हम सबको सोचना होगा की कार्बन उत्सर्जन और पर्यावरण के प्रदूषण का कारण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन का ही कारण है कि धरती माता की धमनियों के रूप में जिन नदियों को अविरल बहना चाहिए था वह सूखती जा रही हैं। अनुमान कीजिए, अगर शरीर की रक्त धमनियां सूख गई तो शरीर की स्थिति क्या होगी। अगर धरती माता की धमनियां सूख गईं या प्रदूषित हो गई तो जिन धमनियों से रक्त का प्रवाह होना चाहिए उसकी क्या स्थिति होगी।

योगी ने कहा कि धरती माता के साथ खिलवाड़ न हो, इसको ध्यान में रखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है।

उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्षों के अंदर हमारी सरकार ने 210 करोड़ वृक्षारोपण किया है। वन विभाग के द्वारा जो वृक्ष लगाए गए हैं उसमें 70 से लेकर 80 फीसदी पौधे सुरक्षित हैं। वहीं विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से जो वृक्षारोपण हुआ है उसमें भी 60 से 70 फीसदी पौधे सुरक्षित हैं। डीजल से चलने वाली बसों के स्थान पर इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता दी गई है। इसके लिए पॉलिसी बनाई और अनेक कार्यक्रम बढ़ाए गए हैं। मर चुकी नदियों को फिर से पुनर्जीवित करने का काम किया। आज जो संगम में इतना पावन स्नान एक साथ एक दिन में करोड़ों लोग कर पा रहे हैं। जितनी भीड़ कभी मौनी अमावस्या को जुटती थी उतनी भीड़ हर दिन हो रही है। नदियों को चैनेलाइज किया गया। संगम क्षेत्र का दायरा बढ़ाया गया। संगम में हर समय 10 हजार से 11 हजार क्यूसेक जल हमेशा मौजूद रहे इसको सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, परमार्थ आश्रम के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनि, जगद्गुरु स्वामी मुकुंदानंद, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना एवं राज्य मंत्री केपी मलिक समेत विधायक व अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाकुंभ में यातायात और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में दें सहयोग : मुख्यमंत्री

**संतों, आश्रमों और संस्थाओं से मुख्यमंत्री की अपील, सतत जारी रखें भंडारा/प्रसाद वितरण**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ प्रयागराज में आ रहे सभी श्रद्धालुओं से यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ आस्था का महापर्व है, जिसमें पूरे देश और दुनिया के लोग भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। ऐसे में सभी का सकारात्मक सहयोग इस आयोजन की सफलता को कई गुना बढ़ा सकता है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे अपने वाहनों को सड़कों पर खड़ा न करें, बल्कि निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें, जिससे सभी को पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने का सुगम अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री ने संतों, आश्रमों और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे भंडारे और प्रसाद वितरण की पवित्र व्यवस्था को अनवरत जारी रखें, ताकि सभी श्रद्धालु इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने महाकुंभ में स्वच्छता बनाए रखने की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से स्वयं स्वच्छता का पालन करने और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

# महाकुंभ में पहली बार की गई एआई बेस्ड एक्स हैंड हेल्ड मशीन से टीबी की जांच

■ **महाकुंभ केंद्रीय अस्पताल में कुल 562 लोगों की हुई टीबी की जांच, 19 रोगी पॉजिटिव**

**महाकुंभ नगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देशों के मुताबिक प्रदेश में चलाये जा रहे 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान को महाकुंभ में भी सक्रिय तौर पर चलाया गया। महाकुंभ मेला क्षेत्र में बने केंद्रीय अस्पताल में सघन टीबी जांच की जा रही है। अस्पताल में एआई बेस्ड हैंड हेल्ड मशीन से टीबी की ट्रूनॉट जांच की जा रही है। अब तक मेले में लगभग 562 लोंगो की टीबी की जांच की गई है। जिसमें से 19 मरीज टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। मरीजों को डॉट्स की दवाएं उपलब्ध करवाई गई हैं और साथ ही उनके जनपद के चिकित्सालयों से सम्बद्ध कर आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। महाकुंभ मेला केंद्रीय अस्पताल के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉ. गौरव दुबे ने बताया कि महाकुंभ में पहली बार टीबी की एआई बेस्ड जांच की जा रही है। एक्स हैंड हेल्ड मशीन से मरीज के चेस्ट की एक्स रे के माध्यम से पूरी जांच की जाती है। एआई कैमरे चेस्ट में होने वाले इंफ्केशन के आधार पर रोग की संभावना और गंभीरता की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं। इसी आधार पर रोगी का इलाज और दवा के कोर्स की सलाह डाक्टर दे रहे हैं। मेले के दौरान चिन्हित किये गये 19 मरीजों को टीबी के इलाज डाट्स कोर्स के तहत पंजीकृत किया जा चुका है। आगे के इलाज और दवा के कोर्स के लिए मरीजों को उनके गृह जनपदों के जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है। डॉ. गौरव दुबे ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में विभिन्न रोगों की नि:शुल्क जांच और इलाज किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों से किया संवाद



■ **कथावाचक प्रदीप मिश्र और जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि से की मुलाकात**

**महाकुंभ नगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज स्थित महाकुंभ नगर पहुंचे, यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और साधु संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि से भेंट कर महाकुंभ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद वे सदाफल आश्रम स्थित स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट पहुंचे, जहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संत समाज के साथ संवाद कर महाकुंभ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और संतों ने योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की। मुख्यमंत्री सेक्टर 21 में प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल हुए। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद वे सेक्टर-18 स्थित प्रभु प्रेमी संघ अंबाला शिविर पहुंचे, जहां संतों का सानिध्य प्राप्त किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं और साधु-संतों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हर प्रयास किए हैं। उन्होंने संत समाज और श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी धार्मिक आयोजनों को इसी भव्यता और दिव्यता के साथ संपन्न किया जाएगा।

# नेपाल से आए 85 वर्षीय श्रद्धालु को इस्केमिक स्ट्रोक, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बचाई जान




**महाकुंभ नगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ में उमड़े श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन अस्पताल) के चिकित्सकों ने इस्केमिक स्ट्रोक से पीड़ित एक नेपाल निवासी 85 वर्षीय श्रद्धालु की जान बचाने में सफलता पाई। अस्पताल के वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉ. कमलेश सोनकर और उनकी 6 विशेषज्ञ डॉक्टरों की पूरी टीम की तत्परता और कुशल उपचार के चलते 85 वर्षीय रामधनी अब पूरी तरह सुरक्षित हैं।

नेपाल के लुंबिनी निवासी रामधनी महाकुंभ में मौनी बाबा आश्रम, शांति कुटिया में एक माह से राम नाम जप रहे थे। 14 फरवरी की रात में अचानक उन्हें दाहिने हिस्से में कमजोरी, बोलने में कठिनाई और हल्की बेहोशी महसूस हुई। परिजनों ने तुरंत उन्हें एसआरएन अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जहां विशेषज्ञों ने जांच के बाद पाया कि उन्हें इस्केमिक स्ट्रोक हुआ है। डॉ. कमलेश सोनकर और उनकी टीम ने तुरंत थ्रॉम्बोलाइसिस प्रक्रिया शुरू कर ब्लॉकेज हटाया, जिससे मरीज की हालत खतरे से बाहर हो गई।

# प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी

**बोलीं, डुबकी लगाने के बाद हो रहा बेहद विशिष्ट प्रकार का अनुभव**



**महाकुंभ नगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ के महासमागम में रविवार को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रविवार को उन्होंने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और महाकुंभ में सम्मिलित होने के अवसर को उन्होंने विशिष्ट बताया। त्रिवेणी संगम में स्नान के साथ ही बड़े हनुमान मंदिर, अक्षयवट और सरस्वती कूप में विधिवत दर्शन-पूजन व अर्चन किया। महाकुंभ में डुबकी लगाकर अभिभूत हुईं राज्यपाल ने कहा यह एक अलग प्रकार का दिव्य अनुभव है जो वर्षों तक स्मृतियों में रहेगा। उन्होंने कहा कि डुबकी लगाने के बाद एक विशिष्ट प्रकार का अनुभव हो रहा है जो तीर्थराज प्रयागराज की आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार उनमें कर रहा है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि सारे देश और विश्व की आस्था के केंद्र में है। ऐसे में, देश-दुनिया से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं। इस सारी व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन बधाई का पात्र है। उन्होंने प्रयागराज आकर विभिन्न घाटों पर स्नान करने वाले स्नानार्थियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार सुव्यवस्थित तरीके से लोग स्नान करके अपने गंतव्य स्थलों को जा रहे हैं वह अद्भुत है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अरैल घाट से मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए त्रिवेणी संगम पहुंची जहां उन्होंने विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मोटर फ्लोटिंग जेटी के जरिए उन्होंने किला घाट पहुंचकर अक्षयवट का पूजन-अर्चन किया। इसके उपरांत, सरस्वती कूप व बड़े हनुमान मंदिर में भी उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन किया।

# केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने किया सपरिवार त्रिवेणी संगम में स्नान

**गडकरी बोले, राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है, जो सरल नहीं है**



**महाकुंभ नगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ में प्रतिदिन दिग्गजों का तांता लगा रहता है। इसी क्रम में रविवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पत्नी व परिवार समेत त्रिवेणी संगम में स्नान करके खुद का जीवन धन्य माना। प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने उनका स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इसके उपरांत, गडकरी त्रिवेणी संगम पहुंचे जहां उन्होंने पत्नी व परिवार के साथ विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। गडकरी त्रिवेणी संगम में स्नान कर अभिभूत दिखे और यह प्रसन्नता उनके चेहरे पर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी।

उन्होंने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है जो सरल नहीं है। उनके अनुसार, यह प्रयास कड़ी मेहनत का हैं परिणाम है। गडकरी ने त्रिवेणी स्नान को लेकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि महाकुंभ महापर्व देश भर की आस्था का केंद्र है।

यही कारण है कि देशभर से लोग यहां गाड़ी लेकर आ रहे हैं। गडकरी ने बताया कि मेरे शहर नागपुर से भी हजारों लोग गाड़ियां लेकर यहां आए हैं। मेरे साथ कैबिनेट के सहयोगी भी साथ आए हैं। यहां के प्रशासन, पुलिस व कर्मचारियों ने अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की हैं। मां गंगा में आशीर्वाद हम सबको प्राप्त हो। निश्चित रूप से विश्व के कल्याण हो, सबका कल्याण हो यही हमारी भावना है। गडकरी ने त्रिवेणी संगम में पत्नी व परिवार के साथ स्नान किया और गंगा जल का आचमन कर सबके कल्याण की प्रार्थना की।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने त्रिवेणी संगम पर किया स्नान



महाकुंभ नगर। त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान करने के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर लिखा, महाकुंभ, सनातन सभ्यता, संस्कृति, दर्शन और हमारी शाश्वत परंपराओं की जीवन्तता का प्रमाण है। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाना मेरा असीम सौभाग्य है। एकता के महाकुंभ में अमृत स्नान मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभूति है। मां गंगा सभी का कल्याण करें, यही कामना है। हर हर गंगे।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीगण भी उपस्थित रहे। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने भी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। मंत्रियों ने मां गंगा का विधिवत पूजन कर राष्ट्र और जनकल्याण की कामना की।

# अयोध्या ऐप से 69 लाख लोगों ने होमस्टे की कराई बुकिंग

**अयोध्या में अब एक से दो लाख रुपये प्रति माह कमा रहे हैं होम स्टे संचालक**

**महाकुंभ नगर/अयोध्या,** 16 फरवरी देशबन्धु)। महाकुंभ नगर से लौटकर अयोध्या जाने वाले लोगों की भारी भीड़ है। रामलला के दर्शन को हर कोई दीवाना दिख रहा है। दूर-दूर से लोग अपने आराध्य के दर्शन को चले आ रहे हैं। उनके आने से अयोध्या वासी भी बेहद खुश नजर आ रहे हैं। व्यापार चमक गया है। खास तौर से होम स्टे वालों का। बड़ी संख्या में लोग होम स्टे बुक करा रहे हैं। अधिकृत ऐप के माध्यम से अब तक 69 लाख लोग होम स्टे बुक करा चुके हैं। अयोध्या में भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठित होने के बाद रामलला के दर्शन को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। हर कोई अयोध्या पहुंचकर रामलला के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित कर रहा है। इसके अलावा आस-पास के पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहा है। प्रदेश की योगी सरकार ने भविष्य की अयोध्या का अंदाजा लगाते हुए स्थानीय लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। वह है होम स्टे। इसमें न सिर्फ दर्शनार्थियों की सहूलियत देखी गई बल्कि स्थानीय लोगों को भी लाभ पहुंचाने पर काम शुरू हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना था कि अयोध्या में आने वाले लोगों के जरिए ही यहां के लोगों की भी आमदनी हो। आज उसी का नतीजा है कि महाकुंभ के दौरान अयोध्या पहुंचे अमूमन श्रद्धालुओं ने होम स्टे में ठहरना ही मुनासिफ समझा। संचालकों का मानना है कि शुरुआत के दिनों में महीने में 40 से 50 हजार रुपए की आमदनी होती थी, लेकिन अब लाखों रुपये में कमाई हो रही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने बताया कि अयोध्या में दिनों-दिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। अयोध्या में होम स्टे के संचालन के बाद श्रद्धालुओं को ठहरने में बड़ी राहत मिली है।

रायपुर, शुक्रवार 17 फरवरी 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# हादसों का महाकुम्भ

प्रयागराज में चल रहा महाकुम्भ जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, उस सिलसिले में हादसों पर हादसे हो रहे हैं। मेला क्षेत्र में होने वाली भगदड़ और आगजनी की कई घटनाओं के अलावा देश भर से प्रयागराज या इस दिशा में आने वाली ट्रेनों में जो दृश्य दिखलाई दे रहे हैं वे अपने आप में दुखद हैं। इस श्रृंखला में ताजा हादसा नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 14 व 15 पर शनिवार की रात को करीब 10 बजे हुआ। प्रयागराज जाने वाली ट्रेनें पकड़ने के लिये इतनी बड़ी तादाद में लोग पहुंच गये कि तिल भर भी जगह नहीं रह गयी। पीछे से आने वाले जनसैलाब ने न केवल इन दो प्लेटफॉर्मों को भर दिया वरन सीढ़ियां और फुटओवर ब्रिजों पर भी ऐसी जबर्दस्त भीड़ हो गयी कि लोगों को सांस लेना भी दूभर हो गया। हर बढ़ते जत्थे से स्थिति गम्भीर होती चली गयी। बड़ी संख्या में लोगों के बेहोश होने और दम घुटने अथवा दबने से वैसी ही मौतें होने लगीं जैसी कि प्रयागराज के मेला क्षेत्र में 28 व 29 जनवरी की दरमियानी रात को हुई थी। उसमें मृतकों के सरकारी आंकड़े तो 30 के हैं लेकिन वास्तविक संख्या कई गुना अधिक होने का अंदेशा है। वैसे ही दिल्ली के इस हादसे में रेलवे प्रशासन व सरकार के अनुसार 19 लोगों की मृत्यु बतलाई जाती है लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह आंकड़ा और भी ज्यादा हो सकता है। इनमें बच्चे और महिलाएं भी हैं।

इस बार के महाकुंभ के लिए इस बात का खूब प्रचार किया गया है कि यह 144 वर्षों के बाद दुर्लभ योग में आया है, इसलिए अमृत स्नान के लिये मानो पूरा भारत उत्कंठित है। देश भर से विभिन्न परिवहन के साधनों से करोड़ों की संख्या में लोग यहां अकल्पनीय परेशानियां झेलते हुए पहुंच रहे हैं। स्नान की सभी महत्वपूर्ण तिथियों में लोगों का आना जारी है। ट्रेनों के डिब्बे खचाखच भरे हैं और उनमें एक-एक इंच के लिये संघर्ष हो रहा है। पाप धोने, पुण्य कमाने तथा मोक्ष पाने के आकांक्षी रेल डिब्बों की खिड़कियों में लगे कांच को तोड़कर उनमें घुस रहे हैं। लोगों को कुम्भ में आने के लिये आकर्षित करने के उद्देश्य से सरकार ने प्रयागराज से लौटने वाली ट्रेनों में सामान्य श्रेणियों की यात्रा मुफ्त कर रखी है लेकिन श्रद्धालु एक कदम आगे बढ़ते हुए न केवल आने वाली ट्रेनों से ही बगैर टिकट व आरक्षण के आ रहे हैं वरन आरक्षित व एसी डिब्बों में भी बेरोकटोक घुसकर दूसरों की सीटों पर कब्जा कर रहे हैं। अंदर के यात्री यदि भीड़ को घुसने से रोकने के लिये चिटकनी लगा रहे हैं तो बाहर प्लेटफॉर्मों के सैलाब उसे खुलवाने का प्रबन्ध कर पहुंच रहे हैं। भीतर किसी के घायल होने की परवाह किये बगैर बांस-बल्लियों से कांच तोड़े जा रहे हैं और डिब्बों में लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं। स्टेशनों पर तैनात रेलवे कर्मचारी व पुलिस बल अपर्याप्त साबित हो रहा है। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भीड़ इतनी ज्यादा थी कि उसे नियंत्रित करना ही असम्भव हो गया था।

सड़क मार्ग से आने वालों की अपनी दिक्कतें हैं। प्रयागराज से आने वाले सारे मार्ग लगभग जाम रहते हैं। मौनी अमावस्या के दौरान तो कम से कम 3 सौ किलोमीटर जाम देखा गया जिससे निज़ात पाने के लिये लोगों को वाहनों के भीतर दो से तीन दिन तक गुजारने पड़े। खाने-पीने का सामान खत्म या कई-कई गुना महंगा हो गया। प्रयागराज पहुंचने वाले रास्तों पर पड़ने वाले गांव एवं कस्बे भी भीड़ के कारण परेशानियां झेल रहे हैं। तमाम व्यवस्थाएं ठप हैं और प्रशासन लाचार। लोगों को उनके हाल पर छोड़ा जा रहा है। उनकी मदद न तो सरकार कर पा रही है, न राजनीतिक दल और न ही वे धार्मिक संस्थाएं, धर्मगुरु, अखाड़े एवं सम्प्रदाय जो हिन्दुओं का नेतृत्व करने का दावा करते हैं। लोग बेमौत मारे जा रहे हैं।

अलबत्ता, इस महाकुम्भ का सियासी लाभ लेने में भारतीय जनता पार्टी सबसे आगे है। मेला क्षेत्र में हुए हादसे के अगले दिन श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से की गयी पुष्प वर्षा बतलाती है कि न तो केन्द्र सरकार की मरने वालों के प्रति संवेदना है और न ही राज्य सरकार की। उत्तर प्रदेश सरकार ने उस हादसे की जांच के आदेश दे दिये हैं जिसमें अंततः कौन सा एंगल सामने आता है, देखना होगा। ऐसे हादसे दोबारा न हों उसके पुख्ता इंतज़ाम करने की बजाये उप्र सरकार ने 21 सोशल मीडिया यूज़र्स के खिलाफ भगदड़ सम्बन्धी भ्रामक वीडियो डालने के मामले ज़रूर दर्ज़ किये हैं जो बतलाता है कि मुकम्मल व्यवस्था बनाये रखने में नाकाबिल सरकार आवाज दबाने के ऐसे उपाय करने में जुट गयी है। इसी तरह से नयी दिल्ली तथा रेलवे प्रशासन ने दिल्ली दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। अब वहां भीड़ को नियंत्रित करने के लिये पुलिस की 6 अतिरिक्त कम्पनियां तैनात कर दी गयी हैं। उधर घायलों को एलएनजीपी अस्पताल में भर्ती किया गया है जिसके बाहर सशस्त्र बल लगाये गये हैं। कहते हैं कि मृतकों व घायलों की संख्या को सरकार छिपाना चाहती है इसलिये मीडिया को अंदर जाने की अनुमति नहीं है। परिजन भी भीतर जाने के लिये तरस रहे हैं।

इस हादसे ने साबित कर दिया है कि उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दावा खोखला साबित हुआ जिसमें उन्होंने कहा था कि 'इस महाकुम्भ में 40 करोड़ लोगों के आने के अनुमान हैं लेकिन सरकार ने 100 करोड़ लोगों के आने की तैयारी कर रखी है।' बताया जाता है कि मौनी अमावस्या पर राज्य सरकार को 10 करोड़ से ज्यादा लोगों के आने का अंदाजा था। हालांकि 8-9 करोड़ लोगों के आने पर ही व्यवस्था ढह गयी। यदि सचमुच अनुमानित संख्या में लोग आते तो क्या स्थिति बनती- इसका भी अनुमान लगाया जा सकता है। दिल्ली का हादसा बताता है कि रेलवे ने भी पर्याप्त तैयारियां एवं व्यवस्था नहीं कर रखी हैं। ऐसे में लोगों को आमंत्रण देना उनकी जान से खिलवाड़ करना है।

# कांग्रेस में फेरबदल: क्या पार्टी को नुकसान पहुंचाने वालों को हटाया जाएगा ?

आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ( एआईसीसी) के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लंबे समय बाद यह काम हो रहा है इसलिए उम्मीद थी कि एक बार में पूरी तरह होगा। लेकिन शायद इसके लिए बहुत मजबूत इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। राहुल गांधी के पास है मगर वह प्रधानमंत्री मोदी भाजपा संघ के सामने। अपनी पार्टी में वह मजबूत नेता की तरह आते नहीं दिख रहे। और अब जब सब कुछ उनके हाथ में है तब भी अगर वे पार्टी में मजबूत नेता के तौर पर काम नहीं करते तो कांग्रेस को मान लेना चाहिए कि राहुल इन्दिरा गांधी या आज की बात करें तो प्रतिद्वन्दी मोदी की तरह, अपनी पार्टी चलाने के इच्छुक नहीं हैं, अब पार्टी को ही उन्हें उनकी तरह चलाना होगा। उनकी तरह चलाने से क्या मतलब है? पहले यह स्पष्ट कर दें!

राहुल व्यक्तिगत रूप से हजारों किलोमीटर जैसी मुश्किल दो-दो यात्राएं, बेशुमार लोगों से मिलना, विभिन्न कामकाजी वर्गों के पास जाना उनके काम और जिन्दगी के बारे में समझना, पिता राजीव गांधी की तरह नई टेक्नालॉजी एआई, ड्रोन से भारत के भविष्य बनाने की बात करना, किसी खतरे से नहीं घबराना जैसे वाले आदमी हैं। नेताओं का वह मिजाज उनका नहीं है कि सब कुछ खुद करना है। अपने कंट्रोल में रखना है।

नहीं है तो नहीं है! हालांकि आज इस चीज की सबसे ज्यादा जरूरत है। भाजपा में तो मोदी ही मोदी हैं। उनके अलावा और कोई कुछ नहीं है। ऐसे ही बाकी पार्टियों में भी। टीएमसी में ममता बनर्जी हैं। सपा में अखिलेश यादव। राजद में लालूप्रसाद यादव। सब जगह एक व्यक्ति जो उसका सबसे बड़ा नेता है वही सर्वेसर्वा है। जदयू में अब नीतीश कुमार का कंट्रोल नहीं रहा तो नीचे गिरते हुए दिखने लगी। बाकी एक नेता की जिन पार्टियों का जिक्र किया वे अपने-अपने में मजबूत हैं।

तो आज की देश की परिस्थितियां ऐसी हैं कि वहां पार्टी के आन्तरिक लोकतंत्र के सवाल का कोई मतलब नहीं है। मुख्य बात है आपकी पार्टी कितना मजबूत हो रही है। राहुल गांधी पार्टी में लोकतंत्र की स्थापना करते रहें लेकिन जब देश में ही वह कमजोर किया जा रहा है जिसे खुद राहुल कहते हैं तो वह किसी पार्टी में कितना रहेगा। मतलब पार्टी रहेगी तो आन्तरिक लोकतंत्र और दूसरे सिद्धांत रहेंगे। पहली बात पार्टी को मजबूत करना है।

तो इन परिस्थितियों में कांग्रेस को यह सोचना होगा कि वह राहुल का बेहतर इस्तेमाल कैसे कर सकती है। संगठन जैसे काम अगर उनकी रूचि का विषय नहीं है तो उसमें उनकी राय ली जाए मगर भूमिका सीमित रखी जाए।

कहना आसान है। मगर करना बहुत टिपिकल। वैसे राहुल अहंवादी व्यक्ति नहीं हैं। टीम के हिसाब से खेल सकते हैं। मगर कोई खिलाने वाला होना चाहिए। जो कांग्रेस में चाणक्य की बात की जाती है वह इसीलिए। मगर आजकल चाणक्य कहां मिलते हैं। मैनेजर होते हैं। और मैनेजर अपना फायदा देखते हैं। कांग्रेस के सबसे पुराने और बड़े मैनेजर गुलामनबी



शकील अख्तर

> राहुल के लिए और उनसे ज्यादा पार्टी के लिए यह समय थोड़ा भूमिकाओं को पुनर्निधारित करने का है। मल्लिकार्जुन खरगे एक अध्यक्ष के तौर पर बहुत सही काम कर रहे हैं। खासतौर से समन्वय का। सबकी सुन रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष और पार्टी अध्यक्ष दो ही सबसे बड़े पद हैं। लोग दोनों जगह जाकर स्थिति भांपने की कोशिश करते हैं।

आजाद रहे। तमाम राज्यों के प्रभारी रहे। काम हाईकमान का नाम लेकर करते थे मगर प्रचार यह कि उनकी राजनीतिक क्षमता है। आज मालूम पड़ गई राजनीतिक क्षमता!

पार्टी में एक आदमी नहीं बचा। खुद ही झोला झंडा सब उठाना पड़ रहा है। ऐसे ही बीजेपी में एक हुए थे-प्रमोद महाजन। वाजपेयी जैसे जमीनी नेता को भरोसा दिला दिया कि इंडिया इज शाइनिंग! और जल्दी चुनाव करवाकर हरवा दिया। वाजपेयी जी ने जिन्दगी भर विपक्ष की राजनीति की। पुरानी अम्बेसडर में देश भर की सड़कों की खाक छानी। मगर मैनेजर के चक्कर में वे भी आ गए और छह महीने पहले चुनाव करवा दिए। प्रधानमंत्री मोदी की सफलता का एक बड़ा कारण यह है कि कोई मैनेजर नुमा नेता उनके आसपास नहीं है।

वाजपेयी जैसे दूसरे जमीन से जुड़े नेता मुलायम सिंह यादव भी अमर सिंह जैसे मैनेजर के कारण 2007 का चुनाव हारे थे। पहली बार मायावती पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई थीं। उसके बाद अखिलेश यादव ने जब अमर सिंह का ठीक से इलाज किया तब वे 2012 में सपा को फिर सत्ता में ला पाए थे। इसलिए राजनीति में मैनेजरों से बचने की बहुत जरूरत है। चाणक्य होना चाहिए। लेकिन असली जो अपने हितों को नहीं देखे पार्टी और नेता को आगे बढ़ाने की सोचे। अर्जुन सिंह जैसा। सोनिया गांधी को कांग्रेस में सक्रिय करने और 1998 में अध्यक्ष बनाने से लेकर 2004 की केन्द्र की सत्ता में वापसी तक अर्जुन सिंह की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन बाद में खुद उनको ही अलग थलग कर दिया गया। लेकिन वे आखिरी तक पार्टी और परिवार के प्रति अपनी वफादारी बनाए रखते हुए ही इस दुनिया से गए। टीवी की दर्जनों ओबी वेन उनके घर के सामने महीनों खड़ी रहीं कि वे राजीव गांधी के खिलाफ कुछ बोल दें मगर वे एक शब्द नहीं बोले।

तो राहुल के लिए और उनसे ज्यादा पार्टी के लिए यह समय थोड़ा भूमिकाओं को पुनर्निधारित करने का है। मल्लिकार्जुन खरगे एक अध्यक्ष के तौर पर बहुत सही काम कर रहे हैं। खासतौर से समन्वय का। सबकी सुन रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष और पार्टी अध्यक्ष दो ही सबसे बड़े पद हैं। लोग दोनों जगह जाकर स्थिति भांपने की कोशिश करते हैं। कांग्रेसी तो इस काम के लिए प्रसिद्ध हैं। अभी जैसे ऊपर बताया अर्जुन सिंह जैसे सोनिया और परिवार के वफादार को आरोपित कर दिया गया था। राहुल के बारे में उनके विचारों को चापलूसी तक कह दिया। और वह भी बाकायदा प्रेस कान्फ्रेंस करके प्रेस नोट निकालकर। 2007 में राहुल के महासचिव बनने के बाद कौन नहीं चाहता था कि वे और बड़ी भूमिका में आएं। लेकिन अर्जुन सिंह को इस के लिए चापलूस बना दिया। कांग्रेसियों ने ही।

लेकिन अभी खरगे और परिवार के बीच नाइत्तफाकी पैदा करने का कलाकारों को कोई मौका नहीं मिल रहा है। खरगे की राहुल के साथ ट्यूनिंग बहुत अच्छी है। लेकिन पार्टी के लिए कुछ और चीजें होना भी जरूरी हैं। खासतौर से संगठन के लिए। और इनमें सबसे जरूरी है नेताओं पर पार्टी का डर। वह सिरे से गायब है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका जाने से पहले नेहरू और राहुल पर खूब बरसे।

लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर मोदी की अमेरिकी यात्रा की प्रशंसा कर रहे हैं। गुटबाजी तो हर राज्य में है। उसकी वजह से कांग्रेस राजस्थान, हरियाणा जैसे जीते हुए प्रदेशों में विधानसभा चुनाव भी हार रही है मगर इसके दोषी नेताओं पर अभी तक तो कोई गाज गिरी नहीं। आगे देखते हैं अभी फेरबदल का काम काफी बाकी है।

तो पार्टी में यह सख्ती का काम कौन करेगा। यह कहने से काम नहीं चलेगा कि आन्तरिक लोकतंत्र है। याद रखना चाहिए कि इसी अनियंत्रित आन्तरिक लोकतंत्र जो बिल्कुल गैर जिम्मेदारी में बदल गया था, ने पार्टी को 2014 का लोकसभा चुनाव ऐसा हरवाया कि अभी तक वापसी नहीं हो पाई है।

तो जो हमने शुरू में कहा कि यह पार्टी को समझना पड़ेगा कि अनुशासन का डंडा हाथ में लेने का काम राहुल नहीं कर सकते। लेकिन अगर शायद कोई दूसरा चलाए तो राहुल चुप रह सकते हैं। कांग्रेस को वही दूसरा, पार्टी को नुकसान पहुंचाने वालों को सही करने वाला, ढूंढना होगा। क्या खुद खरगे कर सकते हैं? प्रियंका हो सकती हैं? कांग्रेस को देखना होगा।

राहुल कहते हैं पार्टी छोड़कर चले जाएं! खुद से जाता कोई नहीं है। अभी पुनर्गठन में मौका है। निकालें। अभी जो पहली लिस्ट आई है उसमें कुछ के महासचिव और इंचार्ज के पद लिए हैं मगर वह अनुशासन के मामले नहीं है।

राजीव शुक्ला, दीपक बावरिया, मोहन प्रकाश, अजोय कुमार सबके अलग-अलग मामले हैं। असली चीज होगी उन पर कार्रवाई जो नेतृत्व की परवाह ही नहीं करते हैं। उसी से पता चलेगा कि पार्टी आगे कितनी दम से चलेगी।

# ट्रंप जो चाहते थे वह सब नरेंद्र मोदी से हासिल किया

■ टी एन अशोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस समय भू-राजनीतिक स्थिति तेजी से बदल रही है और कई देशों में नये नेता सत्ता संभाल रहे हैं। गुरुवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मोदी की निर्धारित बैठक से अमेरिका के लिए उनके व्यापार विस्तार के मामले में सकारात्मक परिणाम सामने आये, लेकिन भारत के लिए सटीक लाभ का आकलन अभी किया जाना बाकी है। हालांकि एक बात स्पष्ट है। ट्रंप आप्रवासियों पर अपनी नीति पर अड़े रहे और मोदी ने इस पर सहमति जतायी। भारतीय प्रधानमंत्री ने ट्रंप की प्रशंसा की, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाये जाने वाले भारी 'पारस्परिक' टैरिफ से बचने की कोशिश की।

ट्रंप और मोदी के रिश्ते को कुछ मीडिया आउटलेट्स में 'भाईचारा' करार दिया गया है - और गुरुवार की बैठक के दौरान यह आत्मीयता जोरदार तरीके से उबलती रही। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे की प्रशंसा की, जबकि सार्वजनिक रूप से चर्चा के अधिक चुभने वाले बिंदुओं को दरकिनार कर दिया। उनमें से मुख्य था ट्रंप द्वारा हाल ही में घोषित 'पारस्परिक टैरिफ' का सवाल, जिसमें उन्होंने अमेरिकी वस्तुओं पर विदेशी आयात करों का जवाब प्रत्येक देश द्वारा लगाये जाने वाले दरों के बराबर देने का प्रस्ताव रखा है।

दोनों दक्षिणपंथी नेताओं, मोदी और ट्रम्प, पर अपने देशों में लोकतांत्रिक पतन के आरोप लगे हैं। दोनों नेताओं ने हाल ही में अपने-अपने देशों में फिर से चुनाव भी जीता है: मोदी ने पिछले साल जून में और ट्रम्प ने पिछले नवंबर में। गुरुवार को उनके अधिकांश सार्वजनिक प्रदर्शन एक-दूसरे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए समर्पित थे, जिसमें ट्रम्प ने मोदी की 'महान नेता' के रूप में सराहना की और मोदी ने ट्रम्प को 'मित्र' कहा।

गुरुवार को मोदी अपने खुद के प्रस्तावों के साथ पहुंचे, जो ट्रम्प द्वारा भारत के खिलाफ उठाये जाने वाले किसी भी आर्थिक कदम से निपटने के लिए तैयार किये गये थे। दोनों नेता अपनी बंद कमरे की बैठक से अंतरिक्ष यात्रा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऊर्जा उत्पादन पर साझेदारी सहित अपने देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के समझौते के साथ बाहर आये।

ट्रंप ने कहा, 'प्रधानमंत्री और मैं ऊर्जा पर एक महत्वपूर्ण समझौते पर भी पहुंचे हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका को भारत के लिए तेल और गैस के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में पुनर्स्थापित करेगा। उम्मीद है कि यह उनका नंबर-एक आपूर्तिकर्ता होगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के समान एक अंतरराष्ट्रीय बुनियादी ढांचे का भी जिक्र किया, जो दुनिया भर के सहयोगियों को जोड़ेगा। ट्रंप ने बताया, 'हम इतिहास के सबसे महान व्यापार मार्गों में से एक के निर्माण में मदद करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। यह भारत से इजरायल, इटली और आगे संयुक्त राज्य अमेरिका तक जायेगा, जो हमारे भागीदारों को बंदरगाहों, रेलवे और अंडरसीकेबल्स से जोड़ेगा।'

ट्रम्प ने अपनी ओर से कहा कि अमेरिका भारत को 'कई अरबों डॉलर' की सैन्य बिक्री बढ़ायेगा।'

दोनों नेताओं ने अपने नागरिकों को अधिक समृद्ध, राष्ट्रों को अधिक मजबूत, अर्थव्यवस्थाओं को अधिक नवीन और आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक लचीला बनाने के लिए व्यापार और निवेश का विस्तार करने का संकल्प लिया। उन्होंने निष्पक्षता, राष्ट्रीय सुरक्षा और रोजगार सृजन सुनिश्चित करने वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों को गहरा करने का संकल्प लिया। इस उद्देश्य से, नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए एक साहसिक नया लक्ष्य निर्धारित किया- 'मिशन 500' - जिसका लक्ष्य 2030 तक कुल द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक करके 500 अरब डॉलर करना है।

> इस संदर्भ में, अमेरिकी पक्ष ने भारत को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए अपने दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। कुल मिलाकर परिणाम यह है कि ट्रम्प को वह मिल गया जो वह चाहते थे - भारत को रक्षा उपकरण और तेल और ऊर्जा उत्पादों के अमेरिकी निर्यात में एक बड़ा हिस्सा, जिससे उन क्षेत्रों में भारत को रूस का निर्यात कम हो जायेगा।

दोनों नेताओं ने बेहतर वैश्विक ऊर्जा मूल्य सुनिश्चित करने और अपने नागरिकों के लिए सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करने के लिए हाइड्रोकार्बन के उत्पादन को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। नेताओं ने संकट के दौरान आर्थिक स्थिरता को बनाये रखने के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के महत्व को भी रेखांकित किया और रणनीतिक तेल भंडार व्यवस्था का विस्तार करने के लिए प्रमुख भागीदारों के साथ काम करने का संकल्प लिया।

इस संदर्भ में, अमेरिकी पक्ष ने भारत को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए अपने दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। कुल मिलाकर परिणाम यह है कि ट्रम्प को वह मिल गया जो वह चाहते थे - भारत को रक्षा उपकरण और तेल और ऊर्जा उत्पादों के अमेरिकी निर्यात में एक बड़ा हिस्सा, जिससे उन क्षेत्रों में भारत को रूस का निर्यात कम हो जायेगा। जहां तक एच-1बी वीजा पर भारत के दबाव वाले मुद्दों का सवाल है, ऐसा लगता है कि भारतीय प्रधानमंत्री को कोई रियायत नहीं मिली। अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों के संबंध में, नरेंद्र मोदी उन्हें वापस लेने के लिए सहमत हुए। कोई राहत नहीं मिली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए यह एकतरफा रास्ता था, और स्वाभाविक रूप से उन्होंने द्विपक्षीय वार्ता और संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री की जमकर प्रशंसा की।



# ललित सुरजन की कलम से

## भाषण और आंकड़ों से परे

*अभी मैंने कहीं पढ़ा कि बाल्टिक देश एस्तोनिया की सरकार ने सार्वजनिक यातायात को निःशुल्क याने एकदम फ्री कर दिया है। सोवियत संघ में सार्वजनिक यातायात का भाड़ा बहुत कम होता था, परन्तु यह देश एक कदम आगे निकल गया। जब सिटी बस में नागरिक बिना पैसे दिए सफर कर सकेगा तो उसे गैरेज से कार निकालने की जरूरत भला क्यों पड़ेगी? पैसा भी बचा, पार्किंग के लिए स्थान तलाशने की तवालत बची और पर्यावरण की रक्षा तो इससे होना ही है। अगर अरविंद केजरीवाल इसे लागू कर सकें तो यह एक साहसिक और शायद सफल प्रयोग सिद्ध हो सकता है। लगभग बीस साल पहले चन्द्राबाबू नायडू ने बसों को शहर के बजाय रात को गांव में रोकने का निर्णय लिया था जिससे दूध और सब्जी वाले सुबह के समय पास के शहर तक निःशुल्क आ सकते थे। यह उत्पादकों के लिए भी अच्छा फैसला था और उपभोक्ताओं के लिए भी। आगे यह प्रयोग जारी रहा या नहीं इसकी जानकारी नहीं है।*

**देशबंधु में 05 जुलाई 2018 को प्रकाशित**

https://lalitsurjan.blogspot.com/w®v}/®|/blog-post.html

## गुरवाणी विचार

### मानव जनम दुर्लभ है होत न बारम्बार

भगत कबीर एक ओंकार सतगुरु प्रसादि
बहु प्रपंच कर पर धन लिआवै, सुतदारा पर आन लुटावै।
मन मेरे भूले कपट न कीजै, अंत निबेरा तेरे जीऔपै लीजै।
छिन छिन तन छीजै जरा जनावै तब तेरी ओक कोई प्रानियो।
कहत कबीर कोई नहीं तेरा, हिरदे राम की न जपहि पावै सुबैरा।।

इन शब्दों द्वारा भगत कबीर दास जी को समझा रहे हैं कि हम कई किस्म की हेरा फेरी कर, मार काट कर,छल कपट कर, झूठ बोल बोलकर, ऐन केन प्रकारेण धन इकट्ठा करते हैं फिर भी हमारी तृष्णा कभी भी खत्म नहीं होतीं। गुरवाणी में भी कहा गया है-

सहस खटे लख को उठि धावै त्रिण पावै। इस तरह से इकट्ठी की गई माया को अपने कुटुंब परिवार के लालन-पालन में खर्च करते रहते हैं। यह सोच कर कि बाद में जब हम असक्त हो जाएंगे तब परिवार वाले हमारे बुढ़ापे का सहारा बन कर हमारी सेवा जतन करेंगे परंतु हम यह भूल जाते हैं कि इस तरह झूठ, बेईमानी से कमाया हुआ धन का, पापों को कमाई का लेखा-जोखा धर्मराज के सामने देना होगा। वहां कोई रिश्तेदार, कुटुंब, औलाद, पत्नी जिनका हम लालन पालन करते रहते हैं उसमें हिस्सेदारी नहीं होगी। उसका प्रतिफल हमें स्वयं चुकाना पड़ेगा। इस बात को याद रखना पड़ेगा कि हमारे द्वारा किये जा रहे कर्मों का क्षण प्रतिक्षण का हिसाब धर्मराज की कचहरी में नोट हो रहा है। इस पाप-पुण्य के खाते में कोई हमारा साथ नहीं देने वाला। इसलिए हमें हमेशा यही कोशिश करते रहना चाहिए कि नेक कमाई कर रूखी-सूखी खाकर अपना अपने परिवार का उदर पोषण करें और दूसरों के महल अटारियों, उनके छप्पन प्रकार के भोजन देखकर जी न ललचाएं-

कबीरा रूखी सूखी खाए के ठंडा पानी पी।
न वेख पराई चुपड़ी न तरसाई जी।।

हाथ -पांव से कार्य करते हुए भी मन से प्रभु परमात्मा का सिमरन भक्ति करते रहना चाहिए। यह सोचना गलत है कि अभी तो समय है बुढ़ापे में भजन कीर्तन पूजा पाठ कर लेंगे। हम यह भूल जाते हैं कि प्रभु की खेती है हमें जब चाहे फसल पकाकर काट ले चाहे कच्चा ही काट ले अर्थात बुढ़ापे में ऐसा भी हो सकता है हाथ पांव जवाब दे जाये हमारी नजर कमजोर हो जाए। कान से सुनाई देना बंद हो जाए तब खाक प्रभु का नाम ले पाएंगे।

नैनो नीर बहे तन खीना, भये केस दुधवानी।
रूंधा कंठ सबद नहीं उचारे, अब किया करे परानी।।

ऐसी भी स्थिति आ सकती है कि हम बहुत ही बीमार हो जाएं तब यही बाल बच्चे जिनके लिए हमने धन इकट्ठा किया है मुंह में पानी डालना भी पसंद न करें। हमारी पत्नी भी पास नहीं फटकेगी, देखभाल के लिए किसी नौकर के भरोसे कर देगी इसलिए राम कबीर दास जी कह गए हैं समय रहते हमें सचेत हो जाना चाहिए-

काल करे सो आज कर आज करे सो अब।
पल में परलय होएगी बहुड़ि करेगा कब।।

इसलिए समय रहते प्रभु सिमरन भक्ति करते रहना चाहिए। जो प्रभु के शरण में आता है प्रभु उसे गले से लगाते हैं-

जो शरण आवे तिस कंठ लगावै।
ऐह विरद स्वामी छंदा।

यहां तक कि क्रोधी, घमंडी नास्तिक नीच तक को अपने रंग में रंगकर स्वच्छ निर्मल और पवित्र बना देता है। यही कारण है कि गणिका वेश्या अपने तोते को राम राम पढ़ाते-पढ़ाते तर गई। अजामल जैसे पापी ने अपने पुत्र का नाम नारायण रखा था और अंत समय अपने पुत्र को नारायण-नारायण पुकारते हुए परम गति को प्राप्त हुआ।

ओट आसरा लेकर भक्त नामदेव, कबीर त्रिलोचना।
सधना, सैन, सब पार उतर गये।। नाम देव कबीर, त्रिलोचन, साधना सैन तरे। अगर हमने मानव जीवन पाकर भी प्रभु की सिमरन नहीं किया तो फिर हमें बहुत पछताना पड़ेगा। क्योंकि हमें पता नहीं है कि फिर हमेमं मानव जीवन मिलेगा कि नहीं। इसलिए कहा गयाहै कि-

मानव जनम दुर्लभ है होत न बारम्बार।
जिओं फल पाके भुएं गिरे फिर बाहुड़ न लागत डार।।

**- इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### आम आदमी की जीवन भर की पूंजी अकारण खत्म न हो

भारत के रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के द्वारा महाराष्ट्र के न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक को 6 महीने तक किसी भी लेनदेन की अनुमति नहीं देने से क्षेत्र की जनता में भारी असंतोष देखने को मिला है। दरअसल यह मामला बैंक के कामकाज के संबंध में है जहां पर रिजर्व बैंक के द्वारा जांच शुरू कर दी है ताकि बैंक का पैसा सुरक्षित रहे। बैंक के महाप्रबंधक को गिरफ्तार किया है और करीब 122 करोड़ का घोटाला पाया गया। खाता धारकों को केवल लॉकर ऑपरेट करने की अनुमति दी गई है जिसके कारण सैकड़ों की संख्या में लोगों की कतार देखी जा सकती है. रिजर्व बैंक के आदेश के बाद आम आदमी का पैसा डूबता नजर आ रहा है और लोगों की सैलरी तक बैंक में जमा होने से रोजमर्रा की जिंदगी पर भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी के हजारों करोड़ रुपये फंसे होने के कारण खाता धारक कहां पर शिकायत करें? इस घटनाक्रम पर जरूर देश के वित्त मंत्री को संज्ञान लेना चाहिए और आम आदमी के पैसे को सुरक्षित रखते हुए राहत देनी चाहिए. यहां यह भी जानना बेहद महत्वपूर्ण है कि इस तरह बैंक की दिवालिया होने पर यदि खाता धारक के 50 लाख रुपए बैंक में पड़े हैं तो उनको केवल 5 लाख रुपए की राहत दी जाएगी। ऐसी स्थिति में आम आदमी की जीवन भर की पूंजी यदि अकारण खत्म होती है तो यह बहुत कष्टप्रद है। इस पर जरूर केंद्र सरकार और आरबीआई को सोचना चाहिए।

**वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**

# देश विदेश

## ब्राजील जुलाई में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की करेगा मेजबानी

**साओ पाउलो**, 16 फरवरी (एजेंसियां)। ब्राजील 6 और 7 जुलाई को रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री मौरो विएरा ने शनिवार को यह जानकारी दी। ब्राजील ने एक जनवरी को ब्रिक्स की आवर्ती अध्यक्षता संभाली और शिखर सम्मेलन के लिए एजेंडा और विषयों को तैयार करने के लिए कार्य समूहों का नेतृत्व कर रहा है, जो कई देशों और सरकार के प्रमुखों को एक साथ लाएगा। विएरा ने शनिवार को रियो डी जनेरियो के मेयर एडुआर्डो पेस से मुलाकात के बाद यह घोषणा की। यह निर्णय शहर द्वारा पिछले नवंबर में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के बाद लिया गया है।

# 900 किलो वजनी अमेरिकी बमों की खेप पहुंची इजरायल

**तेल अवीव**, 16 फरवरी, (एजेंसियां)। संयुक्त राज्य अमेरिका से भारी बमों की खेप, इजरायल पहुंच गई है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बाइडेन प्रशासन ने इस खेप को रोक दिया था।

इजरायली मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एमके-84 2,000-पाउंड के बमों से लदा एक जहाज शनिवार रात को अशदोद बंदरगाह पहुंचा। जहाज के बंदरगाह पहुंचने के बाद बमों को दर्जनों ट्रकों में लादकर इजरायली एयरबेस ले जाया गया। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बमों के आगमन की सराहना करते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन की ओर से जारी की गई गोला-बारूद की खेप शनिवार रात इजरायल में पहुंची। यह वायु सेना और इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। यह इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मजबूत गठबंधन का एक और सबूत है।

मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2023 में युद्ध की शुरुआत के बाद से, 678 परिवहन विमानों और 129 जहाजों के माध्यम से 76,000 टन से अधिक सैन्य उपकरण इजरायल पहुंचे हैं, जिनमें से अधिकांश अमेरिका से आए हैं।



■ बाइडेन ने लगाई थी सप्लाई पर रोक जिसे ट्रंप ने हटाया

■ अमेरिका का छठा सबसे भारी बम है एमके-84

एमके-84 (मार्क-84) या बीएलयू-117, 2,000 पाउंड (900 किलोग्राम) का अमेरिकी एयरक्राफ्ट बम है। यह मार्क 80 सीरीज के हथियारों में सबसे बड़ा है। वियतनाम युद्ध के दौरान सेवा में आने के बाद, से इसका इस्तेमाल अमेरिका ने आमतौर पर किया है। यह फिलहाल अमेरिका का छठा सबसे भारी बम है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 25 जनवरी को कहा था कि उन्होंने अमेरिकी सेना को निर्देश दिया है कि वह पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा इजरायल को 2,000 पाउंड के बमों की आपूर्ति पर लगाई गई रोक को हटा दें।

ट्रंप ने कहा था कि हमने उन्हें (बम) आज रिहा कर दिया। और वे उन्हें अपने पास रखेंगे। उन्होंने उनके लिए भुगतान किया और वे लंबे समय से उनका इंतजार कर रहे थे।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इन बमों की डिलीवरी पर रोक लगा दी थी क्योंकि उन्हें चिंता थी कि ये फिलिस्तीनी एन्क्लेव में इजरायल के युद्ध के दौरान नागरिक आबादी, विशेष रूप से गाजा के राफा में, इस्तेमाल हो सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बाइडेन प्रशासन ने 7 अक्टूबर, 2023 इजरायल पर हमास हमले के बाद इजरायल को हजारों 2,000 पाउंड के बम भेजे थे, लेकिन एक शिपमेंट पर रोक लगा दी थी।

## ट्रंप का रवैया बना यूरोपीय नेताओं के लिए बड़ी 'टेंशन'



■ यूक्रेन पर बुलाया आपातकालीन सम्मेलन

**पेरिस**। यूरोपीय नेता यूक्रेन में युद्ध पर आपातकालीन शिखर सम्मेलन के पेरिस में इकट्ठा होने वाले हैं। अमेरिका रूस के साथ शांति वार्ता पर आगे बढ़ रहा है जिससे यूरोपीय देश खासे परेशान हैं। यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब यूरोप और अमेरिका यूक्रेन के मुद्दे पर दूर जा रहे हैं जबकि वाशिंगटन लगातार मॉस्को के साथ संपर्क स्थापित कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर भी इसमें हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक पीढ़ी में एक बार आने वाला क्षण है और यह स्पष्ट है कि यूरोप को नाटो में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। कारमर यूक्रेन मुद्दे पर अमेरिका और यूरोप को करीब लाने की कोशिश में है। वह इस महीने के अंत में अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। यूक्रेन के लिए डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत ने हाल ही में कहा था कि यूरोपीय नेताओं से परामर्श किया जाएगा, लेकिन वे युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका और रूस के बीच किसी भी वार्ता में शामिल नहीं होंगे यूक्रेन और यूरोपीय सहयोगियों में चिंता बढ़ाने वाली टिप्पणी में, विशेष दूत कीथ केलॉग ने कहा कि पिछली वार्ता नाकाम हो गई थी क्योंकि इसमें बहुत से पक्ष शामिल थे। उन्होंने शनिवार को कहा कि यह ब्लैकबोर्ड पर चाक की तरह हो सकता है, यह थोड़ा सा कष्टदायक हो सकता है।

## अमेरिका के समर्थन से हम अपना काम पूरा कर सकते हैं : नेतन्याहू



**यरूशलम**। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल और अमेरिका दोनों ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं और मध्य पूर्व में उसकी आक्रामकता को नाकाम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रविवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ बैठक के बाद उन्होंने यह बात कही। यरूशलम में रुबियो के साथ बैठक के बाद बोलते हुए नेतन्याहू ने बताया कि उन्होंने कई मुद्दों पर बहुत ही उपयोगी चर्चा की, जिनमें ईरान से अधिक महत्वपूर्ण कोई मुद्दा नहीं था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली पीएम ने कहा कि ईरान के खतरे का मुकाबला करने के लिए इजरायल और अमेरिका कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

## सुडोकू 6828


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | | 8 | | | | 7 | 3 | |
| 1 | | | 7 | 8 | | | 4 | |
| | | | 3 | | 6 | | 5 | |
| 3 | | | | 7 | | | | 9 |
| | 1 | | 9 | | 2 | | | |
| | 9 | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | | |
| 2 | | | | | | 5 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6828



**बायें से दायें:-**

१. वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए, सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद,
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. दौलत एकत्र करना, धन संग्रह
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि दिया जाता है
१२. धीमा, मंद
१३. होंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि, अपहरण
१५. अक्सर (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत
१९. मजबूर
२०. गाय-भैंस का स्तन
२३. शराब

### वर्ग पहेली-6827



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 17 फरवरी, 2025 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे। व्यावसायिक योजनाएं बना सकेंगे। परोपकार के उद्देश्य से किए गए काम से आपका मन खुश रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा।

वृषभ - परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी। उससे लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन - महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। अत्यधिक विचारों में डूबे रहने के कारण तनाव महसूस कर सकते हैं।

कर्क - आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है। दोस्तों के साथ संबंध अच्छा रहेगा।

सिंह - परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

कन्या - अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला - आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगी।

वृश्चिक - घर-परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे। विवाहोत्सुक जातकों के विवाह होने की संभावना है।

धनु - काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

मकर - आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी। संतान संबंधी चिंता आपको हो सकती है।

कुंभ - आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दुःख की भावना हो सकती है। स्वास्थ्य खराब रह सकता है। दुर्घटना न हो इसका ध्यान रखें।

मीन - भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। विजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनुभव होगा। मित्रों और स्नेहीजनों से भी मुलाकात हो सकती है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1370 – रुडाउ की लड़ाई में जर्मनी ने लिथुआनिया को हराया।
1670 – शिवाजी ने मुग़लों के कब्ज़े वाले सिंहगढ़ क़िले को जीता।
1698 – औरंगज़ेब ने जिंजी के क़िले पर कब्ज़ा कर लिया।
1813 – प्रसिया ने फ़्रांस के ख़िलाफ़ जंग का ऐलान किया।
1852 – फ़्रांस में प्रेस सेंसर सहित अनेक दमनात्मक क़दम उठाए गये।
1864 – अमेरिकी गृहयुद्ध के दौरान एच.एल. हनली नामक पनडुब्बी ने पहली बार एक युद्धपोत को नेस्तनाबूत किया।
1867 – स्वेज़ नहर से पहला जहाज़ गुज़रा।
1878 – सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया।
1882 – सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहला टेस्ट मैच खेला गया।
1883 – ब्रिटिश साम्राज्य के ख़िलाफ़ हथियारबंद संघर्ष की शुरुआत करने वाले क्रान्तिकारी वासुदेव बलवंत का निधन।
1909 – अमेरिकी साम्राज्य के ख़िलाफ़ संघर्ष छेड़ने वाले अश्वेत अपाचे योद्धा जेरेनिमो का निधन।
1915 – गांधी जी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया।

## रूस ने रातभर दागे ड्रोन, बुनियादी ढांचे को पहुंचा नुकसान : यूक्रेन

**कीव**, 16 फरवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन ने रविवार को दावा किया कि रूस ने रातभर करीब 143 ड्रोन दागे जिनमें 95 को मार गिराया गया। जबकि 46 संभवतः इलेक्ट्रॉनिक जवाबी कार्रवाई के कारण अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि हमलों में कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया और दक्षिणी शहर मायकोलाइव में एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की इमारत में आग लग गई। इसके साथ ही कीव क्षेत्र में घरों को नुकसान पहुंचा।

मायकोलाइव क्षेत्र के गवर्नर विटाली किम ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर बताया कि शहर में लगी आग को जल्द बुझा दिया गया। यह स्पष्ट नहीं है कि किस बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। ड्रोन के मलबे के गिरने से पांच अपार्टमेंट इमारतें, कई दुकानें और कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गए। यूक्रेन की स्टेट इमरजेंसी सर्विस ने टेलीग्राम पर बताया कि कीव राजधानी क्षेत्र में ड्रोन हमले में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ।

## अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रियों की बैठक संपन्न

**म्यूनिख**, 16 फरवरी (एजेंसियां)। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2025 के दौरान अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया ने हिंद-प्रशांत और उत्तर कोरिया में सुरक्षा परिदृश्य पर चर्चा की।

अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापानी विदेश मंत्री इवाया ताकेशी और दक्षिण कोरिया विदेश मंत्री चो ताए-युल ने मुलाकात की। उन्होंने तीनों देशों, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इसके साथ ही डीपीआरके के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों और दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उनका मिलकर संबोधित करने की जरूरत पर जोर दिया। तीनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों (यूएनएससीआर) के अनुसार डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। डीपीआरके उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम है। दक्षिण चीन सागर सहित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के जलक्षेत्र में बल या दबाव के द्वारा यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का विरोध करते हुए, उन्होंने एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने और अंतरराष्ट्रीय कानून को सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।



■ हिंद-प्रशांत सुरक्षा और उत्तर कोरियाई चुनौती पर की चर्चा

## प्रथम पृष्ठ का शेष ..

### भगदड़ में मरने वालों की ...

जम्मू जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म 15 पर खड़ी थी।' उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब फुट ओवरब्रिज से प्लेटफॉर्म की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर कुछ यात्री फिसल गए और उनके पीछे चल रहे यात्री भगदड़ में फंस गए। प्रयागराज में महाकुंभ के लिए विशेष ट्रेनों में सवार होने के लिए स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के कारण यह स्थिति पैदा हुई।

**स्टेशन पर मरने वालों में से आधे बिहार से**-नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात दर्दनाक हादसा हुआ। स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ने से भगदड़ मच गई। मरने वाले 18 में से 10 लोग बिहार से ही हैं। इनमें समस्तीपुर तीन, नवादा के दो, पटना, वैशाली, बक्सर और सारण के एक-एक लोग शामिल हैं। वहीं एक महिला भी बिहार की मूल निवासी हैं। लेकिन, वह दिल्ली में ही रहती थीं।

**अस्पताल में बेड पर लगा लाशों का ढेर**-नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की तस्वीरें और वीडियो को देखकर लोगों का दिल पसीज रहा है। अस्पताल से अपने परिजन का शव देखकर लौटीं एक महिला ने जो कुछ भी मीडिया के सामने बयां किया है, वह काफी डराने वाला है। महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में बिहार की रहने वाली शोभा बता रही हैं कि अस्पताल में बेड घायलों से भरा हुआ है। एक बेड पर चार-चार शव रखे हुए हैं। महिला ने बताया कि उसकी देवरानी की भी इस हादसे में मौत हो गई है। अस्पताल में अनगिनत डेड बॉडी हैं। वहीं घायलों की संख्या करीब 50-60 है। उन्होंने बताया, शवों को देखने की हिम्मत नहीं हो रही है। हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत का आंकड़ा सामने आया है।

### भगदड़ के लिए अश्विनी वैष्णव ...

श्रद्धालुओं के इस नरसंहार का जिम्मेदार कौन है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को मची भगदड़ पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुखिया लालू प्रसाद यादव ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने हादसे को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। लालू यादव ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह घटना दुखद है और रेलवे की लापरवाही के कारण ही इस प्रकार का हादसा हुआ है।

**सच छिपाने की कोशिश शर्मनाक: खरगे**- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से हुई कई लोगों की मौत के मामले में सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार सच छिपाने की कोशिश कर रही है, जो बेहद शर्मनाक और निंदनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से कई लोगों की मौत होने की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। स्टेशन से आ रहे वीडियो बेहद हृदयविदारक हैं। उन्होंने मांग की है कि सरकार मामले में जल्द से जल्द मृतकों और घायलों का आंकड़ा जारी करे। इसके अलावा, गुमशुदा लोगों की पहचान भी सुनिश्चित करें।

### ट्रक-ट्रेलर की भिड़ंत...

आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। पुलिस ने ट्रक चालक और खलासी से पूछताछ की और घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

सड़क सुरक्षा पर उठे सवाल-इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रक और ट्रेलर जैसे भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नियमों और सतर्कता की जरूरत है। प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि इस घटना से सबक लेते हुए हाईवे पर सुरक्षा के और कड़े उपाय किए जाएंगे।

**कार्यक्रम** एस जयशंकर ने '8वें हिंद महासागर सम्मेलन' का किया उद्घाटन, बोले

# हिंद महासागर क्षेत्र के विकास के लिए साथ आना जरूरी

**मस्कट**, 16 फरवरी, (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को मस्कट में '8वें हिंद महासागर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए हिंद महासागर को वैश्विक जीवन रेखा बताया। उन्होंने कहा कि इसका उत्पादन, उपभोग, योगदान और कनेक्टिविटी आज दुनिया को चलाने के तरीके का केंद्र है। विदेश मंत्री ने कहा कि नए क्षितिज की ओर हमारी यात्रा हिंद महासागर के समन्वित बेड़े के रूप में सबसे अच्छी तरह से की जा सकती है।

हम इतिहास, भूगोल, विकास, राजनीति या संस्कृति के संदर्भ में एक विविध समूह हैं। लेकिन जो चीज हमें एकजुट करती है, वह है हिंद महासागर क्षेत्र की भलाई के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता।

जयशंकर ने कहा कि अस्थिर और अनिश्चित युग में, हम आधार रेखा के रूप में स्थिरता और सुरक्षा चाहते हैं। लेकिन उससे परे, महत्वाकांक्षाएं और आकांक्षाएं हैं जिन्हें हम प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। जब हम एक-दूसरे का ध्यान रखेंगे, अपनी ताकत को बढ़ाएंगे और अपनी नीतियों का समन्वय करेंगे तो उन्हें प्राप्त करना आसान होगा। मैं आप सभी को आश्वस्त कर सकता हूं कि भारत इन प्रयासों में सबसे आगे रहेगा। इससे पहले जयशंकर ने ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी से मुलाकात की।

विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि आज सुबह ओमान के विदेश मंत्री बदर बिन हमद अल बुसैदी से मिलकर बहुत खुशी हुई। 8वें हिंद महासागर सम्मेलन की सफलतापूर्वक मेजबानी करने में उनके व्यक्तिगत प्रयासों की सराहना करता हूं। व्यापार, निवेश और ऊर्जा सुरक्षा में हमारे सहयोग पर व्यापक चर्चा हुई।



■ अस्थिर व अनिश्चित युग में, हम आधार रेखा के रूप में स्थिरता और सुरक्षा चाहते हैं : एस. जयशंकर

## एस जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री से मुलाकात की



**म्यूनिख**। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2025 के मौके पर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों और पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2025 के मौके पर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार से मिलकर बहुत अच्छा लगा। पश्चिम एशिया/मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की मजबूती और महत्व को रेखांकित किया।

## दुनिया को जानें

### हृदय की मांसपेशियों में भी मौजूद होते हैं मीठे स्वाद के रिसेप्टर्स : अध्ययन

**न्यूयॉर्क**, 16 फरवरी (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने पाया है कि हमारे हृदय में भी मीठे स्वाद के रिसेप्टर (स्वाद ग्रहण करने वाली संरचनाएं) होते हैं, जैसे हमारी जीभ पर होते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि जब इन रिसेप्टर्स को मीठे पदार्थों से सक्रिय किया जाता है, तो हृदय की धड़कन प्रभावित हो सकती है। इस खोज से हृदय के कार्य करने के तरीके को बेहतर समझने और हृदय की बीमारियों के नए इलाज विकसित करने की संभावनाएं खुल सकती हैं।

नए अध्ययन में पाया गया कि ये रिसेप्टर सिर्फ हृदय की मांसपेशियों में मौजूद ही नहीं होते, बल्कि सक्रिय भी होते हैं। जब वैज्ञानिकों ने इंसान और चूहे की हृदय कोशिकाओं में कृत्रिम मिठास देने वाले पदार्थ एस्पार्टेम से इन रिसेप्टर्स को उत्तेजित किया, तो हृदय की मांसपेशियों के संकुचन की शक्ति बढ़ गई और कैल्शियम को नियंत्रित करने की प्रक्रिया तेज हो गई। ये दोनों ही बातें एक स्वस्थ हृदय के लिए बहुत जरूरी होती हैं। अब तक स्वाद रिसेप्टर्स को जीभ से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन हाल के शोधों में पाया गया है कि ये शरीर के अन्य हिस्सों में भी मौजूद होते हैं और वहां अलग-अलग कार्य करते हैं।

# खेल जगत

## 'माझी मुंबई' टीम की जीत पर अक्षय ने दी सचिन और अमिताभ को बधाई

**मुंबई।** । अभिनेता अक्षय कुमार ने इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) की विजेता टीम 'माझी मुंबई' के साथ ही अमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकर को बधाई दी। उन्होंने 'श्रीनगर के वीर' टीम की मेहनत को भी सराहा। कहा कि 'मुझे अपनी टीम पर गर्व' है। 'माझी मुंबई' टीम के समर्थक सचिन तेंदुलकर और अमिताभ बच्चन को बधाई देते हुए अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, कैच से मैच जीते जाते हैं- मास्टर ब्लास्टर की मास्टरक्लास! सचिन, मिस्टर बच्चन और पूरी माझी मुंबई टीम को जीत की बधाई। अक्षय ने माझी मुंबई टीम को बधाई देते हुए खेल में मिली हार को लेकर अपनी टीम 'श्रीनगर के वीर' का भी हौसला बढ़ाया। लिखा, मेरे श्रीनगर के वीरों, हमने जो संघर्ष किया, उस पर हमें बहुत गर्व है- हमारा दिन आएगा।



### 23 फरवरी को होगा दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत-पाक का मुकाबला

## भारतीय टीम पाकिस्तान से बेहतर : हरभजन

**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने दावा किया है कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम का चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबला एकतरफा होने वाला है, जिसमें मैन इन ब्लूज अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पर बढ़त बनाए हुए हैं।

■ भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को बहुत ज़्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है : हरभजन

दोनों टीमें 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। ब्लॉकबस्टर मुकाबले से पहले, हरभजन ने इस मुकाबले को 'ओवरहाइप' करार दिया, क्योंकि हाल ही में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ संपन्न त्रिकोणीय सीरीज में पाकिस्तान का प्रदर्शन खराब रहा।

पाकिस्तान न्यूजीलैंड से दो बार हारा-पहले लीग चरण में और फिर उसके घर में फाइनल में, क्योंकि मैच लाहौर और कराची में खेले गए थे- चैंपियंस ट्रॉफी के तीन स्थानों में से दो। पाकिस्तान की एकमात्र जीत इस सप्ताह की शुरुआत में कराची में 353 रनों का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आई थी।

हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को बहुत ज़्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है, क्योंकि इसमें कुछ भी नहीं है। भारत एक बहुत ही मज़बूत टीम है, जबकि पाकिस्तान हाल ही में अपने घर में न्यूज़ीलैंड से हार गया था। पाकिस्तान की टीम बहुत ही असंगत है और अगर आप दोनों टीमों के खिलाड़ियों के आंकड़े देखें, तो आपको एक स्पष्ट तस्वीर मिल जाएगी। इस अनुभवी क्रिकेटर ने त्रिकोणीय श्रृंखला में पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज़ बाबर आज़म के संघर्ष पर प्रकाश डाला और मोहम्मद रिज़वान की अगुआई वाली टीम को 'अनुभवहीन' बताया।




पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि मुझे लगता है कि आंकड़े उन मैचों से बनते हैं जो पहले खेले जा चुके हैं और कोई भी भविष्य की भविष्यवाणी नहीं कर सकता। लेकिन एक भविष्यवाणी के तौर पर, मुझे लगता है कि दोनों टीमों में बहुत अंतर है। भारतीय टीम परिपक्व दिख रही है, जबकि पाकिस्तान एक अनुभवहीन टीम की तरह दिख रही है। उनके पास केवल बाबर आज़म और मोहम्मद रिज़वान हैं और गेंदबाजी में भी वे फॉर्म में नहीं हैं।

हरभजन ने कहा कि उनके मुख्य बल्लेबाज बाबर का भारत के खिलाफ औसत 31 है, जबकि रिजवान का भारत के खिलाफ औसत 25 है। फखर जमान, जो उनकी टीम में एकमात्र ओपनर हैं, का भारत के खिलाफ औसत 46 है, जो अच्छा है। उनमें खेल को आपसे दूर ले जाने की क्षमता है और वह उनकी टीम में एक उचित बल्लेबाज हैं। उन्होंने आगे कहा कि फहीम अशरफ (12.5) और सऊद शकील (8) का भारत के खिलाफ खराब औसत है। इसके विपरीत, हरभजन ने कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, अक्षर पटेल और केएल राहुल के वनडे में हालिया फॉर्म का जिक्र किया कि जबकि भारत बहुत मजबूत टीम है क्योंकि रोहित, गिल और अक्षर पटेल फॉर्म में हैं। कोहली ने भी (इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में) अर्द्धशतक बनाया, लेकिन वह अपने शीर्ष फॉर्म में नहीं हैं। मुझे लगता है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में रन बनाएंगे। केएल राहुल भी अच्छी फॉर्म में हैं। गेंदबाजी में भी वे अच्छी फॉर्म में हैं। 19 फरवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच से पहले, हरभजन का मानना है कि पाकिस्तान को ब्लैककैप्स के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ेगा, जैसा कि हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला में उन्हें करना पड़ा था। 44 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि न्यूजीलैंड टूर्नामेंट के पहले मैच में फिर से पाकिस्तान को हराएगा। उन्हें समझ आ गया है कि पाकिस्तान से कैसे निपटना है। मुझे लगता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच एकतरफा होगा, क्योंकि भारत पाकिस्तान से बहुत आगे है।

> कोहली ने भी इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में अर्द्धशतक बनाया, लेकिन वह अपने शीर्ष फॉर्म में नहीं हैं। मुझे लगता है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में रन बनाएंगे:
> हरभजन सिंह

## बुमराह के न होने के बावजूद बल्लेबाजी के मामले में भारत खिताब के लिए प्रबल दावेदार

**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। मौजूदा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप विजेता भारत ने इंग्लैंड पर 3-0 से सीरीज जीत के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में प्रवेश किया। बल्लेबाजों ने अपनी शानदार पारियों से प्रभावित किया, जबकि गेंदबाजों ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दुबई में अपने सभी मैचों के साथ, भारत चैंपियंस ट्रॉफी की ओर बढ़ने के लिए अपनी मौजूदा अच्छी लय को जारी रखने के लिए उत्सुक होगा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम 2017 के बाद पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी में भाग ले रही है।

**ताकत:** निस्संदेह, भारत की मुख्य ताकत उसके शीर्ष चार शक्तिशाली बल्लेबाज हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने कटक में 119 रन बनाकर पहले दस ओवरों में अपने आक्रामक खेल का परिचय दिया, जबकि शुभमन गिल ने अहमदाबाद में शानदार शतक लगाया। रोहित-गिल की सलामी जोड़ी भारत के लिए सबसे सफल जोड़ी रही है। 2023 में एक साथ आने के बाद से, रोहित और गिल ने 27 पारियों में सलामी जोड़ी के रूप में 72.07 के औसत से 1874 रन बनाए हैं, जिसमें छह 100 से अधिक और 11 पचास से अधिक की साझेदारी शामिल है, जो 50 ओवर के क्रिकेट में भारतीय टीम के लिए बेहद उपयोगी सलामी जोड़ी है। विराट कोहली ने भी अहमदाबाद में अर्द्धशतक लगाया, जिससे भारत की बल्ले से मध्य ओवरों को नियंत्रित करने की क्षमता में और अधिक आत्मविश्वास आया, जबकि श्रेयस अय्यर ने चौथे नंबर पर एक बहुत ही ठोस बल्लेबाज के रूप में कदम रखा। अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा की शानदार बल्लेबाजी और मौजूदा ऑलराउंड फॉर्म के साथ, दुबई में प्रतिस्पर्धी स्कोर दर्ज करने की उनकी चाहत में भारतीय टीम के लिए यह अच्छा संकेत है।



■ भारत चैंपियंस ट्रॉफी की ओर बढ़ने के लिए अपनी मौजूदा अच्छी लय को जारी रखने के लिए उत्सुक होगा

**कमज़ोरी :** जसप्रीत बुमराह के न होने का मतलब है कि भारत के पास खेल को बदलने वाला कोई तेज़ गेंदबाज़ नहीं है जो मैच के किसी भी चरण में खेल को पलट सकता है। उनकी अनुपस्थिति भारत के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वे पांड्या, मोहम्मद शमी, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं। भारत की कमज़ोरी का एक और पहलू केएल राहुल की ताकत को कम करना है। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल पांचवें नंबर पर आसानी से रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। लेकिन हेड कोच गौतम गंभीर की बाएं-दाएं संयोजन को प्राथमिकता देने की वजह से इसका मतलब है कि अक्षर को उस स्लॉट पर बल्लेबाज़ी करनी होगी। इस बीच, राहुल को छठे नंबर पर धकेल दिया गया है, एक ऐसा स्थान जहां उनकी हालिया वापसी कम हुई है।

**मौका:** भारत ने आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में जीती थी, जब एमएस धोनी कप्तान थे। तब से, वे 50 ओवर के आईसीसी इवेंट में दो सेमीफाइनल और इतने ही फाइनल में पहुंच चुके हैं। हालांकि वे 2023 में घरेलू वनडे विश्व कप जीतने और 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने से चूक गए, लेकिन अब उनके पास दुबई में इसकी भरपाई करने का सुनहरा मौका है। चैंपियंस ट्रॉफी जीत रोहित को पिछले साल यूएसए और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप जीतने के बाद एक और आईसीसी ट्रॉफी दिलाएगी, जबकि जीत यह भी सुनिश्चित करेगी कि अब तक के अपने कोचिंग कार्यकाल में उतार-चढ़ाव भरे समय के बाद गंभीर की झोली में एक बड़ा परिणाम आए।

**खतरा:** अक्षर, जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती में पांच स्पिनरों को चुनकर, भारत ने गेंदबाजी संयोजन के मामले में सभी विकल्प खुले रखने का फैसला किया है। यह स्पष्ट है कि वे अपने प्लेइंग इलेवन में तीन स्पिनरों को खिलाने के इरादे से जा रहे हैं, खासकर इस महीने की शुरुआत में दुबई में आईएल टी20 मैचों की मेजबानी करने के बाद। लेकिन अगर उन्हें दुबई में शाम को ओस पड़ने पर कुल स्कोर का बचाव करने के लिए कहा जाता है, तो इसका मतलब होगा कि उनकी स्पिन-उन्मुख रणनीति उल्टी पड़ जाएगी, जो टूर्नामेंट जीतने की उनकी संभावनाओं के लिए एक बड़ा खतरा बन जाएगी

## 25 साल बाद चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेगा न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को लगता है कि मेजबान पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में ट्राई-नेशन सीरीज में ब्लैककैप्स की जीत चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के लिए बड़ी बढ़त होगी। न्यूजीलैंड ने सीरीज में अजेय रहते हुए फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। साउदी ने आईसीसी के साथ एक विशेष बातचीत में कहा कि टीम ने जिस तरह से खेला है, उसमें अलग-अलग खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।यह कुछ अनुभवी खिलाड़ियों और कुछ रोमांचक युवा खिलाड़ियों का एक अच्छा मिश्रण है, जिनमें बहुत संभावनाएं हैं। इस त्रिकोणीय श्रृंखला का अनुभव उन्हें टूर्नामेंट के लिए बेहतर साबित होने जा रहा है। इसलिए, टूर्नामेंट में कुछ गति लेना और उन परिस्थितियों के अभ्यस्त होना, यह केवल एक अच्छी बात होगी। जैसा कि न्यूजीलैंड 2000 के बाद से अपना पहला चैंपियंस ट्रॉफी खिताब हासिल करने की कोशिश कर रहा है, साउदी ने स्वीकार किया कि टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण में खुद और ट्रेंट बोल्ट दोनों की अनुपस्थिति के कारण अनुभव की कमी है। हालांकि, तेज गेंदबाज ने विल ओ 'रुरके और नाथन स्मिथ पर भरोसा जताया और इस महत्वपूर्ण चरण में जिम्मेदारी लेने के लिए उनका समर्थन किया।ट्रेंट और मेरा आईसीसी इवेंट में न होना कुछ अलग है, लेकिन साथ ही, यह रोमांचक भी है। इन इवेंट का हिस्सा बनना शानदार है और अब यह इन खिलाड़ियों के सामने है, मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि वे कैसा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि विल ओ'रुरके, टेस्ट मैच में हमने देखा है कि वह क्या कर सकते हैं वह अभी भी बहुत युवा है, लेकिन उसके पास वे सभी गुण हैं जो उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत सफलता दिलाएंगे। मैं उसे उसके पहले आईसीसी इवेंट में देखने के लिए उत्सुक हूं। नाथन स्मिथ को अपने बारे में बहुत आत्मविश्वास है, और वह खुद पर विश्वास करता है, जो मुझे लगता है कि इस स्तर पर आपको चाहिए। साउदी ने इसके अलावा केन विलियमसन और कप्तान मिशेल सेंटनर को कीवी अभियान का मशालवाहक बनने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि केन अच्छी फॉर्म में है, उसे कुछ स्कोर बनाते हुए देखना अच्छा लगा, वह क्लास है।

■ टीम ने जिस तरह से खेला है, उसमें अलग-अलग खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया : साउदी



## 25 मई को आईपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा ईडन गार्डंस

**कोलकाता,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 का आगाज 22 मार्च को ईडन गार्डंस में गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की भिड़ंत से होगा। कोलकाता में ही 23 मई को दूसरा क्वालिफायर और 25 मई को फाइनल भी खेला जाएगा। इससे पहले 2013 और 2015 में भी यहां फाइनल खेला जा चुका है। 20 और 21 मई को पहला क्वालीफायर और एलिमिनेटर हैदराबाद में खेला जाएगा। आईपीएल के आगाज के ठीक अगले दिन यानी रविवार 23 मार्च को डबल हेडर खेला जाएगा। जहां सनराइज़र्स हैदराबाद (एसआरएच) राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मुंबई इंडियंस (एमआई) की मेज़बानी करेंगी। IPL 2025 में 74 मैच खेले जाएंगे और लीग कुल 65 दिनों तक खेली जाएगी। पूरे सीज़न में 12 डबल हेडर खेले जाएंगे। आरआर , दिल्ली कैपिटल्स (डीसी), लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) दोपहर में तीन-तीन मैच खेलने वाले हैं। अन्य सात टीमें दोपहर में दो-दो मैच खेलेंगी। पिछले साल दोपहर के मैच 3:30 बजे से शुरू हुए थे। शेड्यूल में 13 मैदानों के नाम सामने आए हैं जिसमें सभी 10 टीमों के मुख्य घरेलू मैदानों के अलावा गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और धर्मशाला का नाम भी शामिल है। आरआर के लिए गुवाहाटी, डीसी के लिए विशाखापट्टनम और पंजाब किंग्स के लिए धर्मशाला दूसरा घरेलू मैदान होगा। गुवाहाटी और विशाखापट्टनम में दो-दो मैच होंगे तो वहीं धर्मशाला तीन मैचों की मेज़बानी करेगा। पीबीकेएस आमतौर पर धर्मशाला में हर सीज़न दो मैच ही खेलती आई है, लेकिन इस बार आईपीएल ने इस मैदान पर एक अतिरिक्त मैच शेड्यूल कर दिया है।



## अर्जेंटीना ओपन : सबसे कम उम्र के एटीपी क्ले कोर्ट फाइनलिस्ट बने फोंसेका

**ब्यूनस आयर्स,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। 18 वर्षीय ब्राजीलियाई जोआओ फोंसेका ने सर्बियाई लास्लो जेरे को एक नाटकीय सेमीफाइनल में 7-6(3), 5-7, 6-1 से हराकर अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया, जिससे वह 2021 में कार्लोस अल्काराज़ के बाद क्ले कोर्ट पर सबसे कम उम्र के एटीपी फाइनलिस्ट बन गए। 2001 (ब्यूनस आयर्स) में पूर्व विश्व नंबर 20 अर्जेंटीना के जोस अकासुसो के बाद सबसे कम उम्र के दक्षिण अमेरिकी एटीपी टूर फाइनलिस्ट, फोंसेका पांचवें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ अपना पहला एटीपी टूर खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगे, जिन्होंने एक घंटे और 33 मिनट में स्पैनियार्ड पेड्रो मार्टिनेज को 6-2 6-4 से हराया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, 18 साल 5 महीने और 26 दिन की उम्र में, फोंसेका 2000 के बाद से 10वें सबसे कम उम्र के एटीपी टूर फाइनलिस्ट हैं और ओपन एरा में सबसे कम उम्र के ब्राजीलियाई एटीपी फाइनलिस्ट हैं।



■ फोंसेकाने एक घंटे और 33 मिनट में स्पैनियार्ड पेड्रो मार्टिनेज को 6-2 6-4 से हराया

फोंसेका ने नेक्स्ट जेन एक्सेलेरेटर प्रोग्राम के माध्यम से ब्यूनस आयर्स में प्रवेश प्राप्त किया, जिसे इस वर्ष विस्तारित किया गया था, जिससे शीर्ष 250 में स्थान पाने वाले 20 और उससे कम उम्र के खिलाड़ियों को इस सत्र में एक एटीपी 250 मुख्य ड्रॉ स्पॉट और दो एटीपी 250 क्वालीफाइंग इवेंट के लिए पात्रता प्राप्त हुई। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने 27 फोरहैंड विनर और 11 बैकहैंड विनर लगाए। उन्होंने शुरुआती सेट में छह ब्रेक पॉइंट बनाए, लेकिन उन्हें कन्वर्ट नहीं कर पाए। एटीपी के अनुसार, टाई-ब्रेक में जाने पर, फोंसेका ने अपना धैर्य बनाए रखा और 7-3 से जीत हासिल की। फोंसेका ने कहा कि आज का मैच वाकई मुश्किल था, एक बहुत अच्छे खिलाड़ी के खिलाफ। वह क्वालीफाई से गुज़रा, इसलिए वह कमाल का टेनिस खेल रहा है।

## श्याम लाल कॉलेज और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट में होगी खिताबी भिड़ंत

■ प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड श्याम लाल कॉलेज के नवीन बिधूड़ी को मिला

**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। श्याम लाल कॉलेज और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस के बीच 11वें पदमश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। महिला वर्ग का फाइनल दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस के बीच खेला जाएगा।

पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में श्याम लाल कॉलेज ने श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 3-1 से हराया। विजेता के लिए प्रवीण, ललित और नवीन ने एक- एक गोल किया। खालसा कॉलेज की तरफ से तनुज ने गोल किया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड श्याम लाल कॉलेज के नवीन बिधूड़ी को मिला। दूसरे सेमीफाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स को 3-2 से हराया। विजेता के लिए पुलकित, नवीन राठी और गुरमुख ने एक-एक गोल किया। श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की तरफ से इंद्रपाल और विभांशु तिवारी ने एक-एक गोल किया। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस के नवीन राठी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। सोमवार को समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर के विधायक भाजपा नेता जितेंद्र महाजन विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देंगे। श्याम लाल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर वी एस जग्गी ने बताया कि कॉलेज की चेयरपर्सन श्रीमती सविता गुप्ता और प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित अतिथि के रूप में प्रो. सरिता त्यागी, एचओडी, फिजिकल एजुकेशन, डीयू, डॉ. सुशील कुमार, असिस्टेंट डायरेक्टर, डीयूएससी, डॉ. ज्योति मान, असिस्टेंट डायरेक्टर, डीयूएससी और जमाल अनानो खान, एमुनोथेरेपिस्ट, भी मौजूद रहेंगे। महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 4-0 से हराया। सोनिका ने दो और मनिता व नीलम ने एक एक गोल किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की सोनिका को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। दूसरे सेमीफाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस ने विवेकानंद कॉलेज को 5-0 से हराया।



## लीजेंड 90 लीग: ऋषि धवन की नाबाद 99 रनों की पारी के दम पर छत्तीसगढ़ वॉरियर्स फाइनल में

**रायपुर (छत्तीसगढ़),** 16 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में क्वालीफायर 1 में राजस्थान किंग्स पर आठ विकेट से शानदार जीत के बाद लीजेंड 90 लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। ऋषि धवन रात के स्टार रहे, जिन्होंने सिर्फ 41 गेंदों पर 99 रनों की शानदार नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को आसानी से जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए, राजस्थान किंग्स ने निर्धारित 90 गेंदों में 171/4 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। पारी की शुरुआत सलामी बल्लेबाज फिल मस्टर्ड ने की, जिन्होंने 34 गेंदों पर छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 77 रनों की सनसनीखेज पारी खेली। उनकी आक्रामक शुरुआत ने राजस्थान को शुरुआत में ही मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। कप्तान फैज फजल और गौरव तिनार ने महत्वपूर्ण योगदान देते हुए टीम को 170 के पार पहुंचाया। हालांकि, छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने बाद के हाफ में किंग्स को रोकने में कामयाबी हासिल की। अभिमन्यु मिथुन ने दो विकेट लिए, जबकि केवन कूपर ने एक विकेट लिया। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, जो लीग चरण में तालिका में शीर्ष पर रही, ने अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप शानदार प्रदर्शन किया। मार्टिन गुप्टिल के शून्य पर आउट होने के बावजूद, वे ऋषि धवन की शानदार पारी की बदौलत कभी भी परेशानी में नहीं दिखे। धवन ने शुरुआत से ही मोर्चा संभाला और 241.46 के स्ट्राइक रेट से 14 चौके और चार छक्के लगाए। उनकी पारी ने अकेले ही राजस्थान के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया। कप्तान गुरकीरत सिंह मान ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 29 गेंदों पर 59 रन बनाकर सुनिश्चित किया कि लक्ष्य का पीछा करने की गति कभी कम न हो।छूटे हुए कैच और मिसफील्ड के कारण राजस्थान के मैदान में संघर्ष करने के साथ, छत्तीसगढ़ ने अपने अवसरों का भरपूर लाभ उठाया। दुर्भाग्य से धवन शतक से सिर्फ़ एक रन से चूक गए, लेकिन उन्होंने सुनिश्चित किया कि उनकी टीम 13 गेंदें शेष रहते लक्ष्य तक पहुंच जाए। हार के बावजूद, राजस्थान किंग्स के पास अभी भी फाइनल में पहुंचने का एक और मौका है।



■ फिल मस्टर्ड ने 34 गेंदों पर छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 77 रनों की सनसनीखेज पारी खेली।

## आईपीएल: मुजीब उर रहमान मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल

**मुंबई,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले मुंबई इंडियंस की टीम में अपने हमवतन अल्लाह ग़ज़नफ़र की जगह ली है। किशोर स्पिनर ग़ज़नफ़र एल4 वर्टिब्रा में फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, विशेष रूप से बाएं पैर के इंटरआर्टिकुलरिस में, जो उन्हें दिसंबर में अफगानिस्तान के जिम्बाब्वे दौरे पर लगी थी। मुंबई स्थित फ्रेंचाइजी ने पिछले नवंबर में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में गजनफर को 4.80 करोड़ रुपए में खरीदा था। आईपीएल के बयान में कहा गया है, मुंबई इंडियंस (एमआई) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के आगामी संस्करण के लिए अल्लाह ग़ज़नफ़र के प्रतिस्थापन के रूप में मुजीब-उर-रहमान को चुना। अल्लाह ग़ज़नफ़र चोट के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर मुजीब, जिन्होंने 19 आईपीएल मैच खेले हैं और 19 विकेट अपने नाम किए हैं, 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर एमआई में शामिल हुए हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2021 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए खेला था। इससे पहले, उन्होंने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के साथ तीन सीजन खेले। 23 वर्षीय ने 256 टी20 में 6.75 की इकॉनमी से 275 विकेट लिए हैं।



## सार संक्षेप

### मांडविया ने मुंबई में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का नेतृत्व किया

**मुंबई।** फिट इंडिया मूवमेंट के प्रमुख कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' का ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों में साइकिल चलाने के माध्यम से फिट और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूकता पैदा करना था, साथ ही प्रदूषण के समाधान को बढ़ावा देना भी था। इस साइकिल यात्रा को गेटवे ऑफ इंडिया से हरी झंडी दिखाई गई, जिसमें देश भर से 500 से अधिक साइकिल सवार शामिल हुए, जिसमें विभिन्न साइकिल क्लब और व्यक्तिगत फिटनेस उत्साही शामिल थे, जो सुरम्य मरीन ड्राइव से होते हुए गिरगांव चौपाटी पर समाप्त हुआ। इस साइकिल यात्रा का नेतृत्व केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने किया, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट राष्ट्र के दृष्टिकोण और विशेष रूप से शहरी युवाओं में मोटापे की समस्या से लड़ने के उनके हालिया आह्वान के अनुरूप संडे ऑन साइकिल अभियान की शुरुआत की।

### दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियन के जबड़े से छीनी जीत

**वडोदरा।** शेफाली वर्मा (43) के तूफानी अंदाज के बाद निकी प्रसाद (35) की सूझबूझ भरी पारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के सांस रोक देने वाले एक मुकाबले में मुबंई इंडियंस के खिलाफ दो विकेट से सनसनीखेज जीत दर्ज की। मुबंई इंडियंस ने पहले खेलते हुये 164 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने पारी की अंतिम गेंद पर दो विकेट शेष रहते 165 रन का विजय लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली की जीत में शेफाली और निकी के अलावा सराह ब्राइस (21) और राधा यादव (9) की भूमिका भी अहम रही जिन्होने अंतिम गेंद तक संघर्ष का जज्बा दिखाया और मुबंई के जबड़े से जीत छीन ली। शेफाली ने अपने चिरपरिचित बेखौफ अंदाज से पारी की शुरुआत की और पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाते हुये मैदान के चारों ओर चौकों छक्कों की बौछार कर दी।

### रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर हुए यशस्वी जायसवाल

**नागपुर।** भारत और मुंबई के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सोमवार से नागपुर में शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के मुंबई-विदर्भ सेमीफ़ाइनल मैच से बाहर हो गए हैं। जायसवाल के बाएं टखने में दर्द है और वह अब इसकी निगरानी के लिए एनसीए बेंगलुरु जाएंगे। 23 साल के जायसवाल पहले भारत के शुरुआती चैंपिंयस ट्रॉफी दल में थे, लेकिन अंत में उनकी जगह पर वरूण चक्रवर्ती को शामिल कर लिया गया। इसके बाद वह मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल खेलने वाले थे, जिसमें अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार कुमार, शिवम दुबे और शार्दुल ठाकुर जैसे नाम पहले से शामिल थे।

# [अर्थ जगत]

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 0.90 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.80 प्रतिशत |
| इन्फ़ोसिस | 0.71 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.60 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.49 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 4.20 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.47 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.40 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.21 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 2.18 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 87,343 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,03,700 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 86.92 | 87.00 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7250-7350 |
| उड़द दाल | 8900-9000 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 7650-7750 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# बैंक ऑफ महाराष्ट्र को गिफ्ट सिटी में ब्रांच के लिए आरबीआई ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा रविवार को ऐलान किया गया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से गुजरात की गिफ्ट सिटी में इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (आईएफएससी) बैंकिंग यूनिट स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है। यह शाखा भारत से ऑफशोर बैंकिंग परिचालन के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पहली यूनिट होगी।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ निधु सक्सेना ने कहा कि यह हमारे बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार कर रहे हैं। गिफ्ट सिटी में आईबीयू का उद्घाटन बैंक की ग्रोथ स्टोरी में एक और मील का पत्थर होगा। उन्होंने आगे कहा कि नई शाखा अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग व्यवसाय का विस्तार करने में मदद करेगी और बैंक को अपने ग्राहकों को विशेष बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में भी सक्षम बनाएगी।




■ गिफ्ट सिटी में आईबीयू का उद्घाटन बैंक की ग्रोथ स्टोरी में एक और मील का पत्थर

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने बयान में कहा कि गिफ्ट सिटी को इंटरनेशनल फाइनेंशियल हब बनाने का समर्थन करते हुए यह देश की पहली आईएफएससी होगी। इस का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर वर्ल्ड क्लास बैंकिंग सर्विसेज उपलब्ध कराना और ऑफशोर फाइनेंशियल हब पर निर्भरता कम करके फाइनेंशियल इकोसिस्टम में क्रांति लाना है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। वित्त वर्ष 25 की दिसंबर तिमाही में बैंक की आय 6,325 करोड़ रुपए और मुनाफा 1,412 करोड़ रुपए था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में गिफ्ट के इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर में निवेश, रोजगार और ऑफशोर फंडिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रोत्साहनों की घोषणा की थी। वित्त मंत्रालय ने वैश्विक मानकों के अनुरूप इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर (आईएफएससी) के भीतर अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध होने की इच्छुक भारतीय कंपनियों के लिए आवश्यकताओं में ढील दी थी।

## द्विपक्षीय निवेश संधियों में राष्ट्रीय हितों को अनदेखा न करें मध्यस्थ : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नियामक शक्तियों के संबंध में राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखने तथा विवादों को सुलझाने में मध्यस्थों के लिए मार्गदर्शक के रूप में कार्य करने के लिए द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिससे अमीर निवेशकों को विकासशील देशों का शोषण करने से रोका जा सके। अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक एवं निवेश संधि मध्यस्थता पर पहले पीजी सर्टिफिकेट कोर्स के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि मध्यस्थों ने अकसर मेजबान देश के न्यायिक निर्णयों की अनदेखी की है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के नतीजे पर पहुंचते समय, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार जैसे अपराधों से संबंधित निष्कर्ष जो मेजबान देश में कानून की अदालत के माध्यम से स्थापित किए गए हैं, राज्यों को पुरस्कार स्वीकार करने के लिए विरोधाभासी स्थिति में डालते हैं।



# मदर डेयरी की पूरे भारत में छा जाने की तैयारी




**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। अपने खाद्य उत्पादों की बेहतर मांग तथा उत्पादन क्षमता के साथ वितरण नेटवर्क के विस्तार की वजह से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मदर डेयरी का कारोबार 15 प्रतिशत बढ़कर 17,000 करोड़ रुपए से अधिक रहने की उम्मीद है। दूध और अन्य डेयरी उत्पादों के अलावा मदर डेयरी 'धारा' ब्रांड के तहत खाद्य तेल और 'सफल' ब्रांड के तहत बागवानी (ताजा और फ्रीज फल और सब्जियां) उत्पाद बेचती है। यह दिल्ली-एनसीआर में प्रमुख दुग्ध आपूर्तिकर्ता है।

**कंपनी ने की बड़ी विस्तार योजनाओं की घोषणा**

मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश ने कहा कि चालू वित्त वर्ष कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि इसने अपनी स्थापना के 50 साल पूरे किए हैं। बंदलिश ने कहा कि हम चालू वित्त वर्ष में 15 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ साल का समापन 17,000 करोड़ रुपए से अधिक के कारोबार के साथ करेंगे। वित्त वर्ष 2023-24 में मदर डेयरी ने 15,037 करोड़ रुपए का कारोबार हासिल किया था। डेयरी कारोबार ने कुल वार्षिक राजस्व में लगभग 75 प्रतिशत का योगदान दिया था। मदर डेयरी के एमडी ने कहा कि यह मजबूत प्रदर्शन हमारी रणनीतिक पहल का प्रमाण है। दिल्ली-एनसीआर से परे हम राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति बढ़ा रहे हैं, नई पीढ़ी के वितरण चैनल के माध्यम से अपनी पहुंच को मजबूत कर रहे हैं, विनिर्माण क्षमता का विस्तार कर रहे हैं और उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए नए रोमांचक उत्पाद पेश कर रहे हैं।

क्षमता विस्तार के लिए मदर डेयरी 500 करोड़ रुपए से अधिक के अनुमानित निवेश के साथ महाराष्ट्र के नागपुर में एक विशाल दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित कर रही है।

# वैश्विक बाजार में भारत की अरंडी तेल की भारी मांग

**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। सस्टेनेबल कैस्टर एसोसिएशन (एससीए) के निदेशक अभय उदेशी ने कहा है कि भारत का अरंडी तेल निर्यात बढ़ रहा है, और इस जिंस की खेती में टिकाऊ मानकों को बढ़ावा देने से 2030 तक निर्यात को 2.5 अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे किसानों के बीच 'सक्सेस कोड' की स्वीकार्यता को बढ़ावा दे रहे हैं क्योंकि इससे उन्हें मिट्टी की गुणवत्ता को बहाल करने में मदद मिल सकती है। 'सक्सेस कोड' अरंडी की खेती के लिए एक स्वतंत्र रूप से ऑडिट योग्य कोड है जिसका उद्देश्य स्थिरता में सुधार करना है।

जयंत एग्रो के चेयरमैन उदेशी ने कहा कि वैश्विक बाजार में अरंडी के तेल की भारी मांग है। हम 2030 तक 2.5 अरब डॉलर के निर्यात की उम्मीद कर रहे हैं। इन कोड के इस्तेमाल से किसानों को उत्पादन व आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।



■ 2030 तक निर्यात पहुंचेगा 22 हजार करोड़

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान भारत से अरंडी के तेल का निर्यात 6,195.54 करोड़ रुपए (करीब 71.5 करोड़ डॉलर) रहा है। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में यह 8,055.12 करोड़ रुपए (करीब एक अरब डॉलर) था।

# भारत-अमेरिका के बीच समुद्र में अंडरसी केबल बिछाएगा मेटा

**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की प्रवर्तक कंपनी मेटा ने 50,000 किलोमीटर की लंबाई के अंडरसी केबल प्रोजेक्ट 'वाटरवर्थ' का ऐलान किया है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य भारत-अमेरिका के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट से दोनों देशों के बीच हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी का एक नया दौर शुरू होगा और इससे भारत के डिजिटल इकोसिस्टम को भी सपोर्ट मिलेगा।

मेटा ने बताया कि नया प्रोजेक्ट वाटरवर्थ अमेरिका, भारत, ब्राजील, साउथ अफ्रीका और अन्य महत्वपूर्ण रीजन में इंडस्ट्री-लीडिंग कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा और यह प्रोजेक्ट इस दशक के अंत तक पूरा हो सकता है। कंपनी ने आगे कहा कि प्रोजेक्ट वाटरवर्थ से इन इलाकों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ेगा, डिजिटल पहुंच बढ़ेगी और टेक्नोलॉजी विकास के नए अवसर खुलेंगे। एक बार जब यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा, इससे दुनिया के पांच महाद्वीप जुड़े होंगे और इसकी लंबाई 50,000 किलोमीटर होगी। यह उपलब्ध उच्चतम क्षमता वाली टेक्नोलॉजी का उपयोग करके बनाई गई दुनिया का सबसे लंबा समुद्री केबल प्रोजेक्ट होगा।




■ डिजिटल कनेक्टिविटी में होगा सुधार

मेटा के लिए यह प्रोजेक्ट काफी अहम है, क्योंकि कंपनी के सभी प्लेटफॉर्म पर भारत में यूजर्स की संख्या 100 करोड़ से भी ऊपर है। भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट भी तेजी से गांव और कस्बों तक पहुंच रहा है। ऐसे में मेटा इन सभी को अपने यूजर्स के रूप में देखती है और इससे कंपनी के लिए कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। मेटा ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि कंपनी अपनी तरह की पहली रूटिंग का उपयोग कर रही है।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 638.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति एवं स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 7 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.1 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 630.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 7 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.42 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 544.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.32 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 72.21 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 17.9 अरब डॉलर पर आ गया।

### एमटीएनएल को ऋण में छूट नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के ऋण में कुछ छूट दिए जाने के अनुरोध को खारिज कर दिया है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एमटीएनएल ने सरकारी बैंकों से उसके ऋण में कुछ छूट दिए जाने का अनुरोध किया था। एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया, 'एमटीएनएल का ऋण समाधान की प्रक्रिया में हैं। हम दूरसंचार विभाग और एमटीएनएल से विचार-विमर्श कर रहे हैं। हमने ऋण में छूट का एमटीएनएल का अनुरोध ठुकरा दिया है क्योंकि वह सार्वजनिक उपक्रम है और उसके ऋण में छूट केंद्र सरकार की चूक या डिफॉल्ट माना जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सरकारी स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनी को 8,144 करोड़ रुपए दिए हैं और उनका यह ऋण गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में बदल गया है।

### धारावी के चमड़ा उद्योग को सता रहा पहचान खोने का डर


**नई दिल्ली।** जो धारावी एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती होने का दाग ढोती है, चमड़े का यह शानदार सामान उसी की तंग और बदहाल गलियों की पहचान है। कई परिवार तो यहां पीढ़ियों से चमड़े और पॉटरी की इकाइयां चला रहे हैं। लेकिन धारावी के पुनर्विकास की बात सुर्खियों में आने के बाद उन्हें कारोबार बिखरने का डर सता रहा है। इसकी शुरुआत हो भी चुकी है क्योंकि यहां से कारखाने भिवंडी, गोवंडी, कुर्ला और मदनपुरा जैसे इलाकों में जाने लगे हैं। मुंबई के बीचोबीच बसी धारावी में चमड़े और पॉटरी ही नहीं दवाओं, जूतों और कपड़ों ते भी कई कारखाने हैं। बेशक यहां का उद्योग असंगठित है मगर हजारों लोगों को रोजगार देता है और यहां बने चमड़े के उत्पाद दुनिया भर के बाजारों को निर्यात किए जाते हैं। धारावी लेदर एसोसिएशन कहती है कि यहां चमड़े का सामान बनाने वाले ही 15,000 से ज्यादा कारखाने हैं और उनमें सालाना 100 करोड़ डॉलर से ज्यादा का माल बनता है। इसमें से करीब 65 करोड़ डॉलर का सामान विदेश चला जाता है।

# टैरिफ नीति व एफआईआई का बाजार पर रहेगा असर

साप्ताहिक समीक्षा

**मुंबई,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीति से विश्व में व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह भी टैरिफ खतरे और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1920.98 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 75939.21 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 630.7 अंक यानी 2.7 प्रतिशत कमजोर रहकर 22929.25 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में हुई अधिक भारी बिकवाली से बाजार में कोहराम मच गया। इस दौरान मिडकैप 3318.48 अंक अर्थात 7.7 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 39731.79 अंक और स्मॉलकैप 4752.97 अंक यानी 9.5 प्रतिशत की गिरावट लेकर 45411.25 अंक पर आ गया। इस वर्ष फरवरी में अबतक एफआईआई की बिकवाली लगातार जारी है। एफआईआई ने इस महीने 04 फरवरी की 809.23 करोड़ रुपए की लिवाली को छोड़कर अबतक केवली बिकवाली की है। इससे उन्होंने बाजार से अबतक कुल 29,183.43 करोड़ रुपए निकाल लिए हैं। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की लगातार जारी लिवाली बाजार के लिए शुभ संकेत हैं। इस महीने अबतक डीआईआई कुल 26,019.07 करोड़ रुपए के लिवाल रहे हैं।



■ सेंसेक्स 2.5 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 75939.21 अंक पर

■ निफ्टी 2.7 प्रतिशत कमजोर रहकर 22929.25 अंक पर बंद

विश्लेषकों के अनुसार, सप्ताह के अंत में बाजार में बिकवाली का रुख हावी रहा, जिससे निवेशकों के बीच निराशा का माहौल देखने को मिला। ब्याज दरों में कटौती की घटती संभावनाओं और उद्योग के कमजोर आंकड़ों ने सतर्कता बढ़ा दी, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर को सबसे अधिक नुकसान हुआ। इसके अलावा, पीएमआई डेटा भी उम्मीद से कमजोर रहा। हालांकि, आईटी क्षेत्र के संतोषजनक परिणाम और विवेकाधीन खर्च में सुधार के शुरुआती संकेतों ने बाजार को थोड़ी राहत दी। वहीं, ट्रम्प की आर्थिक नीतियों और उच्च मूल्यांकन को लेकर बनी अनिश्चितता अल्पावधि में विशेष रूप से उभरते बाजारों पर प्रभाव डाल सकती है।

कुल मिलाकर, तीसरी तिमाही के नतीजे उम्मीद के अनुरूप हैं लेकिन बाजार को पर्याप्त समर्थन नहीं दे रहे हैं, जिससे बिकवाली का रुख बना हुआ है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की आगामी बैठक और केंद्रीय बजट जैसी प्रमुख घटनाएं बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। एफओएमसी ने अब तक आक्रामक रुख बनाए रखा है जबकि ट्रम्प के ब्याज दरों में कटौती की मांग भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत हो सकती है।

केंद्रीय बजट को लेकर उम्मीदें फिलहाल कम हैं लेकिन यदि इसमें कोई नकारात्मक आश्चर्य नहीं हुआ तो यह बाजार की चिंताओं को कम करने में मदद कर सकता है। व्यापक बाजार दबाव में है लेकिन लार्ज-कैप शेयरों का लचीलापन सकारात्मक संकेत देता है। इतिहास में भारतीय बाजार ने 'टेपर टैंट्रम' और भू-राजनीतिक चिंताओं जैसी चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार किया है। मौजूदा सुधार भी कई कारकों जैसे टेपरिंग, आय में मंदी, उच्च मूल्यांकन और व्यापारिक अनिश्चितताओं का परिणाम है। विश्लेषकों का मानना है कि बाजार समेकन के अंतिम चरण में पहुंच रहा है। व्यापक बाजार में अब तक 14 प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली है लेकिन मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे के चलते गिरावट सीमित रह सकती है।

## वॉल्वो समूह होसकोटे में बनाएगा चौथा अंतरराष्ट्रीय विनिर्माण केंद्र

**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। बस, ट्रक, निर्माण उपकरण और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन साधन के मामले में दुनिया भर में अग्रणी वॉल्वो ग्रुप ने कर्नाटक में विनिर्माण बढ़ाने जा रही है। इसके लिए उसने कर्नाटक सरकार के साथ करार किया है, जिसके तहत बेंगलूरु के होसकोटे में कंपनी अपना चौथा अंतरराष्ट्रीय कारखाना बनाएगी। वॉल्वो ने इसके लिए कर्नाटक के बड़े और मझोले उद्योग मंत्री एमबी पाटिल की मौजूदगी में समझौता किया। समझौते पर राज्य उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव एस सेल्वकुमार और वॉल्वो इंडिया के प्रबंध निदेशक कमल बाली ने हस्ताक्षर किए।



■ कर्नाटक सरकार के साथ किया करार

कंपनी विस्तार पर 1,400 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। नए कारखाने से 2,000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार आने की उम्मीद है। साथ ही इसे निर्यात में तेज इजाफा होगा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत का रुतबा भी बढ़ेगा। होसकोटे कारखाने में अभी हर साल 3,000 ट्रक और बस बन सकते हैं मगर अब उसकी क्षमता बढ़कर 20,000 बस, ट्रक हो जाएगी। यहां बने उत्पाद देसी और विदेशी दोनों बाजारों में जाएंगे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने वॉल्वो के साथ 25 साल से चली आ रही राज्य की साझेदारी का जिक्र किया। उन्होंने राज्य में अधिक गुणवत्ता वाली बसें खास तौर पर लक्जरी बसें पेश करने के लिए कंपनी की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि कर्नाटक सरकार वॉल्वो के कामकाज में मदद करने, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सुनश्चित करने और क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# खाद्य तेल, दालों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली** 16 फरवरी (एजेंसयां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल तथा दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा सप्ताहांत पर 50 रिंगिट गिरकर 4725 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.18 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 46.59 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 365 रुपए, पाम ऑयल 146 रुपए और वनस्पति तेल 72 रुपए प्रति क्विंटल सस्ते हो गए जबकि मूंगफली तेल 148 रुपए और सोया रिफाइंड में 220 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18462 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15457 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान मूंग दाल 300 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई वहीं चना, दाल चना और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7650-7750 रुपए प्रति क्विंटल रही।

# भारत टेक्स में पंचतत्व से प्रेरित सस्टेनेबल टेक्सटाइल नवाचार का प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 16 फरवरी (एजेंसियां)। एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की प्रमुख कंपनी आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड ने भारत मंडपम में चल रहे भारत के सबसे बड़े टेक्सटाईल कारोबार मेले भारत टेक्स 2025 में पंचतत्व से प्रेरित टेक्सटाईल इनोवेशन्स का प्रदर्शन किया है। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह ने कंपनी के इस पंचतत्व पहल की सराहना की है। भारत सरकार में टेक्सटाईल आयुक्त रूप राशि महापात्रा ने प्राचीन भारतीय ज्ञान 'पंचतत्व'- पांच तत्वों यानि अग्नि, धरती, जल, वायु और अंतरिक्ष- से प्रेरित इस नवाचार का अनावरण किया है जो सरकार के स्थायी भविष्य के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

प्रदर्शनी के दौरान पर्यावरण के अनुकूल टेक्सटाईल विज्ञान एवं कारोबार की सजग प्रथाओं के साथ उद्योग जगत के अग्रणी उत्पादों एवं सेवाओं को दर्शाया गया है, जिनमें पारम्परिक एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी के संयोजन से बने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार टेक्सटाईल्स शामिल हैं।




■ केन्द्रीय वस्त्र मंत्री ने की कंपनी के पंचतत्व पहल की सराहना

कंपनी के मेलांज यार्न कारोबार के प्रमुख एवं मुख्य कार्यकारी योगेश दत्त तिवारी ने कहा कि शो में आने वाले आगंतुक प्रत्येक पंचतत्व से प्रेरित उत्पादों को देख सकते हैं। अग्नि से प्रेरित टेक्सटाईल्स में आधुनिक अग्निरोधी, यूवी-प्रतिरोधी और उष्मा से सुरक्षित (हीट-प्रोटेक्टिव) फैब्रिक शामिल हैं, जिन्हें अत्याधुनिक थर्मोरेग्युलेशन टेक्नोलॉजी से बनाया गया है। धरती पर आधारित फैब्रिक में ओर्गेनिक कॉटन, हेम्प, जूट और बायोडीग्रेडेबल पॉलिस्टर से बने टेक्सटाईल्स हैं जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ मजबूत भी हैं। जल पर आधारित प्रोडक्ट की बात करें तो नमी सोखने वाले और जल्दी सूखने वाले जल-रोधी (वॉटर-रेपेलेन्ट) टेक्सटाईल्स हैं जिन्हें उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। अंतरिक्ष से प्रेरित परिधानों में भविष्य के लिए तैयार टेक्सटाईल्स शामिल हैं जिन्हें हाई-टेक फाइबर, ग्राफीन-एन्हान्स्ड फैब्रिक और अडैप्टिव सामग्री से बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि पंचतत्व से प्रेरित उत्पादों में गंध रोधी फंक्शनल यार्न, हॉलो पॉलिस्टर फाइबर- थर्मोलाईट/एयरथर्म, लाईटवेट डेनिम, ब्रीदेबल मैश निट, अग्निरोधी यार्न, वॉटर-रेपेलेन्ट डेनिम, एंटीमाइक्रोबियल सिल्वर-इन्फ्यूज़्ड कॉटन और अल्ट्रा-स्ट्रॉन्ग डायनीमा फाइबर शामिल हैं।

# धमतरी और मगरलोड जनपद पंचायत क्षेत्र के 2 लाख 39 हजार से ज्यादा मतदाता चुनेंगे जनप्रतिनिधि

## पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों का होना है चुनाव





**धमतरी,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन संपन्न होने के बाद अब प्रथम चरण में आज सोमवार 17 फरवरी को धमतरी और मगरलोड में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तमाम अधिकारी-कर्मचारी जुट चुके हैं।

**कुल 156 सरपंच सहित 2688 वार्ड पंचों का होना मतदान:** जनपद पंचायत धमतरी के 94 से 93 ग्राम पंचायतों में सरपंच का चुनाव होना है। एक पंचायत में सरपंच निर्विरोध चुने गए हैं। वहीं 94 ग्राम पंचायतो में 1420 पंचो के चुनाव संपन्न होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत मगरलोड में 63 ग्राम पंचायत हेतु 270 सरपंच पद के अभ्यर्थी मैदान पर होंगे। इसी तरह पंच हेतु कुल 1268 अभ्यार्थीयों के लिए मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाएगा।

**48 जनपद सीट के 127 और 6 जिला पंचायत सदस्यों के लिए 16 उम्मीदवारों का होना भाग्य का फैसला:** जनपद पंचायत सदस्यों की बात करें तो धमतरी और मगरलोड की कुल सीटों के लिए 48 क्षेत्र के लिए 127 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, वहीं जिला पंचायत सदस्यों की बात करें तो धमतरी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5,6,7 धमतरी विकासखंड में एवं 8,9 मगरलोड विकासखंड अंतर्गत आते है। क्षेत्र क्रमांक 10 दोनों विकासखंड में शामिल है।

**2 लाख 39 हजार से अधिक मतदाता करेंगे मतदान:** प्रथम चरण के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में धमतरी और मगरलोड विकासखण्ड के 2 लाख 39 हजार 110 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**2000 कर्मियों को मिली बड़ी जिम्मेदारी:** पारदर्शी व निष्पक्ष मतदान के लिए करीब 2000 अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदान कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। इन सभी 156 मतदान केंद्रों में मतदान सामग्री सहित मतदान दलों को सकुशल रवाना व वापसी हेतु छोटी-बड़ी करीब 262 वाहनों की व्यवस्था की गई है।

**पुलिस अधिकारियो सहित जवान होंगे तैनात:** इसी तरह शांतिपूर्ण मतदान हेतु पुलिस अधिकारियो सहित जवान मतदान केंद्रों में तैनात रहेंगे। कोटवारों के अलावा पेट्रोलिंग के लिए आवाजाही करेंगे।

**कलेक्टर ने दी शुभकामनाये:** जनपद पंचायत धमतरी और मगरलोड के अंतर्गत 156 ग्राम पंचायतो में होने वाले पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के लिए कलेक्टर नम्रता गाँधी ने सभी मतदान कर्मियों, अधिकारियों, पुलिस जवानों, कोटवारों को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए शुभकामनायें दी है।

# आज भाटापारा और सिमगा विकासखंड में मतदान



**मतदान दल सामग्री के साथ केंद्रों में पहुंचे**

**बलौदाबाजार/सिमगा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में जिले के विकासखंड भाटापारा अंतर्गत 227 और सिमगा के 326 मतदान केंद्रों में सोमवार 17 फरवरी 2025 को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में दोनों विकासखंड के मतदान दलों को विकासखंड मुख्यालय में रविवार को मतदान सामग्री वितरण कर निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मत पत्र से होगी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित आरओ एवं एआरओ मौजूद थे।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड भाटापारा में पंच पद के 630, सरपंच के 88, जनपद सदस्य के 23 एवं जिला पंचायत सदस्य के 3 सीटों के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 1418, सरपंच के लिए 366, जनपद सदस्य के लिए 96 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 16 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे है। इसीप्रकार विकासखंड सिमगा में पंच पद के 978, सरपंच के 103, जनपद सदस्य के 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के 4 सीटों के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 2316, सरपंच के लिए 486, जनपद सदस्य के लिए 129 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 32 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं।

# बागबाहरा ब्लॉक में 25 जनपद सदस्य पदों के लिए 118 प्रत्याशी चुनावी मैदान में डटे




**बागबाहरा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड में जैसे-जैसे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतदान तिथि 20 फरवरी नजदीक आते ही प्रत्याशियों में घमासान मचा हुआ है। प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं। गांव- गांव में चुनाव प्रचार इन दिनों जोरों से चल रहा है। 25 जनपद सदस्य पदों के लिए कुल 118 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमां? रहे हैं। जिसमें नामचीन लोग भी चुनावी रण में उतरकर खून पसीना बहाकर कड़े संघर्ष कर रहे हैं। विधायक पद के बाद जनपद पंचायत अध्यक्ष का पद दूसरा बड़ा प्रभावी पद माना जाता है। त्रिस्तरीय पंचायती राज के मध्यक्रम का जनपद पंचायत हमेशा से महत्वपूर्ण शीट रहा है। सभी पार्टियां जनपद अध्यक्ष पद का फैसला अपने पक्ष में आने की ख्वाहिश रखती है। चुंकि अध्यक्ष का चुनाव नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों द्वारा किया जाता है। जिसकी वजह से अध्यक्ष पद के दावेदारों के लिए अपने समर्थित सदस्य निर्वाचित होने की व्यूहरचना करना शुरु कर देते हैं। इस बार जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 23 से श्रीमती भगवती ठाकुर के प्रतिद्वंदी का नामांकन फॉर्म रिजेक्ट होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित हो गई है। जिसकी घोषणा मतदान के बाद होगी। उसे छोड़ कर 25 सदस्यीय जनपद क्षेत्रों में 24 क्षेत्रों में चुनाव हो रहा है। इसके लिए कुल 118 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें नर्रा क्षेत्र में सबसे अधिक 13 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं दूसरे क्रम में क्षेत्र क्रमांक 8 बिहाझर जहाँ 9 प्रत्याशी एवं क्षेत्र क्रमांक 9 बीकेबाहरा में 8 एवं क्षेत्र क्रमांक 4 सुखरीडबरी क्षेत्र से 6 प्रत्याशियों ने उक्त क्षेत्र के चुनाव को चर्चा में ला दिया है। वैसे तो सभी क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा की होड़ में चुनाव संघर्ष की स्थिति में है।

हर कोई प्रत्याशी चुनाव में जीत हासिल करने हर चुनावी जोड़ तोड़ के साथ मैदान में उतरे हैं। लेकिन कुछेक ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ प्रत्याशियों की वजह से चुनाव चर्चा में आ गई है। इसमें सबसे आगे नाम सुखरीडबरी जनपद क्षेत्र का है। जहां कांग्रेस के दिग्गज, दबंग, जुझारू, कर्मठ एवं संघर्षशील युवा नेता केशव नायक राम चंद्राकर चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत बसूलाडबरी के पूर्व सरपंच बालकृष्ण चंद्राकर के अलावा भुवन लाल साहू, किशुन पाटले एवं मोहन लाल साहू चुनाव मैदान में प्रतिष्ठापूर्ण सीट हो चले क्षेत्र में अपने भाग्य की आजमाइश कर रहे हैं। ऐसा ही चर्चित क्षेत्र तेंदूकोना सीट है। जहाँ टेनू राम साहू, धनंजय साहू, डॉ राजेंद्र के अलावा समीर चोवा राम चंद्राकर चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे ही मुनगासेर क्षेत्र से पारस सांखला, रवि चंद्राकर, भगवान बरिहा, टीकू राम चंद्राकर, नारायण पटेल चुनाव मैदान में उतरे हुए हैं। कांग्रेस नेता ? पारस सांखला की पत्नी उक्त क्षेत्र से जनपद क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इसी प्रकार क्षेत्र क्रमांक 1 हाड़ाबंद से पूर्व सरपंच श्रीमती चंद्रकला कुंजलाल साहू। चोखेलाल सिन्हा, कमलनारायण साहू, मनोज चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 02 खल्लारी से भूमिका आकाश चंद्राकर, सविता गोस्वामी, भूमिका रामलाल सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक 3 खुशरूपाली से बेनु राम दीवान ?, भूपेंद्र दीवान मोंटू, जीवन लाल ठाकुर, ललित दीवान, शत्रुघन दीवान, क्षेत्र क्रमांक 6 सम्हर से जानकी हेमसिंग नायक, तारेश्वरी पीलेश्वर पटेल, क्षेत्र क्रमांक 7 गांजर से धनेश्वरी हरिशचंद्र दीवान, गरिमा केशव चंद्राकर, पूरन बाई चिंता राम सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक 8 बिहाझर से चोवाराम मरकाम, ईश्वर मारकंडेय, मोहन भारद्वाज, मुकेश हीरालाल टंडन, नरोत्तम्म जगत, पवन कुमार रात्रे, संतलाल सुरमणी, तरुण व्यवहार, टिकेश्वर कुम्हार, क्षेत्र क्रमांक 9 बीके बाहरा से बलराम ध्रुव, गोपाल दीवान, जिरऊ राम बरिहा, माखन लाल सोन, नेपाल सिंग ठाकुर, थानसिंह दीवान, क्षेत्र क्रमांक 10 मामाभांचा से आमनी यशवंत साहू, अश्वनी वेद कुमार दीवान, बिजेश्वरी शत्रुघन साहू, यनेश्वरी प्रहलाद साहू, वीणा बाई घनश्याम साहू, विजय लक्ष्मी टिकेश साहू, क्षेत्र क्रमांक 11 तुसदा से चांदनी भूपेंद्र दीवान, दिव्या उपेंद्र दीवान, जमुना दीवान, ललिता भीष्म ध्रुव, क्षेत्र क्रमांक 12 खम्हरिया से जामिन ठाकुर, महेश्वरी दुवन लाल ध्रुव, नीलम ठाकुर, पार्वती मोहन ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 13 बोकरामुड़ा से अमरीका महेश्वर ध्रुव, कमलेश्वरी ज्ञान सिंह ध्रुव, मान बाई मंगलू राम ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 14 घूंचापाली से दीपिका श्री राम यादव, कुसुमलता रोहित चंद्राकर, मधुलिका गणेश चंद्राकर, माधुरी साहु, प्रेमलता काशीराम पटेल, रेशमा साहू, क्षेत्र क्रमांक 15 मौलीमुड़ा कसहीबाहरा से इंद्रा परदेशी राम बंजारे, जयंती लेखराम जगत, रेणुका धनीराम मरकाम, संतोषी मुकेश टंडन, सती बाई केशरू राम निराला, क्षेत्र क्रमांक 16 कोमाखान से चेतना व्यवहार, देवकी बाई नवल किशोर गायकवाड़, क्षेत्र क्रमांक 18 डोंगरगांव से अरुण ठाकुर, गीता दीवान, हेमलाल दीवान, क्षेत्र क्रमांक 19 देवरी से कमलेश साहू, राहुल चंद्राकर, राजा राम साहू, क्षेत्र क्रमांक 20 सिवनीकला से छाया रोशन दुबे, गीतांजली विनय उपाध्याय, जितेश्वरी डिगेश्वर साहू, ममता राजेश साहू, रुखमणी विश्वनाथ साहू, सावित्री धनंजय साहू, सीमा राजेंद्र शर्मा, क्षेत्र क्रमांक 21 कसेकेरा से चांदनी नरेन्द्र पटेल, कल्पना पांडेय, कल्पना संतोष यादव, पूजा एवन साहू, पूर्णिमा कुलेश्वर साहू, क्षेत्र क्रमांक 22 हाथीबाहरा से लाला राम मांझी, राय सिंग बिसाहू ठाकुर, तुला राम ठाकुर, विद्याधर सोरी, क्षेत्र क्रमांक 24 बिंद्रावन से दुलारी बाई अमृत राणा, लता कुमारी झनक राम कुम्हार, लेखमणि पटेल, सरिता राजेश त्रिपाठी, एवं क्षेत्र क्रमांक 25 नर्रा से पूर्व सरपंच चिंतामणि चंद्राकर, गोपाल किशन पटेल, काशीराम यादव, किरण यदु, किशोर कुमार चतुर्वेदी, लोचन पटेल, मेघनाथ दुर्जन यादव, मोतीराम पटेल, पतिराम साहू, प्रवेन्द्र कुमार दिवाकर (राजा बाबू), पूरन लाल पटेल, रंजीत चक्रधारी, उमेश जैन, चुनाव मैदान में उतरकर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

चुनाव के अंतिम दौर में चुनाव प्रचार कार्य इन दिनों गांव गांव में जोरों से चल रहा है। प्रत्याशियों में जीत को लेकर घमासान मचा हुआ है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**महासमुन्द जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**
रा.प्र.क्र.202150112250018/अ-21वर्ष-2024-2025 ग्राम -मुरकी प.ह.नं. 47 तहसील व जिला महासमुन्द

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी मुरकी की सूचना प्रकाशित किया जाए है कि आवेदक रतन पटेल पिता कार्तिक जाति मरार निवासी ने ग्राम मुस्की प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. शेर तहसील व जिला महासमुन्द में स्थित शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 96 रकबा 0.07 हेक्टे भूमि को आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाने के कारण सशि की आवश्यकता होने से बिक्री करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय महारामुन्द के समकक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है जिसका आवेदन मूलतः श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को उजर/दाया/आपत्ति पेश करना ही तो वह नियत दिनांक 27.02.2025 प्रातः 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उत्जर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। म्याद बीत जाने पर प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार महासमुंद ( छ.ग. )**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**महासमुन्द, जिला-महासमुन्द ( छ.ग. )**
रा.मा.क्रं.20250112250021/अ-21, वर्ष 2024-25 ग्राम- मुरकी प.ह.नं. 47 रा.नि.म. - शेर तहसील व जिला महासमुन्द

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी मुरकी को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदक महेश पिता गणेश वगैरह जाति सतनामी निवासी ग्राम मुरकी ने ग्राम मुरकी प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. शेर तहसील व जिला महासमुन्द में स्थित शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 101 रकबा 0.80 हेक्टे, भूमि आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाने के कारण राशि की आवश्यकता होने से बिकी करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय महासमुन्द के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है जिसका आवेदन मूलतः श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को उजर/दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह नियत दिनांक 27.02.2025 न्यायालयीन समय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उजर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद बीत जाने पर प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार महासमुंद ( छ.ग. )**

# बसना और सरायपाली जनपद में मतदान आज, मतदान दल पहुंचा




**महासमुंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। त्रि.स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के बसना एवं सरायपाली विकासखण्ड में प्रथम चरण का मतदान सोमवार 17 फरवरी को संपन्न होगा। मतदान सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगी। मतदान के पश्चात उसी केंद्र में मतगणना की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह के दिशा.निर्देशन में महासमुंद जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत 17 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी.कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक.चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सोमवार 17 फरवरी को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों बसना एवं सरायपाली के पंचायतों के लिए रविवार 16 फरवरी को सुबह सामग्री वितरण केन्द्रों से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के मार्गदर्शन में सामग्री वितरण कर मतदान दल को रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत बसना अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 24, सरपंचों की संख्या 102 एवं पंचों की संख्या 1289 है। जिसमें से 1001 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है। वहीं सरपंच के 9 पद एवं जनपद सदस्य एक निर्विरोध निर्वाचित हुए है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों में पंच के 642, सरपंच के 307, जनपद सदस्य के 101 अभ्यर्थी मैदान में है। वहीं जनपद पंचायत सरायपाली अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 107 एवं पंचों की संख्या 1391 है। जिसमें से 1058 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए है। वहीं सरपंच के 13 पद एवं जनपद सदस्य एक निर्विरोध निर्वाचित हुए है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों में पंच के 730, सरपंच के 337, जनपद सदस्य के 92 अभ्यर्थी मैदान में है। जनपद पंचायत बसना अंतर्गत 102 ग्राम पंचायतों में एक लाख 41 हजार 164 मतदाता शामिल है, जिसमें पुरुष मतदाता 69 हजार 621 व महिला मतदाता 71 हजार 543 तथा जनपद पंचायत सरायपाली अंतर्गत 107 ग्राम पंचायतों में एक लाख 41 हजार 618 मतदाता है, जिसमें पुरुष मतदाता 70 हजार 371 व 71 हजार 247 महिला मतदाता शामिल है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि.स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत 17 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात उसी मतदान केंद्र में की जाएगी।

**मतदान सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक**

## VASWANI INDUSTRIES LIMITED

Registered office-Bahesar Road, Near Cycle Park, Vill - Sondra Phase-II, Industrial Area, Siltara, Raipur, (C.G.) 493221, (CIN:L28939CT2003PLC015964) , Email:-complianceofficer@vaswaniindustries.com, Phone No. 9977403360

**Extract of Unaudited Standalone Financial Results for the Quarter and nine months ended 31 December, 2024**

Except EPS all figures in Lakh

| Sr. No. | Particulars | For the Quarter ended | | | For Nine Month ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-Dec.-24 (Unaudited) | 30-Sep.-24 (Unaudited) | 31-Dec.-23 (Unaudited) | 31-Dec.-24 (Unaudited) | 31-Dec.-23 (Unaudited) | 31-Mar.-24 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operation | 10,265.12 | 10,237.31 | 11,878.80 | 29,708.08 | 30,004.97 | 39,100.81 |
| 2 | Net Profit/Loss before tax exceptional items and exceptional and/or Extraordinary Items | 251.75 | 398.35 | 321.76 | 1,005.37 | 768.84 | 1,232.56 |
| 3 | Net Profit/Loss before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 176.98 | 233.14 | 231.84 | 661.73 | 592.83 | 903.29 |
| 4 | Net Profit/Loss after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 176.98 | 233.14 | 231.84 | 661.73 | 592.83 | 903.29 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period (Comprising Profit/Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax) | 176.98 | 233.14 | 231.84 | 661.73 | 592.83 | 900.35 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 3,134.62 | 3,000.00 | 3,000.00 | 3,134.62 | 3,000.00 | 3,000.00 |
| 7 | other equity( excluding revaluation reserves) | | | | | | |
| 8 | Equity Per shares ( Rs.10/- each) | | | | | | |
| | (a) Basic | 0.58 | 0.78 | 0.77 | 2.18 | 1.98 | 3.01 |
| | (b) Diluted | 0.58 | 0.78 | 0.77 | 2.18 | 1.98 | 3.01 |

1) The Financial Results of the company for the quarter ended 31st December, 2024 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 15.02.2024.

2) The above is an extract of the detailed format of financial result filed for the quarter ended 31st December, 2024 filed with Stock Exchange under Regulation 33 and other applicable provision of SEBI (LODR) Regulations 2015, The full format of the financial results are available on the stock exchange websites (www.bseindia.com and www. www.nseindia.com) and on the company's website (www.vaswaniindustries.com)

For and on behalf of Board of Directors
Sd/-
Yashwant Vaswani
Whole Time Director

Raipur
Date-15.02.2024

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SATISH KUMAR S/O SHYAM LAL resident of H.NO.2 DUBEY PARA VILL RAMESHPUR TEHSIL RAGHUNATH NAGAR DIST BALRAMPUR (C.G.) have changed my old name SATISH KUMAR S/O SHYAM LAL so in future I should be recognized by my new name that is SATISH KUMAR JAISWAL S/O SHYAM LAL in all Government and other documents.

**SATISH KUMAR JAISWAL**
H.NO.2 DUBEY PARA VILL RAMESHPUR TEHSIL RAGHUNATH NAGAR DIST BALRAMPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, GHARIHAR RAM NISHAD S/O SHANKAR NISHAD resident of H.NO.39 NISHAD MAHALLA, MEHMAND BILASPUR (C.G.) have changed my old name GHARIHAR RAM NISHAD S/O SHANKAR NISHAD so in future I should be recognized by my new name that is JHARIHAR NISHAD S/O SHYAM LAL in all Government and other documents.

**JHARIHAR NISHAD**
H.NO.39 NISHAD MAHALLA, MEHMAND BILASPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MUFADDAL HUSAIN S/O ZAHED HUSSAIN resident of SHANKAR WARD BHATAPARA DIST BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name MUFADDAL HUSAIN S/O ZAHED HUSSAIN so in future I should be recognized by my new name that is MUFADDAL HUSSAIN S/O ZAHED HUSSAIN in all Government and other documents.

**MUFADDAL HUSSAIN**
SHANKAR WARD BHATAPARA DIST BALODA BAZAR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ZAHED HUSAIN S/O MULLA MAHMOOD ALI resident of SHANKAR WARD BHATAPARA DIST BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name ZAHED HUSAIN S/O MULLA MAHMOOD ALI so in future I should be recognized by my new name that is ZAHED HUSSAIN S/O MULLA MAHMOOD ALI in all Government and other documents.

**ZAHED HUSSAIN**
SHANKAR WARD BHATAPARA DIST BALODA BAZAR (C.G.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**महासमुन्द, जिला-महासमुन्द ( छ.ग. )**
रा.मा.क्रं. 20250112250020/अ-21(4), वर्ष-2024-25 ग्राम मुरकी प.ह.नं. 47 रा.नि.म. शेर तहसील व जिला-महासमुन्द

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी मुरकी को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, आवेदक दसरू पित्ता रूपचंद जाति सतनामी निवासी ग्राम मुरकी ने ग्राम मुरकी प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. शेर तहसील व जिला महासमुन्द में स्थित शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 103/2 रकबा 0.62 हेक्टे. भूमि को आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाने के कारण राशि की आवश्यकता होने से बिकी करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय महासमुन्द के समक्ष आवेदन पत्र पेश किया गया है जिसका आवेदन मूलतः श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को उजर/दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह नियत दिनांक 27.02.2025 प्रातः 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उजर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। म्याद बीत जाने पर प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार महासमुन्द ( छ.ग. )**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, FARHA KHAN W/O SHADAB AHMED resident of 2D, 34, NEAR HANUMAN MANDIR SECTOR 8, CIVIC CENTRE BHILAI, DURG (C.G.) 490006 have changed my old name FARHA KHAN W/O SHADAB AHMED so in future I should be recognized by my new name that is FARHA NAHID W/O SHADAB AHMED in all Government and other documents.

**FARHA NAHID**
2D, 34, NEAR HANUMAN MANDIR SECTOR 8, CIVIC CENTRE BHILAI, DURG (C.G.) 490006

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PREETI PREMCHANDANI D/O PRAKASHCHAND PREMCHANDANI resident of F BLOCK FLAT NO-102, AVANTI VIHAR , INFRONT OF SENT XAVIERS SCHOOL, RAHEJA RESIDENCY, RAIPUR (C.G) 492001 have changed my old name PREETI PREMCHANDANI D/O PRAKASHCHAND PREMCHANDANI so in future I should be recognized by my new name that is DRISHTI PREMCHANDANI W/O YOGESH PREMCHANDANI in all Government and other documents.

**DRISHTI PREMCHANDANI**
F BLOCK FLAT NO-102, AVANTI VIHAR , INFRONT OF SENT XAVIERS SCHOOL, RAHEJA RESIDENCY, RAIPUR (C.G) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MAIMOONA BANO W/O MUFADDAL HUSSAIN resident of SHANKAR WARD BHATAPARA DIST BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name MAIMOONA BANO W/O MUFADDAL HUSSAIN so in future I should be recognized by my new name that is MAIMUNA BANO W/O MUFADDAL HUSSAIN in all Government and other documents.

**MAIMUNA BANO**
SHANKAR WARD BHATAPARA DIST BALODA BAZAR (C.G.)

# तेलीन माता की अगाध भक्ति के कारण कमलक्षेत्र पद्मावती पुरी बना राजिम

**राजिम,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहे जाने वाले राजिम का अपना पुराना धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है, उतना ही राजिम का नाम भी महत्वपूर्ण है। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के आरम्भ में भगवान विष्णु के नाभि से निकला कमल यहीं पर गिरा था। ब्रह्मा जी ने यहीं से सृष्टि की रचना भी की थी। इसलिये इसका नाम कमलक्षेत्र पद्मावती पुरी पड़ा।



कालांतर में तैलीय समाज में भगवान राजीव लोचन की एक परम भक्तिन ने जन्म लिया, जिसका नाम राजिम था। इसी भक्तिन माता के नाम से कमलक्षेत्र पद्मावती पुरी का नाम राजिम卐 पड़ा। जो आज पूरे प्रदेश में ही नहीं अपितु यहां आयोजित होने वाले कल्प कुंभ के कारण पूरे देश-विदेश में अपनी ख्याति का परचम फहरा रहा है।



किवदंती है कि राजिम भक्तिन भगवान का स्मरण करते हुए रोज तेल बेचने के लिए बाजार जाया करती थी। एक दिन नदी के पास एक पत्थर से ठोकर खाकर गिरने से उसके सिर पर रखा हुआ पूरा तेल नीचे जमीन पर गिर गया और वह भयातुर होकर अपने बर्तन को पत्थर पर रखकर रोने लगी। कुछ देर के बाद वह उस खाली बर्तन को उठाने की कोशिश की, तो यह देखकर अचांभित हो गई कि तेल का खाली बर्तन तेल से भर गया। उसने इसे एक चमत्कार मानते हुए पत्थर को लाकर अपनी घानी पर रख दिया। जिससे उसका बर्तन कभी खाली नहीं रहा और व्यवसाय दिन ब दिन बढ़ने लगा।

कहा जाता है उसी वक्त यहां के राजा को भगवान विष्णु ने दर्शन देकर कहा कि मेरा विग्रह भक्तिन राजिम के पास उसकी घानी में रखा हुआ है। तुम उसे लेकर मेरी मंदिर में प्रतिष्ठा कर पूजा अर्चना करो। राजा ने यह बात दरबारियों को बताते हुए भक्तिन राजिम से वह मूर्ति मांगने की याचना की। कहा जाता है कि लाख कोशिशों के बाद जब भक्तिन राजिम को राजा ने मूर्ति के बराबर धन देने की बात कही, तो उसकी बात को परिवार वालों ने मानकर मूर्ति देने का फैसला किया। जब मूर्ति को एक पलड़े पर रखकर दूसरे पलड़े पर धन रखना शुरू किया, तो पूरा राजकोष खाली हो जाने के बावजूद पलड़ा टस से मस नहीं हुआ। ये देखकर राजा चिंतित हो गए। बावजूद पलड़ा टस से मस नहीं हुआ। ये देखकर राजा चिंतित हो गए।

इसके बाद भगवान ने दोबारा दर्शन देकर राजा से कहा कि तुम एक तुलसी पत्ता पलड़े में डाल दो। दूसरे दिन राजा ने तुलसी पत्ते को धन वाले पलड़े में रखा, तो पलड़ा सम हो गया। इसीलिए आज भी भगवान राजीव लोचन को तुलसी पत्ता चढ़ाने का विधान है। कहा जाता है कि राजिम भक्तिन माता की भक्ति के कारण राजिम का नाम जग प्रसिद्ध हो गया। आज भी राजीव लोचन मंदिर के प्रांगण में भक्तिन राजिम माता का मंदिर बना हुआ है।

### हर वर्ष साहू समाज मनाता है जयंती

राजिम माता के नाम से साहू (तेली) समाज द्वारा 7 जनवरी को राजिम भक्तिन माता की भव्य जयंती मनाकर उनके प्रति अपनी आस्था श्रद्धा की भावांजलि समर्पित करते हैं, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से तेली समाज सहित अन्य समाज के लोग भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं।

## पुलिस के रोका छेका के कारण हजारों श्रद्धालु लौटे वापस



देश-प्रदेश में ख्याति प्राप्त करने वाली राजिम कुंभ कल्प मेला में इस बार आम लोगों के लिए की गई व्यवस्थाओं में कमी के कारण नवीन मेला मैदान,मुख्य मंच दर्शक दीर्घा खाली-खाली नजर आ रही है। बताया जाता है कि इसका अनेक कारणों में से एक प्रमुख कारण पुलिस प्रशासन की आम लोगों के प्रति अच्छा व्यवहार नहीं करना भी सामने आ रही है। राजिम कल्प कुंभ प्रारम्भ हुए पांच दिन हो चुके हैं, लेकिन दर्शक राजीव लोचन मंदिर और कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर से महोत्सव स्थल जाने तक आवागमन में हो रही कठिनाई के कारण नहीं पहुंच पा रहे हैं। जो अपने साधन से जाने का प्रयास भी करते उन्हें पुलिस रोक रही है। इसके चलते आज हजारों श्रद्धालु पुलिस को कोसते हुए वापस लोटी ।

## तीर्थ नगरी राजिम के पावन तट पर नवीन मेला मैदान
## राजिम-चौबेबांधा में कुंभ कल्प की एक अलग ही दुनिया बसी



तीर्थ नगरी राजिम के पावन तट पर नवीन मेला मैदान राजिम-चौबेबांधा में कुंभ कल्प की एक अलग ही दुनिया बसी हुई है। इस बार नए मेला मैदान में 54 एकड़ के विशाल भूखंड को बहुत ही सुव्यवस्थित ढंग से सजाया गया है। जिसकी रौनकता और भव्यता देखकर यहां आने वाले पर्यटक प्रशंसा करने के से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। मेला आयोजन को सफल बनाने विभिन्न विभागों के अधिकारी -कर्मचारी पूरी लगन, निष्ठा और मेहनत के साथ काम कर रहे हैं, जिसके कारण मेले का स्परूप बहुत ही व्यवस्थित और बहुआयामी हो गया है। विशाल मुख्य मंच में कलाकारों सहित आए हुए अतिथियों के लिए पर्याप्त जगह बनाई गई है, ताकि कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने में किसी प्रकार की तकलीफों का सामना न करना पड़े। इसी प्रकार दर्शकों के बैठने 5 हजार से अधिक कुर्सियां लगाई गई है। 10 रुपए में मिल रहा भर पेट भोजन मेलार्थियों को स्वादिष्ट और भरपेट भोजन उपलब्ध हो इस बात को ध्यान में रखते हुए शासन - प्रशासन द्वारा भरपूर व्यवस्था की गई है। पूरे मेला मैदान में 53 से ज्यादा दाल भात सेंटर खोले गए हैं। ये दाल भात सेंटर की जिम्मेदारी महिला स्व सहायता समूह को दी गई है। लोगों को मात्र 10 रुपए में स्वादिष्ट गर्म भोजन मिल रहा है। वहीं 20 रुपए में दाल भात के साथ सब्जी और अचार भी

### कुंभ में आकर्षण का केंद्र बने 2 फीट की हाइट वाले ललित, शादी के लिए खूबसूरत युवती की तलाश जारी




राजिम कुंभ कल्प मेला के स्थानीय मंच पर गरियाबंद जिले के कोसमबुड़ा गांव से कार्यक्रम देने पहुंचे हास्य कलाकार ललित कुमार ध्रुव अपनी कम हाइट के कारण पूरे मेले में आकर्षण का केन्द्र बने। 27 वर्षीय ललित ध्रुव 10वीं पास है। वे पांचवी कक्षा से गांव में लोकमंच से जुड़कर लोगों को नाच गाकर और अपनी भावभंगिमाओं से दर्शकों को हंसाने का काम कर रहे है। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि वह अभी तक अविवाहित है। उन्हें अपनी शादी के लिए एक खुबसूरत लड़की की तलाश है, लेकिन हाइट कम होने के कारण उन्हें शादी योग्य लड़की नहीं मिल रही है। उन्होंने अपने बौनेपन को लेकर कहा की उन्हे इससे कोई एतराज नहीं, पहले लोग चिढाते थे, तब जरूर बुरा लगता था, लेकिन अब नहीं लगता। सारे लोग अब मेरे बहुत अच्छे दोस्त बन गए और मुझे बहुत प्यार करते है।

# भक्तिन माता भोग भंडारा में हुआ परिवार सम्मेलन

**राजिम,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। आज दिनांक 16फरवरी 2025 दिन रविवार को महानदी संगम में साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा आयोजित राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा में मंडल परिवार के प्रमुख सदस्य पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू जनक राम साहू सेवक राम साहू घना राम साहू एवं समिति के संरक्षक मेहतरु राम साहू बोधन साहू एवं अध्यक्ष लाला साहू ने पूजा अर्चना कर भोग भंडारा में भक्तों को प्रसाद वितरण किया आज के इस भोग भंडारा में खास बात यह रही कि इस भंडारा स्थल में मंडल परिवार के ग्राम रक्सा परसदा मोगरा मोगरापाली तथा संहर में निवासरत गंगबेर गोत्र के सभी परिवारजन उपस्थित हुए और भोग भंडारा परिवार की ओर से आयोजित किया गया तथा परिवार जनों ने भंडारा में आए हुए लोगों को भोजन प्रसादी वितरण भी किये। और हर वर्ष की भांति मंडल परिवार इस वर्ष भी राजिम कुंभ मेला 2025 में राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा स्थल में सम्मिलित हुए।आज भंडारा में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यंजन सलगा बरा आलू चना बरबटी की सब्जी एवं एचएमटी चावल परोसा गया।



## मोगली और बघीरा बच्चों के आकर्षण का केन्द्र

राजिम कुंभ मेला में पहुंचने वाले लोगों के लिए मनोरंजन के भरपूर साधन है। नए मेला मैदान में लगे मीना बाजार के साथ साथ मेले में विभिन्न प्रकार के झूले और मनोरंजन के कई साधन हैं। वहीं नदी पर श्री कुलेश्वर महादेव मंदिर के पास मनोरंजन के लिए दो झांकी लगी हुई है। जिसमें एक जगत मोहिनी और कौरव नगर तथा दूसरा मोगली द जंगल बुक बनाया गया है। जगत मोहिनी झांकी के संचालक संतोष तिवारी ने बताया कि विगत 15 वर्षों से झांकी लगा रहे हैं। वहीं दूसरे झांकी के संचालक प्रकाश वैष्णव द्वारा पहली बार झांकी लगाया गया है। प्रदर्शनी के मुख्य द्वार पर मोंगली और बघिरा की चलित झांकी बच्चों को अपनी ओर आकार्षित कर रहा है। प्रदर्शनी के संचालक ने बताया कि टीवी में आने वाले कार्यक्रम मोंगली को देखकर हमने खास बच्चों के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया है। यहां आने वाले बच्चे ही नहीं बल्कि बड़े लोग भी प्रदर्शनी का आनंद उठा रहे हैं। प्रदर्शनी में बच्चों के अलावा बड़ों की भी काफी भीड़ देखी गई, जो मोंगली और बघिरा के जीवन पर आधारित इस चलित झांकी में जीवंत प्रस्तुति देखकर रोमांचित हो रहे हैं। मोगली द जंगल बुक में मोगली और बघीरा की कथा पर आधारित प्रदर्शनी बच्चों के बीच मेले का मुख्य आकर्षण बना हुआ है।



# पुलिस ने पकड़ी लाखों की अवैध शराब, दो तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव की मतगणना और आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को देखते हुए पुलिस सख्त निगरानी में जुटी है। इसी दौरान 14 फरवरी को खरसिया पुलिस ने ह॥-49 पर चोढा चौक के पास अवैध शराब से भरा कंटेनर (क्र 78 ष्ठह्र 3531) पकड़ा। पुलिस चेकिंग देखकर चालक वाहन लेकर भागा और हड़बड़ी में ग्राम देहजरी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।




मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन की जांच की, जिसमें 11,760 बोतल (8,820 बल्क लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत ?94.08 लाख आंकी गई। साथ ही ?30 लाख का कंटेनर जब्त कर कुल ?1.24 करोड़ की संपत्ति जप्त की गई।

पुलिस ने मौके से दो तस्करों, मोहम्मद अजीम (28) और सुमित चौधरी (30), दोनों निवासी मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश), को गिरफ्तार किया। पूछताछ में वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद उनके खिलाफ थाना खरसिया में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम और एसडीओपी प्रभात पटेल के निर्देशन में थाना प्रभारी कुमार गौरव व उनकी टीम की अहम भूमिका रही।

# निर्वाचन कार्य से गायब रहने वाले पटवारी पर गिरी निलंबन की गाज, एसडीएम ने की कार्रवाई

**बिलासपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के सरकंडा क्षेत्र में चुनाव ड्यूटी में नदारद रहने वाले पटवारी पर निलंबन की गाज गिरी है. लापरवाही के बाद एसडीएम पियूष तिवारी ने पटवारी महिलाने को सस्पेंड कर दिया है. पटवारी विकास जायसवाल को सरकंडा हल्का नंबर 32 की जिम्मेदारी सौंपी गई है. दरअसल, सरकंडा के पटवारी महिलाने को शनिवार को कोनी स्थित मतगणना स्थल पर सहायक रिटर्निंग अफसर के साथ ड्यूटी पर तैनात किया गया था. उन्हें मतगणना कार्यों में सहायक रिटर्निंग अफसर की सहायता करनी थी और इसके लिए उन्हें सुबह 8 बजे तक मतगणना स्थल पर उपस्थित होने का आदेश दिया गया था. हालांकि, निर्धारित समय पर वे मौके पर नहीं पहुंचे और न ही उन्होंने अनुपस्थिति की कोई सूचना संबंधित अधिकारी को दी. उनकी इस लापरवाही के कारण मतगणना के दौरान निर्वाचन संबंधी कार्यों में बाधा उत्पन्न हुई. लापरवाही के आरोप में एसडीएम ने पटवारी को निलंबित कर दिया है. निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय बिलासपुर तहसील की कानूनगो शाखा निर्धारित किया गया है.




# घरेलू विवाद पर की दादी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। मरवाही थाना क्षेत्र के ग्राम पथर्री में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने अपनी ही दादी की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह फरार होने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया।



दरअसल प्रार्थी ताम्रसिंह प्रजापति और उनका परिवार लंबे समय से आपसी विवादों से गुजर रहा था। 12 फरवरी को जब मृतका अपने छोटे पुत्र मोहन प्रजापति और अन्य परिजनों के घर पर थीं, तभी उनके नाती आरोपी बेंत लाल प्रजापति ने आपसी विवाद के चलते उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया और दूसरे राज्य भागने की तैयारी कर रहा था। आरोपी उज्जैन मध्यप्रदेश के पास काम करने गया था जो घटना के दो दिन पहले ही गांव आया था।

# दो नाबालिग लड़कियों की डूबने से मौत, तालाब में नहाने के दौरान हुआ हादसा

**कोरबा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। जटगा चौकी इलाके के खोड़री गांव में दो नाबालिग लड़कियों की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि दोनों लड़कियां नहाने के लिए गई थीं, इस दौरान ये हादसा हो गया। मृतक लड़कियों की उम्र करीब 10 से 11 साल के बीच होगी। पुलिस ने घटनास्थल से दोनों के शव बरामद किए हैं। उन्हें तुरंत तुमान के अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किन परिस्थितियों में दोनों लड़कियां पानी में डूबी हैं।

# 276 शास. कर्मचारियों व शिक्षकों पर गिरी गाज

## 24 घंटे के भीतर देना होगा नोटिस का जवाब

**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। चुनाव कार्य में लापरवाही पर ताबड़तोड़ कार्रवाईयां हो रही है। बावजूद कई कर्मचारी-शिक्षक सबक नहीं ले रहे हैं। एक और बड़ी कार्रवाई शिक्षकों और कर्मचारियों पर बलौदाबाजार में हुई है। जहां एक साथ 276 शिक्षकों और कर्मचारियों पर कार्रवाई हुई है।

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने मतदान दलों के प्रशिक्षण से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 276 कर्मचारियों को नोटिस भेजा है। नोटिस मिलने के 24 घण्टे के अंदर जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल में ड्यूटी लगाए गए कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालयों में 13 और 14 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया था।

विकासखंड बलौदाबाजार में 15, भाटापारा में 29, सिमगा में 106, कसडोल में 56 और विकासखंड पलारी में 70 कर्मचारी प्रशिक्षण में अनुपस्थित थे।

# टमाटर को चूहों से बचाने की चिंता में पति ने मिलाया जहर

**कोरबा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। दूसरे मौसम की अपेक्षा ठंड के मौसम में टमाटर की कीमतें काफी नीचे आ गई हैं और यह लोगों की पहुंच में है। फिर भी लोग टमाटर की रक्षा चूहों से करने को लेकर गंभीर हैं। हद तो तब हो गई जब कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में एक व्यक्ति ने टमाटर में रेट किलर नाम की जहरीली दवाई इंजेक्ट कर दी। पत्नी ने इन्हीं टमाटर की चटनी बनाकर खाई और वह मौत के आगोश में समा गई।

कहा जाता है कि मौत को लेकर किसी प्रकार के कारण नहीं होते और वह कहीं भी, कभी भी दबे पांव चली जाती हैं। वह भी इतनी जल्द की किसी को संभलने का मौका नहीं मिलता और जिंदगी का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। कटघोरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिंजरा गांव में कार्तिक राम की 25 वर्षीय पत्नी बसंती की मौत कुछ इसी अंदाज में हुई। उसकी मौत का कारण बनी टमाटर की चटनी। अपने घर पर रखें टमाटर को चूहों से बचाने के लिए पति कार्तिक राम के द्वारा क्या इंतजाम किया गया है इस बारे में पत्नी अनजान थी। उसे



### चटनी बनाकर खा गई पत्नी, हुई मौत

बिल्कुल नहीं मालूम था कि जिस टमाटर की चटनी बनाकर वह खा रही है उसके भीतर रेट किलर इंजेक्ट किया गया है। चटनी खाने के कुछ देर के बाद ही बसंती की हालत खराब हो गई। पति ने बताया कि तबीयत बिगड़ने पर उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई खास नतीजा नहीं आने पर उसे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल कोरबा के लिए रेफर किया गया जहां पर उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस के पास इसी तरह की जानकारी सामने आई है कि महिला की मौत चूहा मारने वाली दवा का उपयोग टमाटर मैं किए जाने से हुई है।

8 वर्ष पहले विवाहित बसंती की मृत्यु होने से उसके दो बच्चों के सर से मां का साया उठ गया है। अब उनके संरक्षण की जिम्मेदारी पति और अन्य परिजनों पर आ गई हैं। बिंझरा गांव में हुई इस घटना ने लोगों को दुखी किया है और सबक भी दिया है। आगे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए जरूर इस बात की है कि अगर कोई अपने घर में खाने-पीने की चीजों की सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम भरा कदम उठाने जा रहे हैं तो इस बारे में घर के लोगों को पूरी जानकारी हो ताकि अनहोनी से बचा जा

NECC

| 17.02.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 435 | 60 | 175 |
| चिल्हर | 6.00 | 85 | 200 |
| डिलीवरी | 450 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

भिखारी- ऐ भाई एक रुपया देदे, तीन दिन से भूखा हूँ।
राहगीर- तीन दिन से भूखा है तो एक रुपए का क्या करेगा..?
भिखारी- वजन तोलूंगा कितना घटा है..!!

संपादकीय

## प्रदेश की तस्वीर बदले

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के लिये 11 फरवरी को हुए मतदान के शनिवार को घोषित हुए नतीजों में भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मारी है। प्रदेश के सभी 10 नगर निगमों के अलावा नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में भी उसे एकतरफा जीत मिली है। 49 नगर पालिकाओं में 35 और 114 नगर पंचायतों में से 81 पर उसका कब्जा हुआ है। 70 प्रतिशत से भी अधिक नगरीय निकायों पर भाजपा की सरकारें बनी हैं। अगले एक हफ्ते के भीतर ग्रामीण निकायों के भी चुनाव हो जायेंगे जिनमें जिला पंचायतें और ग्राम पंचायतें हैं। इनमें भी यही कहानी दोहराये जाने की उम्मीद है। सामान्यत: प्रदेश में जिस पार्टी की सरकार होती है, अक्सर स्वायत्त संस्थाएं वही जीतती हैं। ज्यादातर ऐसा होता दिखता है। बेशक इसमें अपवाद भी होते हैं। पिछली बार जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब यही कारनामा कांग्रेस ने किया था। हालांकि उसकी जीत इतनी बड़ी नहीं थी जो अब की भाजपा ने प्राप्त की है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में सत्ता का यह ऐसा समीकरण बन गया है कि राज्य के साथ केन्द्र में भी भाजपा की सरकारें हैं। इस स्थिति का फायदा उठाकर शहरी व ग्रामीण छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदलने में राज्य व निकायों की सरकारों को जुट जाना चाहिये।

राज्य में नागरिक सुविधाओं की बात करें तो स्थिति बहुत बुरी है। कुछेक शहरों एवं कस्बों को छोड़ दें तो छग के अधिकतर शहर, छोटे नगर और गांवों में बुनियादी सुविधाओं की बेहद कमी है। राजधानी रायपुर देश के सर्वाधिक गंदे शहरों में से एक है। केन्द्रीय शहर विकास मंत्रालय द्वारा हर वर्ष जो स्वच्छता स्पर्धाएं की जाती है उनमें किसी भी श्रेणी में अंबिकापुर जैसे एकाध शहर को छोड़ दें तो कोई उल्लेखनीय पुरस्कार राज्य को प्राप्त नहीं होते। प्रदेश की रैंकिंग भी अक्सर निचले पायदान पर रहती है। रैंकिंग या पुरस्कार की बात एक तरफ रख दें तो भी जो स्थिति नंगी आंखों से दिखलाई देती है वह यही है कि प्रदेशवासी खराब नागरिक जीवन जी रहे हैं। लगभग सारे शहरों में सर्वत्र गंदगी दिखती है। जगह-जगह कचरे के ढेर, कूड़े से भरी हुई नालियां और बहता हुआ गंदा पानी हमारे शहरों की पहचान हैं। सफाई केवल वीआईपी इलाकों में दिखती है या फिर सोसायटियों व कॉलोनों में जहां अभिजात्य वर्ग के लोग रहते हैं। सामान्य लोगों व निम्न वर्ग के लोगों की बस्तियों में स्थिति बहुत खराब है।

गंदे पानी की निकासी की स्थिति भी चिंतनीय है। बड़ा तबका गंदे पानी वाली नालियों व गटरों के किनारे बस्तियां बनाकर रहता है। स्मार्ट परियोजना वाले शहरों की भी स्थिति बुरी है। सफाई एवं निकासी के अलावा शिक्षा तथा स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना ज़रूरी है। राज्य सरकार निकायों को भरपूर आर्थिक सहायता करे। साथ ही, भ्रष्टाचार पर लगाम ज़रूरी है।

# जनता से जुड़े कार्य व शहर के सर्वांगीण विकास को दें प्राथमिकता : किरण देव

## नगर निगम में बड़ी जीत सभी नवनिर्वाचित प्रत्याशियों के लिये बड़ी जिम्मेदारी है : मंत्री केदार

**नगर निगम चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद महापौर सहित समस्त निर्वाचित पार्षदों की भाजपा संगठन ने ली बैठक**





**जगदलपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम चुनाव परिणाम आने के 24 घंटे बाद रविवार को भाजपा संगठन ने पार्टी जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित महापौर व सभी 30 पार्षदों की महत्वपूर्ण बैठक ली। जिसमें विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं कैबिनेट मंत्री व नगर निगम चुनाव प्रभारी मंत्री केदार कश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने नवनिर्वाचित प्रत्याशियों को बधाई देते हुये शहर के विकास व जनता की सेवा में निरंतर कार्य करने कहा। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने नगर निगम जगदलपुर में भाजपा के काबिज होने की बधाई देते हुये पंचायत चुनाव में भी भाजपा की जीत के लिये सभी से परिश्रम करने कहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने अपने संबोधन में कहा कि महापौर सहित भाजपा के 30 पार्षद जनता के आशीर्वाद से विजयी होकर नगर निगम में भाजपा की सरकार चलायेंगे। जनता से जुड़े प्रत्येक कार्य का समय पर उचित निदान व शहर का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता में होना चाहिये। ट्रिपल इंजन की सरकार समस्त कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से बनी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। आने वाले पांच वर्ष में जगदलपुर शहर व यहां के सम्मानीय निवासियों के लिये सभी विजयी प्रत्याशी संपूर्ण ज़िम्मेदारी से कार्य करें। साथ ही संगठन के द्वारा समय समय पर सौंपे गये दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि नगर निगम चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत निष्ठावान कार्यकर्ताओं की कर्मठता से प्राप्त हुई है। यह बड़ी जीत सभी निर्वाचित प्रत्याशियों के लिये बड़ी ज़िम्मेदारी भी है। जनता से जुड़े कार्य व उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिये सभी सदैव प्रतिबद्ध रहें। साथ ही संगठन को मजबूत करने व उसको विस्तार देने भी अपनी महती भूमिका निभायें। देश सहित प्रदेश में भाजपा की सरकार है। शहर के विकास की रुपरेखा निर्धारित कर हर काम पूर्ण करने पूरा प्रयास किया जायेगा। बैठक को श्रीनिवास राव मद्दी, भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय व नवनिर्वाचित महापौर संजय पाण्डेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आर्येन्द्र आर्य ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से शरद अवस्थी, विद्या शरण तिवारी, रुप सिंह मण्डावी, सफीरा साहू, प्रकाश झा आदि सहित नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संतोष पहले जिलाध्यक्ष, जिनके कार्यकाल में प्रचंड जीत

- पांचों निकायों में भाजपा की शानदार जीत से बढ़ा कद
- अब दंतेवाड़ा का होगा सर्वांगीण विकास
- जिलाध्यक्ष ने जनता को किया नमन, जताया आभार



**दंतेवाड़ा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव के एक महीने पूर्व ही जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की। दंतेवाड़ा में भाजपा जिलाध्यक्ष बनाकर संतोष गुप्ता को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गयी। श्री गुप्ता के कुशल नेतृत्व और परिपक्वता से जिले के पांचो निकायों में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की।

भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि निकाय चुनावों में इस शानदार जीत के साथ भाजपा सर्वोन्मुखी विकास के साथ-साथ जन-जन के कल्याण के अपने संकल्पों को पूरा करके पूरे प्रदेश को अन्याय, आतंक, भ्रष्टाचार और छल-कपट के कांग्रेसी टूलकिट-एजेंडे से मुक्त प्रदेश बनाने का काम करेगी। भाजपा की जीत के लिए दंतेवाड़ा की जन-शक्ति का आभार मानते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेसी-दुराग्रह को जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

श्री गुप्ता ने नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे को भाजपा के विश्वास के अनुरूप बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने जिस दोहरे राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करके प्रदेश के नगरीय निकायों को अराजकता की दिशा में धकेलने का षड्यंत्र रचा था, जनता ने उसका करारा जवाब कांग्रेस को दे दिया है और कांग्रेस की दुर्गति उसी का परिणाम है। भाजपा के विकास और सुशासन के प्रति अगाध समर्थन की प्रचंड आंधी में कांग्रेस एक बार फिर तिनके की तरह उड़ गई है। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार और अधिक ताकत के साथ न केवल युवाओं, महिलाओं की प्रतिभा के अनुरूप उनके विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगी, अपितु उनकी संभावनाओं के आकाश पर उनके सपनों को उड़ान भरने का पूरा मौका देगी। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा की यह जीत जनता-जनार्दन के संकल्पों की जीत है। जनता ने भाजपा के अटल विश्वास पत्र पर जो भरोसा जताया है, भाजपा की सरकार विकास का विजन, जनकल्याणकारी नीति और सेवा व सुशासन की नीयत के साथ दंतेवाड़ा को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी। इसके लिए हमारी प्रतिबद्धता असंदिग्ध है।

## राजेंद्र नगर वार्ड कार्यालय का महापौर ने किया शुभारंभ



**जगदलपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। महापौर संजय पांडे ने राजेंद्र नगर वार्ड के कार्यालय में रविवार को मां दन्तेश्वरी के छाया चित्र पर पुष्पांजलि ओर दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। संजय पांडे ने कहा कि इस वार्ड में लागतार पंचायत से लेकर निगम के 20 वर्षों से कांग्रेस का कब्जा था। इस बार लक्ष्मण झा को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया और जनता ने विश्वास किया। वार्ड के विकास के लिए बदलाव किया उसके लिए आभार किया साथ ही वार्ड में पानी की समस्या और सफाई को लेकर तुरंत कारवाई करने की बात कही। पार्षद लक्ष्मण झा ने कहा कि वार्डवासियों ने विश्वास किया। मेरे घोषणा पत्र में 15 को आशीर्वाद ओर 16 को वार्ड कार्यालय खोलने की घोषणा की गईं थी उसे तत्काल करवाया गया। इसी प्रकार वार्ड के सभी कार्य होंगे। इसमें विशेष रूप से गंगा नगर वार्ड >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## सुकमा जनपद में प्रथम चरण के लिए मतदान दल रवाना



**सुकमा जनपद के 82 मतदान केंद्रों पर 35,724 मतदाता करेंगे मतदान, 12 पिंक बूथ भी बनाए गए**

**सुकमा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले के सुकमा विकासखण्ड में प्रथम चरण का मतदान सोमवार 17 फरवरी को संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के दिशा-निर्देश में सुकमा जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत 17 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव स्वयं निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं। रविवार को जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, निर्वाचन प्रेक्षक अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर गजेंद्र ठाकुर और रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में मतदान दलों को आवश्यक चुनाव सामग्री का वितरण किया गया। सोमवार 17 फरवरी को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए कुल 82 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनके लिए मतदान अधिकारियों को 16 फरवरी को सुबह मतदान सामग्री का वितरण शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सुकमा से किया गया। जनपद पंचायत सुकमा अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 2 पद, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 10, सरपंचों की संख्या 33 एवं पंचों की संख्या 426 है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों में पंच के 571, सरपंच के 108, जनपद सदस्य के 30 अभ्यर्थी मैदान में है। जनपद पंचायत सुकमा में कुल 35724 मतदाता शामिल है जिसमें 15958 पुरुष मतदाता और 19766 महिला मतदाता शामिल हैं। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है।

## 2 महिला सहित 3 ईनामी नक्सलियों का समर्पण



**डीआईजी कमलोचन कश्यप और एसपी के समक्ष घर वापसी**

**दंतेवाड़ा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नक्सलियों की घर वापसी के लिए चलाए जा रहे लोन वर्राटू अभियान के तहत 2 महिला सहित 3 ईनामी नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया।

समर्पित नक्सलियों में 1 लाख का ईनामी राजू पदाम, पालनार एलओएस सदस्य, महिला नक्सली हुर्रे कवासी पालनार एलओएस सदस्या 1 लाख ईनामी एवं सुखमती ऊर्फ लक्ष्मी ऊर्फ कविता ओयाम नुवापाड़ा डिवीजन अंतर्गत सोनाबेड़ा एलओएस सदस्य 1 लाख ईनामी शामिल है। इन तीनों ने डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसपी गौरव राय, एडिशनल एसपी स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार एवं आरके बर्मन के समक्ष आत्म समर्पण किया। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 215 ईनामी सहित कुल 901 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। यह समर्पण अभियान बस्तर आई जी सुंदरराज पी. के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। समर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार रूपए की सहायत राशि और प्रदेश सरकार द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। इस आत्म समर्पण में डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स का विशेष योगदान रहा।

## जगदलपुर और दरभा विकासखंड के निर्वाचन हेतु मतदान सामग्रियों का वितरण



**जगदलपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव के अंतर्गत वार्ड पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान किया जाना है। जगदलपुर और दरभा विकासखंड के निर्वाचन हेतु मतदान सामग्रियों का वितरण रविवार को किया गया। इन क्षेत्रों में 17 फरवरी को मतदान किया जाना है। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में पार्टी समर्थित प्रत्याशी होते हैं लेकिन पार्टी के चुनाव चिन्ह पर यह चुनाव नहीं लड़ा जाता है जिसके चलते अनेक प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरते हैं। जिसके चलते कभी-कभी यह स्थिति निर्मित हो जाती है कि एक ही पार्टी के कार्यकर्ता अलग-अलग >> शेष पृष्ठ 9 पर>

## ट्रिपल इंजन कि सरकार में जगदलपुर होगा अब और भी विकसित : सांसद महेश

**जगदलपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। राज्य के दसों नगर निगमों में मेयर सीट पर भाजपा ने जीत हासिल की है। जगदलपुर नगर निगम में भाजपा ने महापौर सीट पर कब्जा कर लिया है। जगदलपुर नगर निगम के 48 में से 30 वार्डों में भाजपा पार्षद प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की है। भाजपा की इस बड़ी जीत पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने खुशी जाहिर की है। बस्तर सांसद श्री कश्यप ने कहा है कि जनता के विश्वास और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के विकास से नगरीय निकाय चुनाव में बीजेपी ने पूरे छत्तीसगढ़ में विजयश्री हासिल की है। हमारे पार्टी नेतृत्व, कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी पूरी मजबूत इच्छाशक्ति के साथ चुनाव में जुटे थे, जिसका सार्थक परिणाम भाजपा की प्रचंड जीत के रूप में सामने है।

श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व के माध्यम से महतारी वंदन योजना, किसानों को लेकर हितकारी फैसले, प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर जनता के बीच हम सफल हुए हैं, जिसका हमें लाभ मिला है। छत्तीसगढ़ की 10 मेयर सीट पर भाजपा को पूरे 10 सीट जिताकर जनता ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। यह परिणाम इस बात का साक्षात गवाह है कि छत्तीसगढ़ की जनता पिछले 5 साल के भ्रष्टाचार वाले कार्यकाल से तंग आ चुकी थी। नगरीय निकाय के चुनावी मैदान में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ ने जीत का परचम लहराया है। सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बस्तर सांसद ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। बस्तर संभाग के अनेक निकायों में भाजपा को जनता ने आशीर्वाद दिया है। ट्रिपल इंजन की सरकार के माध्यम से छत्तीसगढ़ अब और तेज गति से विकसित होगा। सांसद महेश कश्यप ने कहा है कि जगदलपुर के नवनिर्वाचित महापौर संजय पांडे के साथ हम जगदलपुर को अब और भी सशक्त बनाने की ओर मिलकर कार्य करेंगे। बस्तर संभाग के अनेको पदों पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मैं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। आशा करता हूं कि आप सभी के सहयोग से क्षेत्र को तरक्की एवं उन्नति की ओर ले जाने हेतु कार्य करेंगे। श्री कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव, मंत्री केदार कश्यप एवं संगठन के सभी पदाधिकारियों व नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं आए, जनादेश शिरोधार्य : दीपक बैज

- कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताकत और एक जुटता से चुनाव लड़ा
- हमारे सभी वरिष्ठ नेता चुनाव अभियान का प्रमुख हिस्सा थे
- कांग्रेस ने पूरे चुनाव में अपने सिद्धांतों पर समझौता नहीं किया



**जगदलपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। संभाग मुख्यालय राजीव भवन में रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के पहले से ही भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही थी। पहले चुनाव को टालने की कोशिश हुई, फिर चुनावों की तारीखों को आगे बढ़ाया गया। पहले घोषित किया गया चुनाव बैलेट पेपर से होगा, बाद में निर्णय हुआ मतदान ईवीएम से कराया जायेगा। ईवीएम से मतदान निश्चित किया गया तो अध्यक्ष और पार्षदों के मशीनों को एक साथ जोड़ा गया। उसमें वीवीपैड की व्यवस्था नहीं किया गया जबकि ईवीएम के मामले सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि वीवीपैड जोड़ा जाना चाहिये। प्रदेश में मतदान के दौरान 100 से अधिक स्थानों पर ईवीएम बंद होने, खराब होने की शिकायते आई किसी प्रकार मतदान संपन्न हुआ। भाजपा ने चुनाव में सत्ताबल, धनबल का दुरुपयोग किया, जनता को प्रभावित करने शराब बांटे गये। प्रलोभन के लिए सामग्रियां बांटी गयी। पुलिस का प्रशासन का दुरूपयोग करके कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया गया। जबरिया थानों में बंद रखा गया। भाजपा ने इस जीत के लिये तमाम तरीके के अलोकतांत्रिक हथकंडे अपनाये। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता चुनाव में डटे रहे। जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करते रहे। इन नतीजों से हम निराश जरूर है, लेकिन हताश नहीं है। प्रमुख विपक्षी दल के रूप में हम जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करते रहेंगे। भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ हमारी लड़ाई और तेज होगी। इस नतीजे से भाजपा की साय सरकार के जनविरोधी कार्यों की माफी नहीं हो जाती है। पिछले 1 वर्ष में भाजपा सरकार ने जो वादा खिलाफी भ्रष्टाचार किया है। बिगड़ती कानून व्यवस्था जैसे विषयों पर सरकार कल भी कटघरे में खड़ी थी, आज भी खड़ी है। मोदी की गारंटी के अधूरे कामों के समान अटल विश्वास पत्र के मुद्दे कागजो में दम न तोड़े कांग्रेस विपक्ष के रूप में सरकार को सचेत करती रहेगी। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, रशीद खान, रंजीत बख्शी, रविशंकर तिवारी, जावेद खान असीम सुता, शादाब अहमद, उस्मान रजा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दंतेवाड़ा धाम में श्री शिव महापुराण कथा



- हवन-पूजन और भण्डारा के साथ भव्य समापन
- भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग में शामिल हुए सैकड़ो भक्त

**दंतेवाड़ा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। सती की धरा दंतेवाड़ा में श्री शिव महापुराण की कथा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। बालोद से आए शास्त्री अनिल तिवारी प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या कर रहे हैं और लोग बड़े ध्यान से कथा का श्रवण कर रहे हैं। श्री शिवमहापुराण का आज हवन-पूजन और भण्डारा के साथ समापन होगी। यह कथा 7 दिनों तक आयोजित हुई।

श्री शिवमहापुराण कथा में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग था। इसमें भगवान शिव की बारात भी निकाली गई और विधिवत विवाह अनुष्ठान भी पूर्ण किया गया। भक्तों की ओर से ही घराती और बराती की भूमिका निभाई गई। आतिशबाजी के साथ शिव बारात निकाली फिर कन्यादान तथा टिकावन की रस्म भी निभाई गई। कथा स्थल में ही विवाह मण्डप भी बनाया गया था। इस प्रसंग के दौरान भक्त भाव-विभोर हो उठे। आचार्य अनिल तिवारी के द्वारा शिव कथा की इतनी सुंदर, सुमधुर और पावन व्याख्या की गई कि भक्त अपने आप को ईश्वर के सम्मुख साक्षात अनुभव कर रहे थे। कथा हफ्ते भर पहले प्रारंभ हुई और आज इसका समापन हुआ। प्रतिदिन कथा के बाद भक्तों के लिए भण्डारा का भी आयोजन समिति की ओर से किया गया था, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। श्री शिव महापुराण कथा सुनने लगातार भक्तों की संख्या बढ़ती रही। इस कथा का आयोजन ट्रायवल कालोनी समिति की ओर से किया गया।

# रोजगार चुनने में मददगार कैरियर कॉउसिलिंग

**दंतेवाड़ा**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। कैरियर कॉउसिलिंग विद्यार्थियों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम चुनने एवं भविष्य में आजीविका निर्धारित करने में सहायक है। करियर काउंसलिंग अर्थात जीविका मार्गदर्शन विद्यार्थियों में अपनी जीविका के प्रति न केवल आत्म जागरूकता उत्पन्न करती है, बल्कि यह उनकी शक्ति, कमजोरियों, रूचियों, मूल्यों एवं लक्ष्यों को पहचानने एवं उन लक्ष्यों को पूर्ण करने में मदद करती है।

दंतेवाड़ा जिले में विद्यार्थियों के जीविका लक्ष्यों को पूर्ण करने में मदद करने हेतु जिला कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन दंतेवाड़ा ने एक अनूठी पहल की। दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत संचालित शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12 वीं के समस्त विद्यार्थियों के लिए भव्य जीविका मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। 15 फरवरी को विज्ञान, गणित एवं कृषि विज्ञान के लगभग- 1200 विद्यार्थी, मार्गदर्शक, शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। इस भव्य करियर मेला में विद्यार्थियों ने 22 - शिक्षा, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, पर्यटन, कला, हवाई सेवा, होटल मैनेजमेंट आदि से संबंधित काउंसलिंग स्टॉल्स में विषय विशेषज्ञों, अधिकारियों, बिजनेस पर्सन्स एवं विभिन्न व्यवसायों से संबंधित मार्गदर्शकों से जीविका मार्गदर्शन का लाभ प्राप्त किया।



- दंतेवाड़ा जिला प्रशासन का अनूठा आयोजन
- जीविका के प्रति उत्पन्न करती है आत्म जागरूकता
- कलेक्टर एवं सीईओ का मिल रहा मार्गदर्शन

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जयंत नाहटा (सीईओ जिला पंचायत,दंतेवाड़ा) ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीईओ एस के अम्बस्ता, सहायक संचालक अहिल्या ठाकुर, डीएमसी हरीश गौतम, प्रणीत सिम्हा, अतिथि, मार्गदर्शक, समस्त, बीईओ, बीआरसी, एपीसी, एबीओ, शिक्षक/ शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम श्री नाहटा ने यूपीएससी एवं कई अन्य रोजगारों की संपूर्ण जानकारी देते हुए विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर सुनियोजित एवं व्यवस्थित क्रम में अध्ययन कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। उनके द्वारा मंच से विद्यार्थियों को चेट जीपीटी का प्रयोग करना सिखाया गया। तत्पश्चात पंजाब नेशनल बैंक के सीनियर मैनेजर पुनीत द्वारा बैंकिंग क्षेत्र के विभिन्न रोजगार संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

हुसैन नगरिया द्वारा प्रायवेट सेक्टर्स से रोजगार प्राप्त करने की संपूर्ण जानकारी दी गई। एनएमडीसी आईटीआई भांसी के प्राचार्य कमलेश साहू द्वारा आईटीआई की विभिन्न शाखाओं के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रिया शर्मा द्वारा होटल मैनेजमेंट में बहुत अच्छे कैरियर ऑप्शन के संबंध में बताया गया। उन्होने होटल मैनेजमेंट के आकर्षक पैकेज के बारे में भी जानकारी दी। नव गुरूकुल से प्रियंका ने कोडिंग एवं साफ्टवेयर इंजीनियरिंग की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। करियर काउंसलिंग मेला में जगदलपुर से आए हुए स्काई विंग्स एविएशन एकेडेमी ने हवाई सेवा की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी। बीएड, डीएड कॉलेज कोंटा, नर्सिंग कॉलेज मोखपाल एवं गायत्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग से स्मृति मसीह ने नर्सिंग एवं फॉर्मेसी की जानकारी दी। डीएवी पालीटेक्निक कॉलेज जावंगा गीदम के प्राचार्य ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। डॉ. अवधेश पटेल ने बहुत ही रोचक तरह से विद्यार्थियों को परीक्षाओं की तैयारी एवं पाठ याद करने के गुर सिखाए। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अम्बस्ता सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शित किया गया।

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई



**भिलाईनगर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस ने आज सिविक सेन्टर भिलाई एवं सूर्यामॉल क्षेत्र में नो पार्किग में खडी वाहनो में लॉक लगाया गया। नो पार्किग में खडे वाहन मालिको को भविष्य के लिए चेतावनी भी दी गई। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा नो पार्किग के तहत कार्यवाही करते हुए 48 वाहनों पर की गई कार्यवाही। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री ऋचा मिश्रा के मार्ग दर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतानंद विंध्यराज के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा सडक दुर्घटना एवं यातायात बाधित करने वाले नो पार्किग में खडे वाहनो पर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा कार्यवाही की गई। सिविक सेन्टर मार्केट क्षेत्र में एवं सूर्यामॉल चौक के आस पास चार पहिया वाहन सडक पर वाहन खडी कर आस पास के दुकान में चले जाते है जिससे मार्ग बाधित होने की समस्या उत्पन्न हो रही है जिस पर चार, दो पहिया वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 48 वाहनो के टायरो में लॉक लगाया गया जिसे वाहन मालिक के द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा नो पार्किग की कार्यवाही कर लॉक खोला गया और वाहन चालक को समझाईस दी गई कि इस प्रकार सडक पर वाहन खडा न करें।

## संयंत्र को मिला गोल्डन पीकॉक एक्सीलेंस अवार्ड



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र को मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही संयंत्र को हेरिटेज साइट देवबलोदा के विकास और जीर्णोद्धार के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा भी सम्मानित किया गया। इन दोनों पुरस्कारों डीआईसी मिनी कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित एक कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता को सौंपा गया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशकगणों में एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, डॉण् अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बी.के. गिरी, राकेश कुमार, डॉ.एम. रवींद्रनाथ उपस्थित थे। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, संदीप माथुर, उत्पल दत्ताए, शिवराजन नायर, एच. शेखर, महाप्रबंधक अतुल नौटियाल, अजय कुमार,दीपांकर रे, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार और वरिष्ठ प्रबंधक राजीव जाजू भी उपस्थित थे। यह अवार्ड भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और सह.अध्यक्ष उदय उमेश ललित के हाथों मुंबई में पवन कुमार ने अपनी बीएसपी टीम के साथ प्राप्त किया था। संयंत्र को हेरिटेज साइट देवबलोदा के विकास और जीर्णोद्धार के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के हाथों 17 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। इसे कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार और महाप्रबंधक सीएसआर शिवराजन नायर ने प्राप्त किया था। इस अवसर पर डॉ एम रविन्द्रनाथ न बताया कि सेक्टर-9 अस्पताल को एनएबीएच की मान्यता प्राप्त की। यह सेल का पहला चिकित्सालय है जिसने यह उपलब्धि प्राप्त की। इन पुरस्कारों पर गर्व व्यक्त करते हुए निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## गुणों के स्मृति से वृत्ति, कर्म, बोल और हमारा व्यवहार श्रेष्ठ बनता है



**भिलाईनगर**,16 फरवरी (देशबन्धु)। अच्छी बातों को सुनना आता है, सुन लेते हैं पर मानना नहीं आता,जीवन में अपनाना नहीं आता। यह बातें धमतरी सेवा केंद्रों की निदेशिका निर्मल वाणी से संपन्न सरलचित् ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने सेक्टर-7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में कहीं। उन्होनें बताया की अच्छे गुणों के स्मृति स्वरूप से वृत्ति बनती है वृत्ति से कर्म और कर्म से बोल और हमारा व्यवहार श्रेष्ठ बनता है। जिसमें भाव और भावनाएं निहित होती हैं। जड़ और तना जितना मजबूत होता है वृक्ष उतना ही ज्यादा शक्तिशाली मजबूत होता है। जो योग्य होता है उसे ही जिम्मेवारी मिलती है। उन्होनें सभी को अभ्यास कराया की दुआएं दो दुआएं लो। उन्होनें तीन पर परचिंतन, परदर्शन, परमत को छोड़कर श्रेष्ठ संग को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सांसद ने पर्यावरण बचाने चलाई सायकिल



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन का सांसद विजय बघेल ने नेतृत्व किया और सैकड़ो लोगो के साथ साईकिल चलाते हुए इसे वैश्विक पर्यावरण के लिए अनिवार्य बताया। आज रविवार को सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परीक्षेत्र साईकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ और स्वास्थ्य लाभ के लिए साईकिल चलाओ जैसे नारों से गूंज उठा। इस दौरान विजय बघेल ने कहा कि हर व्यक्ति को साईकिल चलाना चाहिए। इससे स्वास्थ्य लाभ तो होगा ही आर्थिक बचत भी होगी जिससे देश सशक्त बनेगा। साईकिल चलाने लोगो में जनजागरूकता फैलाने साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन अब अपने पूरे शबाब पर पहुंच चुका है। जिसमें स्वस्फूर्त होकर सैकड़ो लोग जुड़ रहे हैं। सांसद विजय बघेल ने सब लोगों के साथ जमकर साईकिल चलाई। प्रकाश बंछोर ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने हिस्से का प्रदूषण दूर करना चाहिए और इसे जीवनशैली में अपनाना चाहिए। रंगकर्मी भानूजी राव ने कहा कि प्रति सोमवार साईकिल से कार्यालय जाने पर पर्यावरण सुखद होगा। प्रशांत क्षीरसागर ने कहा कि साईकिल चालक को हेय दृष्टि से न देखकर उसे एक वैश्विक पर्सनैलिटी का दर्जा दिलाना ही हमारे आंदोलन का उद्देश्य है। चित्रकार भूपत राव बोरकर ने कहा कि दूसरों को न देखते हुए जहरीली होती धरा में अपने हिस्से का प्रदूषण हमें दूर करना चाहिए। लेह से लद्दाख तक साईकिल चलाने वाले प्रवीण कालमेघ ने तेजी से विकसित हो रहे भारत में साईकिल चालन को आवश्यक बताया। जयप्रकाश नायर ने भी लोगों को प्रेरित किया। ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ साईकिल चलाने के लिए प्रमुख रूप से पर्यावरणविद् बालूराम वर्मा, दीपक दिल्लीवार, दिलीप, प्रकाश सावंत, राजेश जैन, प्रमोद सिंह, श्रीकांत ताम्रकार, धीरज साहू, यश दलवी, कांता देवी, नेहा, तृप्ति, खूशबू, मुस्कान, पी.एल.जेना, श्रेयांश जेना तथा सैकड़ो की तादात मे साईकिल प्रेमी मौजूद थे। अंत में कार्यक्रम संयोजक डा.अंकुश देवांगन ने साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन में आए समस्त लोगो का आभार प्रदर्शन किया।

## पुरानी बस्ती सुपेला में टंकी का निर्माण कार्य प्रगति पर



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र के पुरानी बस्ती सुपेला में बड़ी पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इससे गर्मी के दिनो में वहां के निवासियो को पानी की सप्लाई और बेहतर ढंग से होने लगेगी। अभी वहां पर पानी का प्रेशर कम आ रहा था। इससे कुछ जगहो पर पानी ठीक ढंग से चढ़ नहीं रहा था। जिससे पानी सप्लाई होने में समस्या आ रही थी। लोगो की सुविधा को देखते हुए निगम भिलाई द्वारा 1.75 करोड़ की लागत से 1500 किलो लीटर की पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इससे लगभग 2200 परिवारो को लाभ मिलेगा। यह सुपेला गदा चौक से घड़ी चौक तक के निवासियों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा। जिसमें प्रमुख रूप से पांच रास्ता कान्ट्रेक्टर कालोनी, रामनगर, अम्बेडकर नगर, चिंगरी पारा, गौतम नगर, रावणभाठा, चुड़ी लाईन मार्केट, उड़िया बस्ती, शासकीय अस्पताल के पीछे बस्ती, देवांगन पारा आदि क्षेत्रों में पानी का प्रतिपूर्ति होगा। निर्माणाधीन टंकी समय अवधि में अपने तकनीकी गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो इसके प्रगति का निरीक्षण करने मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी मौके पर पहुच कर निरीक्षण किये। निर्माण हो रहे टंकी ड्राइंग व निविदा के अनुरूप हो रही है कि नहीं आदि तकनीकी दृष्टिकोण से अवलोकन करते हुए निर्माणकर्ता एजेंसी को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव, निर्माणकर्ता एजेंसी के पी.डी.सी. अभियंता नितिश उपस्थित रहे।

### स्वच्छता स्लोगन लिखो, जीतो इनाम जीतो

निगम भिलाई द्वारा स्वच्छता स्लोगन लिखो खुली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसी भी वर्ग का महिला पुरुष व्यक्ति शामिल हो सकता है। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 3100, तृतीय पुरस्कार 2100 रखा गया है। उद्देश्य हैए स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करना। प्रतियोगिता का रूपरेखा ऐसा होगा कि स्वयं के प्रेरित स्लोगन लिखकर के उसमें अपना नाम पता मोबाइल नंबर के साथ नगर निगम भिलाई के कमरा नंबर 5 स्वास्थ्य विभाग में जमा करना है। एक लिफाफे के अंदर स्लोगन लिखकर के अपना पता मोबाइल नंबर लिफाफे में देना होगा।

## स्नेह संपदा विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन




**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र ने निगमित सामाजिक गतिविधियों के तहत स्नेह संपदा विद्यालय में एक नवनिर्मित शैक्षणिक भवन विद्यालय प्रबंधन को हस्तांतरित किया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने उद्घाटन किया। इस भवन में चार सुसज्जित कक्षाएँ और भवन के दोनों ओर दो ऐसे शौचालय हैं जिन्हें मानसिक रूप से अक्षम बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इन शौचालयों में कम ऊँचाई पर शीशे और वॉशबेसिन, ग्रैब रेल और व्हीलचेयर हेतु सुलभता जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। नव.निर्मित समावेशी कक्षाएँ मानसिक रूप से अक्षम बच्चों के शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करेंगी और उनके लिए एक सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण तैयार करेगी। जिससे उन्हें अपनी गति और शैली के अनुसार सीखने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर स्नेह संपदा विद्यालय की संस्थापक श्रीमती पुष्पा शिर्के, मुख्य महाप्रबंधक टीएसडी उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक विष्णु के पाठक, महाप्रबंधक, शिवराजन नायर, श्रीमती शिखा दुबे, महाप्रबंधक डॉ. एन.के. जैन, उप महाप्रबंधक, राजीव कुमार, अभिषेक झा, के के वर्मा उपस्थित थे। पवन कुमार ने कहा कि अक्षम बच्चों का पालन.पोषण करने के लिए बहुत साहस, धैर्य और समर्पण की आवश्यकता होती है। श्री कुमार ने कहा कि मुझे यह जानकर अत्यंत खुशी हो रही है कि हम इस संस्थान की सहायता कर सके, जो मानसिक रूप से अक्षम बच्चों की जरूरतों को पूरा करता है। स्थापना काल से ही संयंत्रए स्नेह संपदा विद्यालय का सहयोग करता आ रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा। श्री कुमार ने विद्यालय के छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी से अपील की कि वे अक्षम बच्चों को हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान करें। उत्पल दत्ता ने कहा कि जब से वे बीएसपी में शामिल हुए और भिलाई में रहने लगे, तब से उन्होंने स्नेह संपदा विद्यालय को मानसिक रूप से अक्षम बच्चों के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य करते देखा है। जिन्हें हमारे प्रेम, समर्थन और सहयोग की विशेष आवश्यकता होती है। संदीप गुप्ता ने आगामी फिजियोथेरेपी केंद्र के बारे में भी बताया। जिसे संयंत्र के सीएसआर विभाग, बीएसपी.ऑफिसर्स ऐसोसिएशन और वेलफेयर ट्रस्ट तथा सेवा फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। सुखदेव सोनवानी समारोह का संचालन और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस विद्यालय के बच्चों ने ओलंपिक में भाग लेकर पदक जीतने में भी सफलता प्राप्त की हैं।

## माता-पिता व पड़ोसियों से अच्छा व्यवहार करें



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। मुस्लिम समुदाय का तीन दिन का दीनी इज्तिमा दुआओं के साथ पूरा हुआ। बैकुंठधाम अंबेडकर भवन में हुए इस इज्तेमा में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सहित आसपास के इलाकों से बड़ी तादाद में लोग जुटे। तब्लीगी जमात भिलाई के अमीर सैय्यद जमीर व नज़्म के जिम्मेदार नासिर कुरैशी ने इज्तिमा में पैगम्बर हजरत मुहम्मद की तालीम के बारे में बताया गया। निजामुद्दीन मरकज से आए मुफ्ती अबुजर आदिलाबाद मौलाना अब्दुल मालिक खान भोपालए हाफिज़ शकील अमरावती, मोहम्मद असलम दिल्ली, अब्दुल हमीद, मौलाना अब्दुल्ला नागपुर, मोहम्मद इफ्तेखार नागपुर और शरीफ नागपूर ने आए हुए लोग के सामने अपनी बात रखी। पहले दिन अमरावती के हाफिज़ शकील ने अल्लाह के साथ इबादत में किसी को शरीक नहीं करने, हज़रत मुहम्मद की पाकीजा जिंदगी अपनाने के साथ मां बाप, पड़ोसी और अपने दोस्त अहबाब के साथ अच्छा व्यवहार बरतने को जोर दिया। आदिलाबाद के मुफ्ती अबुजर ने इंसानियत का पैगाम लेकर चलने लोगों को कुरान और हदीस जरिए में बताए रास्ते पर चलने की ताकीद की। मौलाना अब्दुल्ला नागपुर ने शादी ब्याह में सादगी लाने और खर्चीली शादियां रोकने की अपील की।

## विधायक ने संत रविदास समाज को भवन बनने की घोषणा




**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। संत शिरोगंणी गुरु रविदास जयंती घूम धाम से मनाया गया। संत रविदास नगर सुपेला वार्ड -10 से समाज के बड़ीं संख्या में लोग उपस्थित थ। 9.30 बजे हवन पुजन किया व 10 बजे से 11. 30 बजे महाआरती कि गई। साथ ही समाजिक निर्धन युवका युवको कि शादि सम्पन्न किया गया। समाज के संरक्षको एवं वरिष्ट जनो का सम्मान्न किया गया। 12 बजे से प्रभाता फेरी शोभा यात्रा रविदास नगर सुपेला से निकाली गई। घड़ी चौक होते हुऐ नेहरु भवन रोड के पास राजेश चाप के सह परिवार शोभा यात्रा में शामिल हुए। संत रविदास के भक्तो का स्वागत कर उन्हें फल वितरण किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन थे एवं विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम देवांगन भाजपा जिला अध्यक्ष, श्रीमती ज्ञानवंता भोंडेकर, प्रकाश भोंडेकर, प्रकाश महोबिया, इन्द्रजीत सिंह, एम.एल. जगने, संजिव सिंह वरिष्ट भाजपा नेता, हीरालाला टांडेकर, घनेन्द्र छिपेकर, भक्तिगीत मंजित एवं अनवर वहाब, अकबर कुरैशी द्वारा प्रस्तुति दी गई। रात्रि कलिन पदमश्री उषा बारले द्वारा मनमोहन प्रस्तुति दि गई । अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष दीपक भोंडेकर द्वारा अतिथियो का स्वागत शाल, श्रीफल व संत श्री शिरोमाणी गुरु रवि दास का फोटो स्मृति चिन्ह के रूप में सप्रेम भेट किया गया। संत गुरु रविदास समाज कल्याण समिति ने बताया कि इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने समाज के भवन के लिये 5 लाख रुपये देने की घोषणा की तथा उन्होनें संत रविदास की प्रतिमा देने का आश्वासन समाज के लोगों को दिया।

## आगजनी से घर में रखा समान जल कर हुआ राख



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। वीति रात्रि वैशाली नगर स्थित मौला साहू के आवास में अचानक आगजनी से अफरा-तफरी मच गई। इसकी सूचना मिलते ही अग्निशमन टीम तात्काल मौके पर पहुंची और पहुँच कर आग पर काबू पाया। इस आगजनी में घर में रखे गैस सिलेन्डर को बाहर निकालने की सबसे बड़ी चैलेंज अग्निशमन विभाग की थी। अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए घर में घुस कर जलते हुए सिलेंडरों को बाहर निकाला और आग पर क़ाबू पाया। अग्निशमन गाड़ी ने पानी का उपयोग किया और आग को आसपास की घरो की तरफ बढ़ने से रोक लिया। वही आस-पास के लोगों ने भी आग पर काबू पाने के लिये अपने स्तर पर काफी प्रयास भी किया। जिससे एक बड़ा हादसा टला। नागेश्वर कुमार जिला अग्निशमन अधिकारीए दल प्रभारी भगवतीए रामनाथ कुरेए धर्मेंद्र साहूए राजू अग्निशमन कर्मीए वाहन चालक द्वारा एक अच्छी टीम बनाकर आगजनी स्थान पर समय पर पहुँच कर आग पर काबू पाया गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### राजेंद्र नगर वार्ड कार्यालय...

के पार्षद आशा साहू ,ओम प्रकाश पासवान, ओम प्रकाश यादव, लक्ष्मी राव, रेणु राव, पदमा श्रीवास्त गीता ठाकुर, गोंचु ध्रुव, विशाल यादव , लच्छिन बघेल ,नायर ,ओम झा अमित नेताम ,शाहिद खान अन्य उपस्थित थे।

### जगदलपुर और दरभा विकासखंड...

प्रत्याशियों के प्रचार में लगे रहते हैं। मतदान तिथि के पूर्व सभी प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव क्षेत्र में अंतिम प्रचार के साथ ही मतदान केदो पर एजेंट नियुक्ति के कार्य में व्यस्त नजर आए। नगरी निकाय चुनाव में तो भारतीय जनता पार्टी को काफी सफलता मिली है अब देखना है त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में पार्टी समर्थित कितने प्रत्याशी चुनाव जीत कर आते हैं।

## निधन

### इंदुमति पांडे

**जगदलपुर,** 16 फरवरी।



पल्लीचकवा निवासी श्रीमती इंदुमति पांडे उम्र 88 वर्ष पति स्व सुशील कुमार पांडे का निधन रविवार शाम 6 बजे रायपुर में इलाज के दौरान हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 9 बजे उनके निज निवास पल्लीचकवा में किया जाएगा। वे ओंकार पांडे,लोचन कुमार पांडे,भूपेंद्र कुमार पांडे, अश्वनी कुमार पांडे की माता व भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री व सुभाष वार्ड की पूर्व पार्षद श्रीमती दीप्ति पांडे की सास थीं।

### किरण डोनगांवकर

**रायपुर,** 16 फरवरी। राजधानी निवासी पत्रकार किरण डोनगांवकर का बेंगलुरू में निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे ।

# चारामा नगर पंचायत की परंपरा रही कायम

**चारामा**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगर की सत्ता एक बार फिर कांग्रेस के हाथ में आ गई। चारामा नगर पंचायत की परम्परा रही कायम। अध्यक्ष पद के कडे मुकाबले में काग्रेस के भुनेश्वर नागराज ने भाजपा के प्यारेलाल देवांगन को 167 वोटो से पटकनी देकर जीत हासिल की। वही भाजपा के 08 कांग्रेस के 06 और एक निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत हासिल की। सुबह 8 बजे मतगणना के लिए प्रत्याशी सहित नगरवासी बडी संख्या में मतगणना स्थल नगर पंचायत कार्यालय पहुँचे। पुर प्रक्रिया के बाद 9 बजे से मतगणना शुरू हुई।

मतगणना दो चरणों में सम्पन्न हुई। पहले चरण में 1 से 8 वार्ड के ईवीएम मशीन खोले गये। जिसमे अध्यक्ष के वोट की गिनती भी हुई। वही अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी प्यारेलाल देवांगन को सभी वार्डो में कुल 3151 एव काग्रेस प्रत्याशी भुनेश्वर नागराज को 3318 मत पडे और जीत का अंतर 167 वोटो का रहा। जिसमे 76 नोटा भी पडे। वही वार्ड क्रमांक 1 से कांग्रेस के कविता साहु को 301 और भाजपा के पुष्पा देवांगन को 149 मत पडे, वार्ड क्रमांक 2 में कांग्रेस से गितेश्वरी सोनकर को 233 एंव भाजपा से ईश्वरी देवांगन को 219 और निर्दलीय टिकेश्वरी सोनवानी को 59 मत पडे, वार्ड कमांक 3 मे रजनी यादव को 280 और कांग्रेस से अमृत देवांगन को 244 मत पडे, वार्ड क्रमांक 04 मे जगदीश्वर साहु को 262 एवं कांग्रसे के विष्णु यादव को 185, वार्ड क्रमांक 05 में भाजपा की तुलसी धर्मेन्द्र कुजाम को 302 एवं कांग्रेस की लता उईके को 144 ,वार्ड क्रमांक 06 से भाजपा के लोकेश सोनकर को 256. कांग्रेस के संतोष सोनकर को 140 एव निर्दलीय प्रत्याशी सुरज मानिकपुरी को 11 वार्ड क्रमांक 07 से भाजपा के अंजु सोनकर को 240 एवं कांग्रेस से रमला सोनकर को 214, वार्ड क्रमांक 08 में भाजपा से संतोष ओझा 282 एवं काग्रेस के शंकर सिन्हा को 173, वार्ड कमाक 09 से भाजपा के संदीप मेश्राम को 232 एवं कांग्रेस से राजकपुर बारसागळे को 117 एव निर्दलीय लोकेश बारसागडे को 108, वार्ड क्रमांक 10 में भाजपा से अशोक देवांगन 162, कांग्रेस से चन्द्रीका छोटी देवांगन 169 एवं निर्दलीय नद किशोर



## चारामा की सत्ता एक बार फिर कांग्रेस के हाथ में आ गई

गौतम को 86 मत पडे, वार्ड कमाक 11 से भाजपा से उमादेवी शर्मा को 112 एवं कांग्रेस से रानू कमलेश सेन को 133, वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा से अकित जैन को 68, काग्रेस से अशोक सोनी को 79 एव निर्दलीय प्रत्याशी राजेश सोनी को 60, वार्ड क्रमांक 13 में भाजपा से उत्तम साहु को 314 एव कांग्रेस से मोहित नायक को 199, वार्ड क्रमांक 14 से भाजपा से चेतना चौहान को मात्र 45 मत, कांग्रेस से मंजु सुभाष सोनकर को 221 एवं निर्दलीय प्रत्याशी आबिदा बेगम को 156 मत एव वार्ड क्रमांक 15 जहाँ भाजपा और कांग्रेस तीसरे और चाथे नम्बर पर रही एंव पहले एव दुसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी का जलवा रहा। वहाँ निर्दलीय प्रत्याशी लोकेश नागवंशी को 184, निर्दलीय प्रत्याशी सुरेश ठाकुर को 142, भाजपा से महेन्द्र तुलावी को 110 एवं कांग्रेस प्रत्याशी को महज 77 मत पडे। वही वार्ड क्रमांक 01 में कविता साहु, 02 मे गितेश्वरी सोनकर, 03 में रजनी यादव, 04 मे जगदीश्वर साहु, 05 में तुलसी कुजाम, 06 मे लोकेश सोनकर, 07 में अंजु सोनकर, 08 में सतोष ओझा, 09 में सदीप मेश्राम, 10 मे चन्द्रीका देवांगन, 11 में कमलेश सेन, 12 मे अशोक सोनी, 13 में उत्तम साहु, 14 मे मंजु सोनकर, और 15 मे लाकेश नागवंशी की जीत हुई। वही पुरे पार्षद चुनाव मे इस बाद नोटा के भी बटन दबाये गये। वही प्यारे देवांगन को वार्ड क्रमांक 01,02,03,07,08,09,12 मे एवं भुनेश्वर नागराज को वार्ड क्रमांक 04,05,06,10,11,13,14 और 15 मे बढत मिली। वही इस 09 नये चेहरे नगर पंचायत की सत्ता में पार्षद के रूप में सामने आये।

परिणामो की घोषणा के बाद से ही नगरवासियो एवं वार्ड वासियो ने जमकर रंग गुलाल खेला, पटाखे फोडे, जिसके बाद प्रत्याशियो को रिर्टनिंग आफिसर के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसके बाद सभी विजयी प्रत्याशी अपने अपने वार्डो और नगर मे ढोल नगाडो के साथ नगर में विजय जुलुस निकालकर नगरवासियो को आभार व्यक्त किया। वही सभी प्रत्याशी माँ शीतला सहित अन्य मंदिरो में जाकर भगवान और माँ का आशीर्वाद लिया, वही इस चुनाव मे भाजपा के कुछ गलत टिकट वितरण में भाजपा की पार्षद की कुछ सीटे कम कर दी। वही इस पुरे चुनाव को सम्पन्न कराने मे प्रशासन का पुर्ण सहयोग रहा। वहाॅ सत्ता के विपरीत नगर में सत्ता बैठने की परंपरा कायम रही।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नपा की कार्रवाई, 17 लोगों से वसूले 2800 रुपए



**कोण्डागांव**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत के दिषानिर्देष पर नगर पालिका परिषद के राजस्व एवं स्वच्छता कर्मचारियों ने रविवार को सिंगल यूज प्लास्टिक बैन अभियान चलाते हुए नगर के मटन मार्केट एवं साप्ताहिक बाजार क्षेत्र में प्लास्टिक प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान 17 लोगों से कुल 2800 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

गौरतलब है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई 2022 से कतिपय सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। समय-समय पर चलाए जा रहे इस प्रकार के अभियानों का असर दिखने लगा है और कुछ दुकानदारों ने जागरूकता दिखाते हुए कम्पोस्टेबल प्लास्टिक बैग्स का उपयोग शुरू कर दिया है।

**प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पाद**

प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों की डंडियां, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, एवं थर्मोकोल की सजावटी सामग्री,प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी आइटम्स। सिगरेट पैकेट पर लपेटने वाली प्लास्टिक फिल्म के साथ 100 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर एवं स्टीकर शामिल है।

नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

# पंचायत चुनाव के पहले चरण में आज मतदान

**दंतेवाड़ा**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय चुनाव संपन्न होने के बाद अब बारी पंचायत चुनाव की है। इसके पहले चरण में 17 फरवरी को जिले के दंतेवाड़ा और गीदम ब्लाक में मतदान होगा। इसके लिए 198 मतदान दलों को आज रवाना किया गया। इसके तहत दंतेवाड़ा जनपद के 44 और गीदम के 56 ग्राम पंचायतों में वोटिंग होगी। वहीं जिला पंचायत के 6 सीटों के लिए भी मतदान होगा।



- मतदान सामग्री के साथ 198 दल रवाना
- दंतेवाड़ा और गीदम ब्लॉक के होगी वोटिंग
- पंच, सरपंच, जनपद और जिपं सदस्य के लिए होगा मतदान

आज जिले में प्रथम चरण के मतदान के लिये दन्तेवाड़ा और गीदम ब्लॉक में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित की गई। इस दौरान रिर्टनिंग आफिसर्स और सहायक रिर्टनिंग आफिसरों द्वारा अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम से मतदान दलों को मतपेटियां तथा मतपत्रों के अलावा मतदान सम्बन्धी अन्य सामग्री वितरित किया गया। इसके तहत पंचायत उप संचालक मिथिलेश किसान ने बताया कि दन्तेवाड़ा ब्लॉक के 87 तथा गीदम ब्लॉक के 111 मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित की गई। इसके पश्चात मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मतदान सामग्रियों का मिलान कर निर्धारित रूट के बसों के जरिये सेक्टर आफिसरों के साथ अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिये रवाना हुए।

त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत 17 फरवरी को जिले के दन्तेवाड़ा एवं गीदम ब्लॉक अंतर्गत स्थापित मतदान केंद्रों में मतदान होगा। दन्तेवाड़ा और गीदम के स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री वितरण के दौरान आज सुबह से ही मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचने लगे। वहीं निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी भी अपने कार्यो के सम्पादन में व्यस्त परिलक्षित हुए।

# भाजपा जन-जन के कल्याण के अपने संकल्पों को पूरा करेगी : महेश जैन

## जिले की जनता का बहुत-बहुत आभार : आशा राम नेताम

**कांकेर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष महेश जैन ने नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की बम्पर जीत पर जनता का आभार जताते कहा कि निकाय चुनावों में इस शानदार जीत के साथ भाजपा सर्वांगीण विकास के साथ-साथ जन-जन के कल्याण के अपने संकल्पों को पूरा करके पूरे जिले को अन्याय, आतंक, भ्रष्टाचार और छल-कपट के कांग्रेसी टूलकिट-एजेंडे से मुक्त जिला बनाने का काम करेगी। भाजपा की जीत के लिए नगरीय निकाय की जन-शक्ति का आभार मानते हुए श्री जैन ने कहा कि कांग्रेसी-दुराग्रह को जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।



कांकेर विधायक आशा राम नेताम ने नगरीय निकाय चुनाव के नतीजे को भाजपा के विश्वास के अनुरूप बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने जिस दोहरे राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करके जिले के नगरीय निकायों को अराजकता की दिशा में धकेलने का षड्यंत्र रचा था, जनता ने उसका करारा जवाब कांग्रेस को दे दिया है और कांग्रेस की दुर्गति उसी का परिणाम है। भाजपा के विकास और सुशासन के प्रति अगाध समर्थन की प्रचंड आंधी में कांग्रेस एक बार फिर तिनके की तरह उड़ गई है। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार और अधिक ताकत के साथ न केवल युवाओं, महिलाओं की प्रतिभा के अनुरूप उनके विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगी, अपितु उनकी संभावनाओं के आकाश पर उनके सपनों को उड़ान भरने का पूरा मौका देगी। नगर पालिका कांकेर के विजयी अध्यक्ष प्रत्याशी अरुण कौशिक, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के निखिल सिंह राठौड़, अंतागढ़ के राधे लाल नाग व पखांजुर नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा ने कहा कि भाजपा की यह जीत जनता-जनार्दन के संकल्पों की जीत है। जनता ने भाजपा के अटल विश्वास पत्र पर जो भरोसा जताया है, भाजपा की सरकार विकास का विजन, जनकल्याणकारी नीति और सेवा व सुशासन की नीयत के साथ प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इसके लिए हमारी प्रतिबद्धता जगजाहिर है। उन्होंने जनता का आभार, धन्यवाद करते कहा कि जनता ने भाजपा पर जो भरोसा जताया है पार्टी उस पर खरी उतरेगी।

# ब्राह्मण समाज तहसील कुरुद का आवश्यक बैठक



**कुरुद**, 16 फरवरी (देशबंधु)। ब्राह्मण समाज तहसील कुरुद का आवश्यक बैठक काली मंदिर में रखा गया था जहां सर्वसम्मति से समाज प्रमुख जनों ने पदाधिकारीयो का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष कमलेश तिवारी उपाध्यक्ष कैलाश शुक्ला सतीश शर्मा सचिव लक्ष्मीकांत द्विवेदी कोसाध्यक्ष नंद कुमार पांडेय सहसचिव कोमल शुक्ला जिला प्रतिनिधि हयग्रीव शर्मा जगजीवन मिश्रा बनाये गए। विशेष आमंत्रित कार्यकारणी सदस्य महेश शर्मा राजेन्द्र शर्मा ईश्वर पांडेय अशोक शर्मा आशीष शर्मा रमेश पांडेय बनाये गए।

# कांग्रेस पार्षद ने विधायक के समक्ष थामा भाजपा का दामन

**पिथौरा**, 16 फरवरी। कांग्रेस पार्षद ने थामा भाजपा का दामन पिथौरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 की पार्षद श्रीमती रामकुंवर सिंहा ने विधायक जनसंपर्क कार्यालय में विधायक संपत अग्रवाल के समक्ष भाजपा का दामन थामा। नवप्रवेशी पार्षद का विधायक व नवनियुक्त अध्यक्ष देवेश निषाद मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल भाजपा नेता डा किशोर सिंहा ने भाजपा का गमछा पहना कर सदस्यता दिलाई। नवप्रवेशी पार्षद ने कहा कि विष्णु देव जी की सरकार और उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर किया भाजपा प्रवेस। इस अवसर पर मुख्य रूप से बजरंग अग्रवाल रैदास गोयल युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी पार्षद वीरेंद्र तिवारी मन्नुलाल ठाकुर संतोष डड़सेना भीमा रौतीया संदीप सेन पुष्पकांत पटेल कौशलदास मानिकपुरी खीरू पटेल ललती डडसेना सिल्पा सोनी मनोज बंसल उपस्थित थे।

# 214 वाहिनी सीआरपीएफ के द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम

**बीजापुर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। 214वीं वाहिनी के.रि.पु.बल दुगौली, कैम्प द्वारा के. डी. जोशी, कमाण्डेन्ट के मागदर्शन में जनकल्याणकारी योजना 2024-25 (सिविक एक्शन प्रोगाम) के तहत रविवार को सी/214 समवाय करैमास्का में फ्री मेडिकल चेकअप हेल्थ प्रोग्राम एवं एफ/214 समवाय मटवाड़ा में सिविक एक्शन प्रोगाम का आयोजन किया गाया। सिक्कि एक्शन प्रोगाम 2024-25 के तहत दिनांक-16/02/2025 दिन रविवार को आयोजित कर समवाय के क्षेत्र के युवाओं के लिए तया गरीब किशोरियों युवतियों के लिए खेल एवं दैनिक दिनचर्या की वस्तुओं को ग्रामीणों के बीच में बाटा गया तथा एफ/214 समवाय मटवाडा में बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित दूर दराज ग्रामीण प्रखंडों से आए सैकड़ो गरीब युवाओं/युवतियों का फी मेडिकल हेल्थ चेकअप डॉ0 योत गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी (ओजी) के द्वारा किया गया है एवं स्वस्थ रहने के लिए हेल्थ टिप्स भी दिये गये। मौके पर केडी जोशी, कमाण्डेन्ट (214वीं बटालियन सीआरपीएफ) ने कहा कि सीआरपीएफ द्वारा चलाए जा रही जनकल्याण कारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के कमजोर एवं गरीब बच्चों को चुनकर उनके कौशल को विकसित व आत्मनिर्भर करता है और आम जनता को अधिक से अधिक लाभन्वित कर पुलिस और पब्लिक के बीच के रिश्ते को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई ऐसे कल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। इसके अतंर्गत गरीबों को कपड़े, कंबल, सोलर लालटेन, साईकिल, वाटर टैंक, स्कूल बैग, स्कूल शिक्षण सामग्री, ट्याईयों एवं खेल सामग्री इत्यादि बोटे गए है। खेलकूद सामग्रियों का वितरण करते हुए कई प्रतियोगिताएँ भी आयोजित करवाई जाती रही है। दूरदराज के इलाकों में चिकित्सा शिविर लगाकर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना गरीबों उनकी दैनिक इस्तेमाल की वस्तुएं देना छात्र-छात्राओं के उपयोग वास्ते स्कूलों में लाईब्रेरी उपलब्ध करवाना इत्यादि 214 बटालियन द्वारा नियमित तौर पर किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत सीआरपीएफ की आम जनता के समक्ष सीधे तौर पर कार्यकम चलाने की योजना है। जिससे समाज के गरीब युवक युवतियों ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो सके। केडी जोशी, कमाण्डेन्ट ने उद्घाटन किया एवं मौके पर उपस्थित विवेक कुमार, द्वितीय कमान अधि, डॉ. योत गुप्ता, गुख्य चिकित्सा अधिकारी (ओजी), कमल सिंह नेगी, उप कमाण्डेब्ट, प्रहलाद रजक, सहा. कमाण्डेन्ट सी/214, निरीक्षक/जीडी कमल प्रकाश वर्मा एवं स्थानीय गणमान्य अतिथि व ग्रामीण जनता मौजूद रहे।



# फसल बीमा दावा राशि प्रदान करने से इनकार करने वाली कंपनी पर उपभोक्ता आयोग का हथौड़ा

**कांकेर**, 16 फरवरी (देशबन्धु। उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ज़िला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा एक बार फिर एक गरीब किसान के साथ इन्साफ़ करते हुए फ़सल बीमा कंपनी पर ज़ोरदार प्रहार किया है। आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल तथा माननीय सदस्य डाकेश्वर सोनीजी द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण फ़ैसले में न केवल गरीब किसान को बीमा दावा राशि दिलाई गई है बल्कि मुक़दमे का हरजा खर्चा तथा आर्थिक/ मानसिक परेशानी की क्षतिपूर्ति भी दिलाई गई है। प्रकरण इस प्रकार है कि ग्राम कुरना (तहसील कॉंकेर) निवासी पुष्कर प्रसाद मिश्रा पिता कमल प्रसाद मिश्रा उम्र 50 वर्ष , द्वारा वर्ष 2020 में अपनी कृषि भूमि की खरीफ फ़सल हेतु एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पंडरी रायपुर से बीमा करवाया गया था। यह कृषि भूमि 1ज्75 हैक्टेयर ग्राम कुरना में स्थित है लेकिन बीमा कंपनी के कागजात में त्रुटिवश ग्राम मरका टोला लिख दिया गया है, जिसके कारण स्थिति यह हो गई कि वक्त ज़रूरत पर जब गांव के अन्य सभी किसानों को बीमा दावा राशि मिल गई लेकिन पुष्कर प्रसाद मिश्रा को 1/- भी नहीं मिला और त्रुटि का ज़िम्मेदार भी उसी को ठहरा दिया गया। बीमा कंपनी के इस प्रकार मुकर जाने से व्यथित होकर किसान पुष्कर मिश्रा द्वारा उपभोक्ता आयोग की शरण ली गई, जहां समस्त प्रकरण की सूक्ष्म विवेचना करने के पश्चात ज़िला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल तथा सदस्य माननीय डाकेश्वर सोनीजी द्वारा अपने महत्वपूर्ण फ़ैसले में आदेश दिया गया कि बीमा कंपनी पीड़ित किसान को बीमा दावा राशि का एक माह के भीतर सात प्रतिशत साधारण ब्याज सहित भुगतान करें । इस अवधि में भुगतान नहीं करने पर 9त्न की ब्याज दर लागू की जाएगी । बीमा कंपनी तथा स्टेट बैंक मुख्य शाखा कॉंकेर को भी सेवा में कमी का दोषी पाया गया। आदेश दिया गया कि आर्थिक एवं मानसिक परेशानी के लिए पीड़ित किसान पुष्कर मिश्रा को 10000/- की राशि तथा मुक़दमे का हरजा खर्चा 3000/- भी 1 महीने के अंदर प्रदान किया जाए। यह फ़ैसला उन बीमा कंपनियों के लिए सबक है, जो अपने उपभोक्ता का बीमा- धन , छोटी- मोटी भूल अथवा कुछ भी बहाना बनाकर लंबे समय तक रोक देते हैं और घुमाते रहते हैं। समस्त ज़िले में इस न्यायपूर्ण आदेश की प्रशंसा की जा रही है।

# पिथौरा नपं अध्यक्ष पद पर भाजपा के देवसिंह निर्वाचित

## भीड़ के साथ विजय जुलूस निकाला गया



**पिथौरा**, 15 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव परिणाम के चलते आज प्रात: से ही मतगणना केंद्र पर भारी भीड़ लगी रही वहीं आधे घंटे के अंदर ही प्रत्याशियों के एजेंट बाहर आकर जीत का जश्न मनाने लगे नगर में अध्यक्ष पद पर देवसिह निषाद ने कांग्रेस के निर्वात मांन अध्यक्ष आत्माराम यादव को 369 मतों से परस्त किया वहीं पार्षद प्रत्याशियों के 15 में से 8 वार्डो पर कांग्रेस ने जीत दर्ज किया है 7 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी विजय रहे विजय परिणाम के पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिह निषाद के समर्थकों द्वारा नगर में भारी शोर शराबा एवं आतिशबाजी के साथ विजय जुलूस निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्ग से होता हुआ निवास में संपन्न हुआ नगर के 15 वार्डों में विजय हुए निम्न पार्षद हैं वार्ड नंबर 1 में प्रफुल्ल राजपूत वार्ड नंबर 2 में टेकु साहू वार्ड नंबर 3 में पुष्पांत पटेल वार्ड नंबर 4 में मन्नू ठाकुर वार्ड नंबर 5 में भीमा रौतिया वार्ड नंबर 6 में संदीप सेन वार्ड नंबर 7 में सुनीता पांडे वार्ड नंबर 8 में हेमलता सागर वार्ड नंबर 9 में डॉक्टर संतोष डार्सेना वार्ड नंबर 10 में राजू रेखा मिश्रा वार्ड नंबर 11 में अनामिका विकास शर्मा वार्ड नंबर 12 में रामदुलारी सिंह वार्ड नंबर 13 में वीरेंद्र तिवारी वार्ड नंबर 14 में आशीष अग्रवाल वार्ड नंबर 15 में कौशल दास मानिकपुरी ने जीत दर्ज किया है।

# नपा कांकेर के अध्यक्ष के लिए अरूण कौशिक विजयी घोषित

**कांकेर**, 15 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के तहत नगरपालिका परिषद कांकेर हेतु 11 फरवरी को हुए मतदान की आज गणना सम्पन्न हुई। मतगणना पश्चात रिटर्निंग अधिकारी द्वारा परिणामों की घोषणा की गई, साथ ही विजयी घोषित अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। नगरपालिका परिषद कांकेर में अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशी अरूण कुमार कौशिक अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 03 हजार 807 मतों से विजयी घोषित हुए। आज सुबह 9 बजे से न्यू कम्युनिटी हॉल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और प्रेक्षक श्री विश्वरंजन कुमार की उपस्थिति में मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।



## रिटर्निंग ऑफिसर ने विजयी प्रत्याशियों को सौंपा प्रमाण-पत्र

मतगणना उपरांत प्राप्त अंतिम आंकड़ों के अनुसार अभ्यर्थी अरूण कुमार कौशिक को 10309 मत, उनके निकटतम प्रतिद्वंदी जितेन्द्र सिंह ठाकुर को 6502, श्री मोहन कुमार सेनापति को 147 तथा संजय गोस्वामी को 85 मत प्राप्त हुए, जबकि नोटा (उपर्युक्त में से कोई नहीं) में 112 वोट पड़े। इसी प्रकार नगरपालिका परिषद कांकेर के 21 वार्डों में से वार्ड क्रमांक-01 अलबेलापारा के प्रत्याशी उगेश्वरी उईके, वार्ड क्रमांक-02 उदयनगर से चन्द्रलोक सिंह ठाकुर, वार्ड क्रमांक-03 शिवनगर के प्रत्याशी शंकुतला जैन, वार्ड क्रमांक-04 माहुरबंदपारा के प्रत्याशी दीपक शोरी, वार्ड क्रमांक-05 जवाहर वार्ड के प्रत्याशी चित्ररेखा जैन, वार्ड क्रमांक-06 संजयनगर वार्ड के प्रत्याशी मो. सलीम मेमन, वार्ड क्रमांक-07 आमापारा वार्ड के प्रत्याशी नरेन्द्र साहू, वार्ड क्रमांक-08 शीतलापारा के प्रत्याशी फरीदा खान, वार्ड क्रमांक-09 श्रीरामनगर के प्रत्याशी अजय सिंह रेणु और वार्ड क्रमांक-10 भंडारीपारा वार्ड के प्रत्याशी सुशीला यादव को विजयी घोषित किया गया है। सभी विजयी अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसरजितेन्द्र कुमार कुर्रे द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

इसी तरह पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक-11 महादेव वार्ड के प्रत्याशी मतीन खान, वार्ड क्रमांक-12 मांझापारा के प्रत्याशी हितेन्द्र खटवानी, वार्ड क्रमांक-13 सुभाष वार्ड के प्रत्याशी विकास कुमार अंभोरे, वार्ड क्रमांक-14 अन्नपूर्णापारा के प्रत्याशी टिकेन्द्र कुमार ठाकुर, वार्ड क्रमांक-15 एम.जी. वार्ड के प्रत्याशी मीरा सलाम, वार्ड क्रमांक-16 शांतिनगर के प्रत्याशी ओमप्रकाश देवांगन, वार्ड क्रमांक-17 कंकालीनपारा के प्रत्याशी कामिनी नेताम, वार्ड क्रमांक-18 बरदेभाठा के प्रत्याशी जितेन्द्र वैध, वार्ड क्रमांक-19 अघननगर के प्रत्याशी उत्तम कुमार यादव, वार्ड क्रमांक-20 जनकपुर के प्रत्याशी मंजू सारथी और वार्ड क्रमांक-21 राजापारा वार्ड के प्रत्याशी आनंद चौरसिया को विजयी घोषित कर रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि न्यू कम्युनिटी हॉल स्थित मतगणना कक्ष में ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के लिए कुल 11 टेबल लगाई गई थी। प्रथम चक्र में 11 वार्डों में प्राप्त मतों की गणना सम्पन्न हुई तथा शेष 10 वार्डों में मिले वोटों की गिनती दूसरे चक्र में सम्पन्न हुई। इसी तरह जिले की नगर पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पखांजूर में मतगणना सम्पन्न हुई।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन- प्रथम चरण में कोंडागांव विकास खंड में मतदान आज




**कोण्डागांव**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 के अंतर्गत प्रथम चरण के मतदान के लिए 275 मतदान दल को आज जनपद पंचायत कोंडागांव से रवाना किया गया। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों के वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश दांडे, कौशलेंद्र पटेल, एसडीएम अजय उरांव, रिटर्निंग ऑफिसर मनोज रावटे उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण में कोंडागांव विकास खंड में 17 फरवरी को सुबह 06.45 से दोपहर 02 बजे तक मतदान संपन्न होगा। इसके अंतर्गत सरपंच, पंच, जिला पंचायत सदस्य और जनपद सदस्य पद का निर्वाचन होगा। कोंडागांव जनपद अंतर्गत 01 जनपद सदस्य, 08 सरपंच और 865 पंच निर्विरोध चुने गए हैं।

**उल्टा पुल्टा**

पति- मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए वह बर्तन फेंक कर मारती है,
जज- अभी भी मार रही है या पहले से
पति- 5 साल पहले से
जज- तो इतने साल बाद तलाक क्यों?
पति- क्योंकि अब उसका निशाना पक्का हो गया है

## संपादकीय

### प्रदेश की तस्वीर बदले

*छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के लिये 11 फरवरी को हुए मतदान के शनिवार को घोषित हुए नतीजों में भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मारी है। प्रदेश के सभी 10 नगर निगमों के अलावा नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में भी उसे एकतरफा जीत मिली है। 49 नगर पालिकाओं में 35 और 114 नगर पंचायतों में से 81 पर उसका कब्जा हुआ है। 70 प्रतिशत से भी अधिक नगरीय निकायों पर भाजपा की सरकारें बनी हैं। अगले एक हफ्ते के भीतर ग्रामीण निकायों के भी चुनाव हो जायेंगे जिनमें जिला पंचायतें और ग्राम पंचायतें हैं। इनमें भी यही कहानी दोहराये जाने की उम्मीद है। सामान्यत: प्रदेश में जिस पार्टी की सरकार होती है, अक्सर स्वायत्त संस्थाएं वही जीतती हैं। ज्यादातर ऐसा होता दिखता है। बेशक इसमें अपवाद भी होते हैं। पिछली बार जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब यही कारनामा कांग्रेस ने किया था। हालांकि उसकी जीत इतनी बड़ी नहीं थी जो अब की भाजपा ने प्राप्त की है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में सत्ता का यह ऐसा समीकरण बन गया है कि राज्य के साथ केन्द्र में भी भाजपा की सरकारें हैं। इस स्थिति का फायदा उठाकर शहरी व ग्रामीण छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदलने में राज्य व निकायों की सरकारों को जुट जाना चाहिये।*

*राज्य में नागरिक सुविधाओं की बात करें तो स्थिति बहुत बुरी है। कुछेक शहरों एवं कस्बों को छोड़ दें तो छग के अधिकतर शहर, छोटे नगर और गांवों में बुनियादी सुविधाओं की बेहद कमी है। राजधानी रायपुर देश के सर्वाधिक गंदे शहरों में से एक है। केन्द्रीय शहर विकास मंत्रालय द्वारा हर वर्ष जो स्वच्छता स्पर्धाएं की जाती है उनमें किसी भी श्रेणी में अंबिकापुर जैसे एकाध शहर को छोड़ दें तो कोई उल्लेखनीय पुरस्कार राज्य को प्राप्त नहीं होते। प्रदेश की रैंकिंग भी अक्सर निचले पायदान पर रहती है। रैंकिंग या पुरस्कार की बात एक तरफ रख दें तो भी जो स्थिति नंगी आंखों से दिखलाई देती है वह यही है कि प्रदेशवासी खराब नागरिक जीवन जी रहे हैं। लगभग सारे शहरों में सर्वत्र गंदगी दिखती है। जगह-जगह कचरे के ढेर, कूड़े से भरी हुई नालियां और बहता हुआ गंदा पानी हमारे शहरों की पहचान हैं। सफाई केवल वीआईपी इलाकों में दिखती है या फिर सोसायटियों व कॉलोनों में जहां अभिजात्य वर्ग के लोग रहते हैं। सामान्य लोगों व निम्न वर्ग के लोगों की बस्तियों में स्थिति बहुत खराब है।*

*गंदे पानी की निकासी की स्थिति भी चिंतनीय है। बड़ा तबका गंदे पानी वाली नालियों व गटरों के किनारे बस्तियां बनाकर रहता है। स्मार्ट परियोजना वाले शहरों की भी स्थिति बुरी है। सफाई एवं निकासी के अलावा शिक्षा तथा स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना ज़रूरी है। राज्य सरकार निकायों को भरपूर आर्थिक सहायता करे। साथ ही, भ्रष्टाचार पर लगाम ज़रूरी है।*

**निकाय चुनाव 2025**

# महापौर-अध्यक्ष चुनाव में भाजपा को मिले 56 फीसदी से ज्यादा वोट

## भाजपा की सुनामी में निगम से लेकर नगर पंचायत तक कांग्रेस के बड़े से बड़े गढ़ ढह गए



### महापौर-अध्यक्ष दलवार वोट शेयर

| दल | प्रतिशत | दल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 56.04 | शिवसेना | 0.20 |
| कांग्रेस | 31.25 | शिवसेना (उद्धव) | 0.05 |
| आप | 0.99 | अन्य | 0.52 |
| बसपा | 01.10 | निर्दलीय | 7.73 |
| माकपा | 0.12 | नोटा | 1.96 |
| भाकपा | 0.04 | | |

### पार्षद पद के लिए दलवार वोट शेयर

| दल | प्रतिशत | दल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 46.62 | भाकपा | 0.09 |
| कांग्रेस | 33.58 | शिवसेना | 0.11 |
| आप | 0.85 | शिवसेना (उद्धव) | 0.02 |
| बसपा | 0.43 | अन्य | 0.76 |
| माकपा | 0.04 | निर्दलीय | 16.25 |
| एनपीपी | 0.01 | नोटा | 1.23 |

- **तीसरे नंबर पर रहे निर्दलीय प्रत्याशियों को 16 फीसदी से अधिक मत मिले**
- **नोटा को आप,बसपा, माकपा, शिवसेना से अधिक वोट मिला**

**रायपुर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)।नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की सुनामी में नगर निगम से लेकर नगर पंचायत तक के चुनाव में कांग्रेस के बड़े से बड़े गढ़ ढह गए। वोटों के प्रतिशत के लिहाज से बात कहें तो महापौर व अध्यक्ष पद के लिए सीधे हुए चुनाव में भाजपा को 56.04 फीसदी वोट मिले। वहीं कांग्रेस को 31.25 प्रतिशत मतदान से ही संतोष करना पड़ा है।

प्रदेश में इस बार अध्यक्ष व महापौर पद का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया गया।जबकि पिछली बार अध्यक्ष-महापौर पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुआ था।इस बार प्रदेश के जिन 10 नगर निगमों में चुनाव हुए हैं, उन सभी में महापौर पद पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत हुई है।वहीं, प्रदेश के 49 नगरपालिकाओं में से 35 तथा 114 नगरपंचायतों में से 81 में भी भाजपा उम्मीदवार जीते हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना के बाद जारी आंकड़ों के मुताबिक, महापौर-अध्यक्ष पद के लिए भाजपा को 56.04 फीसदी वोट और पार्षद पद के लिए भाजपा को कुल 46.62 प्रतिशत मत मिले हैं। वहीं दूसरी ओर महापौर-अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस को कुल 31.25 फीसदी और पार्षद पद के लिए 33.58 फीसदी वोट मिले हैं।

**नोटा से कम रहा आप का वोट प्रतिशत**

आम आदमी पार्टी को महापौर-अध्यक्ष पद के लिए 0.99 प्रतिशत व पार्षद पद के लिए 0.85 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए हैं। जबकि महापौर अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशियों का वोट प्रतिशत 7.73 तथा पार्षद पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशियों का वोट प्रतिशत 16.25 रहा. वहीं, महापौर अध्यक्ष पद के लिए नोटा पर केवल 1.96 प्रतिशत व पार्षद पद के लिए नोटा पर 1.23 फीसदी वोट पड़े।

# सबसे पहले पेयजल आपूर्ति और सफाई पर फोकस

- **शुभ मुहूर्त में बैठूंगी मेयर की कुर्सी पर बोलीं नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे**



**रायपुर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव की बारी बनने लगा माहौल,शनिवार को नतीजे आने के जश्न के बीच मीनल चौबे ने कहा, महापौर पद ग्रहण करने के साथ ही मेरे लिए शहर के लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना पहली प्राथमिकता होगी। चूंकि गर्मी और राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण सामने है। इसलिए सबसे पहले इन दोनों कामों को दुरुस्त करने का काम करूंगी। पहले दिन नगर निगम के कामों की समीक्षा के साथ कामकाज की शुरुआत करेंगे।

शहर का चहुंमुखी विकास हो सके इसके लिए पूरी प्लानिंग से काम होगा। क्योंकि कांग्रेस के 15 सालों के कुशासन से शहर के लोगों को छुटकारा मिला है। मेरा यह पूरा प्रयास होगा कि गर्मी के दिनों में पीने के पानी के लिए शहर के लोगों को परेशान न होना पड़े। शुद्ध पेयजल आपूर्ति सिस्टम को दुरुस्त करना है। शहर की स्वच्छता रैंकिंग में काफी पलीता लगा है। जिसे टॉपटेन में लाने के लिए जोन स्तर पर टीमों की जिम्मेदारी तय करूंगी।स्वच्छता अभियान में वार्ड पार्षद भी अपने.अपने क्षेत्रों में अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे। जो निर्माण कार्य कई महीनोंए सालों से चल रहे हैंए उन्हें तेजी से पूरा कराने समय.सीमा की जाएगी।

**दीप्ति की नहीं कांग्रेस की करारी हार हुई**

नवनिर्वाचित महापौर मीनल ने कहा शहर की जनता का विश्वास भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन से डेढ़ लाख से ज्यादा वोटों से बड़ी जीत मिली है।

नगर निगम में कांग्रेस के 15 सालों के कुशासन भ्रष्टाचार की वजह से कांग्रेस पार्टी की करारी हार हुई है। केवल निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे की हार नहीं हुई है। कांग्रेसी महापौर एजाज ढेबर वार्ड पार्षद तक का चुनाव नहीं जीत सके।

**ट्रिपल इंजन की सरकार में होगा चहुंमुखी विकास**

मीनल चौबे ने कहा कि मैं जिस तरह से नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए शहर के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करती रही हूं उसी तरह पूरी जिम्मेदारी से मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने और शहर के विकास का काम करूंगी। निगम में भाजपा के विजय के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार में चहुंमुखी विकास होगा। महापौर समेत पार्षदों का शपथ समारोह संभवतरू एक सप्ताह में होगा। शुभ मुहूर्त में मेयर की कुर्सी पर बैठूंगी। राज्य बनने के 25 सालों के दौरान महापौर पद के लिए सीधे चार चुनाव हुए। केवल 2019 में ही कांग्रेस सत्ता में आने पर नियम बदलकर पार्षदों के माध्यम से मेयर का चुनाव कराई। इसके अलावा सीधे जनता के वोटो से मेयर चुनाव के नतीजे आए। इनमें से सबसे ज्यादा मतों से भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे विजयी हुई हैं।

# महादेव सट्टा ऐप के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करेगी सीबीआई

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होगा पर्दाफाश**

**रायपुर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। सीबीआई जल्द ही महादेव सट्टा ऐप के खेल में शामिल लोगों को गिरफ्तार करेगी। इसमें जेल भेजे गए 15 आरोपियों से पूछताछ कर बयान दर्ज किया गया है। इस पर 40 से ज्यादा लोगों को अपने दफ्तर में तलब कर चुकी है। इसमें पुलिसकर्मीए कारोबारी पैनल लेकर सट्टा खिलाने वाले और रसूखदार लोग शामिल हैं। हालांकि प्रदेशभर के 70 थानों और ईओडब्ल्यू से प्रकरण शिफ्ट किए जाने के बाद अब तक सीबीआई द्वारा किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। उक्त प्रकरण से संबंधित दस्तावेजों का वेरिफिकेशन कर जानकारी जुटाई जा रही है। सीबीआई के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि सट्टा के सिंडीकेट से जुड़े रसूखदार लोगों पर शिकंजा कसने गिरफ्तारी होगी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे इस खेल को उजागर किया जाएगा। दुबई और अन्य देशों में देखे जाने के बाद से गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल की मदद ली जा रही है।

**गतिविधियों पर नजर**- महादेव सट्टा प्रकरण में जेल भेजे गए 15 आरोपी और अन्य लोगों के बयान के आधार पर प्रकरण की जांच चल रही है। सभी के बयान के आधार पर ईडी से ब्योरा लिया गया है। इस प्रकरण में पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद जमानत पर छूटे लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जेल में लिए गए बयान के आधार पर सट्टे की रकम से लाभान्वित होने वालों को सीबीआई रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है। साथ ही नए सिरे से जांच कर कोर्ट में अभियोजन परिवाद पेश करेगी। बता दें कि सीबीआई के अधिकारी प्राथमिकता के साथ सट्टा प्रकरण की जांच कर रही है।

# पीपीसी चीफ दीपक बैज ने ईवीएम पर फोड़ा हार का ठीकरा



**रायपुर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। निकाय चुनाव परिणाम घोषित होने के पश्चात पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर स्थित कांग्रेस राजीव भवन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने निकाय चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता का निर्णय शिरोधार्य है और जो जनादेश मिला है उसका हम सम्मान करते हैं।

दीपक बैज ने आगे कहा कि निकाय चुनाव का परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा। परंतु जनता ने जो निर्णय दिया है वह हमें स्वीकार्य है।पीपीसी चीफ ने कहा कि हम जनता के बीच पुन:विश्वास अर्जित करेंगे, पूरी ईमानदारी के साथ निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और आगे कहा नगर सरकार जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में काम करे इसके लिए कांग्रेस मजबूत विपक्ष की जिम्मेदारी निभाएगी।

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने चुनाव प्रक्रिया पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि, सरकार पहले बैलेट पेपर पर चुनाव के लिए तैयार थी, परन्तु उन्होंने बाद में इसे ईवीएम में करने का फैसला किया ।जो न्याय संगत नहीं रहा है । कई जगह शिकायतें आई ईवीएम मशीनों के खराब होने की ।साथ इससे मतदाताओं के साथ प्रत्याशियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एक ही मशीन में महापौर और पार्षदों का चुनाव के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा ।उन्होंने कहा कि खैर दोषारोपण का समय नही है। जो चुन के आएं है सभी को शुभकामनाएं ।साथ ही पत्रकारों की कुछ सवालों पर कहा कि पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता होने के नाते पार्टी जो दायित्व देगी ,उसे सहर्ष स्वीकार कर करेंगे।

इसके पश्चात लगभग साढ़े तीन वर्ष के पश्चात विधानसभा चुनाव होंगे ।जिसको लेकर हम अभी से ही संगठन में बूथ स्तर समीक्षा कर मजबूत करेंगे । साथ ही जनता के बीच जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष करेंगे और फिर से जनता का विश्वास प्राप्त करेंगे हार जीत तो सिक्के के दो पहलू है।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने किया पलटवार**

## संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना कांग्रेस की आदत



छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव के नतीजों के बाद ईवीएम पर सवाल उठाने वाले पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं है और अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना उनकी आदत बन गई है।

किरण देव ने कहा, जहां कांग्रेस चुनाव जीतती है, वहां ईवीएम सही होती है, लेकिन जहां हार जाती है, वहां उसे ईवीएम में गड़बड़ी नजर आने लगती है। इसी ईवीएम से कांग्रेस के भी पार्षद और विधायक चुनाव जीतकर आए हैं। उन्होंने कांग्रेस को अपनी हार की असली वजह तलाशने और आत्ममंथन करने की नसीहत दी।

गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न निकाय चुनावों में कांग्रेस को करारी शिकस्त मिली थी, जिसके बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने हार के लिए ईवीएम को जिम्मेदार ठहराया था। इस बयान पर अब भाजपा हमलावर हो गई है और कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का आरोप लगा रही है।

# जय व्यापार पैनल ने पारवानी, अजय और गोलछा को फिर बनाया प्रत्याशी







**रायपुर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। जय व्यापार पैनल के संरक्षक मंडल ने आगामी चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। जय व्यापार पैनल से आगामी कार्यकाल के लिए प्रमुख पदों पर अमर पारवानी को अध्यक्ष, अजय भसीन को महामंत्री और उत्तम गोलछा को कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से प्रत्याशी बनाया। यह निर्णय पिछले चार वर्षों के उनके सफल कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सभी पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रभावी और जिम्मेदार नेतृत्व का प्रदर्शन किया है, जिससे चेंबर को मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ है।

प्रत्याशी चयन के लिए बैठक में पैनल के संरक्षक मंडल के आसुदामल, महेंद्र धाड़ीवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, यू एन अग्रवाल, सलाहकार जितेन्द्र दोषी, सुरेंद्र सिंह, परमानंद जैन, राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, मनमोहन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित अमर पारवानी, अजय भसीन उत्तम गोलछा उपस्थित थे। चेम्बर ने इस कार्यकाल में वर्तमान अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में नये 11,500 रिकॉर्ड सदस्यों के साथ एक मजबूत समर्थन प्राप्त किया है । जय व्यापार पैनल ने आगामी चुनावों के लिए अपनी रणनीतियों और लक्ष्यों को स्पष्ट किया है और अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। पैनल ने अपने प्रत्याशियों के प्रति विश्वास व्यक्त किया है और आगामी चुनावों में व्यापारियों से उन्हें पूर्ण समर्थन देने का आह्वान किया है। संरक्षक मण्डल ने कहा कि उनके पैनल का उद्देश्य व्यापारिक समुदाय के हितों की रक्षा और संवर्धन करना है, और इसके लिए वे समर्पित रहेंगे। जय व्यापार पैनल ने आगामी चुनावों में एकजुट होकर अपने उम्मीदवारों का समर्थन करने के लिए आव्हान किया है।

# नगर निगम ने ग्रेसफुल मीडिया के विज्ञापन ढांचे को राजसात कर निविदा किया रद्द

**रायपुर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर ने ग्रेसफुल मीडिया द्वारा बकाया विज्ञापन शुल्क का भुगतान न करने के कारण 30 मिनी यूनिपोल, अन्य यूनिपोल एवं कंपनी की संपूर्ण विज्ञापन संपत्ति (इन्वेंटरी) को राजसात करने का निर्णय लिया है। साथ ही, विज्ञापन संरचनाओं से संबंधित निविदा को भी रद्द कर दिया गया है। निगम द्वारा कंपनी को निर्धारित समय सीमा के भीतर बकाया राशि जमा करने हेतु अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

इसके अतिरिक्त, सामुदायिक शौचालयों या उनके परिसरों पर विज्ञापन के माध्यम से रखरखाव की प्रक्रिया को भी रद्द कर दिया गया है, क्योंकि संबंधित एजेंसियों द्वारा वित्तीय दायित्वों का पालन नहीं किया गया।

**बकाया शुल्क वसूली के लिए प्रस्तावित कार्यवाही**

नगर निगम ने राजस्व वसूली और वित्तीय अनुशासन लागू करने के लिए निम्नलिखित कठोर कदम उठाने का निर्णय लिया है।

**निगरानी समिति का गठन**

नगर निगम द्वारा एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा, जो एजेंसी से बकाया राशि वसूली की प्रक्रिया की निगरानी करेगी। यह समिति ग्रेसफुल मीडिया के राजस्व स्रोतों का विश्लेषण कर प्रभावी वसूली उपायों की सिफारिश करेगी।

**विज्ञापन पंजीयन निरस्त एवं ब्लैक लिस्टिंग**

ग्रेसफुल मीडिया का विज्ञापन पंजीकरण (लाइसेंस) रद्द कर दिया जाएगा, जिससे वह नगर निगम क्षेत्र में कोई भी विज्ञापन गतिविधि संचालित नहीं कर सकेगी। एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा, जिससे वह भविष्य में निगम की किसी भी निविदा या अनुबंध में भाग नहीं ले सकेगी।

**विज्ञापन संपत्ति ( इन्वेंटरी ) का पूर्ण राजसात**




( जप्तीकरण )-पहले चरण में 30 मिनी यूनिपोल राजसात किए जा चुके हैं और अगले 10 दिनों में बची हुई सभी विज्ञापन संपत्तियों को भी राजसात किया जाएगा।

**बिजली कनेक्शन की समाप्ति**

यदि एजेंसी ने निगम क्षेत्र में ग्रेसफुल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से बिजली कनेक्शन लिया है, तो सीएसपीडीसीएल (छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड) को पत्र भेजकर इन कनेक्शनों को तत्काल काटने के निर्देश दिए जाएंगे। बकाया राशि की वसूली एजेंसी से कानूनी प्रक्रिया द्वारा की जाएगी।

**कानूनी एवं वित्तीय वसूली प्रक्रिया**

यदि एजेंसी निर्धारित समय सीमा में बकाया राशि जमा नहीं करती है, तो निगम राजस्व वसूली (राजस्व वसूली ) प्रक्रिया शुरू करेगा, जिसमें शामिल हैं- राजस्व वसूली प्रमाण पत्र (आरआरसी ) जारी कर कानूनी कार्रवाई।

एजेंसी की बैंक खातों और संपत्तियों को जब्त करना।

य न्यायालय में वित्तीय वसूली का मुकदमा दायर करना।

यह कार्यवाही नगर निगम द्वारा राजस्व की सुरक्षा, वित्तीय अनुशासन लागू करने और सार्वजनिक संपत्ति के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से की जा रही है। भविष्य में भी किसी भी डिफॉल्टर एजेंसी पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी ताकि विज्ञापन क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

**ग्रेसफुल मीडिया के लिए अंतिम चेतावनी**

नगर निगम द्वारा ग्रेसफुल मीडिया को अंतिम चेतावनी जारी की जानी है कि वह निर्धारित समय सीमा में अपनी समस्त बकाया राशि का भुगतान करें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो उनका विज्ञापन लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा, कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा, और कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

अधिक जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए इच्छुक पक्ष नगर पालिक निगम रायपुर के विज्ञापन एवं राजस्व विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

## डीके कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा की तिथि घोषित

**बलौदाबाजार,** 16 फरवरी। शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार मे प्रायोगिक परीक्षा की तिथियां घोषित की गई हैं। 18 फरवरी को बीएससी भाग 3 वनस्पति शास्त्र, 21 फरवरी को बीएससी भाग 2 रसायन शास्त्र, 25 फरवरी को बी एस सी भाग 3 रसायन शास्त्र व बी एस सी भाग 2 वनस्पति शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा प्रात: 9 बजे से प्रारम्भ होगी।

# मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के द्वारा आयोजित दिव्यांगजन सामूहिक विवाह समारोह में 31 दिव्यांग जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों के सुखी वैवाहिक जीवन की मंगलकामना करते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता और दिव्यांगजनों के उत्थान का उत्कृष्ट उदाहरण है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। यह आयोजन भी देवतुल्य दिव्यांगजनों की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने परिषद द्वारा विगत अनेक वर्षों से इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने की सराहना की और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली पहल बताया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिव्यांगजनों के सामूहिक विवाह आयोजन को समाज में समावेशिता और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि यह सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल 31 नवविवाहित दिव्यांग जोड़ों के लिए नई शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि यह समाज को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की प्रेरणा भी देता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को 50,000 रुपये की सहायता दी जाती है। यदि पति-पत्नी दोनों दिव्यांग हैं, तो दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत उन्हें एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के कमजोर वर्गों, विशेष रूप से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

**महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अब तक इस योजना की 12 किश्तें जारी की जा चुकी हैं, जिससे प्रदेश की माताओं और बहनों को आर्थिक संबल मिला है।

उन्होंने कहा कि बेटियां समाज का आधार स्तंभ हैं। वे न केवल परिवार



को जोड़ती हैं, बल्कि संस्कारों की वाहक भी होती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना ने एक दशक पूरा कर लिया है, जिससे बालिकाओं के सशक्तिकरण में अभूतपूर्व सफलता मिली है।

**सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता की मिसाल**

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सामूहिक विवाह अब सामाजिक परंपरा का हिस्सा बन गए हैं और इससे समाज में जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने इस आयोजन में कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज, मारवाड़ी युवा मंच, सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम जैसी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के योगदान की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं।

**मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म**

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और नि:शक्तजनों की सेवा करना एक सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी स्वयंसेवी संगठनों को इस तरह के सामाजिक समरसता बढ़ाने वाले आयोजनों के लिए प्रेरित किया और आयोजन समिति को भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम के लिए बधाई दी।मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा, च्आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहे, आप प्रेम और विश्वास के साथ आगे बढ़ें। मैं सभी नवविवाहित जोड़ों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।ज्

**विशेष आकर्षण दिव्यांग बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति**

इस अवसर पर च्कोपलवाणीज् के मूक-बधिर दिव्यांग बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी प्रतिभा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय एवं उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की कला की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के कार्यों की सराहना की और कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के पुनर्वास, चिकित्सा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और कहा कि जनसहयोग से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में परिषद लगातार कार्य कर रही है।ज्

## ब्राह्मण समाज तहसील कुरुद का आवश्यक बैठक



**कुरुद,** 16 फरवरी ( देशबंधु)। ब्राह्मण समाज तहसील कुरुद का आवश्यक बैठक काली मंदिर में रखा गया था जहां सर्वसम्मति से समाज प्रमुख जनों ने पदाधिकारीयो का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष कमलेश तिवारी उपाध्यक्ष कैलाश शुक्ला सतीश शर्मा सचिव लक्ष्मीकांत द्विवेदी कोसाध्यक्ष नंद कुमार पांडेय सहसचिव कोमल शुक्ला जिला प्रतिनिधि हयग्रीव शर्मा जगजीवन मिश्रा बनाये गए। विशेष आमंत्रित कार्यकारणी सदस्य महेश शर्मा राजेन्द्र शर्मा ईश्वर पांडेय अशोक शर्मा आशीष शर्मा रमेश पांडेय बनाये गए।

## एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में जनरल सर्जरी नि:शुल्क प्रथम परामर्श शिविर

**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, लालपुर, रायपुर, 17 फरवरी से 22 फरवरी 2025 तक जनरल सर्जरी के लिए परामर्श शिविर का आयोजन कर रहा है जिसमे प्रथम परामर्श पूर्णत: नि:शुल्क है एवं आवश्यक जांचों पर 30 फीसदी तक की छूट भी दी जाएगी। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित किया जाएगा। इस शिविर में डॉ. राजेश कुमार सिन्हा (वरिष्ठ सलाहकार, रोबोटिक एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन) और डॉ. गौरव जोशी (सलाहकार, लेप्रोस्कोपिक एवं जीआई सर्जन) मरीजों को परामर्श देंगे। यदि आप एसिड रिफ्लक्स, मुँह में खट्टा पानी या खट्टी डकार आना, पेट या सीने में जलन एवं दर्द, गॉलब्लैडर (पित्त की पथरी), अपेंडिक्स, पाइल्स, फिस्टुला, फिशर, सभी प्रकार के हर्निया, आमाशय और आंतों की समस्या, लिवर, पेंक्रियाज, स्प्लीन की समस्या/बीमारी, पेट में गांठ जैसी समस्याओं से परेशान हैं, तो फ़ौरन परामर्श लें। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल हमेशा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नि:शुल्क परामर्श शिविर का उद्देश्य जनरल सर्जरी से संबंधित समस्याओं से जूझ रहे लोगों को विशेषज्ञ सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करना है।

## कलेक्टर शर्मा ने किया एनएमएमएसई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**बेमेतरा,** 16 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बेमेतरा, रणबीर शर्मा ने आज शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में आयोजित एनएमएमएसई (नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा) 2024-25 का निरीक्षण किया। कक्षा आठवीं के लिए आयोजित इस परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 10ः00 बजे से 11ः30 बजे तक संचालित हुई, जिसमें कुल 1119 पंजीकृत छात्रों में से 1074 छात्र उपस्थित रहे और 45 छात्र अनुपस्थित रहे, जिससे कुल उपस्थिति 95त्न से अधिक दर्ज की गई।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष संतराम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, डीएमसी नरेन्द्र वर्मा, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, पर्यवेक्षक शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने केंद्र की व्यवस्था और परीक्षा संचालन की सुचारूता की सराहना की। द्वितीय पाली दोपहर 1ः00 बजे से 2ः30 बजे तक आयोजित की गई, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने बेरला विकासखंड के दो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। शासकीय महाविद्यालय बेरला में कुल 502 पंजीकृत छात्रों में से 484 छात्र उपस्थित रहे, जबकि 18 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार, शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बेरला में कुल 240 छात्रों में से 233 छात्र उपस्थित रहे, और 07 अनुपस्थित रहे, जिससे इस केंद्र पर 96त्न से अधिक उपस्थिति दर्ज की गई। निरीक्षण के दौरान कन्या शाला की प्राचार्या श्रीमती पूर्णिमा दास, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, बीआरसीसी बेरला खोमलाल साहू, एबीईओ बेरला श्री ठाकुर एवं उईके सर सहित अन्य पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवकाश दिवस पर राजस्व कर वसूली शिविर

### निगम जोन 9 ने की शिविर लगाकर 10 लाख 87 हजार की वसूली

**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 द्वारा आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता , उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, राजस्व अधिकारी श्री खीरसागर नायक के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पांडेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 9 के अंतर्गत आने वाले कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्र.07, पण्डित मोतीलाल नेहरू वार्ड क्र.8, डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर वार्ड क्र.09, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड क्र. 31, महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्र. 32, शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड क्र. 33 एवं पंडित विद्याचरण शुक्रवार क्र. 51 में रविवार अवकाश दिवस पर सभी 07 वार्डों में सम्पतिकर वसूली हेतु शिविर नगर निगम जोन 9 के जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री विजय शर्मा की उपस्थिति में लगाकर कुल राशि 10 लाख 87 हजार रूपये की राजस्व कर वसूली की गयी. नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय ने नगर निगम के जोन 9 के तहत सभी 7 वार्डों के रहवासी सभी सम्पतिकरदाता नागरिकों से अपील की है कि जोन कार्यालय में आने वाले दिनों में सम्पति करदाता नागरिकों की संभावित भीड़ को देखते हुए शीघ्र अपना संपत्तिकर जलकर एवं अन्य बकाया निगम करों का पूर्ण भुगतान किया जाना सुनिश्चित कर लें, ताकि किसी भी सम्पति करदाता नागरिक को असुविधा का सामना ना करना पड़े.




## बरमकेला ब्लॉक में आज होगा पंचायत आम चुनाव

### बैलेट से प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा

**बिलाईगढ़** 16 फरवरी(देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 तीन चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण में 17 फरवरी को जिले के बरमकेला विकासखण्ड में मतपत्र, बैलेट से मतदान होगा। पंचायत चुनाव ईवीएम से नहीं होगा। यह चुनाव प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान दिवस के दिन ही मतदान केन्द्रों में मतगणना की जायेगी।रिटर्निंग अधिकारी ने जानकारी दी है कि बरमकेला ब्लॉक के 284 मतदान केंद्रों में मतदान दल सकुशल पहुंच गए हैं। बरमकेला ब्लॉक में कुल मतदाता एक लाख 12 हजार 774 मतदाता है, जिसमें 56064 पुरुष मतदाता और 56707 महिला मतदाता तथा तृतीय लिंग के 3 मतदाता है।

सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत के मामलों में खण्ड स्तर पर प्रथम चरण हेतु 19 जनवरी को, द्वितीय चरण हेतु 22 फरवरी को एवं तृतीय चरण हेतु 25 फरवरी को प्रात: 9 बजे से की जायेगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर प्रथम चरण हेतु 20 फरवरी, द्वितीय चरण हेतु 23 फरवरी एवं तृतीय चरण हेतु 25 फरवरी को की जायेगी। उल्लेखनीय है कि 20 फरवरी को बिलाईगढ़ एवं 23 फरवरी को सारंगढ़ ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का मतदान होगा।

## अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध साल्हेवारा पुलिस की कार्रवाई

**गंडई पंडरिया**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। पंचायत चुनाव में खपाने के लिए साल्हेवारा क्षेत्र में शराब की तस्करी कर मध्य प्रदेश निर्मित देशी शराब परिवहन करने वाले तीन शराब कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 74 पाव कुल 13.320 लीटर मध्यप्रदेश निर्मित देसी शराब को जप्त किया गया है। जिसकी कीमत 6000 रुपए, परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमत 60000 रुपए, 03 नग मोबाइल फोन कुल कीमत 96000 रुपए है। आरोपियों को अपराध क्रमांक 10/2025 धारा 34(2), 42, 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा।



प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आगमी पंचायत चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए थे जिस पर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय नितेश कुमार गौतम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गंदई श्रीमती आशा रानी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी साल्हेवारा निरीक्षक धर्मेंद्र वैष्णव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर अंतर्राज्यीय सीमा पर लगातार नजर रखी जा रही थी कि दिनांक 15/02/2025 को मुखबिर से सूचना मिला कि 02 व्यक्ति मोटरसाइकल से मध्यप्रदेश का शराब लेकर सीमा पार कर छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ में पंचायत चुनाव में शराब खपाने के लिए ले जा रहे है। जिस पर साल्हेवारा में रामपुर की ओर से दो व्यक्ति मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 ए जेड 2398 से अवैध मध्यप्रदेश निर्मित देशी मदिरा परिवहन करते हुये ला रहे थे। जिसे कोसमर्रा चौक के पास साल्हेवारा पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर अवैध शराब परिवहन करते पकडे गये। आरोपी पूर्वेश कुमार मेश्राम पिता बसंत मेश्राम, बाबुलाल गोड पिता अदालत गोड निवासी गाड़ाडीह थाना छुईखदान और अशोक कदम पिता कदम उम्र 40 वर्ष निवासी मानेगांव थाना बिरसा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश से पूछताछ करने पर पंचायत चुनाव में मतदाताओ को बांटने हेतु मानेगांव मध्यप्रदेश से शराब लेकर आना बताये। आरोपियो के कब्जे से 74 नग मध्यप्रदेश निर्मित देशी मदिरा को जप्त किया गया एवं शराब कोचिया मध्यप्रदेश निवासी अशोक कदम पिता स्व. नीलकण्ठ कदम को छ.ग. आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 45, 52(क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी साल्हेवारा निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार वैष्णव, प्रधान आरक्षक 83 कुलेश्वर सिन्हा, प्रधान आरक्षक 04 दीपक भोई आरक्षक 155 इस्माईल खान, 165 भुवन पोर्ते, 237 संजय दिवाकर की महत्वपूर्ण भूमिका।

## कांग्रेस भाजपा को पटकनी देते हुए ममता जैन तीसरी बार पार्षद पद में हुई विजयी

### ममता ने जीत का श्रेय वार्डवासी मतदाताओं को दिया

**डौण्डी**,16 फरवरी(देशबन्धु)।नगर पंचायत डौण्डी में सबसे ज्यादा वार्ड क्र 03 का पार्षद प्रत्याशी का चुनाव में लोगों की नजर थी वार्ड 3 पार्षद प्रत्याशी चुनाव कांग्रेस व भाजपा के लिए नाक की लड़ाई बनी हुई थी। जिसे लेकर पुरे डौण्डी की जनता की नजर इस वार्ड में लगी थी।ज्ञात हो की वार्ड क्र03 पार्षद प्रत्याशी चुनाव में इस वार्ड से निर्दलीय पार्षद ममता जैन 10 वर्षों से भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी को टक्कर दे कर पार्षद में जीत दर्ज करते आ रही थी। इस बार के चुनाव में ममता जैन ने दोनों पार्टी को फिर से पछाड़ते हुए तीसरी बार पार्षद प्रत्याशी में जीत दर्ज कर प्रचंड बहुमत से विजय हुई।अपने जीत का प्रमाण पत्र लेने के पश्चात खुशी जाहिर कर ममता जैन ने अपनी जीत का श्रेय अपने वार्ड वासियों को दिया है।उन्होने देशबन्धु से कहा की तीसरी बार पार्षद पद में मुझे जीता कर नगर पंचायत में जनप्रतिनिधित्व करने का श्रेय मेरे देवतुल्य वार्ड वासियों को जाता है।जिसके लिए मैं अपने वार्ड वासियों का दिल से आभार व्यक्त करती हूं, में सभी वार्डवासियों को आश्वासन देती हूं की पूर्व की तरह वार्ड के विकास वार्डवासियों की छोटी सी छोटी समस्याओं व मूलभूत विकास के लिए सार्थक भूमिका के साथ अपने कर्तव्यों व जिम्मेदारियों का निर्वाहन करूंगी।




## निधन

### इंदुमति पांडे

**जगदलपुर,** 16 फरवरी। पल्लीचकवा निवासी श्रीमती इंदुमति पांडे उम्र 88 वर्ष पति स्व सुशील कुमार पांडे का निधन रविवार शाम 6 बजे रायपुर में इलाज के दौरान हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 9 बजे उनके निज निवास पल्लीचकवा में किया जाएगा। वे ओंकार पांडे,लोचन कुमार पांडे,भूपेंद्र कुमार पांडे, अश्वनी कुमार पांडे की माता व भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री व सुभाष वार्ड की पूर्व पार्षद श्रीमती दीप्ति पांडे की सास थीं।



### किरण डोनगांवकर

**रायपुर,** 16 फरवरी। राजधानी निवासी पत्रकार किरण डोनगांवकर का बेंगलुरू में निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे ।

### चैतराम जुगनू फूटान

**धमतरी**, 16 फरवरी। शहर के बनिया तालाब आमापारा निवासी चैतराम (जुगनू) फूटान (50) का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे तथा रायपुर के अस्पताल में भर्ती थे। 16 फरवरी रविवार को पूर्वाह्न 11: 30 बजे गृहनिवास बनिया तालाब पार आमापारा से शांतिघाट के लिए उनकी अंतिम यात्रा निकलेगी। वे मोनू, अंकुश फुटान के पिता व बिसंतीन बाई के पति थे। धीवर समाज धमतरी परगना उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।



### विनोद गुप्ता

**गरियाबंद,** 16 फरवरी। नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद गुप्ता 86 वर्ष का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे एकता मेडिकल के संचालक नितिन गुप्ता के पिता थे। उनके निधन पर अधिवक्ता संघ, व्यापारी वर्ग एवं गणमान्य नागरिकों ने दुख व्यक्त किया है।



## कांग्रेस पार्षद ने विधायक के समक्ष थामा भाजपा का दामन



**पिथौरा**, 16 फरवरी। कांग्रेस पार्षद ने थामा भाजपा का दामन पिथौरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 की पार्षद श्रीमती रामकुंवर सिंहा ने विधायक जनसंपर्क कार्यालय में विधायक संपत अग्रवाल के समक्ष भाजपा का दामन थामा। नवप्रवेशी पार्षद का विधायक व नवनियुक्त अध्यक्ष देवेश निषाद मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल भाजपा नेता डा किशोर सिंहा ने भाजपा का गमछा पहना कर सदस्यता दिलाई। नवप्रवेशी पार्षद ने कहा कि विष्णु देव जी की सरकार और उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर किया भाजपा प्रवेस। इस अवसर पर मुख्य रूप से बजरंग अग्रवाल रैदास गोयल युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी पार्षद वीरेंद्र तिवारी मन्नुलाल ठाकुर संतोष डड़सेना भीमा रौतीया संदीप सेन पुष्पकांत पटेल कौशलदास मानिकपुरी खीरू पटेल ललती डडसेना सिल्पा सोनी मनोज बंसल, ज्योति लक्ष्मी सिंहा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल पुष्पराज गजेंद्र सुरेंद्र पांडे रविंदर आज़मानी दिलीप निषाद ऋषिकेश शुक्ला संजय गोयल युवा मोर्चा महामंत्री सौरभ अग्रवाल लक्ष्मीकांत सोनी राजा खनुजा पवन अग्रवाल कुलजीत आज़मानी सन्नी रोहिल्ला सतीस धुरुव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जीत के बाद नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने निकाली आभार रैली



**कुम्हारी,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरपालिका परिषद कुम्हारी के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की आशातीत सफलता से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। रविवार को नगरपालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने आभार रैली निकालकर नगर के लोगों का आभार व्यक्त किया। प्रात: 10.30 बजे अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने कांजी हाउस के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर वार्ड क्रमांक 01 से रैली की शुरुआत की, खुली जीप में बैठकर उन्होंने सभी वार्डों के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया एवं इस जीत का श्रेय सभी नगरवासियों को देते हुए सभी का आभार माना रैली के दौरान उन्होंने कहा कि आपने मुझे अपना अमूल्य मत देकर जीत दिलाई है उसके लिए मैं सदैव आपकी ऋणी रहूंगी मैं सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहूंगी और आप सभी के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। कुम्हारी के तमाम वार्डों के अलावा रामपुर चोरहा, जजंगिरी, कुगदा एवं परसदा पहुंचकर सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया इस बीच उन्होंने वार्ड क्रमांक 18 के खारुन ग्रीन्स कॉलोनी स्थित कुबेरेशर धाम मंदिर में पूजा अर्चना की। इस आभार रैली में उनके साथ खिलावन साहू, योगेश साहू, राकेश पाण्डेय, मिथलेश यादव, तृप्ति चन्द्राकर, रामाधार शर्मा, श्रीमती रीता पाण्डेय एवं अमरजीत सिंह गिल सहित नवनिर्वाचित पार्षदों में लोकेश साहू, अश्वनी देशलहरे, आर. प्रवीण राव, हरिदास वैष्णव, डिकेश पटेल, उमाकांत साहू, रितिका मिथलेश यादव, उमेश्वरी साहू, श्रीमती लता पुनेश साहू, हेमलता धीवर एवं श्रीमती ममता साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## छुईखदान में कांग्रेस ने मारी बाजी

**छुईखदान,** 15 फरवरी। छुईखदान नगर पंचायत से कांग्रेस की अध्यक्ष पद पर रानी नम्रता गिरीराज किशोर दास 616 वोटों से जीत दर्ज की।। कांग्रेस प्रत्याशी रानी नम्रता गिरीराज किशोर दास को 2732 वोट मिले और भाजपा की शीतल नवनीत जैन को 2116 वोट मिले।। वही नोटा को 40 मत पड़े।। टोटल 4888 मत पड़े। छुईखदान नगर पंचायत में 08 पार्षद कांग्रेस के और 07 पार्षद भाजपा के जीते हैं, छुईखदान नगर पंचायत में कांग्रेस पूर्ण बहुमत हासिल कर ली है। छुईखदान नगर पंचायत अध्यक्ष रानी नम्रता गिरिराज किशोर (कांग्रेस)

**छुईखदान नगर पंचायत**- वार्डो में जो पार्षद जीते 1 प्रकाश महोबिया (कांग्रेस), 2 किरण वैष्णव (भाजपा), 3 पन्ना मंडावी (भाजपा), 4 उमाकांत महोबिया (भाजपा), 5 रुपबाला अमित महोबिया (कांग्रेस), 6 निधि शैलेन्द्र तिवारी (कांग्रेस), 7 शैवया वैष्णव (कांग्रेस), 8 अनुभा संजय सांखला (भाजपा), 9 पंचम साहु (भाजपा), 10 मनीष कोचर (कांग्रेस), 11 चंद्रेश कुंभकार (कांग्रेस), 12 घना देवांगन (भाजपा), 13 महेश नारकार (भाजपा), 14 प्रेम सिंह पाल (कांग्रेस), 15 संजु नेताम (कांग्रेस)।

# नौकरी के बहाने हिंदू लड़कियों को फंसाने का मामला




**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। रायपुर में एक गंभीर मामला सामने आया है जहां नौकरी दिलाने के नाम पर हिंदू लड़कियों को झांसा;छंनातप श्रपींकद्ध देने और गलत कामों में धकेलने का आरोप है। यह साजिश एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा बताया जा रहा है जो भोली.भाली युवतियों को निशाना बनाता है। राजधानी रायपुर के सिविल लाइंस थाने में एक गंभीर शिकायत दर्ज की गई है जिसमें नौकरी दिलाने के नाम पर हिंदू लड़कियों को झांसा देने का मामला सामने आया है। इस साजिश का हिस्सा एक बड़ा नेटवर्क बताया जा रहा है जो भोली.भाली युवतियों को निशाना बनाता है।

निश्चय वाजपेयी ने 10 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ अपराधी तत्व सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम से अपना नाम बदलकर इन युवतियों से संपर्क करते हैं। युवतियों को यह झूठा आश्वासन दिया जाता है कि वे उन्हें नौकरी दिलवाएंगे। रायपुर में छिपे तीन बांग्लादेशियों के पासपोर्ट बनाने वाले निशाने परए घुसपैठियों की पहचान करना हुआ मुश्किलरायपुर में छिपे तीन बांग्लादेशियों के पासपोर्ट बनाने वाले निशाने परए घुसपैठियों की पहचान करना हुआ मुश्किल

**पुलिस थाने में शिकायत दर्ज**

इसके बाद इन युवतियों को गलत कामों में धकेला जाता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इन अपराधियों के द्वारा भेजे गए संदेश में एक हिंदू लड़की का नाम लिखा हुआ होता है लेकिन भेजने वाले का नाम उर्दू में होता हैए जो संदेह पैदा करता है। वाजपेयी ने इस तरह के संदेश का स्क्रीनशाट भी शिकायत में संलग्न किया हैए जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह पूरी साजिश एक विशेष समुदाय द्वारा रची जा रही है। यह घटनाएं अब ष्नौकरी जिहादष् के रूप में देखी जा रही हैंए जो हिंदू समाज की महिलाओं को निशाना बनाने की सोची.समझी रणनीति के तहत की जा रही हैं। मामले में पुलिस जांच कर रही है और ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नौकरी जिहाद से फंसाई जा रहीं हिंदू बेटियां

टीण् राजा. इंदौर के एक कार्यक्रम में तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने कहा कि हमारी बहन.बेटियों को लव जिहाद के जरिए तो फंसाया ही जा रहा हैए अब एक नया जिहाद रायपुर से सामने आया है। यह नौकरी जिहाद है। इसमें नौकरी देने के बहाने हमारी बहनों के साथ अन्याय किया जा रहा है।

# सिंगापुर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती से अनाचार



**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के एक व्यक्ति ने रायपुर की युवती को सिंगापुर में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद उससे दोस्ती की और फिर शादी करने के बहाने उससे दुष्कर्म किया। इसकी शिकायत पर राजधानी के एक थाने में पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। आरोपी की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

**शादीशुदा होने के बाद भी खुद को बताया अविवाहित**

**आरोपी ने ऐसे फंसाया जाल में :** पुलिस के मुताबिक 26 वर्षीय युवती कुछ दिन पहले सिंगापुर गई थी। वहां उन्होंने एक जॉब प्लेसमेंट कंपनी में अपना मोबाइल नंबर दिया था। वहां से युवती का मोबाइल नंबर आरोपी को मिल गया। आरोपी भी सिंगापुर में था। उसने युवती से बातचीत शुरू कर दी और दावा किया कि वह उसे सिंगापुर में ही नौकरी दिलवा देगा। युवती भी उसकी बातों में आ गई। इसके बाद आरोपी व्यक्ति और युवती में दोस्ती हो गई। युवती वापस रायपुर आ गई। आरोपी अपने घर दिल्ली चला गया। इसके बाद युवक ने फोन पर ही युवती से बातचीत करना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने खुद को अविवाहित बताते हुए युवती से शादी करने की इच्छा जताई। युवती को उसने भरोसा दिलाया। इससे युवती भी सहमत हो गई। इसके बाद आरोपी व्यक्ति रायपुर आया। युवती के साथ रहा और उससे कई बार दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती को दिल्ली ले गया। वहां युवती को पता चला कि वह शादीशुदा है और वह उससे शादी नहीं करना चाहता है। इसके बाद पीड़ित युवती ने रायपुर आकर आरोपी के खिलाफशिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। नरेंद्र मिश्राए टीआई तेलीबांधा पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया गया है। आरोपी की अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# गौमांस मामले में एक और आरोपी की गिरफ्तारी

**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। मुखबीर से सूचना मिली कि एक सफेद कलर का टाटा 407 क्रमांक सीजी 15 एसी.0159 में दानिश कुरैशी एवं अन्य मवेशी को क्रूरता पूर्वक भरकर रायपुरा चौक की ओर आ रहा है। उक्त सूचना डीडी नगर स्टाफद्वारा घेराबंदी कर रोकने की कोशिश किया गया किन्तु उक्त वाहन चालक तेजगति से वाहन चलाकर भागने लगा। उक्त वाहन का पीछा किया गया जो भैसथान सरोना में जाकर रूका तथा वाहन में सवार चालक फरार हो गया। वाहन चेकिंग करने पर उक्त वाहन में तीन भैस मिला जो क्रूरतापूर्वक भरकर लाया जा रहा था। मौके पर कुरैशी डेयरी फार्म चेक करने डेयरी के आंगन में उपस्थित फ्रीज में 238 ग्राम मांस व गंजी में उबला हुआ 378 ग्राम मांस मिला जिसे गौमांस होने की संभावना पर जप्त जांच के लिए भेजा गया। डेयरी के पीछे खुले स्थान पर खुले में सिर व पैर बरामद हुआ जिसे गौमांस होने की संभावना पर जप्त किया गया। डेयरी के आंगन में रखे गंजी के अंदर बिरयानी बनकर रखा हुआ था जिसके अंदर पका हुआ 82 ग्राम मांस का टूकड़ा बरामद किया गया जिसे गौमांस होने की संभावना पर जप्त कर जांच के लिए भेजा गया। प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध छग कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6, 10 घटित होना पाये जाने पर थाना डीडी नगर में पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण के फरार आरोपी आमिर कुरैशी एवं कलीम खान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया प्रकरण में माननीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में अपुअ पश्चिम श्री दौलत राम पोर्तेए नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन के हमराह थाना प्रभारी डीडी नगर के साथ सउनि महेन्द्र मिश्रा आरक्षक 2462 देवेन्द्र साहू एवं पेट्रोलिंग स्टाफद्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को पकड़कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

# धारदार चाकू के साथ 2 युवक पकड़ाए



**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। अपराधो पर अकुंश लगाने हेतू चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना मौदहापारा पुलिस को क्षेत्र के एक बदमाश को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है मुखबिर सूचना मिला कि एक व्यक्ति जवाहर नगर के जी एस टी टावर के पास आम रोड में अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक यामन देवांगन के नेतृत्व में बदमाश मो् सिद्दीकी के कब्जे से धारदार चाकू के साथ हिरासत में लिया गया जिनकी कब्जे से धारदार चाकू मिलने पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एक अन्य मामलें गुढियारी क्षेत्रांतर्गत अंजली दवाखाना के सामने आम रोड कलिंग नगर में एक लोहे धारदार नुकीलीदार चाकू के साथ संजय लिल्हारे उर्फअभय के कब्जे से अवैध रूप से रखे धारदार नुकीलीदार चाकू जप्त कर आरोपी संजय लिल्हारे उर्फअभय यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# भारतीय भाषा उत्सव के तहत बहुभाषी शिक्षा मॉडल को बढ़ावा देने पर जोर



**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के दिशा-निर्देशों के तहत कृषि महाविद्यालय, रायपुर में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का संचालन ह्श्वक्क सारथियों द्वारा किया गया, जो विश्वविद्यालय द्वारा नामित छात्र होते हैं और जिनका मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता फैलाना होता है. भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय, रायपुर के सभागार में आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) के बहुभाषी शिक्षा मॉडल को बढ़ावा देने और भारतीय भाषाओं के संरक्षण व संवर्धन के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था.

**राजधानी के कृषि महाविद्यालय में हुआ विचार-विमर्श**

कार्यक्रम के विशेष अतिथि संजय नय्यर, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी एवं प्रभारी, राजभाषा हिंदी प्रकोष्ठ, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान का अभिन्न हिस्सा है. उन्होंने भारत में बोली जाने वाली भाषाओं के बारे में संक्षिप्त परिचय देते हुए संस्कृत एवं हिंदी के महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने बताया कि अच्छा साहित्य पढ़ने से वाक्य संरचना और समग्र लेखन क्षमता में सुधार होता है.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गोपीकृष्ण दास, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, रायपुर ने अपने संबोधन में कहा कि मातृभाषा में शिक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होती है. उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत विविध भाषाओं का देश है, जिनमें से प्रत्येक का अपना समृद्ध इतिहास, संस्कृति और पहचान है. भारतीय भाषाओं का महत्व केवल संचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विरासत को संरक्षित करने, एकता को बढ़ावा देने और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. डॉ. दास ने छात्र-छात्राओं को हिंदी पुस्तकों के अध्ययन का महत्व बताते हुए कक्षा के बाद पुस्तकालय में हिंदी साहित्य का अध्ययन करने की सलाह दी.

ओम अग्रवाल, प्रतीक झा और देहुति ध्रुव सहित अन्य छात्रों ने भारतीय भाषाओं के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए. इस कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) सारथी अनुष्का चौरसिया और अंशु मढ़रिया के नेतृत्व में किया गया, जिसमें टीम के अन्य सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई. कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में डॉ. एस. बी. वेरुलकर, नोडल अधिकारी एवं डॉ. रामा मोहन सावु, समन्वयक, प्लेसमेंट सेल ने विशेष भूमिका निभाई.

# दिल्ली रेलवे स्टेशन में भगदड़ के बाद रायपुर रेलवे स्टेशन में बढ़ाई गई सुरक्षा



**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। देश की राजधानी नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर रविवार को हुई भगदड़ के बाद राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। रेलवे प्रशासन ने आरपीएफ और जीआरपी को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। खासकर उन ट्रेनों में जो प्रयागराज कुंभ मेले के लिए रवाना हो रही हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रात 9 बजे से 12 बजे तक विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त पुलिस बल और मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित की गई है। स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आपातकालीन जवानों की तैनाती की गई है।

# गांजा की ब्रिकी करते युवक पकड़ाया




**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस को मुखबीर से मौखिक सूचना मिली है कि सुरज नगर निवासी रॉकी बबलानी नाम का लड़का जो प्लास्टीक की बोरी में गांजा को अवैध रूप से बिक्री करने के लिये लाभाण्डी पुराना शराब भट्ठी के खण्डहर में छुपा कर रखा हुआ है कि सूचना के सबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर पुलिस की टीम एवं स्वंतत्र गवाहों को लेकर मौके पर रवाना हुआ मुखबीर के बताये गये स्थान मे जाने पर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकडा गया । पकड़े गये युवक से उसके पास रखे बोरी के सबंध में पूछताछ किये जाने पर अपना बताये जाने पर युवक से अवैध गांजा रखे जाने के सबंध में वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिये जाने पर युवक के द्वारा अवैध गांजा रखे जाने के सबंध में कोई वैध दस्तावेज नही होना बताये युवक के कब्जा से अवैध गांजा 20 किलो 620 ग्राम कीमती 2,06000 रूपये लगभग मादक पदार्थ गांजा समक्ष गवाहन जप्त कर आरोपी रॉकी उर्फ राकेश बबलानी पिता मनसुख बबलानी उम्र 35 साल साकिन बीएसयुपी कालोनी सूरज नगर लाभाण्डी थाना तेलीबांधा जिला रायपुर आरोपी का कृत्य धारा 22;सी एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड मे पेश किया गया प्रकरण मे विवेचना जारी है।

# तापमान में 2-3 डिग्री वृद्धि की संभावना

**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। पश्चिमी विक्षोभ के चलते हवा की दिशा में परिवर्तन हो रहा है. जिसके कारण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की अगले दो दिनों में वृद्धि होने की संभावना है. मौसम विभाग ने बताया कि आज प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है. शनिवार को न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं अधिकतम तापमान दुर्ग में 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

**दुर्ग रहा सबसे गर्म**




मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 1-2एष्ट की वृद्धि और दक्षिण छत्तीसगढ़ में 2-3एष्ट की गिरावट हुई. उत्तर छत्तीसगढ़ में आगामी 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-4एष्ट की वृद्धि होने और अधिकतम तापमान में 1-3एष्ट की वृद्धि होने की संभावना है. वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ में अगले 4 दिनों में न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में 2-3एष्ट की वृद्धि होने की संभावना है.

### राजधानी में मौसम का हाल

राजधानी रायपुर में आज आकाश मुख्यत: साफ़ रहेगा. मौसम विभाग के अनुसार, आज न्यूनतम तापमान 18 डिग्री और अधिकतम तापमान 35 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है.

# आज सार्वजनिक अवकाश

**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 17 फरवरी यानी सोमवार को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिसके चलते सरकारी दफ्तर और स्कूल व कॉलेज बंद रहेंगे। बता दें कि सरकार ने यह आदेश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जारी किया है। सार्वजनिक अवकाश को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। जिसमें यह बताया है कि चुनाव वाले क्षेत्रों में ही यह आदेश लागू होगा।




विभागीय आदेश के मुताबिक, 17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की वोटिंग सोमवार को होगी। जिसके चलते चुनाव वाले दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। पता होगा कि प्रदेश में प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों में पूरा होगा। पहले चरण का मतदान सोमवार को होगा। इसे ध्यान में रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने पहले से ही आदेश जारी किया था। बता दें कि जिन जिन क्षेत्रों में चुनाव होगा सिर्फ उन्हीं क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश लागू रहेगा। अन्य क्षेत्रों में स्कूल और कॉलेज अपने निर्धारित समय में खुलेंगे।

# नवा रायपुर में शराब पीकर चारपाहिया चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान



**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ लाल उमेद सिंह के आदेशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा कल देर रात अटल नगर नवा रायपुर ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाते हुए शहर के तीन प्रमुख स्थान श्रीराम मंदिर के पास फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में बेरिकेटिंग कर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें यातायात पुलिस एवं थाना तेलीबांधा मंदिर हसौद एवं राखी स्टॉफद्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 14शराबी वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण निराकरण हेतु कोर्ट भेजा गया। जिसने 11 कार 02 मोटरसाईकिल एवं 01 हाइव वाहन शामिल है! शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन में ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालक सबसे बड़ी बाधा है। नशे की हालत में होने के कारण स्वयं तथा दूसरे वाहन चालक के जान के लिए जोखिम भरा होता है। ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही हेतु रायपुर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जाती है। इसी क्रम में 15 फरवरी को श्रीराम मंदिर के पासए फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में बेरिकेटिंग कर चेकिंग अभियान चलाया कर 14नशेड़ी वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण निराकरण के लिए कोर्ट भेजा गया।सभी वाहन चालको का लाइसेंस भी निलंबन हेतु परिवहन कार्यालय भेजा जायेगा!

**14 वाहन वाहनों को जप्तकर कोर्ट में पेश**

# ठेकेदार के खिलाफ युवती से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। रायपुर में भिलाई स्टील प्लांट के ठेकेदार के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। रायपुर के टीटोज क्लब एंड बार में आदिवासी युवती के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा है। आदिवासी युवती से छेड़छाड़ करने पर एफआईआर दर्ज हुई है। ठेकेदार हितेश पटेल के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। हितेश पटेल कोरोना काल में चींस क्लब में फायरिंग का आरोपी भी है। हितेश पटेल सिविक सेंटर में बैंक के सामने फायरिंग कर चुका है फ्लिहाल आरोपी हितेश पटेल फरार है। डीडी नगर थाना में एफआईआर दर्ज हुई है। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव सुशासन की सरकार में अपराधिक उपद्रवी लोगों पर नकेल कई जा रही है। वहीं पर युवती ने डीडी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है और विशेष थाना क्षेत्र कालीबाड़ी रायपुर में भी शिकायत की हैए फिलहाल अपराध दर्ज कर पुलिस अभी आगे की कार्यवाही कर रही है।

**पहले से भी है फायरिंग करने का आरोपी**

### पारिवारिक झगड़े में चाकू से वार, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। थाना मौदहापारा में अब्दुल कासिम पिता अब्दुल जब्बार ने उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी थी जिसका भाई अब्दुल नाजिम को पारिवारिक लड़ाई झगडे में मोह. युनुस ने सब्जी काटने के चाकू से वार कर दिया जिससे उसके पेट में चोट लग गया कि रिपोर्ट सदर का अपराध पंजीबद्ध का विवेचना में लिया गया । थाना मौदहापारा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रकरण की कायमी के पश्चात ही उक्त मामले के आरोपी मोहम्मद युनूस निवासी मौदहापारा रायपुर का पता तलाश कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई, आरोपी के कब्जे से एक नग चाकू जब्त कर आरोपी को प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज कर जेल दाखिल किया गया ।

**उल्टा पुल्टा**

भिखारी- ऐ भाई एक रुपया देदे, तीन दिन से भूखा हूँ।
राहगीर- तीन दिन से भूखा है तो एक रुपए का क्या करेगा..?
भिखारी- वजन तोलूंगा कितना घटा है..!!

# आज महापौर अलका बाघमार की विजय रैली

## जगह-जगह स्वागत की तैयारियां, वरिष्ठ नेता भी शामिल होगें

**दुर्ग,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार की विजय रैली कल 17 फरवरी को दोपहर 2 बजे से निकाली जायेगी।रैली जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होगी जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस भाजपा कार्यालय पहुंचेगी।रैली जिन मार्गो से होकर गुजरेगी उन वार्डो से निर्वाचित पार्षद व समर्थक शामिल होगें। रैली में शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता व अन्य लोग शामिल होगें।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि महापौर अलका बाघमार की ऐतिहासिक जीत के बाद कल 17 फरवरी को दोपहर 2 बजे से भव्य विजय जुलूस निकाला जायेगा। बाजे गाजे आतिशबाजी के साथ ही रैली जिला भाजपा कार्यालय आपापुरा से निकलकर पुराना बस स्टैंड, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता काम्पलेक्स, पोलसाया पारा, तकियापारा, होटल मान चौक, कंकालिन मंदिर चौक, चंडी मंदिर चौक, शिवपारा, गवली पारा, गांधी चौक, जवाहर चौक, से होते हुए वापस भाजपा कार्यालय पहुंचेगी।

जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया ने बताया कि रैली की तैयारियां शुरू कर दी गई है।जुलूस के मार्गो पर पड़ने वाले भाजपा पार्षदों के वार्डो पर पार्षदगण अपने समर्थकों के साथ नवनिर्वाचित महापौर का स्वागत कर रैली में शामिल होगें। जिन वार्डो से रैली नहीं गुजरेगी वहां के पार्षद भी भाजपा कार्यालय आकर रैली में शामिल होकर साथ रहेगें।

### शहर की मूलभूत समस्याओं का तेजी से करें निराकरण : अलका बाघमार



■ निगम आयुक्त ने की नवनिर्वाचित महापौर बाघमार से सौजन्य भेंट

नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार से आज उनके निवास पहुंचकर नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की व गुलदस्ता भेंट कर बधाई व शुभकामनाएं दी।इस मौके पर उन्होंने शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर चर्चा की।महापौर श्रीमती बाघमार ने उनसे शहर की स्ट्रीट लाईट एवं साफ सफाई की व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने के साथ ही स्वीकृत निर्माण कार्यो को शीघ्र पूरा करने पर जोर शेष पृष्ठ 9 पर

# निगम आयुक्त ने कचरा गाड़ी रोकी व कचरा पृथककरण कार्य को देखा



**दुर्ग,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज स्टेशन रोड में निरीक्षण के दौरान नगर निगम की कचरा गाड़ी को रोककर देखा सूखा व गीला कचरा को अलग अलग किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने इस संबंध में कचरा गाड़ी के साथ चल रहे कर्मचारियों को हिदायतें दी। उन्होंने नागरिकों से भी पर्यावरण की सुरक्षा के लिये सूखा व गीला कचरा अलग अलग कर देने का आग्रह किया। श्री अग्रवाल ने इस मामले में लापरवाही बरतने वालों पर भी जुर्माना लगाने व कार्रवाई की चेतावनी दी। शेष पृष्ठ 9 पर

# पंचायत चुनाव : मतदान दल वाहन को हरी झंडी दिखा किया गया रवाना



■ जिले के दुर्ग जनपद के 257 मतदान केन्द्रों में आज मतदान

**दुर्ग,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत 17, 20 एवं 23 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है। मतदान का समय सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है। दुर्ग जिले के जनपद पंचायत दुर्ग में 17 फरवरी को पंचायत प्रतिनिधि चुनने मतदान होगा। मतदान दलों को आज पालीटेक्निक कॉलेज सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान सामग्री प्रदान कर संबंधित मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया गया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने मौका निरीक्षण कर मतदान दलों के अधिकारी कर्मचारियों से रु.ब.रु चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्ञात हो कि पंचायत चुनाव में मतदाता को चार अलग.अलग मतपत्र में वोट देना होगा। पंच.सफेद, सरपंच . नीला, जनपद सदस्य .पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र है। मतदान समाप्ति पश्चात मतदान केन्द्र में ही मतों की गणना की जाएगी। मतगणना का कार्य पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने केन्द्र के मतदान अधिकारियों के सहयोग से किया जाएगा। मतगणना पश्चात् मतदान दलों द्वारा निर्धारित सामग्री वितरण केन्द्र में ही मतदान सामग्री 17 फरवरी शेष पृष्ठ 9 पर





महापौर पद पर ऐतिहासिक मतों से विजयश्री प्राप्त करने पर

श्रीमती अलका बाघमार

एवं

वार्ड क्रमांक 30 तमेर पारा से भारी बहुमत से विजयी होने पर हमारे लाडले नेता

श्री श्याम शर्मा

को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीमती अलका बाघमार
महापौर,
नगर निगम, दुर्ग



श्री श्याम शर्मा
पार्षद, वार्ड 30 तमेर पारा

:: शुभेच्छु ::

माधो ठाकुर एवं विक्की ठाकुर वार्ड क्रमांक 30 तमेर पारा
समस्त वार्डवासी नगर पालिक निगम, दुर्ग (छ.ग.)






मरार पारा वार्ड क्रमांक 5 से विजयी होने पर युवा कांग्रेस प्रत्याशी

श्री विजयंत पटेल

को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं समस्त कार्यकर्ता, कांग्रेस नेता वार्ड क्रमांक 5 मरार पारा के सभी मतदाता भाईयों एवं बहनों बुजुर्गो का हार्दिक आभार

:: शुभेच्छु ::

समस्त वार्डवासीगण मरार पारा, दुर्ग
नगर पालिक निगम, दुर्ग





# आदि काल से ज्योतिष विद्या का महत्व : विजय

**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग की आथित्य में पुजा अर्चना कर शुभारंभ हुआ। जहां पर पूरे भारत वर्ष से आए हुए सुप्रसिद्ध ज्योतिषयो का सम्मेलन आधुनिक परिदृश्य व तकनीकी युग में ज्योतिषीय शोध की आवश्यकता पर शुरू हुई। राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन का आयोजन ज्योतिष विज्ञान शोध संस्था भिलाई दुर्ग के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय बघेल ने कहा कि ज्योतिष की उत्पत्ति भारत में हुई भारत के ज्योतिष पुरातन काल से मानव जीवन को प्रभावित करता रहा हैं आदि अनन्त काल से ज्योतिष विद्या के बारे में हम सभी जानते हैं। पुर्व में ज्योतिष विद्या का अनन्त मन से अंतर ध्यान से अवगत कराते थे, लेकिन समय बदलता गया शिक्षा के साथ साथ बहुत सारे आयम निकलने लगें। जिसका प्रतिफल है जिस तरह इसका व्याम निकलने लगा लड़का लड़की के विवाह के समय इसकी जरूरत पड़ती है। ऐसे ही शिक्षा का महत्व है हमारे जीवन में



ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान भिलाई दुर्ग आज 16 फरवरी रविवार को कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में सुबह 10 बजे से आयोजित राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्वान ज्योतिषाचार्य मंथा सूर्यनारायण राव हैदराबाद ने की। विशिष्ट अतिथि सेफी चेयरमैन नरेन्द्र बंछोर, शिक्षाविद आई पी मिश्रा, ज्योतिषाचार्य महेश खजांची मध्यप्रदेश, रमेश व्यास राजस्थान, तेजसकर पांडेय उत्तर प्रदेश, प्रिया शरण त्रिपाठी, अनंतधर शर्मा, नागेश्वर राव, संजय मिश्रा रायपुर, देवनारायण शर्मा, जयंत पांडेय महाराष्ट्र, पंडित विनोद चौबे भिलाई, ए के वर्मा, नरेंद्र शास्त्री उज्जैन सहित देश व राज्य के ज्योतिषगण उपस्थित थे।

**ज्योतिष गुरुओं का होगा सम्मान**

ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान भिलाइ द्वारा राष्ट्रीय ज्योतिष शोध सम्मेलन में विद्वान ज्योतिष व गुरु द्वय विजयकांत भट्ट एवम वाय एस एन मूर्ति को 50 वर्ष से अधिक समय से ज्योतिष की उत्कृष्ट व महान सेवा के लिए एवं विद्वान ज्योतिष स्वर्गीय जी रंगाराव को मरणोपरांत उनके द्वारा अपने जीवन काल मे ज्योतिष के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य व उल्लेखनीय सेवाओं के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही ज्योतिष गणों को ज्योतिष रत्न, ज्योतिष शोध रत्न और ज्योतिष विभूति सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मेलन की मुख्य विषय वस्तु आधुनिक परिदृश्य व तकनीकी युग मे ज्योतिषीय शोध की आवश्यकता रखी गई है इस कार्यक्रम में ज्योतिष व संस्कृत के विद्वान अपने शोध व दीर्घकालिक अनुभव साझा किया। स्वर्गीय जी रंगाराव की स्मृति में आयोजित इस सम्मेलन के अवसर पर ज्योतिष स्मारिका के रूप में ज्योतिष दर्शन पत्रिका का विशिष्ट अंक प्रकाशन भी किया गया।

**ज्योतिषियों से नि: शुल्क ले सकते हैं परामर्श**

सम्मेलन का सबसे बड़ा आकर्षण है नि:शुल्क ज्योतिषीय परामर्श, इच्छुक व्यक्ति अपनी व अपने बच्चों की कुंडली का नि:शुल्क विश्लेषण देश भर से आए विद्वान ज्योतिष से करा सकते है। आमंत्रित ज्योतिष गणों से मिलने का यह बड़ा अवसर था जिसे हम ज्योतिष का महाकुंभ कह सकते है। निश्चित रूप से यह आयोजन ज्योतिष व ज्योतिषीय शोध को एक नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक मंच मिला जिसका सार्थक व सफल माना जा रहा है। आयोजन में सभी ज्योतिष गण व ज्योतिषीय परामर्श प्राप्त करने हेतु बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई



**भिलाईनगर**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस ने आज सिविक सेन्टर भिलाई एवं सूर्यामॉल क्षेत्र में नो पार्किग में खडी वाहनो में लॉक लगाया गया। नो पार्किग में खडे वाहन मालिको को भविष्य के लिए चेतावनी भी दी गई। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा नो पार्किग के तहत कार्यवाही करते हुए 48 वाहनों पर की गई कार्यवाही। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री ऋचा मिश्रा के मार्ग दर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतानंद विंध्यराज के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा सडक दुर्घटना एवं यातायात बाधित करने वाले नो पार्किग में खडे वाहनो पर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा कार्यवाही की गई। सिविक सेन्टर मार्केट क्षेत्र में एवं सूर्यामॉल चौक के आस पास चार पहिया वाहन सडक पर वाहन खडी कर आस पास के दुकान में चले जाते है जिससे मार्ग बाधित होने की समस्या उत्पन्न हो रही है जिस पर चार, दो पहिया वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 48 वाहनो के टायरो में लॉक लगाया गया जिसे वाहन मालिक के द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा नो पार्किग की कार्यवाही कर लॉक खोला गया और वाहन चालक को समझाईस दी गई कि इस प्रकार सडक पर वाहन खडा न करें।

# संयंत्र को मिला गोल्डन पीकॉक एक्सीलेंस अवार्ड



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र को मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही संयंत्र को हेरिटेज साइट देवबलोदा के विकास और जीर्णोद्धार के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा भी सम्मानित किया गया। इन दोनों पुरस्कारों डीआईसी मिनी कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित एक कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता को सौंपा गया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशकगणों में एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, डॉण् अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बी.के. गिरी, राकेश कुमार, डॉ.एम. रवींद्रनाथ उपस्थित थे। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, संदीप माथुर, उत्पल दत्ताए, शिवराजन नायर, एच. शेखर, महाप्रबंधक अतुल नौटियाल, अजय कुमार,दीपांकर रे, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार और वरिष्ठ प्रबंधक राजीव जाजू भी उपस्थित थे। यह अवार्ड भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और सह.अध्यक्ष उदय उमेश ललित के हाथों मुंबई में पवन कुमार ने अपनी बीएसपी टीम के साथ प्राप्त किया था। संयंत्र को हेरिटेज साइट देवबलोदा के विकास और जीर्णोद्धार के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के हाथों 17 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। इसे कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार और महाप्रबंधक सीएसआर शिवराजन नायर ने प्राप्त किया था। इस अवसर पर डॉ एम रविन्द्रनाथ न बताया कि सेक्टर-9 अस्पताल को एनएबीएच की मान्यता प्राप्त की। यह सेल का पहला चिकित्सालय है जिसने यह उपलब्धि प्राप्त की। इन पुरस्कारों पर गर्व व्यक्त करते हुए निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# गुणों के स्मृति से वृत्ति, कर्म, बोल और हमारा व्यवहार श्रेष्ठ बनता है



**भिलाईनगर**,16 फरवरी (देशबन्धु)। अच्छी बातों को सुनना आता है, सुन लेते हैं पर मानना नहीं आता,जीवन में अपनाना नहीं आता। यह बातें धमतरी सेवा केंद्रों की निदेशिका निर्मल वाणी से संपन्न सरलचित् ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने सेक्टर-7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में कहीं। उन्होनें बताया की अच्छे गुणों के स्मृति स्वरूप से वृत्ति बनती है वृत्ति से कर्म और कर्म से बोल और हमारा व्यवहार श्रेष्ठ बनता है। जिसमें भाव और भावनाएं निहित होती हैं। जड़ और तना जितना मजबूत होता है वृक्ष उतना ही ज्यादा शक्तिशाली मजबूत होता है। जो योग्य होता है उसे ही जिम्मेवारी मिलती है। उन्होनें सभी को अभ्यास कराया की दुआएं दो दुआएं लो। उन्होनें तीन पर परचिंतन, परदर्शन, परमत को छोड़कर श्रेष्ठ संग को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सांसद ने पर्यावरण बचाने चलाई सायकिल



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन का सांसद विजय बघेल ने नेतृत्व किया और सैकड़ो लोगो के साथ साईकिल चलाते हुए इसे वैश्विक पर्यावरण के लिए अनिवार्य बताया। आज रविवार को सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परीक्षेत्र साईकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ और स्वास्थ्य लाभ के लिए साईकिल चलाओ जैसे नारों से गूंज उठा। इस दौरान विजय बघेल ने कहा कि हर व्यक्ति को साईकिल चलाना चाहिए। इससे स्वास्थ्य लाभ तो होगा ही आर्थिक बचत भी होगी जिससे देश सशक्त बनेगा। साईकिल चलाने लोगो में जनजागरूकता फैलाने साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन अब अपने पूरे शबाब पर पहुंच चुका है। जिसमें स्वस्फूर्त होकर सैकड़ो लोग जुड़ रहे हैं। सांसद विजय बघेल ने सब लोगों के साथ जमकर साईकिल चलाई। प्रकाश बंछोर ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने हिस्से का प्रदूषण दूर करना चाहिए और इसे जीवनशैली में अपनाना चाहिए। रंगकर्मी भानूजी राव ने कहा कि प्रति सोमवार साईकिल से कार्यालय जाने पर पर्यावरण सुखद होगा। प्रशांत क्षीरसागर ने कहा कि साईकिल चालक को हेय दृष्टि से न देखकर उसे एक वैश्विक पर्सनैलिटी का दर्जा दिलाना ही हमारे आंदोलन का उद्देश्य है। चित्रकार भूपत राव बोरकर ने कहा कि दूसरों को न देखते हुए जहरीली होती धरा में अपने हिस्से का प्रदूषण हमें दूर करना चाहिए। लेह से लद्दाख तक साईकिल चलाने वाले प्रवीण कालमेघ ने तेजी से विकसित हो रहे भारत में साईकिल चालन को आवश्यक बताया। जयप्रकाश नायर ने भी लोगों को प्रेरित किया। ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ साईकिल चलाने के लिए प्रमुख रूप से पर्यावरणविद् बालूराम वर्मा, दीपक दिल्लीवार, दिलीप, प्रकाश सावंत, राजेश जैन, प्रमोद सिंह, श्रीकांत ताम्रकार, धीरज साहू, यश दलवी, कांता देवी, नेहा, तृप्ति, खूशबू, मुस्कान, पी.एल.जेना, श्रेयांश जेना तथा सैकड़ो की तादात मे साईकिल प्रेमी मौजूद थे। अंत में कार्यक्रम संयोजक डा.अंकुश देवांगन ने साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन में आए समस्त लोगो का आभार प्रदर्शन किया।

# पुरानी बस्ती सुपेला में टंकी का निर्माण कार्य प्रगति पर



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्र के पुरानी बस्ती सुपेला में बड़ी पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इससे गर्मी के दिनो में वहां के निवासियो को पानी की सप्लाई और बेहतर ढंग से होने लगेगी। अभी वहां पर पानी का प्रेशर कम आ रहा था। इससे कुछ जगहो पर पानी ठीक ढंग से चढ़ नहीं रहा था। जिससे पानी सप्लाई होने में समस्या आ रही थी। लोगो की सुविधा को देखते हुए निगम भिलाई द्वारा 1.75 करोड़ की लागत से 1500 किलो लीटर की पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इससे लगभग 2200 परिवारो को लाभ मिलेगा। यह सुपेला गदा चौक से घड़ी चौक तक के निवासियों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा। जिसमें प्रमुख रूप से पांच रास्ता कान्ट्रेक्टर कालोनी, रामनगर, अम्बेडकर नगर, चिंगरी पारा, गौतम नगर, रावणभाठा, चुड़ी लाईन मार्केट, उड़िया बस्ती, शासकीय अस्पताल के पीछे बस्ती, देवांगन पारा आदि क्षेत्रों में पानी का प्रतिपूर्ति होगा। निर्माणाधीन टंकी समय अवधि में अपने तकनीकी गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो इसके प्रगति का निरीक्षण करने मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी मौके पर पहुच कर निरीक्षण किये। निर्माण हो रहे टंकी ड्राइंग व निविदा के अनुरूप हो रही है कि नहीं आदि तकनीकी दृष्टिकोण से अवलोकन करते हुए निर्माणकर्ता एजेंसी को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव, निर्माणकर्ता एजेंसी के पी.डी.सी. अभियंता नितिश उपस्थित रहे।

**स्वच्छता स्लोगन लिखो, जीतो इनाम जीतो**

निगम भिलाई द्वारा स्वच्छता स्लोगन लिखो खुली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसी भी वर्ग का महिला पुरुष व्यक्ति शामिल हो सकता है। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 3100, तृतीय पुरस्कार 2100 रखा गया है। उद्देश्य हैए स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करना। प्रतियोगिता का रूपरेखा ऐसा होगा कि स्वयं के प्रेरित स्लोगन लिखकर के उसमें अपना नाम पता मोबाइल नंबर के साथ नगर निगम भिलाई के कमरा नंबर 5 स्वास्थ्य विभाग में जमा करना है। एक लिफाफे के अंदर स्लोगन लिखकर के अपना पता मोबाइल नंबर लिफाफे में देना होगा। लिफाफे के ऊपर भी निवास का पता मोबाइल नंबर लिखना जरूरी होगा। उसे सील कर देंगे। ध्यान रहे कोई भी गूगल से इंटरनेट से पूछ करके स्लोगन नहीं लिखेगा। पूरे पारदर्शिता के साथ इसका मूल्यांकन होगा।। अगर किसी का वही स्लोगन इंटरनेट गूगल में मिलेगा तो वह स्लोगन अमान्य होगा। स्वयं के प्रेरणा से बनाया हुआ, जो छोटा हो लेकिन पावरफुल हो, वही स्लोगन मान्य किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्लोगन विजेताओं का स्लोगन निगम भिलाई द्वारा प्रमुख चौक चौराहों पर दीवारों पर हर जगह लिखा जाएगा। स्वच्छता के प्रति लोगों में सकारात्मक भावना जागृत हो। साथ ही सब में स्वच्छता में सहयोगात्मक भावना पैदा हो। इस प्रतियोगिता की अंतिम तारीख 24 फरवरी है। कार्यालय अवधि सुबह 10 से शाम को 5.30 बजे तक तक निगम के मुख्य कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसके लिए निर्णायक पैनल होगा जो इसका मूल्यांकन करेगा। अगर एक ही तरह का स्लोगन कई व्यक्तियों द्वारा दिया जाता है, तो संबंधित व्यक्तियों को बुलाकर उनके सामने के कार्यालय में लकी ड्रा निकाला उसके आधार पर विजेताओं का चयन होगा।

# स्नेह संपदा विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र ने निगमित सामाजिक गतिविधियों के तहत स्नेह संपदा विद्यालय में एक नवनिर्मित शैक्षणिक भवन विद्यालय प्रबंधन को हस्तांतरित किया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने उद्घाटन किया। इस भवन में चार सुसज्जित कक्षाएँ और भवन के दोनों ओर दो ऐसे शौचालय हैं जिन्हें मानसिक रूप से अक्षम बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इन शौचालयों में कम ऊँचाई पर शीशे और वॉशबेसिन, ग्रैब रेल और व्हीलचेयर हेतु सुलभता जैसी सुविधाएँ शामिल हैं। नव.निर्मित समावेशी कक्षाएँ मानसिक रूप से अक्षम बच्चों के शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करेंगी और उनके लिए एक सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण तैयार करेगी। जिससे उन्हें अपनी गति और शैली के अनुसार सीखने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर स्नेह संपदा विद्यालय की संस्थापक श्रीमती पुष्पा शिर्के, मुख्य महाप्रबंधक टीएसडी उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक विष्णु के पाठक, महाप्रबंधक, शिवराजन नायर, श्रीमती शिखा दुबे, महाप्रबंधक डॉ. एन.के. जैन, उप महाप्रबंधक, राजीव कुमार, अभिषेक झा, के के वर्मा उपस्थित थे। पवन कुमार ने कहा कि अक्षम बच्चों का पालन.पोषण करने के लिए बहुत साहस, धैर्य और समर्पण की आवश्यकता होती है। श्री कुमार ने कहा कि मुझे यह जानकर अत्यंत खुशी हो रही है कि हम इस संस्थान की सहायता कर सके, जो मानसिक रूप से अक्षम बच्चों की जरूरतों को पूरा करता है। स्थापना काल से ही संयंत्रए स्नेह संपदा विद्यालय का सहयोग करता आ रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा। श्री कुमार ने विद्यालय के छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी से अपील की कि वे अक्षम बच्चों को हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान करें। उत्पल दत्ता ने कहा कि जब से वे बीएसपी में शामिल हुए और भिलाई में रहने लगे, तब से उन्होंने स्नेह संपदा विद्यालय को मानसिक रूप से अक्षम बच्चों के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य करते देखा है। जिन्हें हमारे प्रेम, समर्थन और सहयोग की विशेष आवश्यकता होती है। संदीप गुप्ता ने आगामी फिजियोथेरेपी केंद्र के बारे में भी बताया। जिसे संयंत्र के सीएसआर विभाग, बीएसपी.ऑफिसर्स ऐसोसिएशन और वेलफेयर ट्रस्ट तथा सेवा फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। सुखदेव सोनवानी समारोह का संचालन और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस विद्यालय के बच्चों ने ओलंपिक में भाग लेकर पदक जीतने में भी सफलता प्राप्त की हैं।

# माता-पिता व पड़ोसियों से अच्छा व्यवहार करें



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। मुस्लिम समुदाय का तीन दिन का दीनी इज्तिमा दुआओं के साथ पूरा हुआ। बैकुंठधाम अंबेडकर भवन में हुए इस इज्तेमा में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सहित आसपास के इलाकों से बड़ी तादाद में लोग जुटे। तब्लीगी जमात भिलाई के अमीर सैय्यद जमीर व नज़्म के जिम्मेदार नासिर कुरैशी ने इज्तिमा में पैगम्बर हजरत मुहम्मद की तालीम के बारे में बताया गया। निजामुद्दीन मरकज से आए मुफ्ती अबुजर आदिलाबाद मौलाना अब्दुल मालिक खान भोपालए हाफ़िज़ शकील अमरावती, मोहम्मद असलम दिल्ली, अब्दुल हमीद, मौलाना अब्दुल्ला नागपुर, मोहम्मद इफ्तेखार नागपुर और शरीफ नागपूर ने आए हुए लोग के सामने अपनी बात रखी। पहले दिन अमरावती के हाफ़िज़ शकील ने अल्लाह के साथ इबादत में किसी को शरीक नहीं करने, हज़रत मुहम्मद की पाकीजा जिंदगी अपनाने के साथ मां बाप, पड़ोसी और अपने दोस्त अहबाब के साथ अच्छा व्यवहार बरतने को जोर दिया। आदिलाबाद के मुफ्ती अबुजर ने इंसानियत का पैगाम लेकर चलने लोगों को कुरान और हदीस जरिए में बताए रास्ते पर चलने की ताकीद की। मौलाना अब्दुल्ला नागपुर ने शादी ब्याह में सादगी लाने और खर्चीली शादियां रोकने की अपील की।

# डॉ आम्बेडकर जयंती पर कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार

**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। विगत 14 फरवरी को भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ और सलाहकार मंडल, साथ ही भिलाई की समस्त धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की सामुहिक बैठक बाबासाहेब डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में सम्पन्न हुई। जिसमें 13-14 अप्रैल 2025 को डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह आयोजित करने के लिए विस्तृत विचार विमर्श हुआ और उपस्थित सभी न सर्व सम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया। उक्त जानकारी संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने दी। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आगजनी से घर में रखा समान जल कर हुआ राख



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। वीति रात्रि वैशाली नगर स्थित मौला साहू के आवास में अचानक आगजनी से अफरा-तफरी मच गई। इसकी सूचना मिलते ही अग्निशमन टीम तात्काल मौके पर पहुंची और पहुँच कर आग पर काबू पाया। इस आगजनी में घर में रखे गैस सिलेन्डर को बाहर निकालने की सबसे बड़ी चैलेंज अग्निशमन विभाग की थी। अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए घर में घुस कर जलते हुए सिलेंडरों को बाहर निकाला और आग पर क़ाबू पाया। अग्निशमन गाड़ी ने पानी का उपयोग किया और आग को आसपास की घरो की तरफ बढ़ने से रोक लिया। वही आस-पास के लोगों ने भी आग पर काबू पाने के लिये अपने स्तर पर काफी प्रयास भी किया। जिससे एक बड़ा हादसा टला। नागेश्वर कुमार जिला अग्निशमन अधिकारीए दल प्रभारी भगवतीए रामनाथ कुरेए धर्मेंद्र साहूए राजू अग्निशमन कर्मीए वाहन चालक द्वारा एक अच्छी टीम बनाकर आगजनी स्थान पर समय पर पहुँच कर आग पर काबू पाया गया।

# विधायक ने संत रविदास समाज को भवन बनने की घोषणा



**भिलाईनगर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। संत शिरोगंणी गुरु रविदास जयंती घूम धाम से मनाया गया। संत रविदास नगर सुपेला वार्ड -10 से समाज के बड़ीं संख्या में लोग उपस्थित थ। 9.30 बजे हवन पुजन किया व 10 बजे से 11. 30 बजे महाआरती कि गई। साथ ही समाजिक निर्धन युवका युवको कि शादि सम्पन्न किया गया। समाज के संरक्षको एवं वरिष्ट जनो का सम्मान्न किया गया। 12 बजे से प्रभाता फेरी शोभा यात्रा रविदास नगर सुपेला से निकाली गई। घड़ी चौक होते हुऐ नेहरु भवन रोड के पास राजेश चाप के सह परिवार शोभा यात्रा में शामिल हुए। संत रविदास के भक्तो का स्वागत कर उन्हें फल वितरण किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन थे एवं विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम देवांगन भाजपा जिला अध्यक्ष, श्रीमती ज्ञानवंता भोंडेकर, प्रकाश भोंडेकर, प्रकाश महोबिया, इन्द्रजीत सिंह, एम.एल. जगने, संजिव सिंह वरिष्ट भाजपा नेता, हीरालाला टांडेकर, घनेन्द्र छिपेकर, भक्तिगीत मंजित एवं अनवर वहाब, अकबर कुरैशी द्वारा प्रस्तुति दी गई। रात्रि कलिन पदमश्री उषा बारले द्वारा मनमोहन प्रस्तुति दि गई । अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष दीपक भोंडेकर द्वारा अतिथियो का स्वागत शाल, श्रीफल व संत श्री शिरोमाणी गुरु रवि दास का फोटो स्मृति चिन्ह के रूप में सप्रेम भेट किया गया। संत गुरु रविदास समाज कल्याण समिति ने बताया कि इस अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने समाज के भवन के लिये 5 लाख रुपये देने की घोषणा की तथा उन्होनें संत रविदास की प्रतिमा देने का आश्वासन समाज के लोगों को दिया।

## डीके कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा की तिथि घोषित

**बलौदाबाजार,** 16 फरवरी। शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार मे प्रायोगिक परीक्षा की तिथियां घोषित की गई हैं। 18 फरवरी को बीएससी भाग 3 वनस्पति शास्त्र, 21 फरवरी को बीएससी भाग 2 रसायन शास्त्र, 25 फरवरी को बी एस सी भाग 3 रसायन शास्त्र व बी एस सी भाग 2 वनस्पति शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा प्रात: 9 बजे से प्रारम्भ होगी।

# नपं गुरुर में खिला कमल, कांग्रेस को मिली करारी हार



**गुरुर,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव मे भाजपा ने जीत हासिल की है, वहीं कांग्रेस को करारी हार मिली है। नगर पंचायत गुरुर में अध्यक्ष पद के लिए इस चुनाव में चार प्रत्याशी मैदान में थे, जिसमें भाजपा के प्रदीप साहू को 1209 वोट मिले। वहीं कांग्रेस समर्थित टिकेश्वर साहू (गोलू) को 1085 वोट मिला। निर्दलीय जितेंद्र कुमार ओझा को 496 वोट और हमर राज पार्टी के ओम प्रकाश साहू को 19 और नोटा को 25 वोट मिले हैं। नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित प्रदीप साहू को अधिक मत मिलने के बाद निर्वाचन अधिकारी द्वारा उन्हें निर्वाचन का प्रमाण पत्र भेंट किया गया, प्रदीप साहू अब नगर पंचायत गुरुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बन गए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने अपनी सफलता को पूरी नगर की जनता और कार्यकर्ताओं की जीत बताया। उन्होंने कहा यह मेरी व्यक्तिगत जीत नहीं बल्कि हर उस व्यक्ति की जीत है जिसने मुझे समर्थन दिया है।

**सिर्फ 4 वार्डों में मिली कांग्रेस को जीत**

इसी तरह वार्ड 1 में विजेता भाजपा के राकेश दीवान को 81 वोट और प्रतिद्वंदी कांग्रेस के ओंकार पटेल को 71 वोट मिला। वार्ड 2 में विजेता कांग्रेस के चिदानंद साहू को 127 वोट और प्रतिद्वंदी भाजपा के चिंताराम साहू को 92 में वोट मिला। वार्ड 3 में कांग्रेस के विजेता भूपेश कुमार लोहले सोनू को 129 वोट और प्रतिद्वंदी भाजपा के मधु कुमार साहू को 81 वोट मिला। वार्ड 4 में विजेता भाजपा के कुंती सिन्हा को 91 वोट और प्रतिद्वंदी कांग्रेस की करुणा देवान को 88 वोट मिला। वार्ड 5 में भाजपा की विजेता अनसूइया ध्रुव को 92 और प्रतिद्वंदी पूनम साहू कांग्रेस को 55 वोट मिला। वार्ड 6 में विजेता कांग्रेस की महिमा रेनू भूपेंद्र साहू को 103 और प्रतिद्वंद्वी भाजपा के तोमेश कुमार साहू को 65 वोट मिला। वार्ड 7 में भाजपा के चंद्रलता साहू को 72 वोट और प्रतिद्वंदी कांग्रेस के मोहम्मद खान को 64 वोट मिले। वार्ड 8 में भाजपा की कमलेश बाई को 96 और प्रतिद्वंदी कांग्रेस की मधु देवदास को 64 वोट मिले।

**15 में 11 वार्डों पर भाजपा का कब्जा**

वार्ड 9 में विजेता कांग्रेस की तृप्ति यादव को 109 और प्रतिद्वंद्वी भाजपा के पन्नालाल साहू को 81 वोट मिले। वार्ड 10 में भाजपा के विजेता अनाराम यादव को 111 वोट और प्रतिद्वंदी कांग्रेस के कमलेश साहू को 81 वोट मिले। वार्ड 12 में विजेता भाजपा के बिंदा यादव को 121 और प्रतिद्वंदी कांग्रेस की तोमेश्वरी तनु साहू को 72 वोट मिले। वार्ड 13 में विजेता भाजपा की जीतेश्वरी मोहन निषाद को 133 और प्रतिद्वंदी कांग्रेस के तेजेश्वर कुमार को 68 वोट मिले। इसी तरह वार्ड 14 में विजेता भाजपा के मधु जगदल्ले को 146 और प्रतिद्वंदी कांग्रेस के लता सोनवानी को 78 वोट मिले। वार्ड 15 में तीन प्रत्याशी थे। जिसमें विजेता भाजपा के नारायण रामटेक को 111, प्रतिद्वंदी कांग्रेस के टीकम लाल जोशी को 107 और निर्दलीय गंगा को 16 वोट मिले। इस तरह कुल 11 वार्डों में भाजपा और 4 वार्डो में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी जीत आए हैं।

**आतिशबाजी कर मनाया गया उत्साह**

नगर पंचायत गुरुर में चुनाव संपन्न होने के बाद गुरुर नगर में जगह-जगह आतिशबाजी करके उत्साह मनाया गया। मौके पर नगर पंचायत गुरुर के अध्यक्ष कौशल साहू, भाजपा के वरिष्ठ इशा प्रकाश साहू, नंदकिशोर शर्मा सहित अन्य वरिष्ठगन तथा कार्यकर्ता बड़ी संख्या उपस्थित है।

# एसएसपी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए पेट्रोलिंग दल को किया रवाना

**बेमेतरा**, 16 फरवरी। बेमेतरा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये आचार सहिता लगने के बाद स्थानीय स्तर पर तैयारी की गई है। आज 16 फरवरी 2025 को सिटी कोतवाली बेमेतरा/पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रथम चरण विकासखंड बेमेतरा एवं नवागढ़ के चुनाव को लेकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने मतदान केन्द्रों, पेट्रोलिंग पुलिस अधिकारियों, नगर सेना, कोटवार एवं अन्य चुनाव कार्य में लगे समस्त पुलिस अधिकारियों को फॉलिंग, ब्रीफिंग कर रवाना किया गया। जिसमें चुनाव आयोग द्वारा जारी नियमों की जानकारी दी जाकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निष्पक्षता से सम्पन्न करने हेतु अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सभी पुलिसकर्मियों को कहा कि निर्वाचन के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर समाप्ति तक सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए, और सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखा जाए। पेट्रोलिंग पार्टी और मतदान दलों को दिए गए निर्देशों के बाद सभी दलों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रस्थान किया।

मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, साथ ही सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मिलकर शांतिपूर्ण और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। सभी मतदान दल कड़ी सुरक्षा के बीच अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके हैं और प्रशासन चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हो। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया का सुचारू संचालन लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है और इसके लिए सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे अपना कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। साथ ही मतपेटी सुरक्षा एवं संचार उपकरण की जांच कराकर सुनिश्चित कर ले कि सभी उपकरण ठीक स्थिति में है यदि कनेक्टिवीटी में कोई समस्या हो तो अभी से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर दुरूस्त कराने, असामाजिक तत्वों तथा निगरानी बदमाशों, गुण्डों, शराब पीकर हुल्लड/मारपीट करने वालों के विरूद्ध ठोस प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्रथम चरण में ज़िले दो विकासखंड बेमेतरा एवं नवागढ़ आज 16 फरवरी 2025 को सबेरे से कृषि उपज मंडी बेमेतरा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नवागढ़ में मतदान केन्द्रों में सुरक्षा ड्यूटी हेतु ड्यूटी सर्टिफिकेट वितरण किया गया है।

# कलेक्टर शर्मा ने किया एनएमएमएसई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**बेमेतरा,** 16 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बेमेतरा, रणबीर शर्मा ने आज शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में आयोजित एनएमएमएसई (नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा) 2024-25 का निरीक्षण किया। कक्षा आठवीं के लिए आयोजित इस परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 10ः00 बजे से 11ः30 बजे तक संचालित हुई, जिसमें कुल 1119 पंजीकृत छात्रों में से 1074 छात्र उपस्थित रहे और 45 छात्र अनुपस्थित रहे, जिससे कुल उपस्थिति 95त्न से अधिक दर्ज की गई।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष संतराम साहू, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, डीएमसी नरेन्द्र वर्मा, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, पर्यवेक्षक शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने केंद्र की व्यवस्था और परीक्षा संचालन की सुचारूता की सराहना की। द्वितीय पाली दोपहर 1ः00 बजे से 2ः30 बजे तक आयोजित की गई, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने बेरला विकासखंड के दो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। शासकीय महाविद्यालय बेरला में कुल 502 पंजीकृत छात्रों में से 484 छात्र उपस्थित रहे, जबकि 18 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार, शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल बेरला में कुल 240 छात्रों में से 233 छात्र उपस्थित रहे, और 07 अनुपस्थित रहे, जिससे इस केंद्र पर 96त्न से अधिक उपस्थिति दर्ज की गई। निरीक्षण के दौरान कन्या शाला की प्राचार्या श्रीमती पूर्णिमा दास, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, बीआरसीसी बेरला खोमलाल साहू, एबीईओ बेरला श्री ठाकुर एवं उईके सर सहित अन्य पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नपं डौण्डी में मंडल अध्यक्ष डॉ. नायक के नेतृत्व में भाजपा अध्यक्ष चौरका व 8 पार्षदों की हुई जीत

**डौण्डी,**16 फरवरी (देशबन्धु)। मंडल अध्यक्ष डॉ रूपेश नायक के नेतृत्व में पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष झा के मार्गदर्शन में भाजपा के समस्त प्रकोष्ठ के जनप्रतिनिधि व छोटे से छोटे कार्यकर्ता एक जुटता के साथ रणनिति से कार्य कर नगर पंचायत डौण्डी में भाजपा प्रत्याशी मोहन्तीन चौरका व 8 पार्षदों को जीत दिला कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफलता प्राप्त किये ।ज्ञात हो की 11 फरवरी को डोंडी नगर पंचायत में हुए चुनाव का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा के मोहनतीन चौरका विजय हुई है उन्हें 1831 वोट निर्दलीय कमलेश्वरी कोरटीया 1384 और कांग्रेस के खेमिनबाई लाटीयां को 1161 वोट मिले इस चुनाव मे कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही राजनीतिक दृष्टिकोण से कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले डोंडी नगर पंचायत के चुनाव में इस बार कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया है उसके मात्र एक पार्षद ही चुनाव जीतने में सफल हुए हैं वहीं भाजपा के 8 और निर्दलीय 6 प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए हैं इस चुनाव में आठ लोगों की जमानत भी जप्त हो गई है जिसमें भाजपा कांग्रेस और निर्दलीय शामिल है निकाय चुनाव में कई दिग्गजो कि हार हुई वही तीन पुराने पार्षद पुन: जीतकर आए हैं रिटर्निंग ऑफिसर रामकुमार सोनकर के नेतृत्व में शनिवार को सुबह 9 बजे नगर पंचायत डोंडी के सांस्कृतिक भवन में ईवीएम के माध्यम से वोटो की गिनती प्रारंभ हुई और 10 बजे रुझान आने लगा था दोपहर 12 बजे तक स्थिति साफ हो गई और अध्यक्ष पद के साथ 8 पार्षद भाजपा के चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। रिटर्निंग आफिसर द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार नगर पंचायत डोंडी के चुनाव में वार्ड 1 में




**15 में भाजपा को 8, निर्दलीय को 6, कांग्रेस को 1 वार्ड पार्षद में मिला सफलता**

भाजपा के अमरिका ठाकुर को 163 वोट मिले कांग्रेस की रामेश्वरी कोठारी को 121 वार्ड 2 से भाजपा के भुनेश्वरी कुंभकार को 246 कांग्रेस के देवलीबाई धनकर को 132 वार्ड 3 में निर्दलीय ममता जैन को 144 भाजपा के बरखा जैन को 117 और कांग्रेस के रंजीता पोटाई को 78 वोट वार्ड 4 में भाजपा के यदुनंदन देवहारी को 175 कृष्णा कोमा को 81 कांग्रेस के गौतम देवहारी कांग्रेस को 44 वार्ड 5 में भाजपा के रेखा चौहान को 123 वोट कांग्रेस के समीर धुर्वे को 108 वार्ड 6 भाजपा के प्रशांत नेताम को 160 कांग्रेस के छगन लेनेपांडे को 129 वार्ड 7 भाजपा के संजीव कुमार मानकर को 111 कांग्रेस के कमलेश कामडे को 55 निर्दलीय संतोष डेविड को 44 मेहुल लटिया को 15 वार्ड 10 निर्दलीय किरण बंजारे 276 कांग्रेस के पूजा बघेल को 77 भाजपा के सावित्री गोयल को 54 वार्ड वार्ड 11 के में निर्दलीय सुशील कुमार अमला को 145 भाजपा के मदन ठाकुर को 136 वार्ड 12 कांग्रेस के सौरभ कुमार को 159 भाजपा के निलेश जायसवाल को 106 निर्दलीय सोनाली वाल्मीकि को 13 वीरेंद्र कुमार जैन को 9 वार्ड 13 भाजपा के हितेंद्र कुमार धनकर को 123 कांग्रेस के सुनील राठौर को 118 वार्ड 14 भाजपा के अनिल निर्मल को 165 कांग्रेस के बलिराम धनकर को 112 निर्दलीय जीरखु राम मालेकर को 38 वार्ड 15 निर्दलीय अनिल कुमेटी को 165 भाजपा के मुकेश कुमार को 12 कांग्रेस के देव कुमार लाटिया को 7 वोट मिले इस प्रकार नगर पंचायत चुनाव में गौतम देवहारी मेहुल लटिया सावित्री गोयल बीरेंद्र जैन सोनाली वाल्मीकि जिरखुराम मालेकर भूपेंद्र कुमार देव कुमार लाटिया की जमानत जप्त हो गई है।

## ब्राह्मण समाज तहसील कुरुद का आवश्यक बैठक



**कुरुद,** 16 फरवरी ( देशबंधु)। ब्राह्मण समाज तहसील कुरुद का आवश्यक बैठक काली मंदिर में रखा गया था जहां सर्वसम्मति से समाज प्रमुख जनों ने पदाधिकारीयो का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष कमलेश तिवारी उपाध्यक्ष कैलाश शुक्ला सतीश शर्मा सचिव लक्ष्मीकांत द्विवेदी कोसाध्यक्ष नंद कुमार पांडेय सहसचिव कोमल शुक्ला जिला प्रतिनिधि हयग्रीव शर्मा जगजीवन मिश्रा बनाये गए। विशेष आमंत्रित कार्यकारणी सदस्य महेश शर्मा राजेन्द्र शर्मा ईश्वर पांडेय अशोक शर्मा आशीष शर्मा रमेश पांडेय बनाये गए।

# अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध साल्हेवारा पुलिस की कार्रवाई

**गंडई पंडरिया**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। पंचायत चुनाव में खपाने के लिए साल्हेवारा क्षेत्र में शराब की तस्करी कर मध्य प्रदेश निर्मित देशी शराब परिवहन करने वाले तीन शराब कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 74 पाव कुल 13.320 लीटर मध्यप्रदेश निर्मित देसी शराब को जप्त किया गया है। जिसकी कीमत 6000 रुपए, परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमत 60000 रुपए, 03 नग मोबाइल फोन कुल कीमत 96000 रुपए है। आरोपियों को अपराध क्रमांक 10/2025 धारा 34(2), 42, 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा।



प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आगमी पंचायत चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त हुए थे जिस पर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय नितेश कुमार गौतम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गंदई श्रीमती आशा रानी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी साल्हेवारा निरीक्षक धर्मेंद्र वैष्णव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर अंतर्राज्यीय सीमा पर लगातार नजर रखी जा रही थी कि दिनांक 15/02/2025 को मुखबिर से सूचना मिला कि 02 व्यक्ति मोटरसाइकल से मध्यप्रदेश का शराब लेकर सीमा पार कर छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ में पंचायत चुनाव में शराब खपाने के लिए ले जा रहे है। जिस पर साल्हेवारा में रामपुर की ओर से दो व्यक्ति मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 ए जेड 2398 से अवैध मध्यप्रदेश निर्मित देशी मदिरा परिवहन करते हुये ला रहे थे। जिसे कोसमर्रा चौक के पास साल्हेवारा पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर अवैध शराब परिवहन करते पकडे गये। आरोपी पूर्वेश कुमार मेश्राम पिता बसंत मेश्राम, बाबुलाल गोड पिता अदालत गोड निवासी गाड़ाडीह थाना छुईखदान और अशोक कदम पिता कदम उम्र 40 वर्ष निवासी मानेगांव थाना बिरसा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश से पूछताछ करने पर पंचायत चुनाव में मतदाताओ को बांटने हेतु मानेगांव मध्यप्रदेश से शराब लेकर आना बताये। आरोपियो के कब्जे से 74 नग मध्यप्रदेश निर्मित देशी मदिरा को जप्त किया गया एवं शराब कोचिया मध्यप्रदेश निवासी अशोक कदम पिता स्व. नीलकण्ठ कदम को छ.ग. आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 45, 52(क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी साल्हेवारा निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार वैष्णव, प्रधान आरक्षक 83 कुलेश्वर सिन्हा, प्रधान आरक्षक 04 दीपक भोई आरक्षक 155 इस्माईल खान, 165 भुवन पोर्ते, 237 संजय दिवाकर की महत्वपूर्ण भूमिका।

# कांग्रेस भाजपा को पटकनी देते हुए ममता जैन तीसरी बार पार्षद पद में हुई विजयी

## ममता ने जीत का श्रेय वार्डवासी मतदाताओं को दिया

**डौण्डी**,16 फरवरी(देशबन्धु) ।नगर पंचायत डौण्डी में सबसे ज्यादा वार्ड क्र 03 का पार्षद प्रत्याशी का चुनाव में लोगों की नजर थी वार्ड 3 पार्षद प्रत्याशी चुनाव कांग्रेस व भाजपा के लिए नाक की लड़ाई बनी हुई थी। जिसे लेकर पुरे डौण्डी की जनता की नजर इस वार्ड में लगी थी ।ज्ञात हो की वार्ड क्र03 पार्षद प्रत्याशी चुनाव में इस वार्ड से निर्दलीय पार्षद ममता जैन 10 वर्षों से भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी को टक्कर दे कर पार्षद में जीत दर्ज करते आ रही थी। इस बार के चुनाव में ममता जैन ने दोनों पार्टी को फिर से पछाड़ते हुए तीसरी बार पार्षद प्रत्याशी में जीत दर्ज कर प्रचंड बहुमत से विजय हुई ।अपने जीत का प्रमाण पत्र लेने के पश्चात खुशी जाहिर कर ममता जैन ने अपनी जीत का श्रेय अपने वार्ड वासियों को दिया है ।उन्होने देशबन्धु से कहा की तीसरी बार पार्षद पद में मुझे जीता कर नगर पंचायत में जनप्रतिनिधित्व करने का श्रेय मेरे देवतुल्य वार्ड वासियों को जाता है ।जिसके लिए मैं अपने वार्ड वासियों का दिल से आभार व्यक्त करती हूं, में सभी वार्डवासियों को आश्वासन देती हूं की पूर्व की तरह वार्ड के विकास वार्डवासियों की छोटी सी छोटी समस्याओं व मूलभूत विकास के लिए सार्थक भूमिका के साथ अपने कर्तव्यों व जिम्मेदारियों का निर्वाहन करूंगी।




## निधन

### इंदुमति पांडे

**जगदलपुर,** 16 फरवरी। पल्लीचकवा निवासी श्रीमती इंदुमति पांडे उम्र 88 वर्ष पति स्व सुशील कुमार पांडे का निधन रविवार शाम 6 बजे रायपुर में इलाज के दौरान हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 9 बजे उनके निज निवास पल्लीचकवा में किया जाएगा। वे ओंकार पांडे,लोचन कुमार पांडे, भूपेंद्र कुमार पांडे, अश्वनी कुमार पांडे की माता व भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री व सुभाष वार्ड की पूर्व पार्षद श्रीमती दीप्ति पांडे की सास थीं।



### किरण डोनगांवकर

**रायपुर,** 16 फरवरी। राजधानी निवासी पत्रकार किरण डोनगांवकर का बेंगलुरू में निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे ।

### चैतराम जुगनू फूटान

**धमतरी**, 16 फरवरी। शहर के बनिया तालाब आमापारा निवासी चैतराम (जुगनू) फूटान (50) का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे तथा रायपुर के अस्पताल में भर्ती थे। 16 फरवरी रविवार को पूर्वाह्न 11: 30 बजे गृहनिवास बनिया तालाब पार आमापारा से शांतिघाट के लिए उनकी अंतिम यात्रा निकलेगी। वे मोनू, अंकुश फुटान के पिता व बिसंतीन बाई के पति थे। धीवर समाज धमतरी परगना उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।



### विनोद गुप्ता

**गरियाबंद,** 16 फरवरी। नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद गुप्ता 86 वर्ष का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे एकता मेडिकल के संचालक नितिन गुप्ता के पिता थे। उनके निधन पर अधिवक्ता संघ, व्यापारी वर्ग एवं गणमान्य नागरिकों ने दुख व्यक्त किया है।



## प्रादेशिकी का शेष...

### शहर की मूलभूत समस्याओं का ...

दिया। महापौर ने कमीश्नर श्री अग्रवाल से कहा कि वे शीघ्र ही शहर में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित व निर्माणाधीन मकानों में जाकर उनका मुआइना करेंगी।

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री अग्रवाल ने महापौर श्रीमती बाघमार को शहर में चल रहे निर्माण व विकास कार्यो के साथ ही पानी, प्रकाश, साफ सफाई इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के लिये किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी। चर्चा में महापौर श्रीमती बाघमार ने शहर में खराब पड़ी पाईप लाईनों के संधारण को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वे स्वयं ही अतिशीघ्र जनता के बीच जाकर स्थितियों को देखेंगी।

### निगम आयुक्त ने ...

उल्लेखनीय है कि नगर निगम की टीम द्वारा प्रतिदिन 5 सौ घरों में जाकर रहने वालों से सोर्स सेग्रीगेशन को बढ़ावा देने और होम कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। मोर स्वच्छ दुर्ग शहर अभियान के तहत दुर्ग की रैंकिंग को शीर्ष पर लाने की दिशा में नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार किया जा रहा है। व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं आम नाागरिकों में भी लगातार जागरूकता लाने के प्रयास किये जा रहा है।

### पंचायत चुनाव : मतदान दल...

की शाम से देर रात्रि तक जमा की जाएगी। मतगणना का सारणीकरण 18 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय में होगी। सारणीकरण के बाद जनपद पंचायत कार्यालय से परिणाम घोषित किये जायेंगे।

# जीत के बाद नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने निकाली आभार रैली



**कुम्हारी,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरपालिका परिषद कुम्हारी के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की आशातीत सफलता से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। रविवार को नगरपालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने आभार रैली निकालकर नगर के लोगों का आभार व्यक्त किया। प्रात: 10.30 बजे अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने कांजी हाउस के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर वार्ड क्रमांक 01 से रैली की शुरुआत की, खुली जीप में बैठकर उन्होंने सभी वार्डों के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया एवं इस जीत का श्रेय सभी नगरवासियों को देते हुए सभी का आभार माना रैली के दौरान उन्होंने कहा कि आपने मुझे अपना अमूल्य मत देकर जीत दिलाई है उसके लिए मैं सदैव आपकी ऋणी रहूंगी मैं सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहूंगी और आप सभी के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। कुम्हारी के तमाम वार्डों के अलावा रामपुर चोरहा, जजंगिरी, कुगदा एवं परसदा पहुंचकर सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया इस बीच उन्होंने वार्ड क्रमांक 18 के खारुन ग्रीन्स कॉलोनी स्थित कुबेरेशर धाम मंदिर में पूजा अर्चना की। इस आभार रैली में उनके साथ खिलावन साहू, योगेश साहू, राकेश पाण्डेय, मिथलेश यादव, तृप्ति चन्द्राकर, रामाधार शर्मा, श्रीमती रीता पाण्डेय एवं अमरजीत सिंह गिल सहित नवनिर्वाचित पार्षदों में लोकेश साहू, अश्वनी देशलहरे, आर. प्रवीण राव, हरिदास वैष्णव, डिकेश पटेल, उमाकांत साहू, रितिका मिथलेश यादव, उमेश्वरी साहू, श्रीमती लता पुनेश साहू, हेमलता धीवर एवं श्रीमती ममता साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# छुईखदान में कांग्रेस ने मारी बाजी

**छुईखदान,** 15 फरवरी। छुईखदान नगर पंचायत से कांग्रेस की अध्यक्ष पद पर रानी नम्रता गिरीराज किशोर दास 616 वोटों से जीत दर्ज की।। कांग्रेस प्रत्याशी रानी नम्रता गिरीराज किशोर दास को 2732 वोट मिले और भाजपा की शीतल नवनीत जैन को 2116 वोट मिले।। वही नोटा को 40 मत पड़े।। टोटल 4888 मत पड़े। छुईखदान नगर पंचायत में 08 पार्षद कांग्रेस के और 07 पार्षद भाजपा के जीते हैं, छुईखदान नगर पंचायत में कांग्रेस पूर्ण बहुमत हासिल कर ली है। छुईखदान नगर पंचायत अध्यक्ष रानी नम्रता गिरिराज किशोर (कांग्रेस)

**छुईखदान नगर पंचायत**- वार्डों में जो पार्षद जीते 1 प्रकाश महोबिया (कांग्रेस), 2 किरण वैष्णव (भाजपा), 3 पन्ना मंडावी (भाजपा), 4 उमाकांत महोबिया (भाजपा), 5 रुपबाला अमित महोबिया (कांग्रेस), 6 निधि शैलेन्द्र तिवारी (कांग्रेस), 7 शैवया वैष्णव (कांग्रेस), 8 अनुभा संजय सांखला (भाजपा), 9 पंचम साहु (भाजपा), 10 मनीष कोचर (कांग्रेस), 11 चंद्रेश कुंभकार (कांग्रेस), 12 घना देवांगन (भाजपा), 13 महेश नारकार (भाजपा), 14 प्रेम सिंह पाल (कांग्रेस), 15 संजु नेताम (कांग्रेस)।

# बाजार अतरिया जिपं प्रत्याशी लक्ष्मी सिरमौर अपने क्षेत्र में कर रही नुक्कड़ सभा को संबोधित

**खैरागढ,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में प्रत्याशियों का होड़ मचा हुआ है। खैरागढ़ ब्लॉक में दूसरे चरण का पंचायत चुनाव 20 फरवरी गुरुवार को मतदान होगा जिला पंचायत बाजार अतरिया क्षेत्र क्रमांक 8 के प्रत्याशी लक्ष्मी संदीप सिरमौर ने देशबंधु समाचार पत्र से संवाद करते हुए बताया कि लक्ष्मी संदीप सिरमौर को कांग्रेस पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है क्षेत्र के मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। लक्ष्मी मतदाताओं के घर - घर जाकर अपनी दस्तक दे रही है। लक्ष्मी ने कहा महिला बुजुर्ग युवा साथियों का सहयोग मिल रहा है।

लक्ष्मी अपने क्षेत्र में नुक्कड़ सभा को कर रही संबोधित

बाजार अतरिया क्षेत्र क्रमांक 8 के प्रत्याशी लक्ष्मी संदीप सिरमौर लगातार अपने क्षेत्र में समर्थकों के साथ अपना प्रचार - प्रचार कर रही है। वहीं क्षेत्र के मतदाताओं ने कहा कि लक्ष्मी संदीप सिरमौर पढ़ी लिखी मिलनसार सुख दुख के साथी लक्ष्मी सिरमौर को क्षेत्र के मतदाता महिला बुजुर्ग युवा साथियों का सहयोग व समर्थन लगातार मिल रहा है।




## लक्ष्मी को मिल रहा जनता का समर्थन

**लक्ष्मी का परिवार राजनीति से जुड़ा हुआ है**-बाजार अतरिया क्षेत्र क्रमांक 8 के प्रत्याशी लक्ष्मी संदीप सिरमौर की सास दिवंगत श्याम बाई सिरमौर दो बार के जनपद सदस्य रहे है। वहीं क्षेत्र में भी अपनी व्यक्ति गत छवि, पहचान बनाकर क्षेत्र का दो बार प्रतिनिधित्व किया हैं। जिसका फायदा लक्ष्मी संदीप सिरमौर को मिला है।

**लक्ष्मी को मिल रहा जनता का आशीर्वाद**- बाजार अतरिया क्षेत्र क्रमांक 8 के प्रत्याशी लक्ष्मी संदीप सिरमौर को लगातार मतदाताओं का भरपूर स्नेह प्यार समर्थन आशीर्वाद मिल रहा है। क्षेत्र के युवा मतदाता जो पहली बार अपना वोट डालने वाले है। वे अपने क्षेत्र के विकास को लेकर एक अच्छे प्रत्याशी को जीताकर लाने वाले है। लक्ष्मी संदीप सिरमौर ने क्षेत्र के मतदाताओं से कहा कि 20 फरवरी गुरुवार की सुबह अपने मतदान केंदों में जाकर लक्ष्मी संदीप सिरमौर को पतंग छाप पर वोट देकर अपना आशीर्वाद दे और मुझे एक बार बाजार अतरिया में काम करने का मौका दे।

# जिला पंचायत सीईओ ने मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

### निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने दी शुभकामनाएं




**बालोद,** 16 फरवरी (देशबन्धु) ।जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने डौंडीलोहारा के मतदान सामग्री वितरण केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया। इसी प्रकार डौंडी विकासखंड के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से मतदान दलों को मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सीईओ डॉ कन्नौजे ने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को सफलतापूर्वक निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं भी दी। उल्लेखनीय है कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत कल 17 फरवरी डौंडीलोहारा और डौंडी विकासखंड में मतदान होगा। जिसके लिए मतदान दलों को रवाना किया गया है। निर्वाचन कार्य को सफल बनाने डौंडीलोहारा विकासखंड के 120 ग्राम पंचायत हेतु 369 मतदान दल बनाए गए हैं। इसी प्रकार डौंडी विकासखंड के 62 ग्राम पंचायत हेतु 164 मतदान दल बनाए गए हैं। मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सुबह से ही डौंडीलोहारा एवं डौंडी के सामग्री वितरण केन्द्र पहुँचकर मतदान सामग्री को प्राप्त कर उसका मिलान एवं अन्य जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली तथा उन्हें निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं भी दी। सीईओ डॉ.कन्नौजे ने सुबह से ही मतदान सामग्री वितरण केन्द्र में पहुँचकर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की सतत् निगरानी की। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर एसडीएम डौंडीलोहारा शिवनाथ बघेल, जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# जनपद क्षेत्र क्र. 13 अकरजन से भगतू उतरे चुनावी मैदान में

**खैरागढ,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद पंचायत खैरागढ़ के क्षेत्र क्रमांक 13 अकरजन सीट से ग्राम दिलीपपुर निवासी भगतूराम वर्मा चुनावी मैदान में उतरे है। आम नागरिकों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने के साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों को लाभ दिलाने सहित गांव- गांव में विकास के उद्देश्य को लेकर भगतू चुनाव लड़ रहे है। बच्चों को बेहतर शिक्षा तथा आम जन को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना उनका पहला उद्देश्य है। ब्लैक बोर्ड छाप में मतदान कर जनपद सदस्य बनाने की अपील करते हुए भगतू लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। और मतदाताओं का समर्थन मांग रहे है। बता दे कि भगतू राम वर्मा बहुत की मिलनसार व राजनीति के क्षेत्र में एक अनुभव व्यक्ति है, ऐसे में जनता इन्हें चुनकर जनपद सदस्य बनाती है तो निश्चित ही इसका लाभ आम नागरिकों को मिलेगा।

भगतू अपने समर्थकों के साथ कर रहे जनसंपर्क



# पांडादाह क्षेत्र क्र 6 से अधिवक्ता योगेश चंदेल को मिल रहा जनता का समर्थन

**खैरागढ़,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 पांडादाह सीट से अधिवक्ता योगेश चंदेल चुनावी मैदान में उतर कर अपना प्रचार - प्रसार कर रहे है। योगेश चंदेल सेवा का लक्ष्य लेकर चुनावी मैदान में उतरे है योगेश चंदेल उर्फ राजू को जनता का समर्थन मिल रहा है। नवीन जिला के प्रथम जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 6 पांडादाह सीट से शिक्षित, संस्कारी व पेशे से अधिवक्ता योगेश चंदेल उर्फ राजू चुनावी मैदान में उतरे हैं। बता दे कि जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी योगेश जनता के विकास, मूलभूत सुविधा सहित शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर चुनावी मैदान में हैं, योगेश का समर्थन करते हुए अधिवक्ताओं ने भी उनका समर्थन करते हुए उनके समर्थन में चुनावी प्रचार - प्रसार कर रहे है और जनता से चुनाव चिह्न बल्ब छाप में मतदान करने की अपील कर रहे है।

स्वच्छ छवि के युवा प्रत्याशी व जनता का हित सोचने वाले योगेश चंदेल का जनसंपर्क लगातार जारी है और क्षेत्र के समाजसेवियों सहित वकीलों का समर्थन लगातार मिल रहा है।



सेवा का लक्ष्य लेकर चुनावी मैदान में उतरे अधिवक्ता योगेश

# त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए मतदान आज

**बालोद,** 16 फरवरी (देशबन्धु) ।३त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के डौण्डी एवं डौण्डीलोहरा विकासखंड में प्रथम चरण का मतदान आज सोमवार 17 फरवरी को संपन्न होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के दिशा-निर्देशन में बालोद जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत आज संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य मं लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चैबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनातगी की गई है। प्रथम चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को रविवार को सुबह सामग्री वितरण केन्द्रों से हरी झण्डी दिखाकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी के शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय के समीप शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में एवं विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डीलोहारा के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्र बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत आज 17 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात् संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष परिस्थिति में जिन मतदान केन्द्रों में मतगणना किया जाना उचित नही होगा उन मतदान केन्द्रों के मतों की गणना मंगलवार 18 फरवरी को विकासखण्ड मुख्यालय में किया जाएगा।

# अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों के नये चेहरे सोलह में से पंद्रह पहली बार चुने गये

**थानखम्हरिया,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। स्थानीय नगर पंचायत में अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों के नये चेहरे होंगे। वर्तमान में समाप्त हुये कार्यकाल का एक भी चेहरा सदन में नहीं होगा। केवल एक पार्षद संतोष गोविंद शर्मा ही पॉच साल पूर्व की बॉडी में पार्षद रह चुकी हैं शेष सभी पहली बार निर्वाचित हुये हैं। विजयी अध्यक्ष एवं पार्षद, उनके निकटतम प्रतिद्वंदी, दोनों को मिले मत तथा जीत का अंतर इस प्रकार है. अनिता चंदन अग्रवाल ( भाजपा ) 4177 सोनिया सतीष जोशी ( कांग्रेस ) 1885 जीत का अंतर 2292 मत वार्ड क्र. 1 मनीष रात्रे ( भाजपा ) मत 271 विष्णू माण्डले ( कांग्रेस ) 128 जीत 143 मत. वार्ड क्र. 2 विजय यादव ( भाजपा ) 256 मत सेवाराम वर्मा ( कांग्रेस ) 101 जीत 155 मत वार्ड क्र. 3 नेहा जायसवाल ( भाजपा ) 189 मत हुकुम सिन्हा ( कांग्रेस ) 175 जीत 14 मत वार्ड क्र. 4 संतोष गोविंद शर्मा ( कांग्रेस ) 173 मत मोनिका अतुल सिंघानिया ( भाजपा ) 144 जीत 29 मत वार्ड क्र. 5 भारती हरीश निर्मलकर ( कांग्रेस ) 163 मत रामबाई गंगाराम ( भाजपा ) 162 जीत 1 मत वार्ड क्र. 6 ललिता विनोद यादव ( भाजपा ) 196 मत रीना लोकनाथ सिन्हा ( कांग्रेस ) 157 जीत 39 मत वार्ड क्र. 7 नरेश पाटिल ( कांग्रेस ) 228 मत ईश्वर पटेल ( भाजपा ) 202 मत जीत 26 मत वार्ड क्र. 8 शरद कुमार ( भाजपा ) 326 मत कन्हैया निर्मलकर ( कांग्रेस ) 142 जीत 184 मत वार्ड क्र. 9 प्रवेश ध्रुव ( भाजपा ) 300 मत गणेश मण्डावी ( कांग्रेस ) 126 मत जीत 174 मत वार्ड क्र. 10 अंजू टीकम अग्रवाल ( भाजपा ) 109 सोनल संजय अग्रवाल ( निर्दलीय ) 79 जीत का अंतर 30 वोट वार्ड क्र. 11 करीम बेग ( निर्दलीय ) 155 मत, सिराज कुरैशी ( कांग्रेस ) 120 मत जीत का अंतर 35 मत वार्ड क्र. 12 ऋषि तिवारी ( भाजपा ) 148 मत संजय तिवारी ( कांग्रेस ) 101 जीत 47 मत वार्ड क्र. 13 नेहा भैयाराम लहरे ( भाजपा ) 424 मत इंदू घनश्याम गंधर्व ( कांग्रेस ) 196 जीत 228 मत वार्ड क्र. 14 वीरेन्द्र कुमार सिन्हा ( कांग्रेस ) 291 मत बलराम निषाद ( भाजपा ) 282 मत जीत 9 मत वार्ड क्र. 15 रोहित कुमार ( भाजपा ) 304 टेकराम साहू ( कांग्रेस ) 251 मत जीत का अंतर 53। अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों के नये चेहरे हैं। दलीय स्थिति इस प्रकार है भाजपा 10 कांग्रेस 4 तथा 1 निर्दलीय। वर्तमान कार्यकाल से निवृत्त हुये चुनाव लड़ रहे तीनों पार्षदों को जनता ने नकार दिया। निवृत्तमान एक पार्षद के पति तथा एक पार्षद की पत्नी चुनाव हार गये। पाला बदलकर भाजपा से कांग्रेस में गये दो पार्षदों को भी जनता ने हार का स्वाद चखाया।



# क्र. 6 के प्रत्याशी दिनेश खेत खलियानों में जाकर मांग रहा जनता से आशीर्वाद



**खैरागढ़,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को खैरागढ़ ब्लॉक में मात्र तीन दिन शेष बचा हुआ है। और कांग्रेस - भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के नेता चुनावी मैदान में उतर कर अपना प्रचार - प्रचार कर रहे है। पांडादाह क्षेत्र क्र 6 के अधिकृत भाजपा प्रत्याशी दिनेश वर्मा लगातार अपने क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ मिलकर मतदाताओं से लगातार जनसंपर्क कर रहे। वहीं क्षेत्र में मतदाताओं को अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए सांस्कृतिक नाचा के माध्यम अपना प्रचार - प्रचार कर रहे है। वहीं क्षेत्र के गांवों में नुक्कड़ सभा को भी प्रत्याशी दिनेश वर्मा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा लगातार सम्बंधित किया जा रहा है। दिनेश ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 20 फरवरी को भाजपा अधिकृत प्रत्याशी दिनेश वर्मा को उगता हुआ सूरज छाप में वोट देकर भारी मतों से विजय बनाए और मुझे क्षेत्र क्रमांक 6 पांडादाह क्षेत्र में काम करने का मौका एक बार अवश्य देवे।

# प्रथम चरण का आगाज़, बेमेतरा और नवागढ़ के 586 मतदान केंद्रों पर 308620 मतदाता करेंगे मतदान

### नगरीय चुनाव सम्पन्न होने पश्चात जिला प्रशासन रवाना हुई गांव कि ओर, शतप्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से

**बेमेतरा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव का आगाज हों गया है प्रथम चरण मे जिले के बेमेतरा और नवागढ़ क्षेत्र मे निर्वाचन होने है 7 बेमेतरा और नवागढ़ क्षेत्र के 586 मतदान केंद्रों पर कुल 3,08,620 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला प्रशासन की ओर से चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इसी क्रम मे आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा सभी चुनाव संबंधी गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं। आज रविवार को कलेक्टर ने स्वयं उपस्थित होकर मतदान दलों को आवश्यक चुनाव सामग्री का वितरण कराया और बसों कों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू भी मौजूद रहे, जिन्होंने सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिला और पुलिस प्रशासन दोनों ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह चौकन्ना हैं, और जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतदान सामग्रियों का वितरण कृषि उपज मंडी परिसर से किया गया, तकरीबन दोपहर 3 बजे तक सभी मतदान दलों को सामग्री वितरित की जा चुकी थी ।

मतदान प्रक्रिया आज सुबह 07 बजे से शुरू होकर शाम 03 बजे तक चलेगी। चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां कि गई हैं। सभी मतदान दलों को बसों के माध्यम से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनके गंतव्य तक भेजा गया। सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम भी लगाया गया है ताकि उनकी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने रवानगी के दौरान सर्वप्रथम विधिवत पूजा-अर्चना की और इसके बाद मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मतदान कर्मियों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाओं के साथ उन्हें उनके गंतव्य की ओर विदा किया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, जिला सीईओ टेकचंद अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी दल सकुशल अपने-अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मतदान दलों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में धैर्य और संयम बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, साथ ही मतदान करने आने वाले मतदाताओं को हर संभव सुविधा प्रदान की जाए। कलेक्टर श्री शर्मा ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उनके लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पानी और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सभी मतदान कर्मियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ काम करें और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तत्पर रहें। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव कराना है। इसके लिए मतदाता और मतदान कर्मियों दोनों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने भी सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सभी पुलिसकर्मियों को चेतावनी दी कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर समाप्ति तक सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए, और सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखा जाए। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदान दलों को दिए गए इन निर्देशों के बाद सभी दलों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रस्थान किया। सभी मतदान कर्मी पूरी तैयारी के साथ मतदाताओं को सर्वोत्तम सुविधा देने और चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मतदाताओं और मतदान कर्मियों की सुरक्षा और सुविधा का खास ध्यान रखा है। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा और एसपी श्री रामकृष्ण साहू की देखरेख में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, साथ ही सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

### मतदान केंद्रों और मतदाताओं का विवरण

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में बेमेतरा और नवागढ़ क्षेत्र में कुल 586 मतदान केंद्रों पर 3,08,620 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बेमेतरा और नवागढ़ विकासखंडों में ग्राम पंचायतों की कुल संख्या 219 है और कुल 2799 वार्ड हैं।

**बेमेतरा विकासखंड**

ग्राम पंचायतें- 108

वार्ड-1410

मतदान केंद्र-285

पुरुष मतदाता-76,466

महिला मतदाता-75,558

कुल मतदाता-1,52,024

नवागढ़ विकासखंड

**ग्राम पंचायत**- 111

वार्ड-1389

मतदान केंद-301

पुरुष मतदाता- 78,982

महिला मतदाता- 77,614

कुल मतदाता-1,56,596

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मिलकर शांतिपूर्ण और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। सभी मतदान दल कड़ी सुरक्षा के बीच अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके हैं और प्रशासन चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अस्मिता हॉकी लीग जूनियर स्टेट हॉकी प्रतियोगिता कल से

**राजनांदगांव,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ की हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में हॉकी इंडिया, स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया व छत्तीसगढ हॉकी के संयुक्त तत्वधान में अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका की स्पर्धा 18 से 22 फरवरी तक तथा सब जूनियर दिनांक 21 से 26 फरवरी तक संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जाऐगीं प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में 8 जिलो की टीमे व सब जूनियर बालिका वर्ग में 9 जिलो की टीमे हिस्सा लेंगी। आयोजन की तैयारियों को आयोजको द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है,चैंपियनशिप का उद्घाटन 18 फ़रवरी को शाम 4 बजे से अतिथियों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉकी नर्सरी को राज्य स्तर की स्पर्धा करने की जिम्मेदारी एक बार फिर हॉकी इंडिया ने दि है ।गतवर्ष वेस्ट जोन हॉकी की बालक बालिकाओं की सब जूनियर व जूनियर स्पर्धा का आयोजन खेल प्रेमियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सफलता पूर्वक सम्पन्न होने के चलते इस बार हॉकी इंडिया व स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया ने इस बहुप्रतिष्ठित हॉकी स्पर्धा की जिम्मेदारी राजनांदगांव को सौंपी है जिसे लेकर हॉकी राजनांदगांव व हॉकी छत्तीसगढ के कार्यकर्ता एवं खिलाडी कडी मेहनत कर रहे है।




**हॉकी इंडिया,स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया व छत्तीसगढ हॉकी का संयुक्त आयोजन**

**कुल 9,60,000 की पुरस्कार राशि बांटी जायेगी हॉकी मैदान सहित सभी तैयारियां अंतिम चरण में**

जूनियर बालिका में आठ व सब जूनियर बालिका में 9 जिलो की टीमें लेंगीं हिस्सा

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जाने वाली अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 18 से 22 फरवरी तक आयोजित है आयोजन में स्पोटर्स अकादमी रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, जांजगीरचांपा, कोरबा, कांकेर, कबीरधाम के अलावा मेजबान मेजबान राजनांदगांव तथा सबजूनियर बालिका वर्ग में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर, कबीरधाम, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, के अलावा मेजबान राजनांदगांव की बालिकाएं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगीं।

दोनो प्रतियोगिता में पुरूष्कार की राशि की घोषणा जूनियर बालिका वर्ग के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2,00,000/- दुसरा पुरूष्कार 1,60,000/- तथा तीसरा पुरूष्कार 1,20,000/- से पुरूष्कृत किया जाएगा वही सब जूनियर बालिका वर्ग में भी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2,00,000/- दुसरा पुरूष्कार 1,60,000/- तथा तीसरा पुरूष्कार 1,20,000/- से पुरूष्कृत किया जाएगा।

**स्टेडियम परिसर को सजाया संवारा जा रहा हैं**

गौरवपथ स्थित अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम को आयोजन समिति के द्वारा सजाया संवारा जा रहा है जहां मैदान के चारो ओर ब्राउडिंग बोर्ड का सहारा लिया जा रहा है वंही मैदान के बाहरी हिस्से में रंग बिरंगी रौशनीयां भी अपनी छटा बिखेर रही है।

# ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करने से आगे की दिशा तय होगी : डॉ रमन सिंह

**मां शीतला के दर्शन किए और नव निर्वाचित पार्षदों को मार्गदर्शन प्रदान किया**



**राजनांदगांव,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की शानदार जीत से उत्साहित पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह आज सुबह जमातपारा स्थित मां शीतला के दर्शन कर राजनांदगांव के साथ प्रदेश के अमन चैन की प्रार्थना की। तत्पश्चात स्पीकर हाउस में सभी विजय 39 पार्षदों के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि पांच वर्षों तक जनता जनार्दन का आशीर्वाद के रूप में आप पार्षद बने है,सबसे कठिन चुनाव के पहले पड़ाव को आपने पार किया है, अब आगे मंत्री, विधायक सांसद की सीडी चढ़ सकते है। जीत के बाद

वार्ड की छोटी छोटी मूलभूत समस्याओं की तरफ विशेष ध्यान देकर जनता का दिल जीतना आप सभी का उद्देश्य होना चाहिए, घमंड गुरूर और अहंकार को जनता कभी पसन्द नहीं करती।

डॉ रमन सिंह ने अपने पार्षद काल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे किसी भी जवाबदारी को छोटा नहीं समझते थे, नाली साफ करवाने से लेकर स्ट्रीट लाइट की समस्या का त्वरित निराकारन कर जनता का मान समान जरूर करे। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी की जनता बहुत ही संवेदनशील है, संस्कारधानी ने उन्हें सासंद से लेकर तीन बार मुख्यमंत्री भी बनाया और आज मैं राजनांदगांव की जनता के कारण ही विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपनी जवाबदारी निभा रहा हूं ।

डॉ रमन सिंह ने कहा कि बड़ी संजीदगी के साथ जनता की सेवा करने वाले नेता ही बार-बार चुने जाते हैं।

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि निगम में पारदर्शिता के साथ जनता की हित में सभी कार्य संपन्न किए जाएंगे और अटल संकल्प पत्र को भी समान के साथ पूरा किया जाएगा।

इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, नगर निगम चुनाव के संयोजक अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन बघेल,रमेश पटेल, सौरभ कोठारी,राजेंद्र गोलछा,भावेश बैद, योगेश दत्त मिश्रा,आकाश चोपड़ा,गिनी चावला, रघुवीर वादवा, सहित सभी प्रमुख नेता उपस्थित थे।

*त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025*

# कलेक्टर ने ग्रामीण मतदाताओं से मतदान करने की अपील की



**राजनांदगांव,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 में ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया है। कलेक्टर ने कहा कि भारत गांवों का देश है और भारत एक लोकतांत्रिक देश है, लोकतंत्र की मजबूती में हर मतदाता की अहम भूमिका होती है। कलेक्टर ने हर मतदाता को मतदान में अपनी भागीदारी निभाने और अपने आस-पास के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायतों एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान अवश्य करें।

# संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में बिदाई समारोह का आयोजन

**राजनांदगांव,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य और उल्लासपूर्ण बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक स्नेह और आशीर्वाद समारोह के रूप में आयोजित किया गया था।

समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की स्तुति के साथ की गई। इसके बाद कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का स्वागत शानदार तरीके से तिलक और पुष्पवर्षा के माध्यम से किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने एक-दूसरे के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के साथ बिताए गए अद्भुत पलों को याद किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों को दीप प्रदान किए और उन्हें आगामी वर्षों में विद्यालय के कार्यों को संभालने की जिम्मेदारी दी और कार्यभार को ग्रहण करने कि जिम्मेदारी दी और विद्यालय की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से संचालन करने में सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया।



इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में नृत्य और गायन की सुंदर प्रस्तुतियां दी गई, जिनसे माहौल और भी उत्साही हो गया।

शिक्षकों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। इस समारोह में विद्यार्थियों को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

पुरस्कार विजेताओं में मिस्टर फेयरवेल अमी तिवारी, मिस फेयरवेल भारती कंवर, मिस्टर लकी चार्म ईश्वर पोयाम, मिस लकी चार्म भूमिका बघेल, बेस्ट कॉस्ट्यूम (लड़का) आर्यन बघेल, बेस्ट कॉस्ट्यूम (लड़की) आर्या शर्मा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर नेहांसू साहू शामिल है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी, अशोक पारख, विकास जोशी और विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। सभी ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें जीवन के नए अध्याय में सफलता की कामना की।

# नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद की रेस में कोमल या रोहित

**डोंगरगांव,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत चुनाव खत्म होने के बाद अब उपाध्यक्ष पद की रेस में सरगर्मी बढ़ गई है। भाजपा के कोमल साहू और रोहित गुप्ता की इस पद के लिए चर्चा नगर में जोरो से चल रही है जहां भाजपा के 11 पार्षद पूर्ण बहुमत में हैं, वहीं कांग्रेस के 3 और 1 निर्दलीय पार्षद समीकरण को बदलने या बनाने की स्थिति में हैं। लेकिन भाजपा इस चुनावी खेल में कौन से पार्षद को उपाध्यक्ष पद के लिए किसे बनाएगी ये चर्चा सबसे ज्यादा कोमल और रोहित के बारे मे बाजार में गर्म हैं। अगर ये सही है, तो यह चुनाव विकास से ज्यादा धनबल और जोड़तोड़ का खेल बन चुका है। अब आगे इस चुनावी समीकरण में क्या होगी ये तो आने वाले समय ही बताएगा कि किसके सिर में ताज उपाध्यक्ष पद के लिए होगा। नगर पंचायत चुनाव जनता द्वारा अपने प्रतिनिधियों को चुनने का एक जरिया होता है, ताकि वे विकास कार्यों में योगदान दे भाजपा के 11 पार्षद हैं उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का उम्मीदवार बैठने की संभावना अधिक है। लेकिन अगर गुटबाजी होती है, और कुछ पार्षद क्रॉस-वोटिंग करते हैं, तो निर्दलीय और कांग्रेस पार्षदों की भूमिका अहम हो जाएगी।

# डॉ. रमन पहुंचे शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान करने

**स्व. घनश्याम दास गांधी को दी श्रद्धांजली**

**डोंगरगांव,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज संक्षिप्त प्रवास पर नगर पहुंचे। इस दौरान वे भाजपा नेता दिनेश गांधी के निवास पहुंचे और उन्होनें स्व. घनश्याम दास गांधी के शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।



नगर के प्रतिष्ठित नारायण दास गांधी के ज्येष्ठ पुत्र तथा भाजपा नेता दिनेश गांधी के ज्येष्ठ भ्राता घनश्याम दास गांधी का अस्वच्छता के चलते बीते दिनों निधन हो गया था। राजनांदगांव से सीधे डोंगरगांव पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस दौरान स्व. घनश्याम गांधी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चात् शोक बैठक में उपस्थित लोगों से भेंट मुलाकात की। इस मौके पर नारायण दास गांधी, सत्यनारायण गांधी, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, दिनेश गांधी, रामकिशन माहेश्वरी, भावेश बैद, राजेन्द्र जैन बंटू, रधुवीर बाधवा, अनिल टावरी सहित अन्य उपस्थित थे।

# भव्य निकलेगी महाकाल की शोभायात्रा 26फरवरी को

**राजनंदगांव,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के उपलक्ष में धूमधाम से संस्कारधानी राजनांदगांव में भव्य महाकाल जी की यात्रा होनी है। इस निमित्त एक बड़ी बैठक महेश्वरी भवन में संपन्न हुई जिसमें सभी संगठन और राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं से महाकाल सेना उपस्थित होकर विचार विमर्श किया।

शोभायात्रा को भव्य और आकर्षित बनाने हेतु सभी ने भिन्न प्रकार के अपने विचार व्यक्त किए जिसमें स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का भी विचार रखा गया।

इस विचार को रखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघचालक राधेश्याम शर्मा ने कहा कि हमारी हिंदू संस्कृति और धार्मिक व्यवस्था के अनुरूप शोभायात्रा जब नगर से निकले तब इस यात्रा में प्लास्टिक आदि वस्तुओं का उपयोग कम से कम हो तथा यात्रा के उपरांत इन सब को सुव्यवस्थित रूप से कूड़ादन में डालने की व्यवस्था हो तो यह इस यात्रा की शोभा बढ़ा देगा।

**स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान देंगे शोभा यात्रा में**

इस यात्रा में पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, धूमल, पगड़ी एवं रथ पालकी, अघोरी, भजन एवं गायक के माध्यम से पूर्ण किया जावेगा

विष्णु साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा की शोभा यात्रा में बच्चों को वेशभूषा धारण करके सभी वार्ड व मोहल्लों से सम्मिलित होने का आग्रह किया ।

हेमा देशमुख ने इस शोभायात्रा में मातृ शक्तियों से भगवा वस्त्र धारण करके झांझ डमरू के साथ उपस्थित होने का आग्रह रखा साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव रखा है कि ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग ना हो।

महाकाल सेना ने भक्तगणों से निवेदन किया है कि शोभायात्रा में पालकी के आजू-बाजू जो महाकाल भक्त होंगे वह बिना पद्वेष अर्थात जूता चप्पल के ही हों। साथ ही जो झांझ और डमरू पकड़ने की इच्छा रखते हो ऐसे बंधु जींस शर्ट धारण करके शोभायात्रा में ना आए अर्थात वे शुभ्रवेशकुर्ता पजामा में हो तो अच्छा होगा।

नगर से निकलने वाली इस भव्य महाकाल पगड़ी शोभायात्रा में सभी प्रकार के संस्थानों द्वारा स्वागत होगा, जिसमें सत्यनारायण मंदिर समिति की ओर से ठंडाई की उत्तम व्यवस्था रखी गई है साथ ही ऐसी व्यवस्था करने वालों से महाकाल सेना ने आग्रह किया है कि नगर में जो भक्तगण खाद्य एवम् पानी की व्यवस्था करने वाले हैं वे स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखें जिससे यात्रा की शोभायात्रा निकलने के उपरांत भी नगर में बनी रहे। अंत में नीलू शर्मा ने महाकाल सेना एवं महाकाल की शोभा यात्रा में सहयोग हेतु नगर के सभी गणमान्य नागरिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है ।

# आपसी विवाद में पति ने पत्नि को ईट एवं चाकू से मारकर की हत्या

**डोंगरगढ़,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। ग्राम कलकसा में एक महिला की उसके घर में हत्या हो जाने की सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहूचा जहां प्रार्थी अजय बग्गा पिता राम स्वरूप बग्गा उम्र- 42 साल निवासी ग्राम कलकसा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि भाभी अमरजीत और इन्द्रजीत बग्गा रोज सुबह 04:30 से 05:00 बजे के बीच उठ जाते हैं लेकिन आज दिनांक- 15.02.2025 की सुबह लगभग 06:30 बजे तक नहीं उठे थे, दरवाजा अन्दर से बंद था। दरवाजा को जोर-जोर से खटखटाया और आवाज दिया तब थोड़ी देर बाद मेरा भाई इन्द्रजीत दरवाजा खोला तो देखा कि उसके चेहरा में खुन लगा था, हाथ पैर में काटने का निशान था, मेरे कुछ बोलने से पहले ही इन्द्रजीत बग्गा बोला तेरी भाभी को ईट से मार दिया हूँ, तब मैं एवं मेरा परिवार घर अंदर जाकर देखे तो मेरा बड़ा भाई इन्द्रजीत बग्गा ईट से मेरी भाभी अमरजीत बग्गा को सिर, चेहरा, नाक, मुंह में ईट से मारकर हत्या कर दिया था और इन्द्रजीत बग्गा उसी पंलग में जाकर सो गया था।




जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0- 71/2025 धारा- 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी *इन्द्रजीत बग्गा पिता स्व0 रामस्वरूप बग्गा उम्र- 52 साल निवासी ग्राम कलकसा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0* जो घटना कारित करने के बाद स्वयं को चाकू एवं ईट व दिवाल से अपने सिर, नाक, हाथ-पैर एवं गला को चोंट पंहूचा दिया था जिसका उचित ईलाज करवाकर दिनांक- 15.02.2025 को गिरफ्तार किया गया जिसे आज दिनांक को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# प्रथम चरण में आज सुबह 7 से 3 बजे तक जनपद पंचायत राजनांदगांव के मतदान केन्द्रों में होगा मतदान

## मतदान सामग्री के साथ मतदान दल मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया

**राजनांदगांव** 16 फरवरी 2025। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में मतदान सुचारू संपन्न कराने के लिए आज ठाकुर प्यारे लाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव से मतदान सामग्री के साथ मतदान दल मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदान दल वाहन के माध्यम से अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए रवाना हो गए। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में 17 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जनपद पंचायत राजनांदगांव के मतदान केन्द्रों में मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने मतदान दलों को सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मतदान दल बारी-बारी से मतदान सामग्री लेकर वाहन से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 13, जनपद पंचायत सदस्य के 95, सरपंच के 404 एवं पंच के 5590 पदों के लिए तीन चरणों में निर्वाचन संपन्न होगा। प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव, द्वितीय चरण में जनपद पंचायत छुरिया एवं तृतीय चरण में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ व डोंगरगांव में निर्वाचन कार्य संपन्न होगा। मतदान (यदि आवश्यक हो) प्रथम चरण 17 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 20 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 23 फरवरी 2025 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा तथा मतदान के पश्चात मतदान केन्द्रों पर मतगणना की जाएगी। खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना (यदि आवश्यकता हो) प्रथम चरण 18 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 21 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 24 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से की जाएगी। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में खण्ड स्तर पर प्रथम चरण 19 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 22 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 25 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से तथा जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर प्रथम चरण 20 फरवरी 2025, द्वितीय चरण 23 फरवरी 2025 एवं तृतीय चरण 25 फरवरी 2025 को सुबह 10.30 बजे से सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जाएगी।




त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 4, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 110 एवं पंचों की संख्या 1612 है। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 4, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 100 एवं पंचों की संख्या 1400 है। जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 2, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 20, सरपंचों की संख्या 76 एवं पंचों की संख्या 1057 है। जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 3, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 118 एवं पंचों की संख्या 1521 है। जिले के सभी 4 जनपद पंचायत क्षेत्रों में पंचायतों की संख्या 408 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 1082 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 लाख 32 हजार 81 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 लाख 66 हजार 754, महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख 65 हजार 324 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 3 है। जनपद पंचायत क्षेत्र राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 114 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 312 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 58 हजार 42 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 79 हजार 243, महिला मतदाताओं की संख्या 78 हजार 797 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 2 है। जनपद पंचायत क्षेत्र डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 100 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 263 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 31 हजार 971 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 66 हजार 754 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 65 हजार 217 है। जनपद पंचायत क्षेत्र डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 76 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 209 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 98 हजार 679 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 49 हजार 330 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 49 हजार 349 है। जनपद पंचायत क्षेत्र छुरिया क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 118 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 298 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 43 हजार 389 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 71 हजार 427, महिला मतदाताओं की संख्या 71 हजार 961 एवं तृतीय लिंग मतदाता

# प्रादेशिकी



**उल्टा पुल्टा**

भिखारी- ऐ भाई एक रुपया दे दे, तीन दिन से भूखा हूँ।
राहगीर- तीन दिन से भूखा है तो एक रुपए का क्या करेगा..?
भिखारी- वजन तोलूंगा कितना घटा है..!!

## संपादकीय

### प्रदेश की तस्वीर बदले

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के लिये 11 फरवरी को हुए मतदान के शनिवार को घोषित हुए नतीजों में भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मारी है। प्रदेश के सभी 10 नगर निगमों के अलावा नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में भी उसे एकतरफा जीत मिली है। 49 नगर पालिकाओं में 35 और 114 नगर पंचायतों में से 81 पर उसका कब्जा हुआ है। 70 प्रतिशत से भी अधिक नगरीय निकायों पर भाजपा की सरकारें बनी हैं। अगले एक हफ्ते के भीतर ग्रामीण निकायों के भी चुनाव हो जायेंगे जिनमें जिला पंचायतें और ग्राम पंचायतें हैं। इनमें भी यही कहानी दोहराये जाने की उम्मीद है। सामान्यत: प्रदेश में जिस पार्टी की सरकार होती है, अक्सर स्वायत्त संस्थाएं वही जीतती हैं। ज्यादातर ऐसा होता दिखता है। बेशक इसमें अपवाद भी होते हैं। पिछली बार जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब यही कारनामा कांग्रेस ने किया था। हालांकि उसकी जीत इतनी बड़ी नहीं थी जो अब की भाजपा ने प्राप्त की है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में सत्ता का यह ऐसा समीकरण बन गया है कि राज्य के साथ केन्द्र में भी भाजपा की सरकारें हैं। इस स्थिति का फायदा उठाकर शहरी व ग्रामीण छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदलने में राज्य व निकायों की सरकारों को जुट जाना चाहिये।

राज्य में नागरिक सुविधाओं की बात करें तो स्थिति बहुत बुरी है। कुछेक शहरों एवं कस्बों को छोड़ दें तो छग के अधिकतर शहर, छोटे नगर और गांवों में बुनियादी सुविधाओं की बेहद कमी है। राजधानी रायपुर देश के सर्वाधिक गंदे शहरों में से एक है। केन्द्रीय शहर विकास मंत्रालय द्वारा हर वर्ष जो स्वच्छता स्पर्धाएं की जाती हैं उनमें किसी भी श्रेणी में अंबिकापुर जैसे एकाध शहर को छोड़ दें तो कोई उल्लेखनीय पुरस्कार राज्य को प्राप्त नहीं होते। प्रदेश की रैंकिंग भी अक्सर निचले पायदान पर रहती है। रैंकिंग या पुरस्कार की बात एक तरफ रख दें तो भी जो स्थिति नंगी आंखों से दिखलाई देती है वह यही है कि प्रदेशवासी खराब नागरिक जीवन जी रहे हैं। लगभग सारे शहरों में सर्वत्र गंदगी दिखती है। जगह-जगह कचरे के ढेर, कूड़े से भरी हुई नालियां और बहता हुआ गंदा पानी हमारे शहरों की पहचान हैं। सफाई केवल वीआईपी इलाकों में दिखती है या फिर सोसायटियों व कॉलोनों में जहां अभिजात्य वर्ग के लोग रहते हैं। सामान्य लोगों व निम्न वर्ग के लोगों की बस्तियों में स्थिति बहुत खराब है।

गंदे पानी की निकासी की स्थिति भी चिंतनीय है। बड़ा तबका गंदे पानी वाली नालियों व गटरों के किनारे बस्तियां बनाकर रहता है। स्मार्ट परियोजना वाले शहरों की भी स्थिति बुरी है। सफाई एवं निकासी के अलावा शिक्षा तथा स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। राज्य सरकार निकायों को भरपूर आर्थिक सहायता करे। साथ ही, भ्रष्टाचार पर लगाम ज़रूरी है।

## जनता ने किया नए चेहरों पर भरोसा, शपथ ग्रहण के बाद शुरू होगा नया कार्यकाल



**महासमुंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। स्थानीय नगर पालिका चुनाव में वार्ड पार्षद के लिए नगर की जनता ने नए चेहरों पर भरोसा किया। हालांकि कुछ पुराने पार्षदों को अपनी सीट गंवानी पड़ी तो कुछ ने अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे। नगर पालिका अध्यक्ष के लिए निखिलकांत साहू ने चुनाव जीत कर कांग्रेस के लिए इतिहास रचा और एक तरह से 25 वर्ष पूर्व डा. विमल चोपड़ा के हाथों उनके पिता मनोजकांत साहू को मिली हार का हिसाब चुकता किया। ऐसा कहा जा सकता है। इसके लिए नागरिकों को 2000 के नगर पालिका चुनाव में जाना होगा जब सीधे जनता से नगर पालिका अध्यक्ष चुनने की बारी आई तो कांग्रेस ने नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए मनोजकांत साहू को भाजपा ने डा. विमल चोपड़ा को प्रत्याशी बनाया। उस समय निखिलकांत साहू की उम्र 8 वर्ष रही होगी। और वे अपनी बच्चा पार्टी के साथ पिता के पक्ष में प्रचार करते थे। लेकिन जब चुनाव परिणाम आया तो करीब 12 सौ वोट से मनोजकांत साहू को पराजय मिली थी। उसके बाद विधानसभा चुनाव के दौरान ही मनोजकांत साहू को कामयाबी नहीं मिल पाई थी। किंतु इस चुनाव में निखिलकांत ने कांग्रेस के पक्ष में परचम लहराकर भाजपा प्रत्याशी को हराया और अपने पिता का पुराना हिसाब चुकता कर लिया। जहां तक पार्षदों की बात है तो वार्डों में अधिकांश नए चेहरे अपने जनता जनार्दन का सेवा करते नजर आएंगे। जिसमें वार्ड नंबर 1 से ज्योति रिंकु चंद्राकर, वार्ड 2 जय देवांगन, 3 से सुनेना पप्पु ठाकुर, 6 से सीता टोंडेकर, 8 से जरीना हफीज कुरैशी, 10 से माखन पटेल, 12 से कल्पना सूर्यवंशी, 18 से माधुरी धनीराम यदु, 20 से निश्चय चंद्राकर, 22 से चंद्रशेखर बेलदार, 23 से भारती चंद्राकर, 26 सु पीयुष साहू, वार्ड 30 से धनेश्वरी सोनवानी, 17 से निरज चंद्राकर, 15 से ईश्वरी भोई, 16 से नरेंद्र विक्की चंद्राकर, 4 से राहुल आवड़े, 5 से जितेंद्र ध्रुव, 27 से गुलशन नायक, 11 से ओमीन कागजी प्रमुख है। वार्ड नंबर 29 से शुभ्रा मनीष शर्मा, 24 पवन पटेल, 14 से देवीचंद राठी, 13 से हरबंश सिंह ढिल्लो, 7 से मुस्ताक विक्की खान, 28 से विजय साव, वार्ड 21 बड़े मुन्ना देवार ऐसे पार्षद है जो दूसरी या तीसरी बार चुनाव जीतकर पालिका पहुंचे है।

भाजपा प्रत्याशी भाऊराम साहू वार्ड 25 से चुनाव जीतने वाले ऐसे व्यक्ति है जो नगर में चाय वाले के नाम से प्रसिद्ध है और अधिकांश राजनीतिक लोगों की सुबह इनके दुकान की चाय के साथ शुरू होती है। भाजपा का कोई भी लीडर नगर पहुंचता है तो इनके दुकान के सामने कार्यकर्ताओं की ओर स्वागत अभिनंदन के बाद ही आगे रवाना होते है। पिछले नगर पालिका चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर वार्ड 16 से निर्दलीय चुनाव लड़े थे किंतु पार्षद बनने का सपना इस बार पूरा हुआ है। मतगणना के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग ने शहरी क्षेत्रों के लिए आचार संहिता शून्य घोषित कर दिया है। इसके साथ ही शपथ ग्रहण समारोह के साथ नए कार्यकाल शुरू होगा। बहरहाल शपथ ग्रहण की तिथि अभी तय नही है।

## आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बालीवुड पाश्वर्गायक असीत त्रिपाठी के साथ होंगे और भी अनेकों कार्यक्रम



**राजिम,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। कुंभ कल्प के छठवें दिन छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े मंच पर बालीवुड पार्श्व गायक असीत त्रिपाठी की झमाझम प्रस्तुति होगी। इसी मंच पर छत्तीसगढ़ की प्रसिध्द मानसगायन पिंकी वर्मा की टीम अपनी कला का प्रदर्शन करेंगें। किरण शर्मा लोक कलामंच द्वारा छत्तीसगढ़ की लोककलाओं की झांकी द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

वही स्थानीय कलाकारों द्वारा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक मुख्य मंच के सामने बने डोम में पुनाराम यादव की टीम राउतनाचा, चेतनलाल यादव रुप अखाड़ा के माध्यम से विभिन्न करतब दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन करेंगें। पार्वती साहू पंडवानीगायन, बंटी खत्री शकबीरशू कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगें। लीला देवी साहू की टीम मानस गायन, श्याम बाबू लाकी लोक कलामंच की बेहतरीन प्रस्तुति होगी। बाहरू राम धीवर भजन की सुमधुर प्रस्तुति देंगें। लोकेश ध्रुव माता के जगराता की बेहतरीन प्रस्तुति होगी। वर्षा देवांगन शास्त्रीय नृत्य, प्रांजल सिंह भरथरी गायन और अभिषेक सोनकर लोक कलामंच की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति होंगें।

## नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतगणना के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभाव शून्य

**धमतरी,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश सहित जिले में भी नगरीय निकायों के महापौर, अध्यक्ष और पार्षद पदों के चुनाव 2025 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी 2025 को चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई थी। जिले के 6 नगरीय निकायों में 11 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ और 15 फरवरी को मतगणना पूर्ण हुई। राज्य निर्वाचन आयोग ने केवल नगरीय निकाय के निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता को प्रभावशून्य घोषित कर दिया है। इसके परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने धमतरी जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता को प्रभाव शून्य घोषित किया है।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

**धमतरी,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु आज 17 फरवरी को जनपद पंचायत मगरलोड में होने वाले पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के मतदान हेतु कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है। इनमें नायब तहसीलदार नगरी राम कुमार सिन्हा मो.नं. 9907070777 और नायब तहसीलदार बेलारगांव कुसुम प्रधान मो.नं. 9302799980 शामिल हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) मगरलोड के निर्देशानुसार अपने दायित्वो का निर्वहन करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया।

## कलेक्टर ने 276 कर्मचारियों को किया नोटिस जारी

**नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर देना होगा जवाब**

**बलौदाबाजार,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने मतदान दलों के प्रशिक्षण से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 276 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस प्राप्त होने के 24 घण्टे के अंदर जवाब देना होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल में ड्यूटी लगाए गये कर्मचारियों का द्वितीय प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालयों में 13 एवं 14 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया था। विकासखंड बलौदाबाजार में 15, भाटापारा में 29, सिमगा में 106, कसडोल में 56 एवं विकासखंड पलारी में 70 कर्मचारी प्रशिक्षण से अनुपस्थित थे। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन जैसे संवेदनशील एवं अति महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतना छत्तीसगढ़ >> शेष पृष्ठ 9 पर

## राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा दो पालियों में आयोजित



**प्रथम पाली में 1960 और द्वितीय पाली में 1958 विधार्थी हुए शामिल**

**धमतरी,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 आज धमतरी जिले में दो पालियों में सुबह 10 से 11.30 बजे तक और दोपहर एक से 2.30 बजे तक आयोजित की गई। चयन परीक्षा के लिये विकासखण्ड धमतरी और कुरूद में 2-2 तथा मगरलोड एवं नगरी में एक-एक परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा में पंजीकृत 2030 में से प्रथम पाली में 1960 और द्वितीय पाली 1958 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से शांतिपूर्ण आयोजित हुआ।

## आदर्श विवाह को लेकर साहू समाज ने बनाई रणनीति

**रोहांसी/पलारी/बलौदाबाजार,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। शनिवार को साहू समाज भवानीपुर परिक्षेत्र की बैठक का आयोजन भवानीपुर में किया गया। जिसमें आगामी आदर्श विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता भवानीपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष मनहरण साहू ने किया। जिन्होंने समाज में आदर्श विवाह को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आदर्श विवाह आर्थिक रूप से अक्षम लोगों को भी शादी का समान अवसर देने और सादगीपूर्ण एवं दहेज-मुक्त विवाह को बढ़ावा देता है, जबकि विभिन्न आडंबरों



और कुरीतियों को दूर करने इस विवाह का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान आयोजन की तिथि, स्थान, व्यवस्थाओं एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर सुझाव लिए गए। साथ ही समाज के सभी सदस्यों से सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विवाह कार्यक्रम में सामूहिक भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक पदाधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि युवक युवतियों को प्रेरित कर अधिक से अधिक संख्या में जोड़ें का पंजीयन कराने की बात कही। यह आयोजन साहू समाज की विशेष पहल है जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में भवानीपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष मनहरण साहू, दतान परिक्षेत्र अध्यक्ष गनपत साहू, जिला साहू संघ सलाहकार पुनीताराम साहू, संरक्षक संतराम साहू, उपाध्यक्ष प्रेमलाल साहू, सचिव सीताराम साहू, जिला मीडिया प्रभारी केशवराम साहू, कौशलेश साहू, जगदीश साहू, पूरनलाल साहू, तेजराम साहू, चूड़ामणी साहू, मुखीराम साहू, वीरेंद्र साहू, थानुराम साहू, मनोज साहू, संजू साहू आदि उपस्थित थे।

अंत में समाज के सभी पदाधिकारियों ने इस पहल को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## जीत के जश्न में होली-दीपावली सा रहा माहौल



**महासमुंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। ईवीएम से जैसे जैसे चुनाव परिणाम निकलता रहा वैसे वैसे वार्डों में जीत का जश्न शुरू हो गया। हारने वाला खेमा जहां निराश और मायुस होकर लौट रहा था वही जीत की खुशी में विजेताओं की टोलियां लगातार फटाके फोड़कर और गुलाल उड़ाकर होली-दिवाली सा माहौल बनाते हुए जश्न मना रहे थे। प्राय: सभी 30 वार्डों में विजयी प्रत्याशी मतदाताओं के घर पहुंचकर आशीर्वाद देने के लिए आभार व्यक्त कर रहा था। मतदाता भी अपने नवनिर्वाचित पार्षद को फूलमाला पहनाकर अभिनंदन करते नजर आए। लोगों से विजयी पार्षदों ने कहा कि जनता के विश्वास पर वे खरे उतरने का प्रयास करेंगे। वार्ड नं. 28 में तो पार्षद ने धूमाल के साथ विजयी रैली निकालकर लोगों का आभार व्यक्त किया वही अनेक वार्डों में देर रात तक ढोल की गूंज देर रात तक सुनाई देती रही। नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद निखिलकांत साहू ने बैंडबाजा के साथ नगर भ्रमण कर लोगों का अभिवादन और आभार व्यक्त करते रहे। इस दौरान उनके समर्थकों ने चौक चौराहों पर जमकर आतिशबाजी की और जीत के जश्न में गुलाल उड़ाए।

## राजिम कुंभ कल्प में सजेगा पंडोखर सरकार का दिव्य दरबार



**21 से 25 फरवरी तक भक्तों की समस्याओं का करेंगे समाधान**

**राजिम,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। राजिम कुंभ कल्प मेला में 21 फरवरी से विराट संत-समागम का उद्घाटन होगा। संत समागम स्थल पर साधु-संतों, महामंडलेश्वरों, आचार्य महात्माओं के लिए विशाल डोम, स्विस कॉटेज, कुटिया तथा यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है, जिसमें संत महात्माओं द्वारा विभिन्न प्रकार के यज्ञ अनुष्ठान को पूरी वैदिक रीतियों के साथ सम्पन्न कराया जाएगा।

संत समागम परिसर में इस बार गुरुशरण महाराज प्पंडोखर सरकारप् का दिव्य दरबार भी लगेगा। बताया गया कि महाराज जी का 21 से 25 फरवरी तक दिव्य दरबार लगेगा। जिसमें महाराज जी कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की विभिन्न दैहिक, दैविक एवं भौतिक समस्याओं का अचूक समाधान करेंगे। बता दें कि महाराज जी काफी लंबे समय अंतराल के बाद इस बार राजिम कुंभ में पधार रहें है। पंडोखर धाम एवं श्री गुरुशरण महाराज के प्रति भक्तों की गहरी आस्था है। महाराज जी के आगमन को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## बावनकेरा का उर्सपाक आज से

**महासमुंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। हिन्दू मुस्लिम एकता का मिशाला पेश करने वाले बावनकेरा स्थित हजरत मौलाना सैय्यद मोहम्मद जाकीर शाह कादरी का 67वां उर्स पाक 17 फरवरी से प्रारंभ होगा। दो दिवसीय इसउर्स के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा एवं प्रदेश सहित देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन होगा। आयोजन समिति द्वारा समस्त तैयारियां कर ली गई है। पूरा गांव सहित मजार शरीफदुधिया रोशनी से जगमगा रहा है। 167वें उर्स के अवसर पर हजारों लाखों श्रद्धालु पहुंच कर बाबा के चौखट में मुरादें मांगे ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु अपनी मुरादे मांगते हैं हजरत जाकीर शाह कादरी उनकी इच्छाएं पूर्ण करते हैं यही वजह है कि उर्स के अवसर पर श्रद्धालुओं का आगमन सभी क्षेत्रों से होता है एवं सभी समुदाय के लोग पहुंचते हैं। हिन्दू मुस्लिम एकता का मिशाल पेश करने वाला बावनकेरा सदैव एक दूसरे का सम्मान करते हुये सभी पर्वो को बड़े धूमधाम से मनाते हैं। उर्स कमेटी अध्यक्ष गुलजार खान, सचिव जलील खान, तामीर कमेटी सदर गुलाम फरीद स्थानीय निवासी बसंत सिन्हा, द्रोण चंद्राकर ने बताया कि हजरत जाकीर शाह कादरी वर्षों पहले आकर बावनकेरा में बस गये और वे हिन्दुओं से अत्यधिक स्नेह करते थे। उन्होंने अपना जन्म दिन में हिन्दुओं को समर्पित किया यही वजह है कि प्रत्येक वर्ष हिन्दू तिथि फल्गुन कृष्ण पक्ष 06 को चाहे तारीख जो भी पड़े को उर्स मनाया जाता है यही कारण है उर्स का सभी को इंतजार होता है। झलप, पिथौरा, बसना, सरायपाली, बागबाहरा, महासमुंद सहित पूरे प्रदेश के लोगों का परिवारों के जोड़ों का निकाह विवाह संपन्न होगा और आम लंगर के बाद नमाज इशा ओलमाए के राम की तकरीर होगी। इस अवसर पर आशिक हुसैन चिश्ती बंगाल, मोहम्मद अली फरूकी कांजी, शहर रायपुर मोण् सुल्तान अहमद कादरी रायपुर, दिलदार अहमद असरफी रायपुर शायरे इस्लाम याकूब कैसर की प्रस्तुति होगी। साथ ही मोहम्मद तारीक असवर >> शेष पृष्ठ 9 पर

## 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**महासमुंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। स्थानीय शासकीय डीएमएस उमावि में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को शनिवार को विदाई दी गई। मुख्य अतिथि रिखीराम साहू वरिष्ठ व्याख्याता, अध्यक्षता जगदीश लाल साहू प्रभारी प्राचार्य तथा विशिष्ट अतिथि के के शुक्ला प्राचार्य एवं समस्त 12वीं के विद्यार्थी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती की पूजा अर्चना से हुआ। तत्पश्चात सभी सीनियर एवं शिक्षकों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम बहुत ही रोचक रहा। विदाई लेने वाले



समस्त छात्र-छात्राओं के लिए आकर्षक खेल एवं क्विज प्रतियोगिता रखा गया था। साथ ही सभी के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। भावेश चक्रधारी को मिस्टर फेयरवेल एवं मधु जगत को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी अतिथियों ने विदाई लेने वाले विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने जीवन पथ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा दिए। इस अवसर पर शाला के सभी व्याख्याता, शिक्षक उपस्थित।

## विश्वविद्यालय की प्राणवीय सूची में पूजा को 9वां स्थान



**महासमुंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर अंतर्गत संचालित शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको से सत्र 2023-24 में बीए अंतिम वर्ष उत्तीर्ण छात्रा कु पूजा पटेल ने 75.05 प्रतिशत अंक अर्जित कर विश्वविद्यालय द्वारा जारी टाप टेन सूची में नौवें स्थान प्राप्त कर अंचल तथा महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतिभाशाली छात्रा पूजा पटेल ग्राम बरेकेल निवासी पुरुषोत्तम पटेल की सुपुत्री है। वह वर्तमान में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद में अध्ययनरत् है। छात्रा प्रथम वर्ष से ही अपनी कक्षा में शीर्ष स्थान पर रही। शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको महासमुंद जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित महाविद्यालय है। प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के कुशल संचालन, शिक्षकों के मार्गदर्शन से छात्रा ने अपने कठिन परिश्रम से प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## डीके कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा की तिथि घोषित

**बलौदाबाजार,** 16 फरवरी। शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार मे प्रायोगिक परीक्षा की तिथियां घोषित की गई हैं। 18 फरवरी को बीएससी भाग 3 वनस्पति शास्त्र, 21 फरवरी को बीएससी भाग 2 रसायन शास्त्र, 25 फरवरी को बी एस सी भाग 3 रसायन शास्त्र व बी एस सी भाग 2 वनस्पति शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा प्रात: 9 बजे से प्रारम्भ होगी।

# जनता ने विकास के लिए विश्वास जताया : रिखीराम

### नपा चुनाव के बाद भाजपा कांग्रेस प्रत्याशी ने जनता का आभार जताया

**गरियाबंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका चुनाव में जीत के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष रिखीराम यादव ने जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता से मिले आशीर्वाद और पार्टी कार्यकर्ताओं के मेहनत से जीत मिली है। जनता ने विकास के लिए मोहर लगाई। जीत के बाद अब नगर का विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी। सुंदर, सुव्यवस्थित, धूलमुक्त नगर, तालाबों का सौंदर्यीकरण, अधूरे कार्य को पूर्ण करना है। नगर के विकास के लिए रात-दिन मेहनत करेंगे। प्रत्येक वार्ड में विकास होगा।



रिखीराम यादव ने यादव ने कहा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन पर भरोसा किया है। केंद्र और राज्य के जनकल्याणकारी योजानाओ का लाभ जनता को दिलाएंगे। उन्होंने चुनाव में मतदान करने वाले सभी जागरूक मतदाता का भी आभार जताया।

चुनाव में भाजपा को जिताने मेहनत करने वाले सभी कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का भी उन्होंने धन्यवाद दिया। चुनाव में ड्यूटी करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और मीडियाकर्मियों का आभार जताया।

**नपा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस प्रत्याशी ने जताया आभार**

नगर पालिका परिषद गरियाबंद से कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी रहे गेंदलाल सिन्हा ने चुनाव परिणाम के बाद जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नगर की जनता का जनादेश उन्हें स्वीकार है। जनता के अभूतपूर्व समर्थन के लिए वे आभारी हैं। हार-जीत लगी रहती है, लेकिन नगर अपना है, लोग अपने हैं। समाज में रहकर निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा जारी रखेंगे।

भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रिखीराम यादव को उन्होंने शुभकामनाएं दीं। कहा कि वे अच्छी नीयत से राजनीति से ऊपर उठकर नगर विकास का कार्य करेंगे, ऐसी उम्मीद है। लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली जनता का भी उन्होंने आभार व्यक्त किया। कहा कि मतदाताओं ने अपने अमूल्य योगदान दिया। कार्यकर्ताओं ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

दिन-रात मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का भी उन्होंने धन्यवाद दिया। साथ ही चुनाव संपन्न कराने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और मीडियाकर्मियों का आभार जताया। कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही लोकतंत्र हर बार और अधिक सुदृढ़ होता है।

## अवैध देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार




**भखारा/धमतरी,** 16 फरवरी। थाना भखारा पुलिस ने ग्राम कुर्रा रावां रोड के पास शराब बिक्री करने जा रहे दो व्यक्ति पर आबकारी एक्ट के तहत छापेमारी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया हैं। भखारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल ग्राम कुर्रा रावां रोड के पास आ रहे ब्लेक,सिल्वर कलर की प्लेटिना मोटर सायकल को रोककर शराब पर छापेमारी कार्रवाई करते हुए सेवा राम साहू पिता सुखराम साहू उम्र 35 वर्ष साकिन देमार एवं चेतेश्वर साहू पिता स्व.गिरधारी साहू उम्र 40 वर्ष साकीन देमार के कब्जे से 48 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 4320/- रूपये एवं प्रयुक्त वाहन ब्लेक, सिल्वर कलर प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक छ्त्र 05 स- 1782 कीमती करीबन 20,000/- रूपये कुल जुमला 24,320/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना भखारा में अप0 क्र.19/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में भखारा थाना प्रभारी व निरीक्षक लेखराम ठाकुर,प्रधान जिला धमतरी , चेतेश्वर साहू पिता स्व.गिरधारी साहू उम्र 40 वर्ष साकीन देमार,थाना अर्जुनी,जिला धमतरी सिन्हा,आरक्षक गोपाल साहू,गजेंद्र टंडन,संजय ओगरे का विशेष योगदान रहा।

## वार्ड 15 में सूरज की ऐतिहासिक जीत, भाजपा का खाता खुला



**गरियाबंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड नंबर 15 से भाजपा ने पहली जीत दर्ज की। युवा नेता सूरज सिन्हा ने 134 वोटों से जीत हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जुनेद खान को 123 और ऋतिक सिन्हा को 86 वोट मिले। इस जीत के साथ सूरज सिन्हा भाजपा से सबसे कम उम्र में पार्षद बनने वाले नेता बने।

**भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न, ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस**

सूरज सिन्हा की जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। पूरे वार्ड में ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला गया। आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। मतदाताओं ने युवा नेतृत्व पर भरोसा जताया। उनकी जीत से वार्ड में विकास की नई उम्मीदें जगी हैं।

**सूरज सिन्हा ने जताया आभार, बोले- यह सबकी जीत**

सूरज सिन्हा ने अपनी जीत पर भाजपा नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार जताया। उन्होंने कहा, च्पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी, उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। यह जीत सिर्फ मेरी नहीं, सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की है।ज्ज उन्होंने मुख्यमंत्री, विधायक रोहित साहू, पार्टी प्रभारी किशोर महानंद, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष गफ्फू मेमन, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख और अन्य वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद किया। साथ ही, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, सागर मायानी, पप्पू ठाकुर, अमित बखरिया, निक्की सेन, यश मिश्रा, भावेश सिन्हा, भीम साहू और प्रतीक तिवारी समेत सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

**वार्ड में भव्य स्वागत, महिलाओं ने उतारी आरती**

जीत के बाद सूरज सिन्हा वार्ड पहुंचे तो लोगों ने फूलों से स्वागत किया। महिलाओं ने आरती उतारी, तिलक लगाया और मिठाई बांटी। बच्चे-बच्चे की जुबान पर सूरज का नाम था।

**युवा नेतृत्व से वार्ड 15 को नई उम्मीदें**

सूरज सिन्हा की जीत से भाजपा के युवा नेतृत्व को मजबूती मिली है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वार्ड 15 के विकास को प्राथमिकता देने का वादा किया था। मतदाताओं ने उन पर भरोसा जताया। भाजपा की इस पहली जीत से नगर पालिका चुनाव में पार्टी का हौसला बढ़ा। पूरे शहर में भाजपा समर्थकों में उत्साह दिखा।



## पिथौरा नपं अध्यक्ष पद पर भाजपा के देवसिंह निर्वाचित

### भीड़ के साथ विजय जुलूस निकाला गया



**पिथौरा**, 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव परिणाम के चलते आज प्रात: से ही मतगणना केंद्र पर भारी भीड़ लगी रही वहीं आधे घंटे के अंदर ही प्रत्याशियों के एजेंट बाहर आकर जीत का जश्न मनाने लगे नगर में अध्यक्ष पद पर देवसिह निषाद ने कांग्रेस के निर्वात मांन अध्यक्ष आत्माराम यादव को 369 मतों से परस्त किया वहीं पार्षद प्रत्याशियों के 15 में से 8 वार्डो पर कांग्रेस ने जीत दर्ज किया है 7 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी विजय रहे विजय परिणाम के पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिह निषाद के समर्थकों द्वारा नगर में भारी शोर शराबा एवं आतिशबाजी के साथ विजय जुलूस निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्ग से होता हुआ निवास में संपन्न हुआ नगर के 15 वार्डों में विजय हुए निम्न पार्षद हैं वार्ड नंबर 1 में प्रफुल्ल राजपूत वार्ड नंबर 2 में टेकु साहू वार्ड नंबर 3 में पुष्पांत पटेल वार्ड नंबर 4 में मन्नू ठाकुर वार्ड नंबर 5 में भीमा रौतिया वार्ड नंबर 6 में संदीप सेन वार्ड नंबर 7 में सुनीता पांडे वार्ड नंबर 8 में हेमलता सागर वार्ड नंबर 9 में डॉक्टर संतोष डार्सेना वार्ड नंबर 10 में राजू रेखा मिश्रा वार्ड नंबर 11 में अनामिका विकास शर्मा वार्ड नंबर 12 में रामदुलारी सिंह वार्ड नंबर 13 में वीरेंद्र तिवारी वार्ड नंबर 14 में आशीष अग्रवाल वार्ड नंबर 15 में कौशल दास मानिकपुरी ने जीत दर्ज किया है।

## मोहरेंगा में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया

**खरोरा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। संकुल केन्द्र मोहरेंगा के शासकीय नवीन शाला मोहरेंगा मे 14 फरवरी को माता पिता पूजन दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वप्रथम उपस्थित माताओ के द्वारा मां सरस्वती की पूजन वंदना कर की गई फिर बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर की गई तत्पश्चात बच्चों के द्वारा अपने अपने माता पिता की पूजन आरती की गई जिससे पालको ने भी भाव विभोर होकर बच्चो की प्रगति और जीवन के हर क्षेत्र पर सफलता हेतु आशीर्वाद दिया गया और शाला के शिक्षक श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा माता पिता पूजन दिवस मनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि कैसे आधुनिकता और पासचात्य संस्कृति का अनुसरण करने की अंधि दौड़ में आज बच्चे कैसे अपने माता पिता के द्वारा किये गए त्याग, पालन पोषण, प्रेम, समर्पण और सम्मान करना भूल रहे है बच्चों में माता पिता के सम्मान, स्नेह बड़ों के प्रति आदर भाव , संस्कार जागृत करने की आवश्यकता पर बताया फिर बच्चों के द्वारा माता पिता के प्रति समर्पित गीत, कविता प्रस्तुत किया उद्बोधन की कड़ी में शिक्षिका जमुना साहू और समिति सदस्य भागवत वर्मा जी ने माता पिता का हमेशा सम्मान करने और माता पिता को भी बच्चों को अच्छी अच्छी बाते सिखाने के लिए प्रेरित किया गया अंत में श्री योगेंद्र कुमार साहू जी द्वारा जलेबी का वितरण किया कार्यक्रम मे श्री मति सलिता वर्मा, सुधा वर्मा, गीता यादव, चंद्रिका यादव , मंजु साहू,अरुणा मानिकपूरी भूमिका सिन्हा, श्री भगवती साहू, दिनेश धीवर आदि अधिक संख्या मे माताएं उपस्थित रहे।



## बरमकेला ब्लॉक में आज होगा पंचायत आम चुनाव

### बैलेट से प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा

**बिलाईगढ़** 16 फरवरी(देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 तीन चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण में 17 फरवरी को जिले के बरमकेला विकासखण्ड में मतपत्र, बैलेट से मतदान होगा। पंचायत चुनाव ईवीएम से नहीं होगा। यह चुनाव प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान दिवस के दिन ही मतदान केन्द्रों में मतगणना की जायेगी।रिटर्निंग अधिकारी ने जानकारी दी है कि बरमकेला ब्लॉक के 284 मतदान केंद्रों में मतदान दल सकुशल पहुंच गए हैं। बरमकेला ब्लॉक में कुल मतदाता एक लाख 12 हजार 774 मतदाता है, जिसमें 56064 पुरुष मतदाता और 56707 महिला मतदाता तथा तृतीय लिंग के 3 मतदाता है।

सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत के मामलों में खण्ड स्तर पर प्रथम चरण हेतु 19 जनवरी को, द्वितीय चरण हेतु 22 फरवरी को एवं तृतीय चरण हेतु 25 फरवरी को प्रात: 9 बजे से की जायेगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर प्रथम चरण हेतु 20 फरवरी, द्वितीय चरण हेतु 23 फरवरी एवं तृतीय चरण हेतु 25 फरवरी को की जायेगी। उल्लेखनीय है कि 20 फरवरी को बिलाईगढ़ एवं 23 फरवरी को सारंगढ़ ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का मतदान होगा।

## ब्राह्मण समाज तहसील कुरुद का आवश्यक बैठक



**कुरुद,** 16 फरवरी ( देशबंधु)। ब्राह्मण समाज तहसील कुरुद का आवश्यक बैठक काली मंदिर में रखा गया था जहां सर्वसम्मति से समाज प्रमुख जनों ने पदाधिकारीयो का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष कमलेश तिवारी उपाध्यक्ष कैलाश शुक्ला सतीश शर्मा सचिव लक्ष्मीकांत द्विवेदी कोसाध्यक्ष नंद कुमार पांडेय सहसचिव कोमल शुक्ला जिला प्रतिनिधि हयग्रीव शर्मा जगजीवन मिश्रा बनाये गए। विशेष आमंत्रित कार्यकारणी सदस्य महेश शर्मा राजेन्द्र शर्मा ईश्वर पांडेय अशोक शर्मा आशीष शर्मा रमेश पांडेय बनाये गए।

## हाथ धुलाई के लाभ एवं खुले में शौच के खतरे के बारे में बताया गया



**खरोरा**, 16 फरवरी (देशबन्धु))। मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में शाला प्रमुख मनहरण वर्मा एवम शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया कि हाथ धुलाई के लाभ एवं खुले में शौच के खतरे के क्या है -हमें प्रतिदिन स्नान करना चाहिए। सप्ताह में कम से कम एक या दो दिन साबुन से नहाना चाहिए। अपने शरीर को स्वच्छ रखना चाहिए। हाथों, पैरों के नाखूनों को एक निश्चित अंतराल में कटना चाहिए। स्कूल से आने के बाद जानवरों को छूने के बाद, खेलने के बाद, प्राथमिक उपचार के बाद शौचालय से आने के बाद, खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोना चाहिए।

खुले में शौच करना हमारे स्वास्थ्य और वातावरण के लिए हानिकारक है। हमें हमेशा शौचालय में शौच करना चाहिए। शौचालय में शौच करने के कई फायदे हैं -बच्चे व महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है। मल का निपटारा होता है जिससे हमारा वातावरण स्वच्छ रहता है। शौच से आने के बाद हैंडवाश से हाथ धोना चाहिए। इस कार्यक्रम में शाला के शिक्षक हेमकुमारी साहू उपस्थित रहे।

## कम समय में भाजपा का विकास जनता का जीता विश्वास : अनिल अग्रवाल



**खरोरा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा के निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु ओबीसी मुक्त आरक्षण रहा जिसमें भाजपा ने चंद्रकला खुमान वर्मा को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया वही कांग्रेस ने तीन बार के पार्षद लक्ष्मीनारायण वर्मा को टिकट दिया जिसके पश्चात ढाई हजार से अधिक मत से भाजपा के चंद्रकला वर्मा ने विजय प्राप्त की वही तिल्दा के 22 वार्ड में 12 वार्डो में भाजपा ने विजय प्राप्त किया मंत्री टंक राम वर्मा ने जनता का अभार जताते हुए कहा कि तिल्दा नेवरा के देवतुल्य जनता ने भाजपा के विकास पर मुहर लगाकर विष्णुदेव सरकार के विकास रथ को आगे बढ़ाने की मंशा जाहिर किया है वही भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार की विकास कार्यों पर जनता ने मुहर लगाकर तिल्दा नेवरा नगर पालिका परिषद की विकास चाहा है भाजपा अपना पूरा वादा पूरी करेगा।

## मतदान दल निर्वाचन सामग्री के साथ मतदान केंद्रों में सकुशल पहुंचे

**बिलाईगढ़,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत 17 फरवरी को होने जा रहे मतदान में तहसील बरमकेला के अंतर्गत आने वाले 96 ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, 25 जनपद सदस्यों व 4 जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन होना है। इसके लिए रिटर्निंग अधिकारी बरमकेला द्वारा, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बरमकेला के प्रांगण में वितरण संग्रहण केंद्र व स्ट्रांग रूम बनाया है। रविवार को मतदान दल व रिजर्व दल के अधिकारी कर्मचारी को संग्रहण वितरण केंद्र हायर सेकंडरी विद्यालय आत्मानंद स्कूल से मतदान केंद्रों की ओर रवाना की गई। मतदान कर्मियों द्वारा सभी मत पेटी एवं विभिन्न दस्तावेज की मिलान कर वहां से आवश्यक वस्तुओं की लेकर रवाना होकर मतदान केंद्रों में पहुंच गए हैं।मतदान केंद्रों तक सुरक्षा के साथ पहुंचाने रूट चार्ट बनाया गया है व रूट प्रभारी नियुक्त कर जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पूरे निर्वाचन क्षेत्र को 10 सेक्टर में बांटा गया है। सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। यहां पूछताछ केंद्र एवं समान वितरण के लिए बनाया गया है। सभी वाहन भी इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में रखा गया है जहां से सभी रूटो के अनुसार भेजा गया।

### सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 6 नपं का मतगणना संपन्न

**बिलाईगढ़,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के नगरीय निकाय का मतगणना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कलेक्टर और एसपी बिलाईगढ़ क्षेत्र के 4 नगर पंचायतों में जाकर वोटिंग परिणाम का अवलोकन किए वहीं सामान्य प्रेक्षक ग्रीष्मी चांद ने बरमकेला नगर पंचायत के मतगणना में शामिल हुए।

**नगर पंचायतों में हार जीत**

जिले के 6 नगर पंचायत के अध्यक्ष पद चुनाव अंतर्गत भटगांव में विक्रम कुर्रे ने जीता उन्होंने कमलेश कुर्रे को हराया। सरिया में कमलेश अग्रवाल जीते, उन्होंने नेमीचंद अग्रवाल को हराया। पवनी में कुलदीपक साहू जीते, उन्होंने झुमुक साहू को हराया। सरसींवा से गुलेचंद जीते, उन्होंने सोनिका नीतीश बंजारे हराया। बरमकेला में सत्यभामा मनोहर नायक जीते, उन्होंने सुनीता कपिल नायक को हराया, बिलाईगढ़ में दामोदर दुबे जीते, उन्होंने रामनारायण देवांगन को हराया।

## निधन

### इंदुमति पांडे

**जगदलपुर,** 16 फरवरी। पल्लीचकवा निवासी श्रीमती इंदुमति पांडे उम्र 88 वर्ष पति स्व सुशील कुमार पांडे का निधन रविवार शाम 6 बजे रायपुर में इलाज के दौरान हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 9 बजे उनके निज निवास पल्लीचकवा में किया जाएगा। वे ओंकार पांडे,लोचन कुमार पांडे,भूपेंद्र कुमार पांडे, अश्वनी कुमार पांडे की माता व भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री व सुभाष वार्ड की पूर्व पार्षद श्रीमती दीप्ति पांडे की सास थीं।




### किरण डोनगांवकर

**रायपुर,** 16 फरवरी। राजधानी निवासी पत्राकार किरण डोनगांवकर का बेंगलुरू में निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे ।

### चैतराम जुगनू फूटान

**धमतरी**, 16 फरवरी। शहर के बनिया तालाब आमापारा निवासी चैतराम (जुगनू) फूटान (50) का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे तथा रायपुर के अस्पताल में भर्ती थे। 16 फरवरी रविवार को पूर्वाह्न 11: 30 बजे गृहनिवास बनिया तालाब पार आमापारा से शांतिघाट के लिए उनकी अंतिम यात्रा निकलेगी। वे मोनू, अंकुश फुटान के पिता व बिसंतीन बाई के पति थे। धीवर समाज धमतरी परगना उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।



### विनोद गुप्ता

**गरियाबंद,** 16 फरवरी। नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद गुप्ता 86 वर्ष का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे एकता मेडिकल के संचालक नितिन गुप्ता के पिता थे। उनके निधन पर अधिवक्ता संघ, व्यापारी वर्ग एवं गणमान्य नागरिकों ने दुख व्यक्त किया है।



## भाजपा के कुशासन के खिलाफ शहर वासियों ने किया मतदान : विनोद



**महासमुंद** 15 फरवरी (देशबंधु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने महासमुंद नपा चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर नगर वासियों का आभार व्यक्त कर इसे भाजपा की कुशासन के खिलाफजनता का मुहर बताया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में एक साल के कार्यकाल में ऐसा कोई कार्य नहीं किया जो जनता को पसंद आए। उन्होंने कहा कि शहर वासियों ने कांग्रेस प्रत्याशी को जीताकर भाजपा को करारा जवाब दिया है। यह एक संकेत है कि आगामी समय में पूरे प्रदेश के भाजपा का पत्ता साफहोने वाला है। श्री चंद्राकर ने नगर पालिका के नवनियुक्त अध्यक्ष निखिलकांत साहू सहित कांग्रेस के समस्त विजयी पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए नगर व नगरवासियों के हित में कार्य करने की बात कही। श्री चंद्राकर ने कहा कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी भाजपा की करारी हार होगी। ग्रामीण क्षेत्र के लोग भाजपा के वादाखिलाफी, जन विरोधी कार्यों से त्रस्त हैं, जिसका जवाब वह पंचायत चुनाव में देगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कलेक्टर ने 276 कर्मचारियों को...

सिविल सेवा आचरण नियम एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 नियम 17(2)(3) के अनुसार कार्यवाही योग्य है। उक्त कृत्य के लिए क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किया जाय।

### बावनकेरा का उर्सपाक...

बावनकेरा, बसीर अहमद बावनकेरा, बसीम अख्तर नागपुरी की सुमधुर आवाज गुंजेगी । सफल आयोजन के लिये मो. शकील, शाकीर, करीम खान, रहीम खान, ईस्माईल, असलम, अकबर, पूर्व सरपंच द्रोण चंद्राकर, बसन्त सिन्हा, गणेश राम सेन, जीत कुमार, ब्यास चंद्राकर, फिरतू, नारायण साहू सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुये हैं । उक्त जानकारी मो. सलीम अशरफी ने देते हुये उर्स में पहुंचने की अपील की है ।

## आसिफ मेमन ने रिकार्ड 375 मतों से जीत दर्ज की, सबसे कम 4 मतों से जीते निरंजन प्रधान

**गरियाबंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया। भाजपा ने 15 मेसे 09 सीटे जीती। वही कांग्रेस को 4 और निर्दलीय को 2 सीट मिली। चुनाव में सबसे ज्यादा रिकार्ड 375 मतो से आसिफ मेमन ने जीत दर्ज की। आसिफ मेमन को कुल 453 मत मिले वही निकटतम प्रतिद्वंदी मुकेश रामटेके को महज 78 मत मिले। गरियाबंद के निकाय चुनाव के अब तक इतिहास में पहली बार किसी वार्ड में किसी प्रत्याशी को इतने अधिक मत मिले और हार जीत का अंतर भी पहले बार 300 के पार पहुॅचा। बताया जाता है कि इसकी पीछे की वजह भाजपा प्रत्याशी आसिफ मेमन का सरल सहज व्यवहार के साथ ही उनकी कुशल रणनीति है। जिसके चलते अब तक चार चुनाव में लगातार वो जीत दर्ज करने में कामयाब रहें। नगर पंचायत में एक बार वह उपाध्यक्ष भी रह चुके है।

**कम मत से जितने वाले** -

वही दूसरे ओर सबसे कम मतो से निरंजन प्रधान और बिन्दु सिन्हा ने जीत दर्ज की। निरंजन प्रधान महज 4 मतों से, बिन्दु सिन्हा 5 मतों से जीती। बिन्दु सिन्हा को 100 मत मिले वही निकटतम प्रतिद्वदी हेमलता को 95 मत मिले। वही निरंजन प्रधान को 118 व प्रकाश यादव 114 मत मिले। वही वार्ड 15 में सुरज सिन्हा 11 मत से जीते। उसे 134 व जुनैद खान को 123 मत मिले। वार्ड 2 में रेणुका साहू भी कम मतो से जीती। रेणुका साहू को 220 व विमला साहू को 207 मिले। इसके अलावा वार्ड 6 में छगन यादव ने परस देवांगन को 19 मतो से हराया। छगन को 311 व परस देवांगन 292 मत मिले। वार्ड 12 पुरषोत्तम यादव 23 मत से जीते। पुरषोत्तम यादव को 153, वंशगोपाल सिन्हा को 130 मत मिले। वार्ड 5 में विष्णु मरकाम 29 मतो से जीते। उन्हे 240 व वरूण ध्रुव को 211 मत मिले। वार्ड 7 में पार्वती ध्रुव भी महज 31 मतो से जीती। पार्वती ध्रुव को 248 व टिमेश्वरी ध्रुव को 217 मत मिले।

**ये अधिक मत से जितने वाले** -

वहीं वार्ड 11 में आसिफ मेमन के रिकार्ड जीत के अलावा वार्ड 10 में सुरेन्द्र सोनटेके ने भी 163 मतो से जीत दर्ज की। उन्हें 227 मत मिले। वही सुजीत कुटारे को 64 मत मिले। वार्ड 12 में पुष्पा साहू 54 मत से जीती। उन्हें 159 मत मिले वही प्रतिभा पटेल को 105 मत मिले। वार्ड 8 में खेमसिंह बघेल 65 मत से जीते। उन्हे 295 मत मिले वही योगेश बघेल को 230 मत मिले। वार्ड 4 में शीला टांडी 68 मत से जीते। उन्हें 200 मत मिले वही गीता जगत को 132 मत मिले। इसके अलावा वार्ड 9 मे मधु देवांगन 61 मतों जीत हुई। गुरनुर कुकरेजा को 173 मत वही मधु देवांगन को 244 मत मिले।

## कांग्रेस पार्षद ने विधायक के समक्ष थामा भाजपा का दामन



**पिथौरा**, 16 फरवरी। कांग्रेस पार्षद ने थामा भाजपा का दामन पिथौरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 की पार्षद श्रीमती रामकुंवर सिंहा ने विधायक जनसंपर्क कार्यालय में विधायक संपत अग्रवाल के समक्ष भाजपा का दामन थामा। नवप्रवेशी पार्षद का विधायक व नवनियुक्त अध्यक्ष देवेश निषाद मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल भाजपा नेता डा किशोर सिंहा ने भाजपा का गमछा पहना कर सदस्यता दिलाई। नवप्रवेशी पार्षद ने कहा कि विष्णु देव जी की सरकार और उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर किया भाजपा प्रवेस। इस अवसर पर मुख्य रूप से बजरंग अग्रवाल रैदास गोयल युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी पार्षद वीरेंद्र तिवारी मन्नुलाल ठाकुर संतोष डड़सेना भीमा रौतीया संदीप सेन पुष्पकांत पटेल कौशलदास मानिकपुरी खीरू पटेल ललती डडसेना सिल्पा सोनी मनोज बंसल, ज्योति लक्ष्मी सिंहा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक विधायक प्रतिनिधि सुमित अग्रवाल पुष्पराज गजेंद्र सुरेंद्र पांडे रविंदर आज़मानी दिलीप निषाद ऋषिकेश शुक्ला संजय गोयल युवा मोर्चा महामंत्री सौरभ अग्रवाल लक्ष्मीकांत सोनी राजा खनुजा पवन अग्रवाल कुलजीत आज़मानी सन्नी रोहिल्ला सतीस धुरुव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

## उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा एवं नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा का फल व लड्डू से तौलकर सम्मान

**भाटापारा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव 2025 में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली है. चुनावी नतीजे आने के बाद प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका भाटापारा में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने शानदार आभार रैली निकाली. रैली के दौरान पूरे शहर में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिला. प्रचंड जीत की इस रैली में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, भाजपा के नवनिर्वाचित 24 पार्षद एवं 1 निर्दलीय पार्षद सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ, पदाधिकारी शामिल हुए. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया.



आभार रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों, व्यापारी, सामाजिक संगठनों ने शिवरतन शर्मा, नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा का फल, लड्डू से तौलकर सम्मान किया गया. इस स्वागत समारोह ने जनता और कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दिया. लोगों ने इसे भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों का सम्मान बताया. शिवरतन शर्मा ने भाजपा की अभूतपूर्व सफलता पर खुशी जाहिर की.

भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव 2025 के परिणामों पर कहा, च्पूरे छत्तीसगढ़ सहित भाटापारा की जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं और जनता को हम बधाई देते हैं। इसके लिए हम विष्णु देव साय की सरकार को श्रेय देते हैं। जनता ने जो विश्वास किया है उस पर भाजपा की स्थानीय सरकार खरी उतरेगी।

शिवरतन शर्मा ने कहा भाजपा सरकार पर जनता का विश्वास और समर्थन निरंतर बढ़ रहा है. अब हम विकास को और तेज गति देंगे..

नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष ने जनता को दिया धन्यवाद न्नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी जनता के अपार समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि यह जीत जनता की जीत है. यह जनादेश भाजपा की नीतियों और योजनाओं में लोगों के भरोसे का प्रमाण है. भाटापारा का सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और हम शहर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे.

भाजपा की जीत का संदेश न्भाटापारा में भाजपा की यह ऐतिहासिक जीत दर्शाती है कि जनता ने विकास और स्थिरता के लिए भाजपा को चुना है. सरकार की योजनाएं और नीतियां जमीनी स्तर पर असर दिखा रही हैं. जनता भाजपा सरकार की कार्यशैली से पूर्ण रूप से संतुष्ट नजर आ रही है.

# जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 में बसंता ठाकुर का जनसंपर्क जारी

**बागबाहरा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)।जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 मे उगता सूरज छाप श्रीमति बसंता ठाकुर का घर घर जाकर लोगो से उगता सूरज छाप मे मुहर लगा कर भारी मतो से विजय बनाने की अपील जारी है, जिसमे क्षेत्र के अपार जनसमर्थन देखने मिल रहा है, क्षेत्रवशियों का कहना है की बसंता ठाकुर, हमारे क्षेत्रीय प्रत्याशी है हमने बसंता ठाकुर का जनपद कार्यकाल व, जिला पंचायत कार्यकाल देख चुके है जिसमे बसंता ठाकुर के द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए पुरजोर कोशिस करती है व क्षेत्रीय मुलभुत मुद्दों को उठाती है व अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के मुलभुत सुविधाओं के लिए, पेयजल के लिए बोर खनन, पाइप लाइन विस्तारी करण,सामुदाईक भवन, बाउंड्रीवाल, गलियों मे अँधेरे को दुर करने स्ट्रीट लाइट की व्यस्था की गई है, पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए, छात्रावास, हो या नवीन विद्यालय के निर्माण मे बड़ी



भूमिका रही है, कांग्रेस शासन काल मे, कोमखान क्षेत्र के विकास के लिए,कोमाखान मे, कॉलेज की सुविधा, रेस्ट हाउस की सुविधा, सड़क चौडीकरण, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, बैंक भवन, निर्माण के लिए विशेष मांग थी, जिसे क्षेत्रीय विधायक के सहयोग से पूरा हुआ, उसी प्रकार, क्षेत्र के पिछड़े हिस्सों मे भी नवीन सड़क निर्माण, सीसी रोड निर्माण जैसे अनेकों कार्य किये गए, जिसके लिए क्षेत्र वासियों का अपार जनसमर्थन, व आशीर्वाद बसंता ठाकुर को मिल रहा है, वही बसंता ठाकुर ने भी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 के क्षेत्र वासियों से सादर अपील करते हुए कहा है की आने वाले 20 फ़रवरी को हर मतदाता अपने पोलिंगबूथ जाकर अपना कीमती वोट अवश्य दें और, उगता सूरज छाप 2 नंबर पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजय बनाएं, व अपना आशीर्वाद प्रदान करें।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, गरियाबंद और मैनपुर में मतदान आज

**गरियाबंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)।त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के पहले चरण में गरियाबंद और मैनपुर विकासखंड में 17 फरवरी को मतदान होगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान दलों को रविवार 16 फरवरी को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदान और मतगणना की सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

गरियाबंद विकासखंड के 62 ग्राम पंचायतों में 129 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां 141 मतदान दल तैनात किए गए हैं। मैनपुर विकासखंड के 74 ग्राम पंचायतों में 186 मतदान केंद्रों के लिए 210 मतदान दल बनाए गए हैं। गरियाबंद में 64,632 और मैनपुर में 93,999 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

विकासखंड मुख्यालय जनपद पंचायत गरियाबंद और जनपद पंचायत मैनपुर परिसर में सामग्री वितरण और वापसी केंद्र बनाए गए हैं। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना संबंधित मतदान केंद्रों में ही की जाएगी

# हारकर भी दिल जीता सुनील ने

**भाटापारा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका चुनाव के परिणामों के आने के बाद जहां खुशी है तो वही गम भी है,लेकिन नगर का एक ऐसा वार्ड है जहां एक राष्टीय पार्टी के प्रत्याशी ने अपनी हार होने के बाद जीते प्रत्याशी की आभार रैली में शामिल होकर वार्ड वासियों का दिल जीत लिया।

नगर पालिका चुनाव के लिए हुई मतगणना के बाद वार्ड क्रमांक 14 नेहरू वार्ड से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी उमाशंकर वर्मा ने कांग्रेस के प्रत्याशी सुनील जयसवाल को लगभग नजदीकी मुकाबला में 29 मतों से हरा कर जीत दर्ज की। विजयी उमाशंकर वर्मा ने अपना प्रमाण पत्र हासिल करने के तुरंत पश्चात अपने वार्ड के लोगों का आभार व्यक्त करने डोल बाजे के साथ



अपने कार्यकर्ताओं के साथ निकले,और जब उनकी आभार रैली कांग्रेस प्रत्यासी सुनील जयसवाल के निवास के समक्ष पहुंची तो सुनील ने ना केवल उमाशंकर वर्मा को जीत की बधाई दी,बल्कि उनके आग्रह पर कांग्रेस के पराजित प्रत्याशी सुनील जयसवाल ने उक्त रैली में शामिल होकर पूरे वार्ड वासियों का संयुक्त रूप से घूम घूम कर आभार जताया।

भाजपा के विजयी प्रत्याशी उमा शंकर वर्मा और कांग्रेस के पराजित प्रत्याशी सुनील जयसवाल को नेहरू वार्ड की जनता ने जब एक साथ दोनो को आभार जताते हुए देखा तो वार्ड वासी काफी खुश हुए और सभी ने उनके इस निर्णय की सराहना करते हुए दोनो को बधाई दी इस बीच सुनील ने कहा कि चुनाव में हारजीत तो लगी रहती है लेकिन वार्ड की जनता ने उनके प्रति जो सम्मान भाव रखा उसके वे ऋणी है और उक्त ऋण को चुकाने का आज से बेहतर अवसर और नहीं हो सकता था,इस कारण उन्होंने अपनी वार्ड की जनता को धन्यवाद दिया।

# पुलवामा के शहीद जवानों को चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के संचालकों और बच्चों ने दी श्रद्धांजलि

**भाटापारा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के कराटे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों ने पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि। 14 फरवरी 2019 में आज ही के दिन आतंकी हमला पुलवामा अटैक में शहीद हुए 40 जवानों को याद करते हुए भाटापारा चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के संचालकों एवं कराटे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों ने बाल मंदिर प्रांगण में भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कैंडल एवं दीपक जलाकर उनको याद किया कराटे सीखने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच सभी प्रशिक्षक कार्यक्रम में मौजूद हुए और बच्चों को पुलवामा अटैक एवं शहीदों के बारे में बताते हुए बच्चों को जानकारी दी




और उनसे कहा कि सदा देश हित और राष्ट्हित में कार्य करते हुए अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे, आप सभी देश के भविष्य हैं और आपके कंधे पर ही देश का भविष्य टिका हुआ है। साथ ही चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के संचालक एवं उनकी टीम को कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया साथ ही कहा कि ऐसे ही अपने देश के लिए कुर्बान होने वाले शहीदों के सम्मान को याद रखें एवं अपने कराटे सीख रहे इन बच्चों को उनके कार्यों को बताने एवं राष्टभक्ति की हलक जगाने की प्रेरणा दी। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में एकेडमी के संचालक व जिला करते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान एवं चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के समस्त प्रशिक्षक सचिव नेमीचंद साहू, कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे, प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान, सह सचिव महेश राजपूत, हर्ष देवांगन, धनंजय पांडे, यशवंत साहू, प्रतीक द्विवेदी, पंकज चंदेल, मनीष दास महंत,गौरव साहू, विपिन साहू के साथ पालक गण में हेमलाल साहू, प्रीति साहू, पवन साहू एवं कराटे सीखने वाले बच्चे मे शुभ संकल्प यदु , रिचा यादव, हिमानी शर्मा, पावनी शर्मा ,आर्चीज विभा कोसले एवं एकेडमी के अन्य बच्चे मौजूद रहे।

# प्राकृतिक आपदा से मौत पर 20 लाख की सहायता मंजूर

**गरियाबंद,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से हुई पांच मौतों के मामलों में मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मंजूर की। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रत्येक परिवार को 4-4 लाख रुपये दिए जाएंगे।

राजिम तहसील के ग्राम कोपरा में 33 वर्षीय उर्वशी साहू की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। उनके निकटतम परिजन वेदव्यास साहू को 4 लाख रुपये की सहायता दी गई। फिंगेश्वर तहसील के ग्राम भसेरा में 34 वर्षीय लता साहू और 14 वर्षीय ऐश्वर्या साहू की सर्पदंश से मौत हो गई। उनके परिजन कृष्णा साहू को प्रत्येक के लिए 4-4 लाख रुपये मंजूर किए गए।

छुरा तहसील के ग्राम मुड़ागांव में 17 वर्षीय डमेश्वर यादव तालाब में डूब गया। उनके परिजन गीता यादव को 4 लाख रुपये की सहायता दी गई। फिंगेश्वर तहसील के ग्राम रजकट्टी में 49 वर्षीय लता बाई विश्वकर्मा आग से झुलस गईं। उनके परिजन योगेंद्र कुमार विश्वकर्मा को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मंजूर की गई।

# नगर पंचायत खरोरा में अध्यक्ष पद 10 वोटों से जीती भाजपा

**खरोरा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत खरोरा का परिणाम घोषित हुआ है और बीजेपी ने मात्र दस वोट से जीत हासिल की है ।पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी की पत्नी सुनीता अनिल सोनी ने जीत का ताज पहना। वहीं बीजेपी के आठ पार्षद भी जीत कर आए हैं, कांग्रेस से केवल एक पार्षद सुरेंद्र गिलहरे वार्ड नं एक से जीते हैं और दूसरा राकेश देवांगन को टॉस से जीत मिली। बीजेपी की जीत से नगर के भाजपाइयों में खुशी की लहर है इस जीत के लिए विधायक अनुज शर्मा और भाजपा नेता वेदराम मनहरे को नगर भाजपा श्रेय दे रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में बीजेपी की सुनीता अनिल सोनी 2012 वोट मिले। कांग्रेस की मोना बबलू भाटिया को 2002 वोट मिले। निर्दलीय निशा अरविंद देवांगन को 1597 वोट मिले, हीरा अशोक अमलानी को 325 वोट और पायल राकेश अग्रवाल को 130 वोट मिले।



दूसरी ओर 5 पार्षद निर्दलीय जीत कर आए है। इस बार जिस तरह मतदाताओं ने मन बनाया था किसी को समझ नहीं आ रहा था लेकिन नगर भर में निशा अरविंद देवांगन को लेकर जो चर्चाएं थी वह फेल हो गई। कई वाडों में पुराने पार्षदों को मतदाताओं ने नकार दिया और नए चेहरों को मौका दिया। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी मोना बबलू भाटिया ने मतगणना प्रक्रिया पर सवाल उठाया है और रिकाउंटिंग के लिए अपील की है उनका आरोप है कि ईवीएम और पेपर शीट के आंकड़ों में गड़बड़ी की गई है और वे इसके लिए न्यायालय की लेंगे।

**वार्ड वार पार्षदों को मिले आंकड़े**

1, कांग्रेस के सुरेंद्र गिलहरे 289 वोट पाकर जीते और बीजेपी के मिथलेश बांधे को 199 वोट मिले। 2, बीजेपी की मनीषा कोशले 136 वोट पाकर जीतीं, कांग्रेस की भारती संत नवरंगे को 117 वोट और निर्दलीय धनेश्वरी खरोले को 125 वोट मिले। 3, निर्दलीय राहुल मरकाम 255 वोट पाकर जीते, कांग्रेस के ललित कंड़रा को 42 वोट और बीजेपी के बलराम पारधी को 71 वोट मिले।4, निर्दलीय दामिनी देवांगन 283 वोट लेकर जीतीं, कांग्रेस की आशा भट्ट को 21 वोट और बीजेपी की कांति भूपेंद्र सेन को 115 वोट मिले। 5, निर्दलीय शेखर देवांगन 197 वोट पाकर जीते, कांग्रेस के कपिल नशीने को 150 वोट, बीजेपी के सावन शर्मा को 39 और निर्दलीय नरेंद्र वर्मा को 11 वोट मिले।6, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की हेमलता नशीने 199 वोट पाकर जीतीं, बीजेपी की रश्मि वर्मा को 120 वोट, कांग्रेस की चंपा धनेश वर्मा को 47 वोट, निर्दलीय भुनेश्वरी वैष्णव को 36 वोट मिले। 7, बीजेपी के जय प्रकाश वर्मा 267 वोट पाकर जीते, कांग्रेस के छबीला सेन को 114 वोट, निर्दलीय लोकेश देवांगन को 136 वोट, निर्दलीय संदीप वर्मा को 8 वोट मिले। 8, बीजेपी के तामेश्वर मरकाम 215 वोट लेकर जीते, कांग्रेस के बबलू भाटिया को 152 वोट मिले।9, बीजेपी के सुमित सेन 278 वोट पाकर विजयी हुए, निर्दलीय भरत कुम्भकार को 103 वोट मिले।10, बीजेपी की लीला देवांगन 131 वोट से जीतीं, कांग्रेस के शमशाद बेगम खान को 127 वोट मिले, निर्दलीय शांति ललित वर्मा को 99 वोट, निर्दलीय सोहद्रा बैशाखू देवांगन को 109 वोट मिले। 11, बीजेपी के पंच राम यादव 214 पाकर जीते, कांग्रेस के राजू पाल को 169 वोट मिले, निर्दलीय दिनेश यादव को 68 वोट मिले। 12, बीजेपी से पुरणेंद्र पूनम पाध्याय 236 वोट पाकर जीते, कांग्रेस के जुबैर अली को 123 और निर्दलीय अब्दुल नईम को 37 वोट, निर्दलीय राहुल यादव को 4 वोट मिले। 13, निर्दलीय शरद साहू 222 वोट पाकर जीते, बीजेपी के मुरलीधर पंसारी को 118 वोट मिले, कांग्रेस के संजय शर्मा को 13 वोट मिले। 14, बीजेपी की अम्बिका बंछोर 123 वोट पाकर जीतीं, कांग्रेस की मंजू देवांगन को 75 वोट मिले, निर्दलीय दुर्गा अशोक वर्मा को 111 वोट मिले। 15, इस वार्ड में कांग्रेस और बीजेपी प्रत्याशी को समान 165-165 वोट मिले ऐसे में पर्ची निकाला गया जिसमें कांग्रेस के राकेश देवांगन का नाम आया और उसे विजयी घोषित किया गया।

# त्रिस्तरीय पंचायती राज, आरंग में मतदान आज

**आरंग,** 16 फरवरी (देशबन्धु)।नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब त्रिस्तरीय पंचायती राज 2025 निर्वाचन के तहत आरंग में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत

**पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए होगा चुनाव**

सदस्य पदों के लिए मतदान होगा। रविवार को मतदान दलों को आवश्यक मतदान सामग्री का वितरण किया गया। मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक



चलेगी, जिसके बाद मतगणना वहीं पर की जाएगी और गणना पत्रक के आधार पर परिणाम घोषित किए जाएंगे। पंच पद के परिणाम तत्काल उपलब्ध होंगे।

**आरंग निर्वाचन विवरण:** पंच= 1402 पद, सरपंच=134 पद, जनपद सदस्य=25 पद, जिला पंचायत सदस्य -6, मतदान केंद्र=406 (20 सेक्टरों में विभाजित) मतदान दलों को रविवार को मतदान सामग्री वितरित की गई।

# बच्चों ने माता पिता की परिक्रमा करके पूजन दिवस मनाया

**खरोरा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। आधुनिकता के इस चकाचौंध से दूर आजकल के बच्चे जहां 14 फरवरी को पश्चिमी सभ्यता का अनुसरण करके वेलेंटाइन डे मनाते है वही ग्रामीण क्षेत्र में आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित शासकीय प्राथमिक एवम् पूर्व माध्यमिक विद्यालय तोहड़ा में शिक्षकों की पहल पर बच्चों ने मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया।



बच्चो ने अपने पालकों का सात बार परिक्रमा करके जिस तरह गणेश जी ने अपने पिता महादेव शिवशंकर और माता पार्वती की परिक्रमा किया था उसी प्रकार अपने माता पिता की परिक्रमा करके उनका चरण स्पर्श और आरती उतारकर आज के दिन को मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया ।इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डोमार वर्मा ने बच्चो के माता पिता को अपने बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ संस्कार और नैतिक आध्यात्मिक शिक्षा की बात बताई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानपाठक श्री अजीत वर्मा ने माता पिता को संबोधित किया साथ में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती कमला वर्मा श्री कमल साहू रितु देवांगन के साथ साथ 50 से अधिक पालक जो अपने दांपत्य के साथ शामिल हुए उसमे श्री तिलक संतोषी निर्मलकर, भूपेंद्र प्यारी खरे, सुग्रीव देवांतिन साहू, गोपाल रानी गेंद्रे त्रिवेणी निर्मलकर उषा यादव जागेश्वरी साहू शशि यादव, रत्ना साहू पूर्णिमा यादव रूपा ध्रुव, निर्मला वर्मा, ओसमती, चित्ररेखा यादव, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय तोहड़ा में शिक्षकों की पहल पर बच्चों ने मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया

**खरोरा,** 16 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरुवाडीह कला में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। विद्यालय में 59 बच्चे अध्यनरत है जिनके माता-पिता आज मात्तृ पितृ पूजन दिवस में उपस्थित हुए। बच्चों अपने माता-पिता की पूजा अर्चना की ।माता-पिता ने बच्चों को अपना आशीष प्रदान किया और अपने बच्चों को उपहार भेंट किये।? कार्यक्रम उपस्थित सभी जनों के आंखों में आंसू छलक पड़े। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने पालकों को आह्वान किया कि वह घर में बच्चों को अच्छे संस्कार दें जिससे वह एक अच्छा नागरिक बन सके। बच्चों ने अपने माता-पिता के लिए मुझे इस दुनिया में लाया, गीत, कविता, सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। भरुवाडीह कला में प्रतिवर्ष 14 फरवरी के दिन इस प्रकार का विशेष आयोजन किया जाता है। जिसमें पलक



बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस कार्यक्रम में प्राथमिक और पूर्व शाला के बच्चों और उनके पालक उपस्थित रहे । संकुल समन्वय नेमचंद धीवर ने माता-पिता पर बहुत ही भावुक गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक श्री पी आर वर्मा, कृष्ण किशोर साहू, वीरेंद्र वर्मा , डॉ सुरेंद्र निषाद ने कार्यक्रम को संबोधित किया।